PRINTED MATTER/PRINTING BOOK CLAUSE 121 (A) P & T GUIDE

गुगनराम एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी (रजि.)
द्वारा भिवानी (हरियाणा), काठमाण्डू (नेपाल) से प्रकाशित

ISSN : 2395-7115
Impact Factor 8.642

बोहल शोध मंजूषा

Bohal Shodh Manjusha

AN INTERNATIONAL MULTI DISCIPLINARY, MULTIPLE LANGUAGES
PEER REVIEWED, REFREED RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Website :
www.bohalshodhmanjusha.com
Email : grsbohal@gmail.com

Editor :
Dr. Naresh Sihag, Advocate
HOD Hindi, Tantia University
M. : 8708822674, 9466532152

गीना देवी शोध संस्थान
द्वारा श्रीगंगानगर, (राजस्थान), पटियाला (पंजाब) व नेपाल से प्रकाशित

ISSN : 2321-8037
Impact Factor 7.834

Gina Shodh SANGAM

A Peer Reviewed & Refereed International Research Journal
Journal of Literature, Arts, Culture, Humanities and Social Sciences

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Website : www.ginajournal.com
Email : grngobwn@gmail.com
Office : 8708822674

Editor :
Dr. Rekha Soni, Vice Principal
Education, Tantia University
M. 9828531975

गिरधारीलाल घासीराम शोधपीठ
द्वारा नई दिल्ली, आगरा, गाजियाबाद एवं नेपाल से प्रसारित

ISSN : 2348-5639
Impact Factor 6.521

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Website : https://ginajournal.com/shodh-samalochan/
Executive Editor : Dr. Varsha Rani M. 9671904323
Managing Editor : Dr. Mukesh Verma M. 9627912535

Editor :
Dr. Naresh Sihag, Advocate
M. 8708822674

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गुगनराम सोसायटी (रजि.) के लिए डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से छपवाकर गीना प्रकाशन, 202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी-127021 (हरियाणा) से वितरित की।

ISSN 2348:5639

SHODH SAMALOCHAN 2025 Dr. Versha Rani Dr. Naresh Sihag, Adv.

गिरधारीलाल घासीराम शोधपीठ
द्वारा भारत-नेपाल से प्रसारित

ISSN : 2348-5639
Impact Factor : 6.521

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Vol. : 12, Issue : 4

Oct.-Nov.-Dec. : 2025

Executive Editor :
Dr. Varsha Rani

Editor :
Dr. Naresh Sihag 'Bohal'
Advocate

संस्थापक संपादक
स्व. फतेहचंद

गुगनराम एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी (रजि.) द्वारा प्रकाशित

SHODH SAMALOCHAN

शोध-समालोचन (त्रैमासिक)

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REREREED MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES QUARTTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

वर्ष-12, अंक-4 **अक्टूबर-दिसम्बर 2025 (भाग-3)** **आईएसएसएन : 2348-5639**

संपादक
• डॉ. नरेश सिहाग 'बोहल' एडवोकेट

कार्यकारी संपादक
• डॉ. वर्षा रानी

प्रबंध संपादक
• डॉ. मुकेश 'ऋषिवर्मा'

सह-संपादक
• डॉ. लता एस. पाटिल,
• डॉ. सुलक्षणा अहलावत

अक्षर संयोजन
• मो. सलीम

कानूनी सलाहाकार
• डॉ. रामफल दलाल, एडवोकेट
• अजीत सिहाग, एडवोकेट

सलाहकार सम्पादक मंडल

• डॉ. निशीथ गौड, आगरा
• डॉ. ऊषा रानी, शिमला
• डॉ. गोविन्द सोनी, श्रीगंगानगर
• डॉ. सुषमा रानी, जीन्द
• डॉ. मुदस्सिर अहमद भट्ट, श्रीनगर
• डॉ. दीपशिखा, पटियाला
• डॉ. गौतम कुमार साहा, दरभंगा
• श्री राकेश शंकर भारती, युक्रेन
• डॉ. के.के. मल्होत्रा, कैनेडा
• डॉ. आशीष कुमार दीपांकर, मेरठ
• डॉ. कामिनी कौशल, गाजियाबाद
• डॉ. रवि शंकर सिंह, आरा
• डॉ. संजय कुमार, रांची
• डॉ. संतोष कुमार भगत, रांची

1. 'शोध-समालोचन' का प्रबंधन और संपादन पूर्णतः अवैतनिक है।
2. 'शोध-समालोचन' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के अपने हैं। उनके प्रति वे स्वयं उत्तरदायी है।
3. पत्रिका से संबंधित प्रत्येक विवाद का न्याय क्षेत्र भिवानी न्यायालय ही मान्य होगा।
4. प्रकाशक/ स्वामी डॉ. नरेश सिहाग, एडवोकेट ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से मुद्रित करवाया।

'शोध समालोचन' की सदस्यता का शुल्क भुगतान राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा सीधे ट्रांसफर या जमा किया जा सकता है। बैंक का विवरण निम्नानुसार है–**बैंक :** PUNJAB NATIONAL BANK **Branch :** Yamuna Vihar, Delhi-110053 **IFSC :** PUNB0225600 **Account Holder :** SANIA PUBLICATION **Current Account No.** 2256002100405546 भुगतान की मूल रसीद, शोध -पत्र पत्रिका की ई-मेल पर भेजना अनिवार्य है।

नोट :- इस अंक की प्रिंट कॉपी खरीदने के लिए सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से सम्पर्क करें मो. 9818128487

मूल्य : 650/- रु. एक प्रिंट प्रति वार्षिक 2500/- रु.

Editorial Board Member

1. **Dr. Priyanka Ruwali**
   Dept. Of Sociology
   D.S.B. Campus, Kumaun University, Nainital, Uttrakhand
2. **Ashutosh Singh**
   Department of History,
   Kurukshetra University, Kurukshetra, Haryana
3. **Mansi Sharma**
   ICSSR- Doctoral Fellow,
   Department of Political Science,
   University of Lucknow, Lucknow, U.P.
4. **Kishor Kumar**
   Department of History,
   Kumaun University, Nainital, Uttarakhand.
5. **Vivek Kumar**
   Research Scholar,
   Department of Medivial and Modern History,
   University of Lucknow, U.P.

विषय विशेषज्ञ सलाहकार समिति/ संपादकीय मंडल :

- **Dr. Mudita Popli**
  Principal, Maa Karni B Ed College Nal, Bikaner
- **Dr. Tapasya Chauhan**
  Assistant Professor,
  Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (Utter Pradesh)
- **Dr. AMBILI V. S.**
  Assistant Professor, Department of Hindi,
  N.S.S. College, Pandalam, Pathanamthitta Distt. University of Kerala.
- **Dr. Om Prakash Mehrara**
  Director, Shri Ramnarayan Dixit PG College, Srivijaynagar, Distt. Anupgarh (Rajasthan)
- **Dr. Anju Bala**
  Assistant Professor Hindi,
  Guru Nanak Girls College, Yamunanagar-135001
- **डॉ. श्रीमती अभिलाषा सैनी**
  प्राचार्य, स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका, जिला-बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़
- **डॉ. माया गोला,** असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा (उत्तराखंड)
- **डॉ. मोहित शर्मा**
  श्री सर्वेश्वर संस्कृत महाविद्यालय, निम्बार्क तीर्थ किशनगढ़, जिला अजमेर (राजस्थान)-305815
- **रजनी प्रिया**
  राँगाटाँड़ रेलवे कॉलोनी, क्वार्टर सं. 502/136, तरुण संघ क्लब दुर्गा मंदिर, धनबाद, लैण्डमार्क - नियर श्रमिक चौक, पोस्ट जिला-धनबाद, झारखंड-826001

- **डॉ. आँचल कुमारी,** असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी
  राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद चौधरी चरणसिंह युनिवर्सिटी, मेरठ (उ. प्र.)
- **डॉ. सरिता भवानी मालवीय**
  असिस्टेंट प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ लॉ.,
  आर.के.डी.एफ. विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश)
- **डॉ. संदीप कुमार,** असि. प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, कन्हैयालाल मानिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, डॉ. भीमराव अम्बेडकर वि.वि., आगरा
- **डॉ. प्रमोद नाग**
  सहायक प्राध्यापक, आचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ ग्रेजुएट स्टडीज, बेंगलुरु-560107
- **पल्लवी आर्य**
  असि. प्रोफेसर, भाषाविज्ञान विभाग, के.एम.आई. डॉ. भीमराव अम्बेडकर वि.वि., आगरा
- **डॉ. अमित कुमार सिंह**
  डी. लिट्., असि. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, के.एम. आई., डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
- **कोकिला कुमारी**
  शोद्यार्थी, हिंदी विभाग, राँची वि.वि. राँची, झारखंड
- **गोस्वामी सोनीबाला**
  शोधार्थी - जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार
- **डॉ. करुणेन्द्र सिंह**, असिस्टेंट प्रोफेसर
  रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, गोरखपुर, बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पीपीगंज, गोरखपुर
- **डॉ. मीरा चौरसिया**
  चमनलाल महाविद्यालय लंढौरा, रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखण्ड-247664
- **Dr. Vimal Parmar**
  Assistant Prof. Rajasthan P.G. Law College, Chirawa , Rajasthan
- **डॉ. तनु श्रीवास्तव**
  असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र), स्कूल ऑफ सोशल साइंस, देवी अहिला विश्वविद्यालय, इन्दौर
- **डॉ. कुमारी लक्ष्मी जोशी**
  उप-प्राध्यापक, केंद्रीय हिन्दी विभाग
  त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल
- **Dr. Archana Tiwari** , Assistant Professor , History and Indian Culture, Uni. Rajasthan, Jaipur
- **डॉ. जगदीप दुबे**
  सहायक प्राध्यापक वाणिज्य (म.प्र.), शासकीय आदर्श महाविद्यालय, डीनडोरी (म.प्र.)
- **डॉ. चन्द्रशेखर सिंह**
  समाज कार्य विभाग, काशी विद्यापीठ, वाराणसी
- **लेफ्टि. डॉ. सन्दीप भांभू**
  शारीरिक शिक्षा विभाग, टॉटिया वि.वि. श्रीगंगानगर

Request to Writers

Send quality original and unpublished works written on language, literature, society, science and culture. For publication, along with the translated works, also send the letters of consent received from the original authors. Compositions should be typed in Hindi Unicode Mangal font, English Time Roman. At the beginning of the article, a summary of the article is required which should be between 150 to 200 words maximum. The abstract must reflect the purpose of writing the article. Also write 5 to 7 'key words' (seed words) according to the article.

Write the article by dividing it appropriately into subheadings. Be sure to give a conclusion at the end of the article. The word limit should be 2000 to 2500 words. List of bibliographies at the end of the article APA Be in the format of. While sending the article, please write your name, address, phone number and title of the article in the e-mail. Submit a declaration to the effect that the article is original, unpublished, the author and not the editorial board will be responsible for any dispute related to it in future.

At the end of the composition, mention your complete postal address, mobile number and e-mail address.

- Editor

लेखकों से निवेदन

भाषा, साहित्य, समाज, विज्ञान एवं संस्कृति पर लिखी गयी स्तरीय मौलिक तथा अप्रकाशित रचनाएं भेजें। प्राकशनार्थ अनूदित रचनाओं के साथ मूल लेखकों से प्राप्त सहमति पत्र भी भेजें। रचनाएँ हिंदी यूनिकोड मंगल फान्ट अंग्रेजी टाइम रोमन में टंकित होनी चाहिए। लेख के प्रारंभ में लेख का सार अपेक्षित है जो अधिकतम 150 से 200 शब्दों के मध्य हो। सार में लेख लिखने का उद्देश्य अवश्य परिलक्षित होना चाहिए। लेख के अनुरूप 5 से 7 (की वर्ड) (बीज शब्द) भी लिखें। लेख को यथोचित उपशीर्षकों में विभाजित करके लिखें। लेख के अंत में निष्कर्ष अवश्य दें। शब्द सीमा 2000 से 2500 शब्दों की हो। आलेख के अंत में संदर्भ ग्रंथों की सूची ए.पी.ए. के प्रारूप में हो। लेख भेजते समय अपने नाम, पता, फोन नंबर एवं लेख का शीर्षक ई-मेल में अवश्य लिखें। इस आशय का एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत कर दें कि लेख मौलिक है, अप्रकाशित है, भविष्य में इससे संबंधित किसी भी विवाद के लिए लेखक उत्तरदायी होंगे संपादक मंडल नहीं।

रचना के अंत में अपना पूरा डाक पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अंकित करें।

-संपादक

प्रकाशित पत्रिका प्राप्त करने के लिए संपर्क करे :
सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094
मोबाइल : 9818128487, 8383042929

ISSN : 2348-5639

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL
UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Table 2

Methodology for University and College Teachers for calculating Academic/Research Score

(Assessment must be based on evidence produced by the teacher such as: copy of publications, project sanction letter, utilization and completion certificates issued by the University and acknowledgements for patent filing and approval letters, students' Ph.D. award letter, etc,.)

S.N.	Academic/Research Activity	Faculty of Sciences /Engineering / Agriculture / Medical /Veterinary Sciences	Faculty of Languages / Humanities / Arts / Social Sciences / Library /Education / Physical Education / Commerce / Management & other related disciplines
1.	**Research Papers in Peer-Reviewed or UGC listed Journals**	08 per paper	10 per paper
2.	**Publications (other than Research papers)**		
	(a) Books authored which are published by ;		
	International publishers	12	12
	National Publishers	10	10
	Chapter in Edited Book	05	05
	Editor of Book by International Publisher	10	10
	Editor of Book by National Publisher	08	08
	(b) Translation works in Indian and Foreign Languages by qualified faculties		
	Chapter or Research paper	03	03
	Book	08	08
3.	**Creation of ICT mediated Teaching Learning pedagogy and content and development of new and innovative courses and curricula**		
	(a) Development of Innovative pedagogy	05	05
	(b) Design of new curricula and courses	02 per curricula/course	02 per curricula/course

202, Old Housing Board, Bhiwani, Haryana-127021

संपादकीय

प्रिय पाठको,

हर्ष और गर्व का विषय है कि शोध समालोचन पत्रिका का यह तिमाही अंक (अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर 2025) आपके हाथों में है। जब हम नए वर्ष की दहलीज़ की ओर बढ़ रहे हैं, तब यह अंक न केवल समकालीन साहित्यिक विमर्शों का दस्तावेज़ है, बल्कि समय की चुनौतियों और संभावनाओं पर एक गंभीर चिंतन भी है।

आज का दौर तीव्र परिवर्तन का दौर है। समाज, राजनीति, शिक्षा, संस्कृति और तकनीक - हर क्षेत्र में गहरे बदलाव हो रहे हैं। इन परिवर्तनों के बीच साहित्यकारों और शोधकर्ताओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। साहित्य केवल भावनाओं का संसार नहीं है, यह हमारे सामूहिक जीवन का दर्पण भी है। इसीलिए शोध समालोचन ने सदैव यह प्रयास किया है कि अकादमिक शोध, आलोचना और साहित्यिक रचनाओं को एक साथ लाकर पाठकों को सार्थक विमर्श उपलब्ध कराए।

इस अंक में शामिल शोध लेख विविध विषयों को स्पर्श करते हैं। कहीं परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन की खोज है, तो कहीं स्त्री विमर्श, पर्यावरण चेतना और सामाजिक न्याय की आकांक्षा। शोधकर्ताओं ने अपने लेखों में साहित्य और समाज के अंतर्संबंधों को रेखांकित किया है। यही अकादमिक विमर्श की सबसे बड़ी विशेषता है—वह केवल शब्दों का सौंदर्य नहीं, बल्कि विचारों का मंथन भी है।

आज हिंदी साहित्य में जो सबसे प्रमुख प्रश्न उभर रहा है, वह है—'यथार्थ की अभिव्यक्ति किस प्रकार हो?' क्या साहित्य केवल आनंद देने का साधन है या वह परिवर्तन का औजार भी हो सकता है? समकालीन कवियों और आलोचकों ने यह सिद्ध किया है कि साहित्य दोनों है। वह संवेदना का भी स्रोत है और क्रांति का भी बीज।

हमारे समय में स्त्री विमर्श विशेष महत्व पा रहा है। स्त्री की स्वतंत्रता, गरिमा और आत्मनिर्णय की आकांक्षा अब साहित्यिक विमर्शों में गहराई से उपस्थित है। इस अंक में प्रकाशित कई शोध लेखों ने स्त्री की बदलती भूमिका, उसकी चुनौतियों और संभावनाओं को केंद्र में रखा है। इसी प्रकार पर्यावरण विमर्श भी एक गंभीर मुद्दा है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने साहित्य को भी झकझोरा है। कवि और लेखक अब प्रकृति को केवल सौंदर्य प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत शर्त के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

समकालीन हिंदी आलोचना भी इन विषयों से अछूती नहीं रही है। आलोचना की भूमिका केवल पाठ विश्लेषण तक सीमित नहीं है; वह समाज और साहित्य के संवाद को दिशा देने का कार्य करती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि साहित्य का मूल्यांकन समय के साथ बदलता है। आज की पीढ़ी जिस दृष्टि से साहित्य को देख रही है, वह बीते समय से भिन्न है। यही आलोचना की जीवन्तता है।

इस अंक का एक और विशेष आकर्षण है—नवीन लेखकों और शोधार्थियों को मंच प्रदान करना। शोध समालोचन सदैव यह मानती है कि साहित्य और शोध का भविष्य नई पीढ़ी के हाथों में है। इसीलिए युवा लेखकों की रचनाओं को यहाँ स्थान देकर उन्हें प्रोत्साहन देना हमारा दायित्व भी है और प्रतिबद्धता भी।

हम यह भी मानते हैं कि अकादमिक शोध केवल पुस्तकालयों और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उसका प्रत्यक्ष संबंध समाज से होना आवश्यक है। जब तक शोध समाज की ज्वलंत समस्याओं को नहीं छूता, तब तक उसका महत्व अधूरा है। इस दृष्टि से इस अंक में शामिल कई आलेख शिक्षा नीति, सामाजिक विषमताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों जैसे विषयों पर केंद्रित हैं।

संपादकीय के माध्यम से हम अपने पाठकों और लेखकों से यह भी निवेदन करना चाहेंगे कि साहित्य को केवल अध्ययन का विषय न समझें, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक भी मानें। आज जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है—भ्रष्टाचार, असमानता, हिंसा और पर्यावरणीय संकट—तब साहित्य की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। यह हमें संवेदनशील, मानवीय और जागरूक नागरिक बनाने का साधन है।

अंततः, यह अंक आप सभी के लिए एक चिंतन-यात्रा है। इसमें जहाँ शोध और आलोचना की गहराई है, वहीं रचनात्मक साहित्य की भावनात्मक ऊष्मा भी है। हम आशा करते हैं कि यह अंक आपके अध्ययन, अध्यापन और शोध में सार्थक योगदान देगा।

आप सभी पाठकों, लेखकों और समीक्षकों का सहयोग ही हमारी शक्ति है। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में भी यह पत्रिका हिंदी साहित्यिक आलोचना और शोध की गंभीर परंपरा को और समृद्ध करेगी।

सादर,

संपादक

डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट

विषयानुक्रमणिका

संपादकीय 6

नीरजा माधव के उपन्यास 'त्रिपुरा' में शिव-पार्वती विवाह : सांस्कृतिक संदर्भ में 11
एस. प्रसन्ना देवी
डॉ. एल तिल्लै सेलवी

भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान चुनौतियों का विश्लेषण 15
डॉ. आरती पवार

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी साहित्य की भूमिका 20
डॉ. कन्हैया चौहान

पश्चिमी राजस्थान में लैंगिक भेदभाव : एक जटिल समस्या 24
केदार पंवार
डॉ. पूजा सिसोदिया

'नवमानववाद' के संदर्भ में राय एवं गाँधी के विचार : एक तुलनात्मक अध्ययन 27
डॉ. अग्नि देव

भारतीय संविधान की प्रस्तावना : निर्धारक तत्त्व एवं उपादेयता 32
डॉ. दयाचन्द

महर्षि वाल्मीकि रामायण में रामकथा का स्वरूप 40
डॉ. राहुल प्रसाद

वसुधैव कुटुम्बकम् से वैश्विक शासन तक: विश्व शांति के लिए सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रतिमानों का तुलनात्मक अध्ययन 44
प्रो. अरुण कुमार सिंह
कमल

अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन, शैक्षिक चिन्ता का शैक्षिक उपलब्धि के सम्बन्ध में अध्ययन 50
डॉ. प्रीति ग्रोवर
प्रसन्ना पारीक

Infrastructure Investment and Sustainable Development in India: An Analytical Study of Trends and Sectoral Progress (FY20–FY25) 56
Saba Ashraf

स्त्री का जीवन संघर्ष : मंजुल भगत के उपन्यास 'अनारो' के संदर्भ में 61
Anjaly Prakash
Dr. Sreeja G.R
नई शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा फ़ॉर्मूले के दायरे में
कुँड़ुख़ भाषा **63**
बाबूलाल उराँव
असग़र वजाहत के उपन्यासों में निहित मानवीय संवेदना के विविध आयाम 67
इमराना इस्राइल
प्रो. अंजुमन आरा
सामाजिक भेदभाव मिटाने में संगीत का योगदान 71
डॉ. बबीता सिंघानिया
राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सम्बन्ध में स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के नैतिक मूल्यों का अध्ययन 76
काशीराम
डॉ. अनिल कुमार
Article about 1857 Revolt in Haryana 82
Ankur Majumdar
बिरसा मुंडा की विरासत और समकालीन जनजातीय आंदोलन 89
राजकुमार
उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा परिणाम को प्रभावित करने वाले कारणों में निदानात्मक कक्षाओं के योगदान का अध्ययन 93
डॉ. गोविन्द सोनी
अनिल कुमार
उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन 99
डॉ. किरण गिल
मीनू
गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के शैक्षिक दर्शन का वर्तमान परिप्रेक्षय में समालोचनात्मक अध्ययन 104
डॉ. किरण गिल
प्रमिला कुमारी
अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण का समाजिक स्तरपर प्रभाव का अध्ययन 109
डॉ. गोविन्द सोनी
शैलेजा बेनीवाल
डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन 115
डॉ. गोविन्द सोनी
वरियाम खान

निर्मला पुतुल की कविताओं में आदिवासी विमर्श 121
डॉ. लैजा पी जे
रमेशचंद्र शाह के उपन्यासों में दलित विमर्श 126
REVATHY. M. S
नागपुरी कहानी : उद्‌भव, विकास और विशेषताएँ 129
सहला सरवर
हिंदी साहित्य में स्त्री चेतना का विकास 133
रंजना
प्रो चंद्रभान सिंह यादव
विवेकी राय और फिर बैतलवा डाल पर : एक ग्रामीण चेतना 138
डॉ. दीपक कुमार राय
श्रवण कुमार गुप्त
The Micro-Economy of Attention: An Inquiry into Contemporary Coping Mechanisms 144
Sneha Gautam
HEALTH AND PHILOSOPHY 151
Dr. Supriya Shalini
डिजिटल युग में लैंगिक पहचान और भेदभाव की खोज: क्वीर सिद्धांत और नारीवादी सिद्धांत के परिप्रेक्ष्य में 160
Dhanya Mol G
बेगमपुरा : एक श्रेष्ठ सामाजिक, राजनैतिक व्यवस्था की परिकल्पना 165
विशाल चौहान
प्रो. नित्यानन्द श्रीवास्तव
इक्कीसवीं सदी की हिंदी पत्रकारिता में साहित्य 170
चक्रपाणि ओझा
डॉ. मनोज आर पटेल
बाल्मीकि रामायण में चित्रित नारी पात्र 174
डॉ. अलका शर्मा
वर्तमान समय में योग की महत्ता 177
डॉ. संध्या चौहान
ਸੰਤ ਸਿੰਘ ਸੇਖੋਂ ਚਿੰਤਨ ਬਨਾਮ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਚਿੰਤਨ: ਤੁਲਨਾਤਮਕ ਅਧਿਐਨ 179
*ਅੰਮ੍ਰਿਤਪਾਲ ਸਿੰਘ
ఆర్టబాను – అనువాద నాటకం 186
Dr. N. Anitha Margaret
पद्मजा शर्मा की कविताओं में नारी चिंतन 191
ममता पुरी
भारतीय ज्ञान परंपरा और पाश्चात्य संस्कृति की प्रवृत्तियाँ एवं उनमें पारस्परिक संबंध 195
अंगेश कुमार सिंह एवं जितेन्द्र कुमार

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

नीरजा माधव के उपन्यास 'त्रिपुरा' में शिव-पार्वती विवाह : सांस्कृतिक संदर्भ में

एस. प्रसन्ना देवी
शोधार्थी
हिन्दी विभाग, अण्णामलै विश्व विद्यालय
अण्मामलै नगर, चिदंपरम- 608 002
फोन : 9786088612
ईमेल : mathurakrishna08@gmail.com

डॉ. एल तिल्लै सेलवी
प्रोफेसर
हिन्दी विभाग, अण्णामलै विश्व विद्यालय
अण्मामलै नगर, चिदंपरम- 608 002
फोन : 9345512693
ईमेल thillaiselvi20@gmail.com

सार

भारतीय साहित्य के लिए पौराणिक आख्यान केवल पुराने किस्से या धार्मिक कहानियाँ भर नहीं हैं, बल्कि ये हमारे समाज की सोच, उसकी संस्कृति और जीवन जीने के ढंग का आधार बनाते हैं। नीरजा माधव का उपन्यास 'त्रिपुरा' देवी-आख्यानों के सहारे शिव और पार्वती के विवाह को बेहद खास और संवेदनशील ढंग से पेश करता है। यहाँ विवाह उस समय की एक धार्मिक घटना से बढ़कर भक्ति, तप, स्त्री-शक्ति और हमारी संस्कृति के आदर्शों की एक मिसाल बन जाता है। पार्वती की कठिन साधना जहाँ नारी की अपने आप पर विश्वास और साहस दिखाती है, वहीं शिव की बारात सन्यास और गृहस्थ जीवन का संतुलन बताती है। उपन्यास में विवाह की सीधी, गहराई से की गई व्याख्या समाज की एकजुटता, रस्मों और परंपराओं की निरंतरता को प्रमुखता देती है। इसलिए 'त्रिपुरा' सिर्फ धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि भारतीय समाज की भावनाओं, उसकी व्यवस्था और शाश्वत संस्कृति का जीवंत साहित्यिक दस्तावेज़ बन गया है।

बीज शब्द : शिव-पार्वती विवाह, स्त्री-शक्ति, तपस्या, सांस्कृतिक परंपरा, विवाह संस्कार, भक्ति रस, संन्यास और गृहस्थ धर्म।

भूमिका

नीरजा माधव का उपन्यास 'त्रिपुरा' भारतीय सांस्कृतिक, धार्मिक और दार्शनिक परंपरा का गहन और अभिनव अन्वेषण प्रस्तुत करता है। भारतीय जीवन और साहित्य का मूल सदैव धार्मिक कथा-परंपराओं की धारा में प्रवाहित रहा है, और विवाह जैसे संस्कार उसमें भावनात्मक गहराई के साथ सांस्कृतिक अर्थ भी जोड़ते हैं। इन्हीं संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार—जिसे हिंदू धर्म में सोलह संस्कारों में एक माना गया है—एक ऐसा क्षण है जब वर कन्या का हाथ थामकर न केवल उसे स्वीकार करता है, बल्कि उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अपने जीवन में शामिल कर लेता है।

पाणिग्रहण का अर्थ है हाथ पकड़ना या हाथ ग्रहण करना। शास्त्रों में कन्यादान को पाणिग्रह संस्कार के रूप में जाना जाता है। यह एक बहुत ही सुंदर प्रक्रिया है। जहाँ दुल्हा इस संस्कार को करके दुल्हन की जिम्मेदारी लेता है।

नीरजा माधव समकालीन हिंदी साहित्य की उन अग्रणी रचनाकारों में से हैं। उन्होंने अपनी लेखनी से कुछ ऐसा नया और नितांत मौलिक सृजन करती है जो न केवल पाठकों के मध्य उन्हें लोकप्रिय बनाता है बल्कि साहित्यालोचकों के मध्य अन्य लेखकों से अलग रेखांकित करते हुए अपनी स्थायी उपस्थिति दर्ज कराता है।[1]

सन 2019 में विद्या विकास एकेडमी से नीरजा माधव का नवन्यास "त्रिपुरा" प्रकाशित हुआ है।[2] यह नवन्यास में देवी त्रिपुरा की दिव्य चेतना के माध्यम से सृष्टि के प्रत्येक कण में निहित आदिशक्ति के दर्शन कराती है। उनके कथानक में पौराणिक प्रसंग केवल कथा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत शिलालेख हैं। शिव-पार्वती विवाह का चित्रण यहाँ भारतीय समाज के मूल में निहित वह सांस्कृतिक संवाद बन जाता है जिसमें स्त्री के रूप में शक्ति, सृजन और करुणा का रूप उभरता है।

लेखिका ने उपन्यास को पारंपरिक अध्यायों के स्थान पर 'द्वार' शब्द का प्रयोग किया है। अतः नवन्यास की कथा को समग्रतः देवी के नौ रूपों के परिप्रेक्ष्य में नौ की संख्या में संयोगित करके भी देखा जा सकता है।[3] इस रचना में परशुराम और दत्तात्रेय संवाद सृष्टि के उद्भव तथा उसके आध्यात्मिक विकास की दिशा को प्रकट करता है। जोसेफ कॉनराड की यह मान्यता कि "उपन्यास का प्रभाव ऐसा हो कि लिखित शब्द की शक्ति से आप सुन सकें, अनुभव कर सकें और उससे पहले देख सकें"।[4] – त्रिपुरा इस भावना को पूर्ण रूप से मूर्त करता है।

इस प्रकार नीरजा माधव का 'त्रिपुरा' केवल एक पौराणिक आख्यान का पुनरावर्तन नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की उस सांस्कृतिक यात्रा का उत्सव है जो नारी-शक्ति, श्रद्धा और सृजन के स्वरूप में शाश्वत रूप से प्रवाहित है।

गौरी का जन्म और पार्वती का लोकप्रसिद्ध नामकरण

हिमशैलपुर के राजा हिमालय निःसंतान थे। देवर्षि नारद की सलाह पर उन्होंने पत्नी मेना के साथ बारह वर्षों तक तप किया। देवी गौरी ने वरदान दिया कि वे उनकी पुत्री के रूप में जन्म लेंगी, किंतु उन्हें यह स्मरण नहीं रहेगा कि वही गैरी हैं।[5] हिमालय के घर में जब कन्या का जन्म हुआ, तो पूरे नगर में उल्लास छा गया। पुरोहितों ने कन्या के गौरवर्ण को देखकर कहा – यह "गौरी" के रूप में विख्यात होगी और पर्वत की पुत्री होने के कारण "पार्वती" कहलाएगी।[6]

नारद मुनि का आगमन और विवाह की चिंता

किशोरावस्था में पहुँचने पर जब देवर्षि नारद हिमालय के दरबार पहुँचे, तब उन्होंने गौरी के रूप-गुण देखकर उसके वर के विषय में प्रश्न किया। हिमालय ने बताया कि गुरु गर्ग ने शिव को वर के रूप में योग्य बताया है। परंतु नारद ने विष्णु को उचित बताया, क्योंकि शिव "श्मशानवासी, भस्म-लिप्त और विरूपाक्ष" हैं।[7] यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि प्राचीन काल से ही कन्या के लिए योग्य वर की खोज सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही है।

गौरी की तपस्या और नारी-शक्ति का प्रतीक

विष्णु से विवाह के प्रस्ताव को अस्वीकार कर गौरी ने शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या करने का संकल्प लिया। यह तपस्या केवल वर-प्राप्ति की कथा नहीं, बल्कि स्त्री के आत्मबल और संकल्प-शक्ति की गाथा है। गौरी ने कहा– "मैंने अपने वर के रूप में मन ही मन शिव को चुन लिया है; मैं तभी नगर लौटूँगी जब आप मेरा विवाह उन्हीं से करेंगे।"[8] यह प्रसंग नारी-शक्ति, भक्ति और स्वाधीनता का प्रतीक है। गौरी की तपस्या स्त्री की दृढ़ता, आत्मनिर्णय और आध्यात्मिक शक्ति का दार्शनिक रूपक बन जाती है।

विवाह की स्वीकृति और शिव का रूपांतरण

देवताओं के आग्रह और पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर शिव ने विवाह स्वीकार किया। जब शिव अपनी भूत-प्रेतों

से भरी बारात लेकर आए, तो रानी मेना उन्हें देखकर मूर्च्छित हो गईं। ब्रह्मा के अनुरोध पर शिव ने अपना भस्म-लिप्त स्वरूप त्यागकर सर्वाधिक सुंदर रूप धारण किया।[9] यह दृश्य रूपक रूप में बताता है कि सच्चा सौंदर्य बाह्य नहीं, बल्कि आंतरिक है – जो प्रेम और स्वीकार्यता में निहित होता है।

शिव-पार्वती विवाह : आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

विश्वकर्मा द्वारा विवाह का आयोजन हुआ। ब्रह्मा पुरोहित बने, और हिमालय ने शंख-जल के उत्सर्जन के साथ गौरी का हाथ शिव के हाथ में दिया। देवगण और ऋषिगण ने पुष्पवृष्टि कर इस दैवीय विवाह का आशीर्वाद दिया। यह विवाह केवल दो देवताओं का मिलन नहीं, बल्कि संन्यास और गृहस्थ धर्म – इन दो जीवन-मार्गों की एकता का प्रतीक है। शिव त्याग के प्रतिमान हैं, पार्वती प्रेम और गृहस्थ जीवन की, और दोनों का संयोग जीवन की समग्रता का दर्शन कराता है।

विवाह संस्कार और सांस्कृतिक निरंतरता

नीरजा माधव ने विवाह संस्कारों का अत्यंत सूक्ष्म और जीवन्त चित्रण किया है –

- योग्य वर की खोज
- बारात का स्वागत
- अतिथि सत्कार
- मंडप की सज्जा
- भोज की व्यवस्था

इन सबके माध्यम से लेखिका दर्शाती हैं कि वैदिक काल से लेकर आज तक विवाह-विधियों में मूल परिवर्तन नहीं हुआ है। यह भारतीय संस्कृति की निरंतरता, सामूहिकता और भावनात्मक गहराई का परिचायक है।

दार्शनिक एवं सामाजिक विमर्श

शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग जीवन के दो ध्रुवों – संन्यास और गृहस्थ जीवन – के संगम के रूप में प्रस्तुत होता है। यह दार्शनिक रूप से यह संदेश देता है कि जीवन में तप और प्रेम, त्याग और संबंध, दोनों का समन्वय आवश्यक है। स्त्री के रूप में पार्वती की भक्ति और दृढ़ता समाज को यह शिक्षा देती है कि नारी केवल भावना का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मबल और सृजन-शक्ति की मूर्ति है।

सांस्कृतिक महत्व

विवाह उपरांत जब पर्वतराज मोहवश गौरी के पीछे-पीछे चले, तो शिव ने उन्हें उनका मोह दूर करने को कहा। पार्वती ने अपने दैवी स्वरूप का स्मरण कराकर पिता का मोह समाप्त किया। यह दृश्य न केवल पितृ-कन्या के संबंध का मार्मिक चित्रण है, बल्कि मोह से मोक्ष की यात्रा का भी प्रतीक है।

निष्कर्ष

नीरजा माधव का उपन्यास 'त्रिपुरा' में शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग केवल पौराणिक घटना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्य – भक्ति, संयम, समर्पण और संतुलन – का प्रतीक है। इसमें शिव पार्वती विवाह भारतीय समाज के संतुलन, साधना, समर्पण और परंपरा की निरंतरता का प्रतीक बनता है। यहाँ स्त्री देवी के पारंपरिक स्वरूप से आगे बढ़कर समाज की आधारशिला और चेतना के स्रोत के रूप में उभरती है। 'त्रिपुरा' सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय संवेदनाओं का अद्वितीय साहित्यिक दस्तावेज़ है।

संदर्भ सूची

1. नीरजा माधवः सृजन का आयतन, डॉ.बेनी माधव, डॉ.कवीन्द्र नारायण श्रीवास्तव, प्रलेक प्रकाशन, महाराष्ट्र December 2024, ISBN : 978-93-5869-68-06, पृ. 80
2. वही ---------- पृ 80
3. वही ---------- पृ 81
4. वही ---------- पृ 87
5. त्रिपुरा, नीरजा माधव, विद्या विकास एकेडमी, नई दिल्ली, 2019, ISBN: 978-93-84343-93-4, पृ 79
6. वही ---------- पृ 80
7. वही ---------- पृ 81
8. वही ---------- पृ 85
9. वही ---------- पृ 93
10. त्रिपुरा, नीरजा माधव, विद्या विकास एकेडमी, नई दिल्ली, 2019, ISBN: 978-93-84343-93-4

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान चुनौतियों का विश्लेषण

डॉ. आरती पवार
(सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र)
स्वामी अमूर्तानन्द शासकीय महविद्यालय
अंजड़ जिला बड़वानी (म.प्र.)

शोध सारांश

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जिसने पिछले तीन दशकों में उच्च विकास-दर, तकनीकी नवाचार, सेवा क्षेत्र का विस्तार, वैश्विक व्यापार में भागीदारी और संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 1991 के उदारीकरण के बाद भारत ने उत्पादन क्षमता, निर्यात, विदेशी निवेश, वित्तीय क्षेत्र, बैंकिंग सुधार और बुनियादी ढांचे के विकास में व्यापक परिवर्तन हुए इसके बावजूद वर्तमान समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अनेक जटिल और बहुआयामी चुनौतियों का सामना कर रही है। किंतु इसके समक्ष अनेक संरचनात्मक, सामाजिक तथा नीतिगत चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं जैसे बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, कृषि संकट, असमानता, विदेशी व्यापार असंतुलन, औद्योगिक मंदी, पर्यावरणीय दबाव, तथा डिजिटलीकरण के दौर में आर्थिक असमानता आदि। भारतीय अर्थव्यवस्था के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि यद्यपि भारत ने वैश्विक स्तर पर आर्थिक सुधारों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी सतत् विकास हेतु समावेशी नीतियों, शिक्षा, तकनीकी विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

प्रस्तुत शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान चुनौतियों की पहचान, उनका कारण विश्लेषण तथा समाधान उन्मुख विमर्श प्रस्तुत करना है।

शब्द कुंजी : भारतीय अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, असमानता, कृषि संकट, आर्थिक सुधार, सतत विकास।

प्रस्तावना

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था का उदाहरण है जहाँ सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र विकास के वाहक हैं। सन् 1991 के उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण नीतियों के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने तीव्र गति से विकास किया। तथापि, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई ऐसी चुनौतियाँ हैं जो इसकी गति को प्रभावित कर रही हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी, बेरोजगारी में वृद्धि, बढ़ती महंगाई, ग्रामीण-शहरी असमानता, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र की कमियाँ, तथा पर्यावरणीय संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख चिंताएँ हैं।

भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वर्तमान में वैश्विक विकास का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। हाल के वर्षों में भारत ने 6-7 प्रतिशत की औसत वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, स्टार्टअप इकोसिस्टम की तेजी तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती भूमिका के कारण विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था जिसमें कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र तीनों का योगदान महत्वपूर्ण है। परंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इन तीनों क्षेत्रों में अलग अलग जटिलताएँ

दिखाई देती हैं। कृषि क्षेत्र कम आय का, औद्योगिक क्षेत्र प्रतिस्पर्धा संकट का, और सेवा क्षेत्र असमान अवसर वितरण का सामना कर रहा है।

वैश्विक मंच पर महामारी, रूस, यूक्रेन युद्ध, तेल कीमतों में अस्थिरता, सप्लाई-चेन टूटने और व्यापार युद्धों तथा अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित किया है। आंतरिक समस्याएँ जैसे बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, ग्रामीण गरीबी, वित्तीय क्षेत्र का संकट, एमएसएमई की कमजोरी और कौशल-असंगति भारत की विकास यात्रा को धीमा बनाती हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और चुनौतियाँ दोनों इस बात पर निर्भर करती हैं कि नीति निर्माण, तकनीकी नवाचार, मानव संसाधन विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुधार, और संसाधन प्रबंधन किस प्रकार लागू किए जाते हैं।

साहित्य समीक्षा

1. डॉ. अमर्त्य सेन (1999) ने अपने कार्यों में बताया कि आर्थिक विकास केवल जीडीपी वृद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि मानव विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित होना चाहिए।

2. रघुराम राजन (2019) ने भारतीय अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया है ताकि रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा मिले।

3. नीति आयोग (2023) की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत से अधिक है, किंतु यह वृद्धि समान रुप से समाज के सभी वर्गों तक नहीं पहुँच रही है।

4. विश्व बैंक (2024) ने भारतीय अर्थव्यवस्था को "उभरती परंतु असमान" अर्थव्यवस्था कहा है, जहाँ शहरी क्षेत्रों में तीव्र विकास है पर ग्रामीण क्षेत्रों में धीमी गति।

5. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्टें बैंकिंग क्षेत्र, एनपीए, मौद्रिक नीति और वित्तीय स्थिरता पर गहन विश्लेषण उपलब्ध कराती हैं।

उपर्युक्त साहित्य से स्पष्ट होता है कि भारत की वर्तमान आर्थिक चुनौतियाँ संरचनात्मक, सामाजिक और वैश्विक तीनों प्रकार की हैं और इनके समाधान के लिए बहुआयामी नीति निर्माण आवश्यक है।

अध्ययन के उद्देश्य :

- भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना।
- भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान प्रमुख चुनौतियों की पहचान करना।
- बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, कृषि संकट और औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का अध्ययन करना।
- सतत एवं समावेशी विकास के लिए संभावित समाधान सुझाना।
- इन चुनौतियों के ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक कारणों का विश्लेषण प्रस्तुत करना।

भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का विश्लेषण

- रोजगार-सृजन व बेरोजगारी

भारत में रोजगार-सृजन की गति और गुणात्मक स्वरूप पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। उदाहरणस्वरूप, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौकरियों की संख्या में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बेरोजगारी दर 7-9 प्रतिशत के लगभग है। कृषि क्षेत्र अभी भी लगभग 42-45% श्रम शक्ति को रोजगार देता है परंतु उसकी जीडीपी में हिस्सेदारी केवल 18-20 प्रतिशत है इस प्रकार, समस्या यह है कि विकास तो हो रहा है लेकिन रोजगार पर्याप्त उपलब्ध नहीं हो रहे है यानी जॉब लेस ग्रोथ की अवधारणा की प्रासंगिक बनी हुई है। बेरोजगारी तथा कौशल-मिसमैच भी बड़ी चुनौतियाँ हैं इन तथ्यों के प्रेरक कारणों में शामिल हैं :

- तकनीकी उन्नति एवं ऑटोमेशन से श्रमता क्षमता प्रवृत्ति।
- स्वरोजगार तथा गैर-औपचारिक रोजगार का बढ़ावा।
- औद्योगिक संरचना में धीमी वृद्धि।
- शिक्षा कौशल प्रणाली का उद्योग-अनुरूप न होना।
- मुद्रास्फीति और जीवन-लागत का दबाव :

भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है, मुख्य रुप से खाद्य तथा ऊर्जा-उत्पादों में। उदाहरण स्वरुप वित्तीय वर्ष 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत है, जो कि 2018-19 के बाद सबसे कम रही। परंतु यह "विश्वसनीय रुप से कम मुद्रास्फीति" का संकेत नहीं देता कि लागत-दबाव खत्म हो गया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कृषि-इनपुट्स, खाद्यान्न तथा ऊर्जा-कीमती वृद्धि ने आमजन की क्रय-शक्ति को प्रभावित किया है। विश्लेषक यह मानते हैं कि मुद्रास्फीति की अस्थिरता तथा उच्च लागत-बोझ विकास की गति को घटा सकती है।

• कृषि क्षेत्र व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चुनौतियाँ

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की उत्पादकता, सिंचाई-सुविधा, मूल्य विक्रय प्रणाली तथा किसानों की आय-स्थिति अभी भी चिंताजनक है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश की कमी, बुनियादी ढाँचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) की कमी, ऋण-दायित्व तथा बदलती जलवायु-परिस्थितियों ने किसानों व ग्रामीण जनसंख्या को अधिक अस्थिर बना दिया है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में समावेशी विकास न हो पाना समग्र अर्थव्यवस्था के लिए बाधा है।

• औद्योगिक मंदी व विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियाँ

भारत की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण एवं उद्योग-क्षेत्र को विकास की धुरी माना जाता रहा है क्योंकि यह रोजगार-सृष्टि की क्षमता अधिक रखता है। परंतु भारत में यह सेक्टर अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाया है। उदाहरण स्वरुप आर्थिक-वृद्धि के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन तथा निर्यात कम है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा, उत्पादन लागत-उच्च होना, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण की कमी, लॉजिस्टिक तथा आपूर्ति-श्रृंखला की चुनौतियाँ तथा भारत में औद्योगिकीकरण की गति अपेक्षाकृत कम रही है।

• आर्थिक असमानता और विकास का असमान वितरण

विकास का लाभ सभी समाज तक समान रूप से किया जाना आवश्यक है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिला श्रम-भागीदारी अभी भी कम है विभिन्न क्षेत्रीय असमानताएं विद्यमान हैं तथा श्रेष्ठ वर्ग एवं निम्न वर्ग में आय-विभाजन बहुत बढ़ गया है। ओक्स्सफेम संबंधित अध्ययन के अनुसार भारत में शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास समस्त धन का बहुत बड़ा हिस्सा है। इस असमानता का अर्थ यह है कि विकास प्रक्रिया में सामाजिक समावेशन कम हो रही है, जिससे विकास की गति कमजोर हो सकती है।

• वैश्विक जोखिम तथा संरचनात्मक चुनौतियाँ

भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए विदेशी प्रतिस्पर्धा, व्यापार-अवरुद्ध, ऊर्जा-आयात निर्भरता, तथा जलवायु-परिवर्तन जैसे जोखिमों से निपटना होगा। जिससे कि भारत की आर्थिक वृद्धि पर इन कारकों के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अर्थव्यवस्था के कई हिस्से अनौपचारिक हैं जिसका अर्थ है कि सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य-सेवाओं, वेतन-स्तर व रोजगार-सुरक्षा की कमी होना भी है। हमारे देश में बाढ़, सूखा और असामान्य मौसम से कृषि प्रभावित होती है वही औद्योगिक प्रदूषण से स्वास्थ्य पर विपरीत असर भी हो रहा है जो एक बड़ी चुनोती है।

भारत का आयात निर्यात से अधिक है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता जा रहा है। ऊर्जा आयात पर निर्भरता भी एक प्रमुख कारण है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बढ़ते एनपीए वित्तीय स्थिरता को कमजोर करते हैं। एमएसएमई और बड़े उद्योगों के ऋण डिफॉल्ट इसकी मुख्य वजह हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की कमी शिक्षा की गुणवत्ता में अंतर, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य व्यय कम एवं मानव संसाधन विकास भारत की प्रमुख चुनौती है।

- **पर्यावरणीय चुनौतियाँ**

भारत में तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण ने पर्यावरणीय असंतुलन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्याएँ बढ़ाई हैं, जो आर्थिक विकास को प्रभावित कर रही हैं। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यावरणीय असंतुलन जैसी अनेक चुनौतियों से जूझ रही है। इन चुनौतियों का समाधान तभी संभव है जब नीतियाँ सतत और समावेशी दोनों प्रकार से हों।

भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए निम्न प्रयास किये जा सकते है–

- रोजगार सृजन एवं कौशल विकास के द्वारा राष्ट्रीय रोजगार नीति का निर्माण किया जाए, जिसमें युवाओं के लिए उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाया जाए।
- स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का विस्तार ग्रामीण स्तर तक किया जाए।
- लघु, कुटीर व एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन किया जाए।
- शिक्षा-प्रशिक्षण में उद्योगों की साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाए।
- सेवा क्षेत्र विशेषकर पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और आईटी में रोजगार के अवसर बढ़ाए जाए।
- महिला श्रम भागीदारी बढ़ाने हेतु सुरक्षित कार्यस्थल, मातृत्व लाभ और लचीले कार्य घंटे सुनिश्चित किए जाए।
- रोजगारोन्मुख कृषि जैसे जैविक खेती, पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन और कृषि प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दिया जाए।
- कृषि क्षेत्र का सशक्तिकरण किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को व्यवहारिक रुप दिया जाए इसके लिए मूल्य श्रृंखला विकसित की जाए।
- सिंचाई की सुविधा सभी किसानों तक पहुँचे, इसके लिए "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" का प्रभावी क्रियान्वयन हो।
- कृषि उपज विपणन सुधार और ई-नाम प्लेटफॉर्म को सुदृढ़ बनाया जाए।
- फसल विविधीकरण और कृषि-तकनीक को प्रोत्साहित किया जाए।
- कृषि ऋण और बीमा प्रणाली को सरल और पारदशी बनाया जाए ताकि किसानों को समय पर सहायता मिले।
- कृषि-आधारित उद्योग जैसे डेयरी, फूड प्रोसेसिंग, बायोफ्यूल आदि को प्रोत्साहन दिया जाए।
- मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को और व्यावहारिक बनाया जाए।
- औद्योगिक इकाइयों के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम लागू हो ताकि निवेश में विलंब न हो।
- विनिर्माण क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, अनुसंधान और डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया जाए।
- इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास सड़कों, बंदरगाहों, बिजली, लॉजिस्टिक्स, और इंटरनेट कनेक्टिविटी में निवेश बढ़ाया जाए।
- एमएसएमई क्षेत्र को टैक्स रियायत, आसान ऋण और तकनीकी सहायता दी जाए।
- रोजगार-उन्मुख औद्योगिक नीति बनाई जाए जो श्रम-प्रधान उद्योगों जैसे वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करे।
- भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति को मूल्य स्थिरता और विकास दोनों के संतुलन में रखा जाए।
- कृषि उत्पाद आपूर्ति श्रृंखला को कुशल बनाकर खाद्य मुद्रास्फीति कम की जा सकती है।
- तेल-आयात पर निर्भरता कम कर वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों सौर, पवन और बायोफ्यूल को बढ़ावा दिया जाए।
- भंडारण और वितरण प्रणाली में सुधार कर जमाखोरी व कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए।
- सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ कृ जैसे पेंशन, बीमा, और स्वास्थ्य लाभ कृ असंगठित क्षेत्र तक विस्तारित की जाए।
- शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाकर गरीबों को समान अवसर दिया जाए।
- महिला एवं ग्रामीण उद्यमिता को सूक्ष्म वित्त और सहकारी संस्थाओं के माध्यम से बल दिया जाए।

- ग्रामीण विकास कार्यक्रम (जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।
- डिजिटल साक्षरता और वित्तीय समावेशन को बढ़ाकर बैंकिंग सेवाओं की पहुंच प्रत्येक नागरिक तक सुनिश्चित की जाए।
- पर्यावरणीय व सतत विकास नीति ग्रीन एनर्जी सौर, पवन, जल और जैव ऊर्जा में निवेश बढ़ाया जाए।
- एनपीए को कम करने हेतु सख्त निगरानी और स्वायत्त संस्था स्थापित की जाए।
- विदेशी निवेश एफडीआई को प्रोत्साहन देने हेतु स्थिर नीति वातावरण बनाए रखा जाए।
- डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को और मजबूत किया जाए।
- स्टार्टअप और नवाचार इकोसिस्टम के लिए टैक्स राहत और आसान फंडिंग उपलब्ध कराई जाए।
- तकनीकी संस्थानों आईआईटी एनआईटी स्किल सेंटर में अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा दिया जाए।
- डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म को सुलभ बनाया जाए।
- ग्रामीण युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण को अनिवार्य किया जाए।
- शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल स्थापित कर "रोजगारोन्मुख शिक्षा" को प्रोत्साहित किया जाए।

निष्कर्ष

भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियाँ अनेक आयामों में हैं परंतु समाधान भी उसी समाज में निहित हैं। रोजगारोन्मुख विकास, कृषि-सशक्तिकरण, औद्योगिकीकरण, शिक्षा सुधार, पर्यावरण संतुलन और सुशासन के संयुक्त प्रयास से भारत न केवल विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा बल्कि "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना से प्रेरित एक समावेशी और टिकाऊ अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। विकसित भारत 2047 का संकल्प के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र गति से निरंतर आगे बड़ रही है जो कि एक शुभ संकेत है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. सेन, अमर्त्य : डेव्हलोपमेंट एस फ्रीडम, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1999.
2. राजन, रघुराम : The Third Pillar: How Markets and the State Leave the Community Behind- हार्पर कॉलिन्स, 2019.
3. नीति आयोग. इंडिया/2047 रिपोर्ट, 2023.
4. विश्व बैंक रिपोर्ट, World Economic Outlook : India 2024-
5. भारतीय रिजर्व बैंक. वार्षिक रिपोर्ट, 2024-25.
6. आर्थिक सर्वेक्षण, भारत सरकार, 2024-25.
7. तिवारी, डॉ ऋतु : भारतीय अर्थव्यवस्था मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2021
8. स्वः विवेक पर आधारित।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी साहित्य की भूमिका

डॉ. कन्हैया चौहान
(सहायक प्राध्यापक हिंदी)
वीर रेन्गु कोरकू शासकीय महविद्यालय
खकनार जिला बुरहानपुर (म.प्र.)

शोध सारांश

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं था, बल्कि यह एक गहन सांस्कृतिक, बौद्धिक और साहित्यिक आंदोलन भी था। हिंदी साहित्य ने इस आंदोलन की वैचारिक नींव तैयार करने, जनमानस को स्वतंत्रता के लिए जागृत करने और राष्ट्रीय चेतना को तेज करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध से लेकर 1947 तक हिंदी साहित्य सामाजिक विवेक, राष्ट्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का वाहक बन गया। हिंदी साहित्यकारों ने अपने लेखन, कविता, नाटक, कथाएँ, पत्रकारिता और संपादकीय गतिविधियों के माध्यम से ब्रिटिश दमन, सामाजिक कुरीतियों, राष्ट्रीय एकता और राजनीतिक स्वतंत्रता के पक्ष में प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, मैथिलीशरण गुप्त, प्रेमचंद, रामधारी सिंह 'दिनकर', सुभद्रा कुमारी चौहान, जयशंकर प्रसाद और निराला जैसे साहित्यकारों ने स्वतंत्रता, स्वाभिमान, समता, राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी विचारों को साहित्यिक रुप देकर भारतीय जनमानस में नई क्रांति का संचार किया। उनके साहित्य ने भाषा को केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का सशक्त अस्त्र बनाया। खूब लड़ी मर्दानी, झाँसी की रानी, भारत-भारती, रश्मिरथी, सरस्वती और प्रताप जैसे ग्रंथों एवं पत्रिकाओं ने राजनीतिक चेतना को व्यापक दिशा दी।

हिंदी साहित्य ने तीन मुख्य भूमिकाएँ निभाईं :

(1) जागरण की भूमिका कविता और गीतों के माध्यम से स्वतंत्रता के संदेश को ग्रामीण और शहरी हर वर्ग तक पहुँचाना।

(2) विचार नेतृत्व संपादकीय लेख, निबंध, उपन्यास और पत्रकारिता के माध्यम से स्वशासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सुधार का मार्ग दिखाना।

(3) संघर्ष की प्रेरणा वीर रस और ओजपूर्ण कविता के माध्यम से युवाओं में बलिदान और संघर्ष के उत्साह को जन्म देना।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी साहित्य ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को गहराई से पोषित किया है। साहित्यकारों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लिखने के कारण दंड, प्रतिबंध और सेंसरशिप का सामना किया, लेकिन उनकी लेखनी राष्ट्रीय आत्मसम्मान का प्रतीक बनी रही। परिणामतः हिंदी साहित्य भारत की स्वतंत्रता का वैचारिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक मार्गदर्शक बन सका। प्रस्तुत शोध-पत्र हिंदी साहित्य की इसी केंद्रीय भूमिका का विश्लेषण करता है। इसमें साहित्यिक प्रवृत्तियों, प्रमुख रचनाकारों, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आंदोलन के विभिन्न चरणों में साहित्य की सक्रिय

भूमिका का अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी : हिंदी साहित्य, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता आंदोलन, साहित्यिक पत्रकारिता।

प्रस्तावना

भारत का स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका थी। जिसमें राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक आयाम समान रूप से सक्रिय थे। विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष केवल हथियारों और आंदोलनों से नहीं जीता गया, बल्कि इसका एक बड़ा आधार साहित्य, कला और भाषा का पुनर्जागरण था। हिंदी साहित्य इस संघर्ष का सांस्कृतिक स्तंभ बनकर उभरा। हिंदी भाषा, जो जनता की व्यापक भाषा थी, स्वतंत्रता संग्राम की भावनाओं, विचारों और नेतृत्व को जन-जन तक पहुँचाने में सबसे सक्षम साबित हुई। साहित्य वह माध्यम बना जिसने सामान्य जनता, किसान, महिलाएँ, युवा, शिक्षित वर्ग और नवजागरण की लहर को एक सूत्र में बाँधा।

उन्नीसवीं सदी में आधुनिक हिंदी साहित्य का उदय राष्ट्रवादी चेतना से गहराई से जुड़ा हुआ था। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने हिंदी को जनभाषा बनाकर राष्ट्रीय विचारों का मंच तैयार किया। "भारत दुर्दशा", "अंधेर नगरी" और "भारतवर्ष" जैसी रचनाएँ अंग्रेजी शासन की वास्तविकता को उजागर करती थीं। आगे चलकर द्विवेदी युग, छायावाद और प्रगतिवाद सभी साहित्यिक युग प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से स्वतंत्रता संग्राम को प्रभावित किया।

साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में स्वतंत्रता को केवल एक राजनीतिक घटना नहीं माना, बल्कि इसे राष्ट्रीय आत्मसम्मान, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और समाज सुधार से जोड़ा। महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका के माध्यम से राष्ट्रीय मंच को नया आयाम दिया। प्रेमचंद ने किसानों की दशा, सामाजिक असमानता, गरीबी और शोषण को दिखाते हुए औपनिवेशिक व्यवस्था की बुनियादी कमजोरियों का पर्दाफाश किया। सुभद्रा कुमारी चौहान और दिनकर ने वीर-रसपूर्ण कविताओं से जनता में उत्साह जगाया। मैथिलीशरण गुप्त की भारत-भारती को राष्ट्रभक्ति का विराट ग्रंथ माना गया। पत्रकारिता भी इस साहित्यिक आंदोलन का महत्वपूर्ण घटक थी। प्रताप, अभ्युदय, सरस्वती, हिंदू पंच, कर्मवीर जैसी पत्र-पत्रिकाएँ स्वतंत्रता की आवाज बन गईं। इन लेखों ने विचार, तर्क और राजनीतिक दृष्टि को विकसित किया। इस प्रकार हिंदी साहित्य ने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए वैचारिक ईंधन, भावनात्मक शक्ति और नैतिक समर्थन प्रदान किया।

साहित्य समीक्षा

इस विषय पर विभिन्न विद्वानों ने अनेक शोध, पुस्तकें और लेख प्रस्तुत किए हैं। साहित्य समीक्षा के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं :

- रामविलास शर्मा ने हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना को स्वतंत्रता आंदोलन के साथ जोड़कर इसका विस्तृत अध्ययन किया है।
- नगेन्द्र, नामवर सिंह, मैनेजर पांडेय और डॉ. नलिन विलोचन शर्मा ने हिंदी कविता और आंदोलन के वैचारिक संबंधों पर विस्तृत विश्लेषण किया है।
- हरिवंश राय बच्चन और दिनकर की आत्मकथाओं में साहित्य और आंदोलन के बीच गहरा संबंध स्पष्ट दिखाई देता है।
- डा. रघुवीर सिंह, बच्चन सिंह, अशोक वाजपेयी और श्यामसुंदर दास ने हिंदी साहित्य के विभिन्न युगों की राष्ट्रीयता-प्रधान प्रवृत्तियों का उल्लेख किया।
- स्वतंत्रता आंदोलन की पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन करते हुए श्यामलाल गुप्त, डॉ. भगवतशरण उपाध्याय तथा संपूर्णानंद ने 'प्रताप', 'सरस्वती' और 'हिंदू पंच' जैसी पत्रिकाओं की निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला।

निष्कर्ष यही है कि आधुनिक हिंदी साहित्य का उदय स्वयं राष्ट्रवादी आंदोलन का अंग था और यह साहित्य आंदोलन

को वैचारिक तथा भावनात्मक शक्ति प्रदान करता रहा।

अध्ययन के उद्देश्य

- आधुनिक हिंदी साहित्य और स्वतंत्रता संग्राम के पारस्परिक संबंधों का विश्लेषण करना।
- साहित्यकारों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई गई सक्रिय एवं वैचारिक भूमिकाओं का अध्ययन करना।
- हिंदी कविता, उपन्यास, नाटक और पत्रकारिता में स्वतंत्रता-संबंधी विषयवस्तु की पहचान करना।
- विभिन्न साहित्यिक युगों के राष्ट्रवादी स्वरुप का मूल्यांकन करना।
- हिंदी साहित्य की भूमिका को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और जनजागरण के परिप्रेक्ष्य में समझना।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी साहित्य की भूमिका

• राष्ट्रीय चेतना का निर्माण

हिंदी साहित्य आधुनिक भारत में राष्ट्रवाद के भाव को सबसे पहले व्यक्त करने वाला साहित्य रहा। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने 'नवजागरण' का नेतृत्व करते हुए हिंदी को राष्ट्रीय पहचान दी। उनकी रचनाओं ने जनता को यह बताया कि विदेशी शासन केवल आर्थिक नुकसान नहीं पहुँचा रहा, बल्कि वह सांस्कृतिक और राजनीतिक दासता का प्रतीक है। "भारत दुर्दशा" और "अंधेर नगरी" जैसी रचनाएँ तत्कालीन समाज की वास्तविकता को उजागर करती हैं। इससे हिंदी साहित्य जनता के दुख-दर्द का प्रवक्ता बना और भारतीय स्वतंत्रता में अहम् भूमिका अदा की।

• ओजपूर्ण और वीररस साहित्य का विकास

राष्ट्रीय आंदोलन की उर्जा को शब्दों में बदलने का कार्य सुभद्रा कुमारी चौहान, दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त और निराला जैसे कवियों ने किया। "खूब लड़ी मर्दानी" ने रानी लक्ष्मीबाई को राष्ट्रीय प्रतीक बनाया। "भारत-भारती" भारतीयता का सबसे बड़ा काव्य ग्रंथ बन गया। दिनकर की कविताओं ने युवाओं में स्वाभिमान और संघर्ष की भावना जगाई। इन कविताओं को स्वतंत्रता सेनानी मंचों, सभाओं और आंदोलनों में पढ़कर जनता को प्रेरित करते थे। जिससे की स्वतंत्रता की चिंगारी को मशाल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

• सामाजिक यथार्थ और औपनिवेशिक शोषण का चित्रण

प्रेमचंद ने भारत के ग्रामीण समाज, किसानों और मजदूरों की दशा को अपने उपन्यासों और कहानियों में प्रस्तुत किया। "गोदान", "कफन", "निर्मला", "सेवासदन" आदि औपनिवेशिक व्यवस्था की बुनियादी विसंगतियों को उजागर करते हैं। प्रेमचंद की रचनाएँ यह समझाती हैं कि राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक सुधार भी आवश्यक है।

• साहित्यिक पत्रकारिता की क्रांतिकारी भूमिका

पत्रकारिता भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रमुख हथियार था। प्रताप (गणेश शंकर विद्यार्थी) सरस्वती (द्विवेदी) हिंदू पंच, चांद इन पत्रिकाओं ने ब्रिटिश दमन, अत्याचार, नीतियों और सामाजिक समस्याओं की खुलकर आलोचना की। अनेक सम्पादक जेल गए, पत्रिकाओं पर प्रतिबंध लगाए गए, लेकिन उनकी आवाज ने स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी।

• छायावादी युग एवं स्वतंत्रता का संबंध

निराला, प्रसाद और पंत ने मनुष्य की स्वतंत्रता और स्वाधीनता को महान आदर्श रुप में प्रस्तुत किया। छायावाद की काव्यधारा भले ही प्रतीकात्मक थी, लेकिन उसकी आत्मिक स्वतंत्रता और मानवीय चेतना स्वतंत्रता आंदोलन से गहराई से जुड़ी थी। जिससे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा मिली।

• प्रगतिवाद और स्वतंत्रता आंदोलन

1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के गठन के बाद साहित्य पूरी तरह सामाजिक, राजनीतिक संघर्ष से जुड़ गया। नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन, अज्ञेय आदि लेखकों ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण, किसान, मजदूरों की स्थिति और सामाजिक परिवर्तन

को अपनी कविताओं में विषय बनाया।

- **महिलाओं लेखकों की भागीदारी और साहित्य**

सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद की नायिकाएँ सभी ने साहित्य में महिला चेतना को उजागर किया। महिलाएँ स्वतंत्रता संघर्ष में सक्रिय रुप से लगीं और साहित्य ने उन्हें आवाज दी। जिससे की भारतीय स्वतंत्रता का वातावरण निर्मित हुआ।

- **लोक साहित्य एवं जनजागरण तथा साहित्य की प्रतिरोधी शक्ति**

अनेक साहित्यकारों ने लोकगीतों, भजन-कीर्तन, आल्हा, रसिया और कव्वालियों में भी स्वतंत्रता की भावना व्यक्त की गई। ग्रामीण भारत में इसकी पहुँच सबसे अधिक थी, जिससे स्वाधीनता आंदोलन को व्यापक जनाधार मिला। ब्रिटिश शासन ने साहित्य और पत्रकारिता पर कठोर सेंसरशिप लगाई, अनेक पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाए, लेखकों को जेल भेजा गया। लेकिन साहित्य ने पीछे हटने की बजाय और अधिक प्रखर रूप धारण किया। यह हिंदी साहित्य अंग्रेजी शासन के विरोध में सांस्कृतिक प्रतिरोध का माध्यम बना।

निष्कर्ष :

हिंदी साहित्य ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को वैचारिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक शक्ति प्रदान की। यह केवल साहित्यिक रचनाएँ नहीं थीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा थीं। साहित्य ने जनता को जागृत किया, राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया और अंग्रेजी शासन की वास्तविकता को उजागर किया। साहित्यकारों ने जेल, दमन और प्रतिबंधों का सामना करते हुए भी अपने लेखन को राष्ट्रहित में समर्पित किया। इस प्रकार हिंदी साहित्य स्वतंत्रता संग्राम का मौन लेकिन सबसे प्रभावी हथियार सिद्ध हुआ। आज भी यह साहित्य भारतीय राष्ट्रवाद और स्वाधीनता की स्मृति को जीवित रखता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. शर्मा, रामविलास : भारतीय नवजागरण और हिंदी साहित्य, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1988
2. सिंह, नामवर : आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1995
3. द्विवेदी, हजारीप्रसाद : हिंदी साहित्य का विकास, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, 2002 (पुनर्मुद्रण)
4. डॉ. नगेन्द्र : छायावाद, संसार बुक डिपो, इलाहाबाद, 1971
5. प्रेमचंद : साहित्य का उद्देश्य (निबंध संग्रह), सरस्वती प्रेस, वाराणसी,1936
6. प्रेमचंद : गोदान, सरस्वती प्रेस, वाराणसी, 1936
7. गुप्त, मैथिलीशरण : भारत-भारती, लोकभारती प्रकाशन,1912
8. सुभद्रा कुमारी चौहान : काव्य संग्रह, लोकभारती प्रकाशन, 1930
9. दिनकर : रश्मिरथी (प्रस्तावना एवं राष्ट्रीय चेतना), राजकमल प्रकाशन, 1952

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

पश्चिमी राजस्थान में लैंगिक भेदभाव : एक जटिल समस्या

केदार पंवार
शोधार्थी
डॉ. पूजा सिसोदिया
शोध निर्देशक, सह आचार्य
फैकल्टी ऑफ़ लॉ, पेसिफिक एकेडमी ऑफ़ हायर एजूकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर

शोध सारांश - भारत का संविधान अनुच्छेद 14 से 18 जो की समानता की ओर ध्यान केंद्रित करता है, फिर भी पश्चिमी राजस्थान जो की भौतिक संसाधनों के अभाव एवं पिछड़ेपन होने के साथ-साथ लैंगिक भेदभाव के रूप में भी हमेशा सुर्खियों में रहा है, इसके कई कारण नजर आते हैं जिसमें से सामाजिक एवं सामंती भेदभाव, शिक्षा का अभाव, सांस्कृतिक परिवेश, धार्मिक मान्यताएं और पारंपरिक प्रथाएं।

इस भेदभाव के कारण महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार अन्य सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में भेदभाव का सामना करना पड़ता है, इस पिछड़ेपन के कारण पुरुष प्रधानता का असर दिखाई पड़ता है, जिसका वर्तमान में साफ-साफ असर लिंगानुपात पर एवं लैंगिक भेदभाव, महिला सशक्तिकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है जिसका मुख्य कारण कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, पर्दा प्रथा है जो मानव अधिकार हनन का पर्याय बन चूका है।

लिंग भेदभाव के मुख्य कारण

1. शिक्षा- भारत में राजस्थान तीसरा सबसे बड़ा राज्य है जो की शिक्षा में पिछड़ा हुआ है, राजस्थान लैंगिक साक्षरता दर में पूरे भारत में प्रथम स्थान पर है (लगभग-23%) पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर मे यह अंतर अत्यधिक दिखाई देता है, जहां लड़कियों को अक्सर सामाजिक ताने-बाने के कारण शिक्षा छुड़वाकर घरेलू कार्यों में या बाल विवाह के कारण स्कूल छोड़ना पड़ता है। ''पश्चिमी राजस्थान के लिंगानुपात के लिए सबसे कम लिंगानुपात जैसलमेर(852), जो कि पश्चिमी राजस्थान का हिस्सा है, में 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम लिंगानुपात था। राजस्थान का कुल लिंगानुपात 2011 की जनगणना के अनुसार प्रति 1000 पुरुषों पर 928 महिलाएँ है।"[1]

2. स्वास्थ्य और पोषण - पश्चिमी राजस्थान में स्वास्थ्य और पोषण के मामले में आज भी महिलाओं की स्थिति निम्न है, अधिकांश महिलाएं कम उम्र में मां बनने के कारण शारीरिक परेशानियों का उच्च जोखिम उठाती है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में पानी बिजली के अभाव के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, साथ ही भोजन पकाने में चूल्हा एवं लकड़ी के प्रयोग से धुएं प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर असर दिखाई पड़ता है।" शादी के बाद लड़कियों से अक्सर स्कूल छोड़ने और पत्नी व मां बनने की अपनी भूमिका को प्राथमिकता देने की अपेक्षा की जाती है, इससे उनका बचपन छिन जाता है और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक उनकी पहुंच सीमित हो जाती है। लैंगिक समानता की राह में आने वाली बढ़ाओ को दूर करने के लिए लड़कियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य हैं।''[2]

3. आर्थिक साझेदारी- पश्चिमी राजस्थान में पुरुष की अपेक्षा महिलाएं घरेलू कार्यों एवं रोजगार में शामिल होती है, जहां नौकरी की सुरक्षा एवं सही वेतन प्राप्त नहीं होता है, जिसके कारण महिलाओं को पुरुष पर निर्भर रहना पड़ता है सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं को संपत्ति, भूमि के अधिकारों में असमानता का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण लिंग भेदभाव जैसी जटिल समस्या दिखाई पड़ती है।

4. सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक - वर्षो से चली आ रही पितृसत्तात्मक एवं पुरुष प्रधानता वाली सोच के कारण महिलाओं को प्राथमिक स्तर से वंचित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी समस्या उत्पन्न होती है ग्रामीण एवं पश्चिमी राजस्थान में लड़कियों को एक आर्थिक बोझ समझा जाता है,जिसके कारण लड़का लड़कियों मे जन्म से भेदभाव किया जाता है, इसलिए लड़कियों के पालन पोषण एवं शिक्षा और स्वास्थ्य पर कम खर्च किया जाता है।

प्रभाव

पश्चिमी राजस्थान में लैंगिक असमानता के कारण महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा एवं उत्पीड़न के मामले बढे हैं, इसके साथ ही वर्तमान सामाजिक परिवेश में आटा-साट्टा अर्थात विवाह में लड़की के बदले लड़की, दहेज जैसी विकराल समस्या पैदा होने के कारण सामाजिक स्तर पर लड़की के जन्म को अशुभ जैसी मान्यता प्रदान करना, लड़के के जन्म को शुभ मान कर लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देना दिखाई पड़ता है।

समाधान और पहल

पश्चिमी राजस्थान में लैंगिक भेदभाव के लिए सर्वप्रथम लोगों की सोच को परिवर्तित करना अति आवश्यक होगा, जब तक व्यक्ति की सोच में लड़का लड़की में समानता नहीं दर्शाएगी, तब तक यह भेद मिटाना आसान नहीं है, शिक्षा के माध्यम एवं जागरूकता के माध्यम से एक सामाजिक संदेश देकर कि महिलाएं भी आज चांद पर पहुंच चुकी है, साथ ही महिलाएं सेना हो या अभियांत्रिकी, चिकित्सा आदि क्षेत्र सब जगह परचम लहरा रही है, इसे यह संदेश जाता है कि महिलाएं पुरुष समान है इस तरह सामाजिक जागृति लाकर इस विभेद को समाप्त किया जा सकता है।

सरकारी योजनाएं

राजस्थान सरकार भी लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए निम्न योजनाएं संचालित कर रही है।

1. लाडो योजना-राजस्थान सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना बालिकाओं को प्रोत्साहित करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए शुरू की गई है। इस योजना में गरीब परिवारों में जन्मी बालिकाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है।"[4]

2. कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना -काली बाई स्कूटी योजना राजस्थान सरकार द्वारा संचालित एक योजना है, जिसका उद्देश्य मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी प्रदान करके बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।"[5]

3. गार्गी पुरस्कार - राजस्थान सरकार द्वारा गार्गी पुरस्कार के अंतर्गत 10वीं कक्षा में जिन छात्राओं के 75 प्रतिशत से अधिक अंक आएंगे उन बालिकाओं को 3 हजार रुपए की राशि दी जाएगी और 12जी बोर्ड में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाली छात्राओं को 5,000 रुपए की राशि पुरस्कार के तौर पर दिए जाएंगे।"[6]

4. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना - 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के मुख्य लाभों में बेटियों के लिए वित्तीय सुरक्षा, शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, और सामाजिक जागरूकता में वृद्धि शामिल हैं। इसके तहत सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) जैसी योजनाओं के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और शादी के लिए बचत की जाती है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह योजना कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और शिशु लिंगानुपात में सुधार करने के लिए भी काम करती है।"[7]

अन्य सभी सरकारी योजनाएं जो की आंगनबाड़ी एवं पंचायत स्तर पर लागू कर, सामाजिक जीवन में एक संदेश देकर 'लड़का लड़की एक समान' का नारा देकर भी लैंगिक भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है।

कानूनी सुधार

लिंग विभेद की समस्या को दूर करने के लिए कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु पीसीपीएनडीटी अधिनियम को प्रभावी बनाया जाना, साथ ही सोनोग्राफी जैसे सेंटरो पर प्रभावी मॉनिटरिंग किया जाना, इसके साथ ही दहेज बाल विवाह जैसे कानून को सख्त लागू कर स हाल ही उच्चतम न्यायालय द्वारा पदोन्नति महिलाओं को संपत्ति में अधिकार जैसे मामलों में महिला और पुरुष को समानता की दृष्टिकोण के रूप में कड़ा रुख अपनाया गया है।

इसके साथ ही सरकारी नौकरियों, पंचायती राज जैसी संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50% तक का आरक्षण का प्रावधान कर यह साबित होता है, कि सरकार भी सचेत है, पश्चिमी राजस्थान में लैंगिक भेदभाव को भारत सरकार भी प्रतिबद्ध, परिणाम स्वरुप मानव जीवन गरिमा पूर्ण जीवन जीने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 भी प्रभावी प्रतिबद्ध दिखाई पड़ता है, जिसके फल स्वरुप सरकारों द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार प्रदान किया गया जो की लैंगिक भेदभाव को मिटाने में वरदान साबित हैस " उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि जीवन का अधिकार जैसा कि अनुच्छेद 21 में विहित है से तात्पर्य उत्तरजीवी होने या पाशविक जीवन से कुछ अधिक है और इसमें मानव गरिमा के साथ जीवित रहना सम्मिलित होता है"-[8]

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. भारत का सविंधान, सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन
2. लीगल रिसर्च एंड एनालिसिस डॉट कॉम
3. राजस्थान का भूगोल- हरिमोहन सक्सेना, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय - भारत सरकार
4. भारत का संविधान -एक परिचय, आचार्य डॉ दुर्गा दस बसु, लेक्सिसनेक्सिस बटरवोर्थ्स वाधवा पब्लिकेशन।
5. दैनिक भास्कर
6. सुजस मासिक पत्रिका
7. सीमांत केसरी
8. राजस्थान पत्रिका।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

'नवमानववाद' के संदर्भ में राय एवं गाँधी के विचार : एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. अग्नि देव
सह आचार्य-राजनीति विज्ञान
बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर

शोध सार

नवमानववाद एक विचारधारात्मक दर्शन है, जो मानव जीवन को नैतिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं राजनीतिक आयामों के आधार पर एक नए रूप में विकसित करने का प्रयास करता है। इस शोध में एम.एन. राय और महात्मा गांधी के नवमानववादी दृष्टिकोण का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है। एम.एन. राय का नवमानववाद तार्किकता, वैज्ञानिक चेतना, स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। वे मानते थे कि मनुष्य को किसी भी दैवीय या अधिभौतिक आश्रय की आवश्यकता नहीं, बल्कि विवेक और मानव-मूल्य ही उसके विकास की नींव हैं। दूसरी ओर, गांधी का नवमानववाद सत्य, अहिंसा, सेवा, आत्मानुशासन, नैतिकता, ग्रामस्वराज और सामाजिक न्याय पर आधारित है, जिसमें आध्यात्मिकता मानव जीवन का केंद्रीय तत्व मानी गई है।

यह शोध दर्शाता है कि जहाँ राय का नवमानववाद तर्कवादी और वैज्ञानिक चेतना को उभारता है, वहीं गांधी नवमानववाद मानव के नैतिक-आध्यात्मिक पक्ष को मजबूत बनाता है। दोनों विचारों में मानवता, समता, स्वतंत्रता और विश्व शांति के समान लक्ष्य हैं, परंतु उनकी आधारभूत दिशाएँ भिन्न हैं। समसामयिक परिप्रेक्ष्य में दोनों विचारों के समन्वय से आदर्श मानव समाज की स्थापना संभव है।

मूल शब्द : नवमानववाद, एम.एन. राय, महात्मा गांधी, वैज्ञानिक चेतना, सत्य-अहिंसा, मानव-मूल्य, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, आध्यात्मिकता, तर्कवाद।

परिचयात्मक : मानव सभ्यता के विकास के इतिहास में मानव मूल्य, नैतिकता, समाज और व्यक्ति के संबंधों ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। 20वीं शताब्दी का आधुनिक युग जहाँ वैज्ञानिक उपलब्धियों और तकनीकी क्रांति के शिखर पर पहुँचा, वहीं इसी काल में हिंसा, युद्ध, उपनिवेशवाद, आर्थिक शोषण और मानवाधिकारों के हनन जैसी गंभीर समस्याएँ भी सामने आईं। ऐसे समय में विभिन्न दार्शनिक और राजनीतिक चिंतन मानव समाज को नई दिशा प्रदान करने हेतु प्रस्तुत हुए। इन्हीं विचारधाराओं में नवमानववाद (Neo-Humanism) एक महत्वपूर्ण अवधारणा के रूप में उभरा, जिसका उद्देश्य एक ऐसे मानव-समाज का निर्माण करना है जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता, तर्कशीलता और नैतिकता पर आधारित हो।

एम.एन. राय का नवमानववाद तार्किकता, विज्ञानवाद, धर्मनिरपेक्षता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर आधारित है। वे आध्यात्मिकता और अधिभौतिक विश्वासों को मानव प्रगति में बाधा मानते हैं तथा "रेडिकल ह्यूमनिज्म' के माध्यम से विवेकाधारित मानवीय समाज की स्थापना का पक्ष लेते हैं। इसके विपरीत, महात्मा गांधी का नवमानववाद आध्यात्मिक,

नैतिक एवं कर्मप्रधान आदर्शों से युक्त है। सत्य, अहिंसा, करुणा, प्रेम, आत्मानुशासन, ग्राम-स्वराज और सर्वोदयी समाज की कल्पना उनकी विचारधारा के मूल में है। गांधी मानव विकास को केवल बौद्धिक या भौतिक उन्नति से नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतरंग मूल्यों के सशक्तिकरण से जोड़ते हैं। अतः यह शोध दोनों विचारकों के नवमानववादी चिंतन का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि- मानव समाज के उत्थान हेतु दोनों की अवधारणाओं में कहाँ समानता है?, किन बिंदुओं पर उनके विचार भिन्न दिशा ग्रहण करते हैं? और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में कौन-सा दृष्टिकोण अधिक उपयुक्त या समन्वयकारी है?

एक ऐसे समय में जब भौतिक प्रगति तो बढ़ रही है, किंतु मानव संवेदनाएँ और नैतिक मूल्य संकट में हैं– एम.एन. राय और गांधी के नवमानववादी विचार आधुनिक समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं। इस अध्ययन का मूल उद्देश्य एक संतुलित, न्यायपूर्ण, नैतिक एवं मानवतावादी समाजनिर्माण हेतु इन दोनों विचारधाराओं की उपयोगिता को समझना है।

मानवेन्द्रनाथ राय एक मानववादी विचारक है जिनके दर्शन में समाजवादी एवं उदारवादी मूल्यों का समन्वय देखने को मिलता है। राय ने उदारवादी मानववाद की आलोचना की है क्योंकि उदारवादी मानववाद व्यक्तिवाद पर आधारित हैं। उदारवादी मानववाद का खण्डन करते हुए उन्होंने मार्क्सवादी मानववाद का भी खण्डन किया है। इसके अंतर्गत समाजवाद के नाम पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कुचला जाता हैं। उन्होंने गाँधीवादी मानववाद तथा अरविन्द एवं टैगोर के मानववाद को आध्यात्मिक ढकोसला बताया। मानववाद एक अतिप्रभावशाली दर्शन है जिसकी उत्पति हम ग्रीक चिंतन में देख सकते हैं। सोफिस्टों के चितंन में मानव ही चिंतन की धुरी रहा हैं। जहां कुछ दार्शनिकों ने धार्मिक चितन के परिप्रेक्ष्य में अपने विचार प्रस्तुत किए है वही अन्यों ने इसे भौतिकवादी दर्शन के साथ जोड़कर अपना योगदान सुनिश्चित किया है। राय का मानववाद भी भौतिकवादी है, जो यर्थाथवादी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण में विश्वास करता है। राय के विचारों में क्रमिक परिवर्तन देखते है। आरम्भ में वे मार्क्सवादी विचारक थे। 1940-47 के दौरान राय मार्क्सवाद से उग्रवाद की ओर प्रेरित हुए और 1947-54 तक उग्रवाद से मानववाद की ओर। उनके इन विचारों की यात्रा के संदर्भ में निम्न ऐतिहासिक घटनाओं को देखा जा सकता है।

सर्वप्रथम, कोमिंटर्न से निकाले जाने के बाद और भारतीय राजनीति में प्रवेश करने पर राय ने अपने विचारों का पुर्ननिरीक्षण किया कि जिस प्रकार से सोवियत संघ, मैक्सिको व चायना में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत मानव स्वतंत्रता सीमित हो गयी थी तथा जर्मन में संसदीय प्रजातंत्र की कमियो के कारण फासीवाद का उदय होने से मानव स्वतंत्रता को आधात पहुँचा था। राय ने अपने दर्शन के माध्यम से मानव की स्वतंत्रता को स्थापित करने का प्रयास किया है। इस संदर्भ में उनके प्रमुख कार्य निम्न है–

सर्वप्रथम, उन्होंने कांग्रेस में ही उग्र कांग्रेसियों का एक अलग संगठन बनाया 1937 में उन्होंने Independent India नामक साप्ताहिक पत्र की शुरुआत की जिसका नाम वाद में बदल कर Radical humanist कर दिया गया।

उन्होंने 1946 में Radical Party की सभा में सर्वप्रथम अपने दर्शन के प्रमुख बिन्दुओं को उल्लेख किया है; जो निम्न है–क) उग्रवाद, मार्क्सवाद को पूर्ण रूप से नकारात नहीं है वरन यह मार्क्सवाद का पुर्ननिर्माण का प्रयास है। ख) मानव या व्यक्ति समाज का केन्द्र होना चाहिए। साम्यवादी व्यवस्था या फासीवादी व्यवस्था दोनो ने ही मानव के अस्तित्व को वर्ग या राष्ट्र की परिछाया के तहत कर दिया है। ग) सामयवाद भी अब मानव की स्वतंत्रता को सुरक्षित नहीं रख सका है, अतः नई क्रान्ति किसी अन्य आधार से आरंभ होगी। घ) कोई विचारधारा या दर्शन किस हद तक क्रान्तिकारी है, इसका मापन इस आधार पर किया जा सकता है कि वह किस हद तक मानव की स्वतंत्रता उपलब्ध करा पा रही हैं। ङ) किसी भी प्रकार के सता का केन्द्रीकण मानव की स्वतंत्रता के खिलाफ है, अतः समाज में विकेन्द्रीकरण होना चाहिए।

"राय मानव की पूर्ण स्वतंत्रता और व्यक्तिवाद में विश्वास करते है।" उपर्युक्त संदर्भ में राय ने उग्र मानववाद को परिभाषित किया है– यह चिंतन मानववादी है, क्योंकि यह मनुष्य के अस्तित्व को अक्षुण्य बनाए रखना चाहता है और यह उग्रवादी है अर्थात परिवर्तनकारी है क्योंकि अन्य चितंनो की तुलना में मात्र अमूर्तविचारों पर बल न देकर व्यक्ति जो कि समाज का आधार है; उस पर महत्व देता है।

1946 के अंत तक आते आते पुनः Radical Democratic Party की सभा में राय ने नवमानववाद की संकल्पना दीं। यहां उन्होनें त्क्च् के राजनीतिक कार्यों की समापन कर दिया ओर बताया कि अब यह पार्टी सामाजिक पुनरुत्थान और जागरण का कार्य करेगी। उन्होने दलगत राजनीति को स्वतंत्रता का विरोधी बताया। राय के अनुसार मानवता आज संकट के दौर से गुजर रही है। नैतिक मूल्यों का सामाजिक जीवन में अवमूल्यन से मानवीय स्वतंत्रता को आघात पहुंचा है। यहाँ तक कि आज साम्यवादी व्यवस्था में भी मानवीय स्वतंत्रता सुरक्षित नही हैं। आज प्रश्न पूंजीवादी या समाजवादी में से किसी एक व्यवस्था को चुनने का न होकर यह है कि मानव की स्वतंत्रता को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाए। राय ने अपने मानववाद को अपने से पूर्व सभी मानववादी विचारों से भिन्न बताया जहाँ पित्रिमः सिरोकीमः टैगोर मैनहाइम और घोष जैसे विचारक किसी सार्वभौमिक सत्ता धर्म आदि में मानवीय समस्याओ की समाधान की खोज करते है। जबकि राय के अनुसार उनका मानववाद इस विश्व से परे ना होकर भौतिकवादी विश्व में मानव जी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। राय का नव मानववाद प्राकृतिक विवेक व धर्मनिरपेक्ष चेतना पर आधारित है, इसके तीन प्रमुख तत्व है–

1 स्वतंत्रता, 2 विवेक और 3 नैतिकता।

गाँधी के संदर्भ में हम राय के विचारों में परिवर्तन देखते है। आरंभ मे वे गाँधी के कटु आलोचक रहे पर आपने जीवन के अंतिम वर्षों में गांधी के प्रशंसक बन गयें सर्वप्रथम गांधी पर राय के विचार को हम उनकी पुस्तक India and Transition में देखते हैं–जहां लेनिन गांधी को एक कांतिकारी नेता मानते थे, वही राय ने गांधी को एक प्रतिक्रियावादी के रूप में प्रस्तुत किया है। अपनी पुस्तक में उन्होंने गांधी को मध्य कालीन विचारधारा का चिंतक माना हैं क्योंकि भारतीय धर्म व संस्कृति के पुर्नजागरण पर बल दे रहे थे। लेनिन को सम्बोधित करते हुए राय ने लिखा है कि लेनिन ने स्वयं कहा है कि क्रांति के लिए क्रांतिकारी विचार धारा होना आवश्यक है परंतु गांधी जी की विचार धारा किसी भी अर्थ में क्रांतिकारी नहीं कही जा सकती। राय ने खासकर गांधी जी के असहयोग आंदोलन की आलोचना की। राय एवं गांधी के विचारों में समानता और असमानता दोनों रूप में दृष्टिगत होती है।

समानता

- दोनों ही मानवीय स्वतंत्रता एवं स्वायतता में विश्वास करते है।
- दोनों ही साध्य एवं साधन की पवित्रता में विश्वास करते है।
- दोनों ही राजनीति में व्याप्त बुराईयों को समाप्त करना चाहते है।
- दोनों शक्ति एव दल पर आधारित राजनीति को समाप्त करना चाहते है।
- राज्य की सत्ता को दोनों ही सीमित करना चाहते है। प्रजातांत्रिक विकेंद्रीकरण पर बल दोनों का है।
- दोनों ही विश्व बन्धुत्व की बात करते है।
- दोनों ही क्रांति के अहिंसात्मक स्वरूप को स्वीकार करते है।
- सामाजिक क्रांति का मुख्य साधन शिक्षा को दोनों ने माना है।

असमानता

- जहां गांधी का दर्शन आध्यात्मिक है वही राय का दर्शन हाब्स और डावीन जैसे विचारकों से प्रेरित होने के कारण भौतिकवादी है।
- गांधी सार्वभौमिक सत्ता अथवा ईश्वर जैसी विचारों में आस्था रखते है जबकि राय इन विचारों में आस्था नहीं रखते।
- राय ने भारत के विकास के लिए औद्योगिकरण पर बल दिया जब कि गांधी कुटीर उद्योगों की बात करते है।
- दोनों के प्रजातंत्र में संरचनात्मक भिन्नता हैं जहां गांधी का प्रजातंत्र समुद्री तरंगों के समान सत्ता का समानान्तरण वितरण की बात करता है वही राय की उग्र प्रजातंत्र की अवधारणा पिरामिडीय आकार की है।

सन् 1931 के बाद गांधी के संदर्भ में राय की विचार धारा में बदलाव आया। यह परिवर्तन हमें मुख्य रूप से दो कारण के रूप में दृष्टिगत है–

कम्युनिष्ट इंटरनेशनल के द्वारा राय का विरोध एवं 1946 के भारतीय आम चुनावो में Radical Democratic Party को हार।

1948 में गांधी की हत्या के बाद अप्रैल 1948 में अपने लेख 'शहिद का संदेश शहिद के प्रति' (Message to Marty and homage to Marty) में गांधी जी को कर्मयोगी माना है। खासकर गांधी के द्वारा प्रतिपादित राजनीति के आध्यात्मिकरण को प्रशंसा की। उन्होंने माना कि गांधी शक्ति पर आधारति राजनीति को समाप्त करना चाहते थे। उनके अहिंसा का तात्पर्य श्साधन और साध्यश को पवित्रता से था। गाधीं का दृष्टिकोण वैश्विक था, वे विश्व बंधुत्व की बात करते थे जो सराहनीय है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि एम.एन. राय और महात्मा गांधी दोनों का नवमानववाद मानव-केंद्रित चिंतन पर आधारित है। दोनों विचारक मानते थे कि मनुष्य ही समाज-परिवर्तन का मूल आधार है और उसकी उन्नति ही वास्तविक प्रगति है। दोनों मानवता, समानता, स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय और विश्व-शांति के पक्षधर थे तथा हिंसा, शोषण, अन्याय और भेदभाव का विरोध करते थे। व्यक्ति की नैतिक क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों को दोनों विचारकों ने उच्च स्थान दिया। दोनों ने औपनिवेशिक शोषण की आलोचना करते हुए स्वराज और आत्मनिर्भर समाज की वकालत की। यद्यपि उनके तरीक़े भिन्न थे, परंतु दोनों का उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जिसमें हर व्यक्ति को स्वतंत्रता, सम्मान और बराबरी का अधिकार प्राप्त हो। साथ ही दोनों विचारधाराएँ व्यक्ति और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर थीं। यह समानताएँ स्पष्ट करती हैं कि दोनों चिंतन मानव कल्याण और नैतिक प्रगति के पथ प्रदर्शक हैं।

एम.एन. राय और महात्मा गांधी के नवमानववादी चिंतन में कई मूलभूत अंतर भी मौजूद हैं। एम.एन. राय का नवमानववाद तार्किक, वैज्ञानिक और धर्म-निरपेक्ष दृष्टिकोण पर आधारित है। वे धार्मिक आस्था को मानव की स्वतंत्र बौद्धिक प्रगति में बाधक मानते हैं। उनका विश्वास था कि मनुष्य की मुक्ति केवल विज्ञान, विवेक और आलोचनात्मक चेतना के विकास से संभव है। वे एक वैज्ञानिक लोकतांत्रिक समाज के निर्माण की बात करते हैं जहाँ व्यक्ति की स्वतंत्रता सर्वोपरि हो।

इसके विपरीत, गांधी का नवमानववाद नैतिक, आध्यात्मिक और अहिंसात्मक मूल्यों पर आधारित है। वे धर्म को मानवता का आधार मानते थे और सत्य-अहिंसा को मानव विकास का सर्वोच्च साधन। गांधी का लक्ष्य एक ग्राम-आधारित, आत्मनिर्भर और श्रमप्रधान समाज का निर्माण था। जहाँ राय राजनीति और लोकतंत्र को व्यक्ति की स्वतंत्रता से जोड़ते हैं, वहीं गांधी समाज की सेवा, नैतिक उत्थान और आत्मानुशासन को मानव उन्नति का प्रमुख मार्ग मानते हैं।

एक प्रमुख अंतर यह भी है कि जहां राय ने औद्योगिकीकरण और विज्ञान को प्रगति का साधन माना, वहां गांधी मशीनवाद को मानव मूल्यों के लिए खतरनाक बताते थे। इस संदर्भ में उनका समाजवाद भी अलग-अलग स्वरूप ग्रहण करता हैरू राय का समाजवाद लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक है, जबकि गांधी का समाजवाद नैतिक और सामुदायिक।

सार रूप में दोनों चिंतनों में दिशा और साधनों का अंतर होते हुए भी लक्ष्य समान है– एक ऐसा नया मानव और समाज का निर्माण जो नैतिक, स्वतंत्र, न्यायपूर्ण और मानवतावादी हो।

निष्कर्ष : एम.एन. राय और महात्मा गांधी दोनों ही नवमानववाद के माध्यम से मानव समाज को उच्चतर विकास स्तर तक पहुँचाने की कल्पना करते हैं, किंतु उनके दृष्टिकोण व दार्शनिक आधार में स्पष्ट अंतर है। एम.एन. राय का नवमानववाद तार्किकता, भौतिक यथार्थवाद और वैज्ञानिक चेतना पर आधारित है। वे धर्म तथा किसी भी अलौकिक विश्वास को मानव की प्रगति में बाधक मानते हैं और समाज का निर्माण विवेकशील, स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक नागरिकों के आधार पर करना चाहते हैं।

दूसरी ओर, गांधी मानते हैं कि मानव का वास्तविक विकास आध्यात्मिकता, सत्य, अहिंसा और करुणा की भावना द्वारा

ही संभव है। गांधी का नवमानववाद सामाजिक नैतिकता, श्रम-प्रधानता, ग्राम-आधारित स्वराज और सर्वोदयी समाज की स्थापना की ओर अग्रसर है।

तुलनात्मक रूप से, राय का नवमानववाद बौद्धिक-वैज्ञानिक है जबकि गांधी का नवमानववाद नैतिक-आध्यात्मिक। फिर भी, दोनों के विचारों का अंतिम लक्ष्य मानवता का कल्याण, विश्व-शांति और नैतिक समाज की स्थापना करना है जो कि एक समान है।

आज की भौतिकवादी एवं तकनीकी दुनिया में एम.एन. राय की वैज्ञानिक चेतना अत्यंत प्रासंगिक है, वहीं हिंसा, विभाजन, नैतिक पतन और मानवहितों के संकट से जूझती वैश्विक व्यवस्था में गांधी का नवमानववाद समान रूप से आवश्यक है। दोनों विचारों के समन्वय से एक ऐसे नवमानववाद का निर्माण हो सकता है जो सामाजिक न्याय, मानवाधिकार, नैतिकता, वैज्ञानिक सोच और शांति को एक साथ लेकर चले। यही आधुनिक मानव समाज के लिए उपयुक्त दिशा का संकेत है।

संदर्भ

1. राय, एम.एन. (2018), नवमानववाद : सिद्धांत और व्यवहार. वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. राय, एम.एन. (2016), मानव-मूल्य और राजनीति. ज्ञान भारती, लखनऊ।
3. राय, एम.एन. (2015), रेडिकल ह्यूमनिज्म का दार्शनिक आधार. भारतीय विद्या भवन, मुंबई।
4. गांधी, महात्मा (2015), हिन्द स्वराज. नवजीवन प्रकाशन, अहमदाबाद।
5. गांधी, महात्मा (2013), सत्य और अहिंसा दर्शन. नवजीवन प्रकाशन, अहमदाबाद।
6. अग्रवाल, रघुनंदन (2010), गांधीवादी विचार और मानव समाज. प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. मिश्रा, अनिल (2017), एम.एन. राय : चिंतन और नवमानववाद. ज्ञान सागर प्रकाशन, दिल्ली।
8. सिंह, मोहन (2019), गांधी और नवमानववाद. राज पब्लिशिंग, जयपुर।
9. शुक्ल, वी.एन. (2014), भारतीय दर्शन में मानवतावाद. ईस्टर्न बुक कंपनी, लखनऊ।
10. वर्मा, राकेश (2016), वैज्ञानिक मानववाद के प्रवर्तक एम.एन. राय. राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट, दिल्ली।
11. पांडे, सुनीता (2020), मानवाधिकार और गांधीवाद. एपीएच पब्लिशिंग, नई दिल्ली।
12. शर्मा, रतनलाल (2013), आधुनिक भारतीय चिंतन. मोतीलाल बुक डिपो, वाराणसी।
13. जोशी, नरेन्द्र (2015), नवमानववाद और मानव नैतिकता. आशा प्रकाशन, भोपाल।
14. कौर, गुरजीत (2019), समकालीन मानवीय चुनौतियाँ और नवमानववाद. कॉमनवेल्थ पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
15. सिंह, दिनेश (2018), गांधी और मानव कल्याण दर्शन. राजहंस पब्लिशर्स, दिल्ली।
16. चौहान, पूनम (2017), इतिहास और दर्शन में मानवतावाद. साहित्य भवन, मुंबई।
17. आर्य, हेमंत (2021), वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक मानववाद. शिक्षा निकेतन, जयपुर।
18. गोस्वामी, ममता (2019), गांधीवाद का सामाजिक पक्ष. अटलांटिक पब्लिशर्स, दिल्ली।
19. यादव, उर्मिला (2020), समतामूलक समाज और गांधी. राज प्रकाशन, पटना।
20. गंगवार, अनिल (2022), मानवता और विज्ञान : एक तुलनात्मक विमर्श. दीपशिखा प्रकाशन, दिल्ली।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

भारतीय संविधान की प्रस्तावना : निर्धारक तत्त्व एवं उपादेयता

डॉ. दयाचन्द
सहायक आचार्य-राजनीति विज्ञान
बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर (राजस्थान)

शोध सार (Abstract)

भारतीय संविधान की प्रस्तावना राष्ट्र की उदात्त आकांक्षाओं, उद्देश्यों एवं मूल्यों की दार्शनिक भूमिका प्रस्तुत करती है। इसमें संप्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र एवं गणराज्य जैसे निर्धारक तत्वों का उल्लेख है, जो भारत के राजनीतिक-सामाजिक ढाँचे की नींव हैं। प्रस्तावना न केवल संविधान का मार्गदर्शक सिद्धांत है, बल्कि न्यायालयों द्वारा मूल अधिकारों की व्याख्या हेतु महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रयुक्त की जाती रही है। वर्तमान समय में बदलते सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तावना की उपादेयता और भी सशक्त रूप से उभरकर सामने आई है। समानता, सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता तथा राष्ट्र की एकता-अखंडता को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रस्तावना आज भी भारतीय लोकतंत्र की दिशा निर्धारित करने में निर्णायक भूमिका निभा रही है। इसलिए प्रस्तावना को संविधान का आत्मा एवं प्रेरक स्रोत मानना उपयुक्त है, जो राष्ट्र को प्रगतिशील, समतामूलक एवं मानवीय मूल्यों की ओर अग्रसर करती है।

मूल शब्द : भारतीय संविधान, प्रस्तावना, निर्धारक तत्व, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, वर्तमान उपादेयता।

परिचयात्मक : संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान की 'प्रस्तावना' को संविधान में जिस रूप में रखा है, यह उनकी उस मनःस्थिति का संप्रेषण है, जो संविधान निर्माण के समय की वस्तुनिष्ठ स्थितियों के कारण निर्मित हुई थी 'आधार और संरचना' की सैद्धांतिकता के आधार पर यही कहा जा सकता है कि संविधान निर्माताओं की चेतना उस काल की वस्तुनिष्ठ स्थितियों के अनुसार निर्मित थी, 'प्रस्तावना' उनकी उसी चेतना के प्रतिफल के रूप में प्रस्तुत हुई।

संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान में प्रस्तावना' को जिस रूप में रखा, वह उनकी उस चेतना का परिणाम था, जो एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य की वस्तुनिष्ठ स्थितियों में निर्मित हुई थी। वह परिप्रेक्ष्य था राष्ट्रीय मुक्ति संग्राम में साम्राज्यवाद के खिलाफ विभिन्न वर्ग शक्तियों की एकता का परिप्रेक्ष्य जो आंदोलन की मुख्य धुरी रहा था और जिसका नेतृत्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने किया था। साम्राज्यवाद विरोधी विभिन्न वर्ग-शक्तियों की इस एकता को स्थायित्व प्रदान करनेवाला था भारत की आजादी, जो आंदोलन का अंतिम लक्ष्य था और जिसके संबंध में किसी भी वर्ग-शक्ति की जो संघर्ष में थी, मतभिन्नता नहीं थी। मगर संघर्ष में शामिल विभिन्न वर्ग- शक्तियों की अपनी-अपनी माँगें थीं, जो संघर्ष के दौरान भी मुखरित होती रहती थीं, फिर भी औपनिवेशिक दासता से मुक्ति और भारत की आजादी का उदात्त लक्ष्य इस भिन्नता के कारण साम्राज्यवाद विरोध के संघर्ष को कभी भी खंडित नहीं होने दिया था।

भारतीय पूँजीपति वर्ग साम्राज्यवाद का विरोध इस कारण कर रहा था औपनिवेशिक सत्ता भारत के औद्योगिकीकरण में भारतीय पूँजी को बराबर की हिस्सेदारी का अवसर देकर औद्योगीकरण को आगे न बढ़ाकर भारतीय पूँजी के खिलाफ कई तरह के निरोध त्मक कानूनों को लाकर इसके खिलाफ ब्रिटिश पूँजी को संरक्षण दे रहा था। औद्योगिक मजदूर अपनी आर्थिक और राजनीतिक हडतालों द्वारा देशी और विदेशी, दोनों ही पूँजियों के द्वारा किए जा रहे अपने शोषण के खिलाफ संघर्ष कर एक शोषणमुक्त आर्थिक-सामाजिक व्यवस्था के निर्माण के लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में शामिल हुए थे।

भारत में औपनिवेशिक शासकों द्वारा इंग्लैंड की भू-प्रबंधन प्रणाली में थोड़ा हेर-फेर कर उसे ही भारत पर थोप दिए जाने के कारण एक ऐसा जमींदार वर्ग अस्तित्व में आ गया था, जिसकी भूमिका परजीविता (Parasite) की थी, जो किसानों का निर्मम शोषण कर आराम और विलासिता का जीवन व्यतीत करता था और ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता के लिए मजबूत सामाजिक आधार बना हुआ था। किसान समुदाय इस निर्मम शोषणकारी व्यवस्था से मुक्ति के लिए संघर्ष में शामिल हुआ था, वह इस व्यवस्था का उन्मूलन चाहता था। भारत का बुद्धिजीवी मध्यम वर्ग सरकारी नौकरियों और शासन में नस्लवादी भेदभाव और विभेदकारी सेवाशर्तों के कारण परेशान था वह बराबरी का दर्जा चाहता था। इस कारण वह राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में शामिल था। राष्ट्रीय मुक्ति संग्राम में साम्राज्यवाद विरोधी संयुक्त मोर्चे में शामिल विभिन्न वर्ग शक्तियों की माँगों और उद्देश्यों में विरोधाभास और टकराव तो जरूर था, मगर उनका दुश्मन एक था- ब्रिटिश साम्राज्यवाद और उसका वित्तीय पूँजी का शास।

संविधान निर्माताओं ने जब संविधान की प्रस्तावना' में सामाजिक, आर्थिक आर राजनीतिक न्याय की संकल्पना को समाहित करते हुए 'प्रस्तावना' को संविधान में प्रविष्ट किया, तब उनकी चेतना में ऊपर वर्णित ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य मौजूद था। इस ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर 'प्रस्तावना' का मूल्यांकन या विश्लेषण किया जाए, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि 'प्रस्तावना' में प्रदत्त सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की संकल्पना में राष्ट्रीय पूँजी को औद्योगिक अवसर प्रदान करने मजदूरों को शोषण से मुक्ति दिलाने, किसानों की शोषणकारी जमींदारी प्रथा से हो रही तबाही को समाप्त करने और बुद्धिजीवी मध्यम वर्ग को हरेक क्षेत्र में समानता के अवसर को प्रदान करने के भावों को 'प्रस्तावना' में शामिल किया गया है।

'प्रस्तावना' में वर्णित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की व्याख्या इससे हटकर नहीं की जा सकती यानी 'प्रस्तावना' भारत के भविष्य के समाज की जो संकल्पना पेश करती है, उसका लक्ष्य भारतीय नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करना है और इसी के अनुरूप भारत के भविष्य के समाज के लिए 'आधार' के निर्माण के लिए निर्देशित करता है। भारत में वर्ग-शाक्तियों की जो स्थिति संविध न निर्माण के काल में थी, उसमें इस ऊपर वर्णित न्याय की अवधारणा को लागू करने के लिए भारतीय आर्थिक-सामाजिक पुनसंरचना की दिशा को साम्राज्यवाद विरोधी इजारेदारवाद विरोधी और सामंतवाद विरोधी दिशा में ले जाने की तरफ इंगित किया गया है, मगर आज की विडंबना है कि 'प्रस्तावना' के इस उदात्त लक्ष्य को विकृत ढंग से स्वार्थी राजनीतिक वैचारिकता ने जाति और समुदाय के संदर्भ में परिभाषित करके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की इस अवधारणा को कई तरह से विकृत कर दिया है, जिसका लाभ ऐसे तत्त्व उठा रहे हैं, जो संविधान के मूल तत्त्व के खिलाफ राजनीति कर रहे हैं।

संविधान की 'प्रस्तावना' में आजादी (Liberty) का जिसमें विचार संप्रेषण, विश्वास, आस्था, पूजा-पाठ आदि की आजादी का जिक्र है, इस प्रावधान को रखे जाने का भी एक ऐतिहासिक संदर्भ था। इस अवधारणा में भी साम्राज्यवाद विरोध की भावना अंतर्निहित थी और साम्राज्यवाद विरोध के संघर्ष के ही एक अभिन्न अवयव के रूप में संविधान में उसने प्रविष्टि पाई थी। यह विरोध साम्राज्यवादी शासकों द्वारा भारत को एक अप्राकृतिक और अप्रशासनिक बँटवारे के कारण उत्पन्न स्थितियों के परिणामों से स्वतंत्र भारत को निकालने के उद्देश्य से रखा गया था। साम्राज्यवाद ने भारत का असमान खंडों में बाँट रखा था. एक खंड ब्रिटिश भारत का था और दूसरा खंड देशी रियासतों का।

इस बँटवारे को किसी भी सूरत में प्रशासनिक बँटवारा नहीं कहा जा सकता था, मगर इसका विस्तार संपूर्ण भारत की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थितियों में गहराई तक फैला हुआ था। देशी रियासतों के संबंध में जवाहरलाल नेहरू

ने लिखा है कि किस तरह इन रियासतों में दमघोंटू वातावरण व्याप्त है, इस ठहरे हुए या धीरे-धीरे बह रहे पानी के नीचे सड़न और गतिहीनता है, इसे देखकर कोई भी आदमी खुद को दिमागी और शारीरिक तौर पर कैद और घिरा हुआ महसूस करता है। नेहरू ने आगे लिखा हैं—इन रियासतों पर रहस्य का परदा रहता है। अखबार निकालने के लिए प्रायः रोक लगी रहती है... रियासतों से जो खबरें आती हैं। उनमें या तो वाइसराय की यात्राओं का वर्णन रहता है और उन भाषणों के समाचार होते हैं, जो एक-दूसरे की प्रशंसा में दिए गए होते हैं... विशेष कानून के कारण राजाओं की आलोचना नहीं की जा सकती और मामूली से मामूली आलोचना पर भी कड़ा से कड़ा रुख अपनाया जाता है। सार्वजनिक सभाएँ नहीं के बराबर होती हैं और सामाजिक उद्देश्य से आयोजित सभाओं पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाता है।''

विचार, संप्रेषण, विश्वास, आस्था, पूजा-पाठ की आजादी की गारंटी संविधान की 'प्रस्तावना' में किए जाने का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य यही था कि संविधान निर्माताओं की यह स्पष्ट समझ थी कि भारतीय जनता को अतीत की विरासत के रूप में तमाम तरह की विसंगतियाँ, समस्याएँ, भेदभाव आदि मिले हैं, जो बीते जमाने के अवशेष के रूप में संविधान निर्माण के समय भी उनके सामने मौजूद थे। भारतीय मुक्ति आंदोलन ने साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष के दौरान छुआछूत, संप्रदायवाद, जातिवाद, धार्मिक उन्मादवाद, निरक्षरता आदि जैसी विसंगतियों के खिलाफ निरंतर संघर्ष किया था और औपनिवेशिक शासकों ने लगातार अपने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा इस तरह के संघर्षों में अड़चनें पैदा की थीं और इन प्रवृत्तियों को पल्लवित पुष्पित होने से रोकने में कोई कोर-कसर नहीं - छोड़ी थी। इन बुराइयों के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व ब्रिटिश शासकों ने नहीं किया था, बल्कि इसका नेतृत्व राष्ट्रीय आंदोलन ने किया था। इस आंदोलन को पूर्णता तक ले जाने का जो दायित्व स्वतंत्र भारत पर आ गया था, उसकी झलक संविधान की प्रस्तावना' के इस प्रावधान में संविधान निर्माताओं ने रखी थी।

बहुभाषायी भारत की विभिन्न भाषाओं के बीच की एक अक्षुण्ण एकता को 1921 की जनगणना ने ही उजागर कर दिया था। जनगणना में दर्ज किया गया था कि इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर तथा मध्य भारत की मुख्य भाषाओं में एक सामूहिक तत्त्व है, जिसके कारण इन भाषाओं को बनानेवाले अपनी बोलचाल में बिना कोई तब्दीली लाए ही एक-दूसरे की बातचीत समझ लेते हैं। इस प्रकार भारत के बड़े हिस्से में भाषायी एकता के लिए एक मजबूत आधार पहले से ही मौजद है। इस प्रकार भाषायी, सांप्रदायिक, धार्मिक आदि जिन विघटनकारी तत्त्वों को शह देकर साम्राज्यवाद बढ़ता रहा था, उन्हें समूल नष्ट करने की अवधारणा 'प्रस्तावना' की इस संकल्पना में अंतर्निहित है।

42 वें संविधान संशोधन का सार तत्त्व 1976 में संविधान में किया गया 42वाँ संशोधन और इस पर उच्चतम न्यायालय की बेंच के बहुमत जजों की राय ने इस बात की गारंटी करा दी कि भारतीय संविधान की 'प्रस्तावना' अमेरिकी संविधान की प्रस्तावना से, जिसे अमेरिकी संविधान का अंग नहीं माना जाता, भिन्न है। यह संविधान का अंग है और इसे संविधान के अन्य प्रावधानों की ही तरह संशोधित किया जा सकता है। इसके अलावा इस संशोधन ने यह भी स्थापित कर दिया कि संविधान का अभिन्न अंग होने के कारण 'प्रस्तावना' में समाहित किए गए लक्ष्यों को हटाना या उनसे विचलन संविधान का उल्लंघन है और ऐसा विचलन एक ऐसा गंभीर मामला है, जिसकी अनुमति संविधान नहीं देता।

42वें संशोधन द्वारा 'प्रस्तावना' में 'सोशलिस्ट' और 'सेक्यूलर' शब्दों की प्रविष्टियों से संविधान के अन्य लक्ष्यों की ही तरह भारतीय राजसत्ता का चरित्र एक समाजवादी गणतंत्र की स्थापना करना हो गया। इस प्रकार अब भारतीय संविधान भारत को एक समाजवादी, पंथनिरपेक्ष गणराज्य में रूपांतरित करने के लिए निर्देशित करता है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि जिस तरह के उत्पादन संबंध की वकालत संविधान की 'प्रस्तावना' में की गई है और उस 'आधार' पर निर्मित होनेवाली आर्थिक-सामाजिक संरचना या तमाम बाहरी संरचनाओं- राजसत्ता समेत का जो खाका प्रस्तुत किया गया है, वह एक समाजवादी समाज के गठन का खाका है। यह संशोधन भी अप्रत्याशित या मनोवादी आधारों पर नहीं किया गया था; बल्कि इसका भी एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य था, जिससे हटकर इसके औचित्य - अनौचित्य का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता।

1960 के दशक में कांग्रेस को उसके राजनीतिक वर्चस्व को तब चुनौती मिलनी शुरू हुई, जब 1967 के चुनाव में देश के महत्त्वपूर्ण राज्यों से कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई और संयुक्त मोर्चे की सरकारों ने उसकी जगह ले ली। वास्तव में

स्वतंत्रता के बाद केंद्र तथा सभी राज्यों में कांग्रेस के एकच्क्षत्र शासन के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय पूँजी के, जिसका नेतृत्व कांग्रेस करती थी एक खास हिस्से की क्रांतिकारी क्षमता समाप्त हो गई थी, उसने पूँजीवादी जनवादी क्रांति संपन्न करने की क्षमता को खो दिया था। फिर भी कांग्रेस का मिश्रित वर्ग चरित्र समाप्त नहीं हुआ था, अभी भी कांग्रेस अपनी उस नीति पर चल रही थी जिसे उसने स्वतंत्रता संघर्ष में अपनाया था आर विभिन्न वर्ग-शक्तियों का एक संयुक्त मोर्चा था। आजादी के बाद भी कांग्रेस स्वतंत्र भारत की आर्थिक-सामाजिक पुनसंरचना के कर्तव्यों को पूरा करने में इसी नाति का अनुसरण कर रही थी, जिसके कारण कई ऐसी अनुकूल परिस्थितियाँ बनी थीं, जिसकी वजह से कांग्रेस के ढाँचे के अंदर अब भी परस्पर विरोधी प्रवृत्तियाँ मौजूद रहीं। नेहरू ने यह महसूस किया था कि जब तक एक खास हद तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर ली जाती और साम्राज्यवाद के शोषण के बहुआयामी जाल से देश को बाहर नहीं लाया जाएगा, तब तक स्वाधीनता का राजनीतिक पक्ष भी मात्र एक ढकोसला ही रहेगा।

यही वह दृष्टिकोण था, जो मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के आधार पर आर्थिक सामाजिक तरक्की के लिए अपनाई गई नीति का कारण बना था। भारत की आर्थिक-सामाजिक पुनसंरचना की यही नेहरूवादी नीति थी। इस नीति को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक, तकनीकी, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में भारत की पुनर्सरचना की माँग थी कि शांतिपूर्ण विदेश नीति को दृढता से आगे बढ़ाया जाए, साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद विरोधी नीति को दृढता से चलाया जाए। कांग्रेस नीति में विद्यमान प्रगतिशील तत्त्वों को बनाए रखने के लिए ऐसे कदमों को उठाया जाना था।

आजादी के शुरुआती वर्षों की स्थिति

आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों में सामंती जमींदारों और दलाल पूँजीपतियों को छोड़कर भारतीय समाज के अन्य सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए सामान्य जनतांत्रिक बदलावों को लागू करने का दायित्व देश के सामने था। कांग्रेस की आंतरिक विविधताएँ उसके सैद्धांतिक मंच से प्रकट हो रही थीं। यह मंच मिश्रित वैचारिकतावाला था, समझौतावादी था और परस्पर विरोधी विचारों के घालमेलवाला था तथा व्यापक जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्यक्रम चलाने और बनाने का प्रयास करता था। जनता के व्यापक भागों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जानेवाली नीति वास्तविक पूँजीवादी नीति से ह-ब-हू मेल नहीं खाती थी, यह पूँजीवाद के संकुचित वर्ग हितों के दायरे से बाहर निकल जाती थी। यह प्रवृत्ति 1930 के दशक से ही प्रकट होने लगी थी, जब राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में 1927 के बाद से वाम वैचारिकता का प्रभाव राष्ट्रीय आंदोलन में अन्य वर्षों की तुलना में अपेक्षाकृत ज्यादा प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप करने की हालत में आ गया था। जनवरी 1955 में कांग्रेस के अवाड़ी महाधिवेशन में जब जवाहरलाल नेहरू ने 'समाजवादी ढाँचे के समाज' के निर्माण को कांग्रेस का लक्ष्य निर्धारित कराया, तब यह घोषणा पूर्व से चली आ रही प्रवृत्तियों की ही अभिव्यक्ति थी। यह घोषणा वास्तव में पूँजीवादी नीति को समाजवादी नारे के ढाँच में रखकर प्रस्तुत करने और न्यायसंगत तौर-तरीके अपनाने की दरकार और सामाजिक अंतर्विरोधों को सुलझाने की अपेक्षा आर्थिक विकास पर ज्यादा बल देने वाली थी।

कांग्रेस के अवाड़ी महाधिवेशन में स्वीकृत 'समाजवादी ढाँचे के समाज' के निर्माण के स्वीकृत लक्ष्य के प्रति कांग्रेस के अंदर वैचारिकता विभाजित या यों कहें कि मिश्रित रही। कुछ ने 20वीं सदी के ह्रासोन्मुख पूँजीवाद, भारत की सामान्य जनता के बीच प्रतिष्ठित करने के लिए इसे एक आवरण के रूप में स्वीकार किया गया, क्योंकि उनकी राय में पूँजीवादी विकास के फरहरे को आसानी से जनता के लिए स्वीकार्य बनाया जा सकता था। इस कारण उन्होंने इसे एक चालाकीपूर्ण नारा मात्र माना, इसके अलावा और कुछ नहीं, परंतु कुछ कांग्रेसी नेताओं ने इसे पर्याप्त गंभीरता से स्वीकारा। इस तरह की मिश्रित वैचारिकता को कांग्रेस के अंदर एक साथ समाहित किए जाने की स्थितियाँ कांग्रेस द्वारा मिश्रित वर्ग स्वार्थी को एक साथ लेकर चलने की नीति के कारण मौजूद थी। इसके अलावा एक अन्य कारक भी था, जिसने इस मिश्रित वैचारिकता की मौजूदगी में भी कांग्रेस को एकजुट रखकर सत्ता पर काबिज रखा था. वह कारक आजादी पूर्व गांधी और आजादी पश्चात् नेहरू के कर्णधार की हैसियत से कांग्रेस में मौजूद था। ऐसे नेता उदार विचारों के लिए सहिष्णु थे और किसी वैचारिक गुट के साथ प्रतिबद्ध

नहीं थे।

'समाजवादी ढाँचे के समाज' की अवधारणा कांग्रेस के मिश्रितवर्गीय चरित्र के अनुकूल ही भारत की आर्थिक सामाजिक संरचना को मिश्रित वर्गीय चरित्रवाले समाज के रूप में ढालने की परिकल्पना को प्रतिबिंबित कर रही थी, जिसमें सार्वजनिक और निजी, दोनों ही क्षेत्रों को साथ-साथ चलने की अनुमति दी गई थी। इस मिश्रित अर्थतंत्र में बननेवाले उत्पादन संबंध जिस तरह के 'आध घर' को प्रस्तुत कर रहे थे, उसी के अनुरूप वैदेशिक नीति को गुटनिरपेक्षता की विदेश नीति के रूप में प्रकट किया गया था और योजनाबद्ध विकास की संकल्पना को आगे बढ़ाया गया था। योजनाबद्ध विकास प्रक्रिया को अपनाए जाने का भी एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य था, जो 1938 में गठित राष्ट्रीय नियोजन समिति द्वारा जारी दस्तावेजों में देखा जा सकता है। कांग्रेस के अंदर के वामपंथी रुझानवाले नेताओं के आग्रह पर गठित इस राष्ट्रीय नियोजन समिति का चरित्र भी मिश्रित था। इसमें अनुदार बड़े व्यापारियों से लेकर वामपंथी वैचारिकतावाले तक सदस्य के रूप में शामिल थे, जो अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाते थे। 'समाजवादी लोग लाभ के प्रयोजन को समाप्त करना अपना लक्ष्य बनाते थे और न्यायपूर्ण वितरण के महत्त्व पर बल देते थे तथा बड़े व्यापारी स्वतंत्र लाभ के प्रयोजन को यथासंभव बनाए रखने का प्रयास करते थे और उत्पादन पर अपेक्षाकृत अधिक जोर देते थे।''

यह रिपोर्ट एक ऐसी समिति की रिपोर्ट थी, जिसमें विभिन्नवर्गीय हित उपस्थित थे मगर भारत की बर्बाद कर दी गई आर्थिक-सामाजिक व्यवस्था की पुनसंरचना के प्रश्न समझौते के बिंदु को उपस्थित कर दिया था। अपनी अंतर्दृष्टि में यह रिपोर्ट प्रगतिशील थी- विदेशी सत्ता से स्वतंत्रता प्राप्त करना, घनघोर गरीबी, बेरोजगारी आदि समाप्त करना, जनता के जीवनमान को ऊपर उठाना और विदेशी नियंत्रण को समाप्त करना आदि जैसे लक्ष्य इसकी प्रगतिशीलता के मानदंड थे। समिति की सिफारिश में यह स्वीकार किया गया था कि आर्थिक विकास की नीति नियोजित विकास की नीति होने चाहिए और इस नियोजन का लक्ष्य होना चाहिए औद्योगिकीकरण को सबसे महत्त्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में स्वीकार करना।

आर्थिक नियोजन को कृषि और औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी, बेरोजगारी में कमी प्रति व्यक्ति आय में इजाफा, निरक्षरता उन्मूलन, सामुदायिक सेवाओं के ताने-बाने में विस्तार, खाद्य आपूर्ति, चिकित्सा सेवा, वस्त्र, आवास आदि जैसी आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास महती उद्देश्य के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। इन कर्तव्यों की पूर्ति के लिए मूलगामी आर्थिक उपायों की जरूरत महसूस की गई थी। जवाहरलाल नेहरू ने कहा, ''इस नियोजन का सारतत्त्व है, बड़े अंश में नियमन और समायोजन। अतः ऐसा नहीं है कि स्वतंत्र उद्यम के लिए कोई स्थान ही न हो, किंतु इसका कार्य क्षेत्र अतिशय सीमित है।'' प्रतिरक्षा उद्योगों के मामले से यह निर्णय लिया गया था कि इस पर अवश्यमेव राज्य का ही नियंत्रण और स्वामित्व होना चाहिए। अन्य धुरीन उद्योगों के मामले में बहुमत की राय थी कि इन्हें राज्य के नेतृत्व में होना चाहिए, किंतु समिति के एक अच्छे-खासे अल्पमत की राय थी कि राज्य का नियंत्रण काफी है। सोचा यह गया था कि सामुदायिक सेवाओं के लिए एक केंद्रीय या प्रांतीय निकाय या स्थानीय स्वायत्त निकायों को जिम्मेदार बनाया जाएगा तथा ऋण की एक समाजीकृत प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस संबंध में जवाहरलाल की स्पष्ट उक्ति है, 'बैंकों, बीमा आदि का अगर राष्ट्रीयकरण नहीं करना है, तो कम-से-कम उन्हें राज्य के नियंत्रण में तो अवश्य होना चाहिए, ताकि पूँजी और ऋण पर राजकीय नियमन कायम हो सके। यह भी जरूरी है कि आयात और निर्यात व्यापार को नियंत्रण में रखा जाए। राय दी गई थी कि राज्यीय उद्योगों के संचालन के लिए 'स्वायत्त लोक न्यासों' की प्रणाली विकसित तथा लागू की जाएगी, जो सार्वजनिक स्वामित्व और नियंत्रण को तो सुनिश्चित कर ही देगी साथ ही साथ प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक नियंत्रण में यदा-कदा घुस आनेवाली कठिनाइयों और अकुशलता को भी पचा ले जाएगी। उद्योगों के लिए सहकारी स्वामित्व और नियंत्रण का भी सुझाव दिया गया था।

कृषि के मामले में यह कल्पना थी, ''खेती की जमीन खान, खदान, नदियाँ और वन आदि राष्ट्रीय संपदा के रूप में हैं, जिनका स्वामित्व सामूहिक से भारत की जनता में पूर्णतः न्यस्त होना चाहिए।'' यह उपयोगी माना गया था कि कृषि की व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों विधियों के आधार पर कृषि फार्म के प्रबंधन के सहकारी सिद्धांत का प्रयोग किया जाए। छोटी जोतों पर किसानी खेती की मनाही का समिति का इरादा नहीं था, किंतु संक्रमण के दौर के खत्म हो जाने के बाद तालुकेदार,

जमींदार आदि, जैसे किसी भी बिचौलिए वर्ग को मान्यता नहीं दी जानी चाहिए, उनके संपत्तिगत अधिकारों को धीरे-धीरे खरीद लिया जाना चाहिए। समिति ने राय दी कि राज्य की अनजोती जमीनों पर तुरंत सामूहिक फार्मों की स्थापना की जानी चाहिए।ष समिति की सिफारिशों में वर्ग समन्वयवाद के पुट अवश्यमेव रूप में मिल जाते हैं। मगर खुली बाजार व्यवस्था के प्रति इन सिफारिशों का रुझान नहीं क बराबर था- न तो उद्योग में, न कृषि में, न व्यापार में, न वित्तीय संस्थाओं आदि के मामले में सामूहिक कामों के गठन की सिफारिश उस काल की वस्तुनिष्ठ स्थितियों के आलोक में एक अतिक्रांतिकारी कदम जरूर लगता है।

वर्तमान में उपादेयता

भारतीय संविधान की प्रस्तावना देश की सामूहिक चेतना, आकांक्षाओं एवं मूल मूल्यों की अभिव्यक्ति मानी जाती है। यह संविधान का प्रस्तावनात्मक भाग होते हुए भी उसकी आत्मा के रूप में स्थापित है, जो राष्ट्र के राजनीतिक और सामाजिक जीवन के आदर्शों का संक्षिप्त परिचय देती है। प्रस्तावना यह स्पष्ट करती है कि भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है। साथ ही यह राष्ट्र के हर नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता प्रदान करने तथा बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देने का वचन देती है। इस प्रकार प्रस्तावना संविधान का मार्गदर्शक सिद्धांत और राष्ट्रीय जीवन का मूल दर्शनस्रोत है।

प्रस्तावना के मूल स्वरूप का निर्माण संविधान सभा के श्रेष्ठ विचारकों और नेताओं द्वारा किया गया, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पले-बढ़े नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को इसमें समाहित किया। प्रस्तावना का चिंतन मानवतावाद, लोकतंत्र, समानता और राष्ट्रवाद पर आधारित है। यह दर्शाती है कि भारत का संविधान केवल शासन का दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का साधन है। इसमें उल्लिखित प्रमुख निर्धारक तत्व- संप्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र- राष्ट्र की बुनियाद हैं। संप्रभुता भारत की बाह्य एवं आंतरिक शक्तियों पर पूर्ण अधिकार का संकेत है। समाजवाद आर्थिक संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण तथा सामाजिक-आर्थिक समानता पर बल देता है। धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान तथा राज्य की धार्मिक निष्पक्षता को सिद्ध करती है। लोकतंत्र नागरिकों की सहभागिता, अधिकारों और स्वतंत्रताओं की गारंटी देता है। वहीं गणतंत्र का अर्थ है कि राष्ट्र का प्रमुख जनता द्वारा चुना जाएगा, कोई वंशानुगत शासन प्रणाली नहीं होगी।

प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्य भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं। न्याय- सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक- सभी के लिए समान अवसर और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। स्वतंत्रता नागरिक को अपनी सोच, अभिव्यक्ति, विश्वास, उपासना एवं आचरण में स्वाधीनता प्रदान करती है। समानता सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार एवं अवसर देने की भावना है। बंधुत्व भारतीय समाज में एकता, अखंडता और सौहार्द को बनाए रखता है और विविधता में एकता के सिद्धांत को मजबूत करता है।

वर्तमान समय में प्रस्तावना की उपादेयता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। बदलते राजनीतिक परिदृश्य, सामाजिक असमानताओं, आर्थिक चुनौतियों और प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव के बीच प्रस्तावना राष्ट्र को एकजुट रखने का आधार बनती है। सामाजिक न्याय की स्थापना, वंचित वर्गों के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण, महिला अधिकारों की सुरक्षा, तथा जातीय और धार्मिक सद्भाव को बनाए रखने में इसकी प्रेरणा लगातार मार्गदर्शन देती है। स्थानीय से वैश्विक स्तर तक भारत की पहचान एक लोकतांत्रिक और समतामूलक राष्ट्र के रूप में प्रस्तावना के मूल्यों पर ही आधारित है।

न्यायपालिका ने भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों में प्रस्तावना को संविधान की व्याख्या का आधार माना है। वर्ष 1973 के केशवानंद भारती मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावना संविधान का अभिन्न अंग है और इसमें निहित मूल्य संविधान की बुनियादी संरचना का हिस्सा हैं। इसलिए इन मूल्यों में कोई भी परिवर्तन या संशोधन राष्ट्र के मौलिक चरित्र को प्रभावित कर सकता है। इस निर्णय के पश्चात प्रस्तावना का महत्व और अधिक सुदृढ़ होकर सामने आया है।

आज जब विश्व में राजनीतिक ध्रुवीकरण, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक असमानता और मानवाधिकार उल्लंघन जैसी चुनौतियाँ बढ़ रही हैं, भारत की प्रस्तावना इन संकटों से निपटने का मार्ग दिखाती है। यह समाज में सामाजिक एकता, संवैधानिक मर्यादा, तथा लोकतांत्रिक व्यवहार को बढ़ावा देती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाते हुए राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सहभागिता के लिए प्रेरित करती है। संविधान के मूल आदर्श उसी समय साकार हो सकते हैं जब प्रत्येक नागरिक इन मूल्यों का पालन करते हुए दूसरों के अधिकारों और स्वतंत्रताओं का सम्मान करें।

अंततः कहा जा सकता है कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि भारत का राष्ट्रीय संकल्प है। इसमें निहित निर्धारक तत्व राष्ट्र को सतत प्रगतिशील और सुशासित बनाए रखने के आधार हैं। वर्तमान युग में प्रस्तावना की उपादेयता निरंतर बढ़ती जा रही है, क्योंकि यह भारतीय लोकतंत्र को जीवंत, समावेशी और न्यायपूर्ण बनाए रखने की दिशा में शक्तिशाली मार्गदर्शक की भूमिका निभाती है। संविधान की प्रस्तावना हम सभी को यह स्मरण कराती है कि भारत के भविष्य का निर्माण हमारे सामूहिक प्रयासों, संवैधानिक मूल्यों के सम्मान और मानवता पर आधारित लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से ही संभव है।

निष्कर्ष

भारतीय संविधान की प्रस्तावना राष्ट्र के संवैधानिक दर्शन का केंद्रबिंदु है। यह केवल एक औपचारिक भूमिका नहीं, बल्कि संविधान में निहित संपूर्ण मूल्यों और उद्देश्यों की आत्मा है। प्रस्तावना में वर्णित संप्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र के निर्धारक तत्व भारत के राजनीतिक ढाँचे और सामाजिक व्यवस्था को दिशा देते हैं। इस शोध के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से सामने आया है कि प्रस्तावना का अस्तित्व भारत की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय के संरक्षण का आधार है और आधुनिक भारत के विकास की प्रक्रिया में इसकी उपादेयता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक भिन्नताएँ व्यापक रूप से विद्यमान हैं। प्रस्तावना इन सभी विविधताओं के मध्य एक ऐसा साझा राष्ट्रीय मूल्य-तंत्र प्रस्तुत करती है, जो नागरिकों में बंधुत्व, समानता और लोकतांत्रिक भावना को सुदृढ़ करता है। यह नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की सुरक्षा के साथ-साथ कर्तव्यों का भी संकेत प्रदान करती है। बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में विशेषकर युवाओं, महिलाओं, दलितों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों में प्रस्तावना के मूल सिद्धांत प्रेरक एवं मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं।

वर्तमान समय में वैश्वीकरण, तकनीकी बदलाव, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, सामाजिक असमानता, आतंकवाद, सांप्रदायिक तनाव और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसी चुनौतियाँ निरंतर बढ़ रही हैं। इन परिस्थितियों में प्रस्तावना की प्रासंगिकता और भी अधिक सशक्त रूप में सामने आती है। क्योंकि यह लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ समाज में सहिष्णुता, समानता और न्याय की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती है। प्रस्तावना हमें यह भी स्मरण कराती है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारी संस्थाओं या संविधान के अधिनियमों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी से होता है।

न्यायपालिका द्वारा समय-समय पर प्रस्तावना को संविधान की व्याख्या के प्रमुख साधन के रूप में मान्यता दिए जाने से इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। विशेषकर केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) के ऐतिहासिक निर्णय में यह स्पष्ट किया गया कि प्रस्तावना संविधान की मूल संरचना का अभिन्न हिस्सा है और उसके मूल्यों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन राष्ट्र के संवैधानिक चरित्र को प्रभावित कर सकता है। इस आधार पर प्रस्तावना न केवल संविधान का मार्गदर्शक सिद्धांत रही है, बल्कि मूल अधिकारों की रक्षा तथा राज्य की नीतियों के निर्धारण में भी निर्णायक भूमिका निभाती है।

प्रस्तावना की मूल अवधारणा सामाजिक न्याय पर आधारित राष्ट्र निर्माण की विचारधारा को निरंतर सबल करती है। यह न केवल आदर्श प्रस्तुत करती है, बल्कि उन आदर्शों को साकार रूप देने का नैतिक प्रेरणास्रोत भी है। संविधान का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब प्रस्तावना में निहित मूल्य नागरिक जीवन में व्यवहारिक रूप से अपनाए जाएँ। इसके

लिए शिक्षा, जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की अनिवार्यता आवश्यकता अनुसार बढ़ी है।

सार रूप में कहा जा सकता है कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना अतीत की उपलब्धियों, वर्तमान की आवश्यकताओं और भविष्य की आकांक्षाओं के मध्य सेतु का कार्य करती है। यह भारत को एक प्रगतिशील, लोकतांत्रिक, समतामूलक एवं मानवीय राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रकाशस्तंभ की भांति मार्गदर्शन देती है। इसलिए प्रस्तावना आज भी उतनी ही उपादेय, सशक्त और आवश्यक है, जितनी संविधान निर्माण के समय थी। इसे संविधान की आत्मा मानना केवल रूपक नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की वास्तविकता है। प्रस्तावना के मार्गदर्शन में ही भारत सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकता है।

संदर्भ

1. अंबेडकर, बी. आर. (1950), भारतीय संविधान : दर्शन एवं मूल सिद्धांत. भारत सरकार प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. बसु, डी. डी. (2019), भारतीय संविधान का परिचय. लेक्सिसनेक्सिस पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
3. शर्मा, बी. के. (2021), भारतीय संविधान एवं शासन व्यवस्था. राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
4. कश्यप, सुभाष सी. (2018), भारत का संविधान : एक परिचय. नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली।
5. शुक्ल, वी. एन. (2020), भारत का संविधान. ईस्टर्न बुक कम्पनी, इलाहाबाद।
6. बख्शी, पी. एम. (2020), भारत का संविधान (संशोधित संस्करण), यूनिवर्सल लॉ पब्लिशिंग, नई दिल्ली।
7. सिंह, रमेश (2020), "प्रस्तावना के निर्धारक तत्वों का विश्लेषण". राजनीति विज्ञान अध्ययन पत्रिका, 12(4), 88-96।
8. झा, संजय (2022), "भारतीय संविधान का स्वरूप एवं मूल्य". भारतीय संवैधानिक समीक्षा, 15(2), 50-62।
9. कानून एवं न्याय मंत्रालय (2023), भारत का संविधान (नवीनतम संशोधित), भारत सरकार प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली।
10. ऑस्टिन, ग्रेनविल (2003), भारतीय संविधान : एक राष्ट्र की आधारशिला (हिन्दी अनुवाद), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

महर्षि वाल्मीकि रामायण में रामकथा का स्वरूप

डॉ. राहुल प्रसाद
सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग
जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)
फोन : 8368048147
ईमेल - rahul@jdm.du.ac.in

भारतीय साहित्यिक परंपरा में रामकथा एक अत्यंत प्राचीन, व्यापक और बहुस्तरीय आख्यान के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसका मूल वाङ्मय स्वरूप वाल्मीकि रामायण में निहित है। आदिकवि वाल्मीकि द्वारा रचित यह महाकाव्य केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मानस, आदर्श-व्यवस्था, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का प्रामाणिक दस्तावेज है। रामकथा का मूल स्रोत होने के कारण वाल्मीकि कृति विश्व-रामायण परंपरा का आधार-स्तंभ है, जिसके प्रभाव से भारत और दक्षिण एशिया ही नहीं, समूचा दक्षिण पूर्व एशियाई सांस्कृतिक क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वाल्मीकि रामायण में रामकथा का स्वरूप बहुआयामी है, यहाँ कथा इतिहास, नीति, धर्म, पुरुषार्थ, आदर्श, समाज और मनोविज्ञान के अनेक आयामों को समेटे हुए है। राम एक पूर्ण पुरुष हैं, परंतु उनका चरित्र मनुष्य की संघर्ष-यात्रा और मूल्य-दृष्टि को भी उतनी ही संवेदनशीलता से व्यक्त करता है। इसी प्रकार सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान आदि चरित्र केवल पौराणिक प्रतीक नहीं, बल्कि मानव-व्यवहार और सामाजिक आदर्शों के जीवंत प्रतिरूप हैं। कथा-रचना की दृष्टि से वाल्मीकि रामायण की संरचना संगठित, क्रमबद्ध और घटनाओं से पूर्ण है, जिसमें भावनात्मक गहनता और काव्यात्मकता दोनों सह-अस्तित्व में दिखाई देती हैं। 'मानस' या अन्य उत्तरवती रामायणों की अपेक्षा यहाँ कथा का स्वरूप अधिक यथार्थपरक, परिस्थितिनिष्ठ और मनोवैज्ञानिक है, जिसके कारण इस महाकाव्य की साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। महर्षि वाल्मीकि रामायण से ही रामकथा का प्रारंभ माना जाता है। अतः रामायण के अतिरिक्त रामकथा का प्रारंभ कहीं अन्यत्र खोजना असंगत सा प्रतीत होता है। वाल्मीकि स्वयं तत्वदृष्टा ऋषि थे उन्होंने अपने ध्यान से श्री राम के चरित्र का दर्शन किया है तथा उसी आधार पर राम कथा को सृजित करने की कोशिश की -

"श्रुत्वा वस्तु समग्रं तद्मार्थं सहितं हितम्।
व्यक्त्मनबेषते भूयो यद्वृतं तस्य धीमतः।
.....
ततः पश्यति धर्मात्मक तत्सर्वं योगमास्थितः
पुरा यतत्र निवृतं पाणावामलकं यथा।"[1]

"महर्षि वाल्मीकि रामायण की कथा का प्रारंभ अयोध्या नगरी से करते हैं। जिसमें अयोध्या के राजा दशरथ को यशस्वी, पराक्रमी एवं कर्मठ रूप में दिखाया गया है। महाराज दशरथ अपने शिष्ट मंडल के साथ कुशलतापूर्वक राज्य का सफल सञ्चालन करते हैं।"[2] राजा दशरथ की कोई भी संतान न होने की वजह से वे प्रायः दुखी ही रहते हैं। पुत्र प्राप्ति हेतु राजा दशरथ ने

अनेक जप-तप यज्ञ, एवं अनुष्ठान किये किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिली। अंत में राजा दशरथ ने अश्वमेध एवं पुत्रकामेष्टि यज्ञ करने का संकल्प लिया। जिसे राजा ने अपने मंत्रियों की सहायता से पूर्ण किया और ऋष्य श्रृंग ने राजा दशरथ को चार पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दिया। साथ ही साथ बालकाण्ड में ही राजा जनक की मिथिला नगरी का भी वर्णन वाल्मीकि रामायण में हमें देखने को मिलता है। जहाँ राजा जनक यज्ञ कर रहे हैं तथा अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर की तैयारियों में व्यस्त हैं। विश्वामित्र भी राजा जनक के यहाँ राम एवं लक्ष्मण के साथ जाते हैं। मार्ग में विश्वमित्र राम एवं लक्ष्मण को अपने पूर्वजों का वृतान्त सुनाते हैं। साथ ही साथ अहल्या का प्रसंग भी सुनाते हैं। मार्ग मे राम अहल्य उद्धार करते हुये मिथिला पहुँचते हैं। मिथिला पहुँचने के उपरान्त राम द्वारा धनुर्भंग एवं चारों भाईयों का विवाह संपन्न होता है। तदुपरांत सभी अयोध्या की ओर लौटते हैं। मार्ग में क्रोधित परशुराम से उनकी भेंट होती है। राम उनका क्रोध शांत करने में सफल हो जाते हैं। परशुराम प्रसन्न होकर राम को अपना वैष्णव धनुष दे देते हैं और स्वयं महेंद्र पर्वत की ओर चले जाते हैं। इस प्रकार सकुशल चारों पुत्रों एवं पुत्र वधुओं के साथ राजा दशरथ अयोध्या नगरी में प्रवेश करते हैं। महर्षि वाल्मीकि रामायण में काण्ड प्रारंभ होते ही कथा की भी शुरुआत होती है। अर्थात् रामचरितमानस की भांति मंगलाचरण इत्यादि नहीं होता। भरत अपने भाई शत्रुघ्न के साथ अपने मामा अश्वपति नरेश के पास चले जाते हैं। इसी बीच राजा दशरथ के मन में विचार आता है कि राम का राज्याभिषेक किया जाय और उस अभिलाषा में मांडलिक सभा का आयोजन करते हैं -

"न तु केकय राजानां जनकं वा नराधिपः।
त्वरयाचानयामास पश्यातौ श्रोष्यतः प्रियम्।"[3]

सभा में उपस्थित सभी विद्वतगण राम के राज्याभिषेक के सन्दर्भ में अपनी सहमति प्रकट करते हैं। साथ ही राम के गुणों का भी बखान किया जाता है। राम का राज्याभिषेक निश्चित हो जाता है। गुरु वशिष्ठ राज्याभिषेक सम्बन्धित सभी कार्य संपन्न करते हैं। राम के राजसभा में आने के उपरान्त राजा दशरथ उन्हें राजनीति सम्बन्धी जानकारियां देते हैं। माता कौशल्या तथा समस्त प्रजा इस समाचार से अत्यंत प्रसन्न हैं। दशरथ की आज्ञा से गुरु वशिष्ठ राम एवं सीता को अनिवार्य व्रतों का पालन करने का उपदेश देते हैं। उधर मंथरा की बातों में आकर कैकयी राम को वन भेजने की मांग करने लगती है। जिसका कि सभी लोग विरोध करते हैं, विशेष रूप से लक्ष्मण, किन्तु राम के समझाने पर लक्ष्मण मान जाते हैं तथा वन गमन हेतु तैयार हो जाते है। सम्पूर्ण अयोध्या नगरी के निवासी राम को तमसा नदी तक छोड़ने आते हैं। यहाँ पर निषाद राम के सखा के रूप में 'वाल्मीकि द्वारा चित्रित किया गया है तथा निषाद द्वारा राम लक्ष्मण को सांत्वना देने की बात भी कही गयी है।"[4] महर्षि वाल्मीकि रामायण में अरण्यकाण्ड का प्रारंभ राम का दंडक वन में प्रवेश से होता है। वहां की समस्त निवासी एवं ऋषि समूह उनका स्वागत करते हैं। वहाँ एक दिन विश्राम करने के उपरान्त राम उनसे आज्ञा लेकर विदा ले लेते हैं एवं आगे का रास्ता तय करते हैं। मार्ग में विराध सीता का अपहरण करने की कोशिश करता हैं किन्तु लक्ष्मण उसे पराजित कर देते हैं। तदुपरांत राम शरभंग एवं ऋषि अगस्त्य के आश्रम में प्रवेश करते हैं। वहां विश्वामित्र उन्हें वनों के विषय में भली भांति अवगत कराते हैं एवं राक्षसों के विषय में भी जानकरियां देते हैं। साथ ही राक्षसों की क्रूरता एवं बर्बरता के विषय में भी राम को जानकारी देते हैं। राम ध्यान पूर्वक ऋषि की बातें सुनकर राक्षसों के समूल नाश की प्रतिज्ञा करते हैं। उसके उपरान्त निकट ही पंचाप्सर तालाब के किनारे दस वर्षों तक निवास करते हैं। इन्द्र का पुत्र जयन्त कौवे का रूप धराण कर के सीता पर चोंच मारता है। राम द्वारा उसे दण्ड दिया जात है। राम कहते हैं तुम मेरे अमोघ अस्त्र से बच नहीं सकते अतः तुम स्वयं अपना दंड का निर्धारण करो। तदुपरांत वह अपना दायाँ नेत्र देकर अपने प्राणों की रक्षा करता है -

"मोघ अस्त्रं न शक्यं तु ब्रम्हा कर्तुं ददुच्यतां।
ततस्यक्षि काकस्य हिनस्ति स्म सः दक्षिणम्।"[5]

अगस्त्य ऋषि उन्हें धनुष प्रदान करते हैं और आगे पंचवटी का मार्ग बताकर वहां जाने की आज्ञा देते हैं। पंचवटी पहुँचने के उपरान्त उनका मिलन जटायु से होता है। वही लक्ष्मण कुटिया बनाते हैं। लक्ष्मण कैकयी पर सारा दोषारोपण करने लगते हैं तथा उन्हें कटु वचन तक कह देते हैं–

"भर्ता दशरथो यस्या साधुश्य भरतः सुतः।
कथं नु साम्बा कैकयी तादृशी क्रूरदर्शिनी।"[6]

राम लक्ष्मण को समझाते हैं और उनसे भरत एवं कैकयी के प्रति मृदु व्यवहार रखने का आग्रह करते हैं। महर्षि वाल्मीकि रामायण का किष्किन्धाकाण्ड अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी काण्ड में सीता हरण की घटना विद्यमान है। रामायण का यह काण्ड राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है जबकि रामचरितमान का किष्किन्धाकाण्ड आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वाल्मीकि रामायण किष्किन्धाकाण्ड की कथा इस प्रकार वर्णित होती है - रावण मारीच को मृग का वेश बनाकर राम को आकर्षित करने के लिए उकसाता है। मारीच भी रावण की बातों को स्वीकार कर देता है तथा राम के आश्रम में पहुँच जाता है। जहाँ सीता उसे पकड़ने के लिए जिद करने लगती है तत्पश्चात राम मृग को पकड़ने हेतु उसके पीछे भागने लगते हैं। रावण ब्राह्मण का वेश बनाकर सीता हरण कर लेता है। राम सीता विरह में व्याकुल हो जाते हैं। वे इधर उधर भटकने लगते हैं मार्ग मे उन्हे शबरी की कुटिया दिखाई देती है राम लक्ष्मण के साथ कुटिया में प्रवेश करते हैं। "रामायणकार ने शबरी को कर्म कुशल एवं तपस्विनी के रूप में चित्रण किया है।"[7]

उधर सुग्रीव भी राज्य से निष्कासित हो जाता है। मार्ग में हनुमान राम एवं लक्ष्मण से मुलाकात करते हैं तथा उनका अभिवादन करते हैं "विनीत वदुपाग्म्य राघव पाणि पत्य च"[8] परिचय प्राप्त करने के उपरान्त हनुमान दोनों को सुग्रीव के पास ले जाते हैं एवं उनकी मैत्री करवा देते हैं। सुग्रीव सीता द्वारा फेंके गए आभूषणों को राम को दिखाते हैं। राम सुग्रीव को बाली वध का आश्वासन देते हैं तथा उनसे सीता को खोजने में सहायता मांगते है। सुग्रीव भी उन्हें वचन देते हैं। राम बाली वध करते हैं तथा सुग्रीव को उसका खोया हुआ राज्य लौटा देते हैं। तदुपरांत सभी सीता की खोज में लग जाते हैं। सुन्दर काण्ड की कथा में हनुमान ही छाए रहते हैं। हनुमान अंगद इत्यादि के साथ सीता की खोज में दक्षिण दिशा की और प्रस्थान करते हैं। महावीर हनुमान को उड़ते हुए देखर सभी वनवासी भयभीत होने लगते हैं। लंका पहुँचने के मार्ग में मैनाक हनुमान का मार्ग रोक लेते हैं किन्तु हनुमान उन्हें परास्त कर देते हैं। आगे सुरसा भी हनुमान को रोकने का प्रयास करती है। हनुमान उसे भी परास्त कर देते हैं। आगे बढ़ते हुए सिंहिका हनुमान का मार्ग रोकती है किन्तु हनुमान उनका वध कर देते हैं। और इस प्रकार हनुमान लंका में प्रवेश करते हैं। लंका पहुँचने के उपरान्त सीता से मिलन, अक्षकुमार वध लंका दहन इत्यादि घटनाएँ होती है और हनुमान सीता का समाचार लेकर सकुशल वापस पंचवटी आ जाते हैं।

हनुमान के लौटते ही श्री राम सुग्रीव इत्यादि हनुमान की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए हनुमान के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। उसके उपरान्त राम सीता प्राप्ति के लिए व्यग्र हो उठते हैं। वे एक क्षण का भी विलम्ब नहीं करना चाहते। सुग्रीव अपनी विशाल सेना के साथ सागर तट पर पहुँचते हैं एवं विशाल सागर को देखकर सभी हतोत्साहित हो जाते हैं। किन्तु नल एवं नील की सहायता से समुद्र पर विशाल सेतु का कार्य प्रारंभ किया जाता है। कुछ ही दिनों में सेतु बनकर तैयार हो जाता है। सभी कुशलतापूर्वक समुद्र पार करके लंका में प्रवेश कर लेते हैं। राम हनुमान से लंका के गुप्त रहस्यों के विषय में पूछने लगते हैं। अपने विपक्षी सेना के अस्त्र-शस्त्र, उनके दुर्ग, नगर सम्बन्धी अन्य जानकारियां प्राप्त करते हैं। उधर रावण भी व्याकुल हो उठता है, विभीषण उन्हें समझाने की चेष्टा करता है किन्तु रावण विभीषण की बातों पर कोई ध्यान नहीं देता। पुनः सभा का आयोजन किया जाता है। जिसमे सभी मंत्रिगण उपस्थित रहते हैं। यहाँ भी विभीषण सीता को लौटाने की बात कहते हैं। मेघनाथ भी रावण का साथ देते हैं इस पर विभीषण मेघनाथ की कटु आलोचना करते हैं। तदुपरांत रावण विभीषण को भी बुरा-भला कहने लगते हैं जिसके उपरान्त विभीषण सभी से आज्ञा लेते हुए आकाश मार्ग से राम एवं लक्ष्मण की शरण में आ जाते हैं। उसके उपरान्त युद्ध प्रारंभ होने लगता है विभीषण उन्हें लंका के विषय में गुप्त जानकारियां देते हैं। युद्ध का विस्तृत वर्णन रामायण में हमें देखने को मिलता है। प्रत्येक वानर का अपने प्रतिद्वंद्वी से युद्ध के समय का शौर्य चित्रण किया गया है। रामायण में राम एवं कुम्भकर्ण के युद्ध से पहले कुम्भकर्ण एवं लक्ष्मण के युद्ध की भी चर्चा है। रामायण में कुम्भकर्ण के कटे हुए सर को पाताल में पहुंचाना दिखाया गया है। सम्पूर्ण युद्ध के उपरान्त ब्रम्हा शंकर आदि के द्वारा राम एवं सीता का वास्तविक स्वरूप बताने के पश्चूयात अग्नि परीक्षा के समय सीता निर्दोष सिद्ध हो जाती है। राम विभीषण

का राज्याभिषेक कर देते हैं चारों दिशाओं मे राम की भूरि-भूरि प्रसंशा होने लगती है -

"तं प्रसादं तु रामस्य दृष्ट्वा सद्यपल्वनमघः।
प्रचक्रुशुर्मत्मानः साधुसध्वति चाब्रुवन।।"[9]

महर्षि वाल्मीकि रामायण में हनुमान भरत मिलन, भरत द्वरा राम का स्वागत किया जाना राम का राज्याभिषेक इत्यादि प्रसंग युद्ध काण्ड में ही वर्णित हैं। वाल्मीकि रामायण में रामकथा को आख्यान रूप में चित्रित किया गया है। राम के राज्याभिषेक के समय अनेक ऋषि गण आते हैं तथा राम को बधाई देते हैं। "वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड में ही ऋषि अगस्त्य द्वारा रावण जन्म एवं वरदान प्राप्ति की कथा का विवरण मिलता हैं। जिसमे रावण के पूर्वज ब्रम्हा, पुत्र पुलस्त्य, राजा तृण बिंदु की कथा आदि का व्याख्यान है"[10]

उत्तरकाण्ड में रावण की कथा के साथ ही राम कथा का भी विस्तृत वर्णन है जिसमें राम द्वारा शम्बूक वध, अश्वमेध यज्ञ का वर्णन, सीता का पृथ्वी में प्रवेश, माताओं का स्वर्गवास, राज्य विभाजन, लक्ष्मण का त्याग दंड, विभीषण, हनुमान, सुग्रीव, जाम्बवान, अदि को राम द्वारा पृथ्वी पर रहने का ही आदेश देना आदि बातें वर्णित हैं। संपूर्ण विवेचन से स्पष्ट है कि वाल्मीकि रामायण में रामकथा का स्वरूप न केवल भारतीय सांस्कृतिक चेतना का आधार है, बल्कि यह मानवीय आदर्शों, संघर्षों और मूल्यों की सार्वभौमिक कथा भी है। वाल्मीकि ने रामकथा को देवत्व के आवरण में नहीं ढकेला, बल्कि उसे मानव-जीवन की यथार्थ परिस्थितियों और नैतिक दायित्वों से जोड़कर प्रस्तुत किया। यही कारण है कि उनके यहाँ राम एक पूर्ण पुरुषार्थी नायक के रूप में तो दिखाई देते हैं, परंतु वे मानवीय करुणा, दुविधा, कर्तव्य और मर्यादा के वृत्त में निरंतर गतिशील भी रहते हैं। कथा के स्वरूप में नैतिकता, धर्म, कर्तव्य, प्रेम, त्याग और संघर्ष की जो सशक्त धारा मिलती है, वह इसे साधारण पौराणिक आख्यान से आगे बढ़ाकर मानव-जीवन के सार्वकालिक आदर्शों का ग्रंथ बनाती है। चरित्र-चित्रण, प्रसंग-विन्यास, संवादों की प्रभावी प्रस्तुति और घटनाओं की क्रमिकता वाल्मीकि की कथा-दृष्टि को प्रामाणिक और जीवंत बनाते हैं। अंततः कहा जा सकता है कि वाल्मीकि रामायण में रामकथा का स्वरूप सांस्कृतिक, नैतिक, दार्शनिक और साहित्यिक सभी स्तरों पर पूर्ण, परिपक्व और प्रभावकारी है। यह महाकाव्य भारतीय काव्य-परंपरा का मूलाधार तथा रामकथा परंपरा का प्रथम और सर्वोत्तम स्रोत है। आज भी इसका महत्त्व अक्षुण्ण है-क्योंकि इसकी कथा केवल एक युग की नहीं, बल्कि मानव-जीवन के शाश्वत मूल्यों की कथा है।

सन्दर्भ

1. वाल्मीकि, महर्षि, 'रामायण', गीताप्रेस गोरखपुर,पचासवाँ पुनर्मुद्रण, संवत, 2073, बालकाण्ड, सर्ग, 3 श्लोक संख्या, 46
2. वही, सर्ग, 5 श्लोक संख्या, 90
3. वही, अयोध्याकाण्ड, सर्ग संख्या, 18 श्लोक संख्या, 48
4. वही, सर्ग, 51, श्लोक 26
5. वही, सुन्दरकाण्ड, श्लोक संख्या, 35
6. वही, अरण्यकाण्ड, सर्ग, 34 श्लोक संख्या 90
7. वही, युद्धकाण्ड, सर्ग 19, श्लोक 127
8. वही, श्लोक संख्या, 78
9. वही, लंकाकाण्ड, सर्ग 5 श्लोक संख्या, 43
10. वही, उत्तरकाण्ड, सारग संख्या, 7 श्लोक संख्या 58

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

वसुधैव कुटुम्बकम् से वैश्विक शासन तक: विश्व शांति के लिए सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रतिमानों का तुलनात्मक अध्ययन

प्रो. अरुण कुमार सिंह
प्रोफेसर, इतिहास विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, हिमाचल प्रदेश
कमल
शोधार्थी, पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, हिमाचल प्रदेश

सारांश

यह शोध भारतीय दार्शनिक सिद्धांतों को पश्चिमी सैद्धांतिक ढाँचों के साथ एकीकृत करके वैश्विक शांति के बहुआयामी दृष्टिकोणों की पड़ताल करता है। यह अध्ययन भारत के वसुधैव कुटुम्बकम् पर जोर देता है और सार्वभौमिक मानवतावाद, नैतिक उत्तरदायित्व और सामाजिक सामंजस्य को स्थायी शांति की नींव के रूप में स्थापित करता है। इसके पूरक के रूप में, पश्चिमी सिद्धांत—कांट की शाश्वत शांति, गाल्टुंग की सकारात्मक शांति और संरचनात्मक हिंसा, बोल्डिंग की स्थिर संस्थाएँ, और लेडरैक का संघर्ष परिवर्तन और सुलह—संघर्ष समाधान के लिए संस्थागत, संरचनात्मक और संबंधपरक तंत्रों पर प्रकाश डालते हैं। यह शोधपत्र संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और जलवायु समझौतों सहित वैश्विक शासन संरचनाओं की जाँच करता है, और अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को लागू करने, सहयोग को सुगम बनाने और विवादों को सुलझाने में उनकी भूमिका को दर्शाता है। इन अंतर्दृष्टियों के आधार पर, समानता, न्याय, शिक्षा, सांस्कृतिक जागरूकता, सहभागी शासन और एकीकृत संघर्ष समाधान पर केंद्रित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तावित की गई हैं।

मुख्य शब्द : वसुधैव कुटुम्बकम्, सकारात्मक शांति, संघर्ष परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय शासन, संरचनात्मक हिंसा।

भूमिका

विश्व शांति और वैश्विक शासन के विषय आज के अंतरराष्ट्रीय राजनीति के सबसे महत्वपूर्ण और जटिल मुद्दों में से हैं। ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' का भारतीय दर्शन, जो महोपनिषद में उल्लिखित है, यह अवधारणा प्रस्तुत करता है कि सम्पूर्ण पृथ्वी एक परिवार है। यह विचार न केवल भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह वैश्विक एकता, सहिष्णुता और शांति की दिशा में एक सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करता है। वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, जहां युद्ध, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी समस्याएँ विकराल रूप धारण कर चुकी हैं, ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की अवधारणा एक नैतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह विचार न केवल भारतीय समाज की सामाजिक-राजनीतिक संरचना का आधार है, बल्कि यह वैश्विक शांति की दिशा में एक स्थायी समाधान की ओर भी इंगीत करता है। उदाहरण स्वरूप, भारत की ''वैकसीन

मैत्री'' पहल और ''ऑपरेशन दोस्त'' जैसे मानवीय प्रयासों ने इस दर्शन को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण वैश्विक शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इसके विपरीत, पश्चिमी देशों में वैश्विक शासन की संरचना संस्थागत और कानूनी ढाँचे पर आधारित है, जैसे कि संयुक्त राष्ट्र संघ, यूरोपीय संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन। इन संस्थाओं का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है, लेकिन अक्सर इनकी संरचनात्मक जटिलताएँ और सदस्य देशों के राजनीतिक हित इनकी प्रभावशीलता को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता और वीटो अधिकारों के कारण निर्णय प्रक्रिया में गतिरोध उत्पन्न होता है, जिससे वैश्विक शांति के प्रयासों में रुकावट आती है।

वसुधैव कुटुम्बकम् : भारतीय सांस्कृतिक दृष्टिकोण

वसुधैव कुटुम्बकम्, संस्कृत में ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' (वसुधा = पृथ्वी, एव = ही, कुटुम्बकम् = परिवार), महोपनिषद् के श्लोक 6.71 से लिया गया एक प्राचीन भारतीय दर्शन है, जिसका अर्थ है ''संपूर्ण पृथ्वी एक परिवार है''। यह विचार न केवल भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह वैश्विक एकता, सहिष्णुता और शांति की दिशा में एक सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करता है। महोपनिषद् में उल्लिखित इस श्लोक में कहा गया हैः ''अयं बन्धुरयं नेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥'' इसका अर्थ है कि संकुचित मानसिकता वाले लोग ''यह मेरा है, वह तुम्हारा है'' की गणना करते हैं, जबकि उदार हृदय वाले लोग सम्पूर्ण पृथ्वी को एक परिवार मानते हैं।यह दर्शन न केवल मानवता के बीच भाईचारे को बढ़ावा देता है, बल्कि यह पर्यावरणीय नैतिकता को भी प्रोत्साहित करता है।

वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, जहां युद्ध, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी समस्याएँ विकराल रूप धारण कर चुकी हैं, ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की अवधारणा एक नैतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह विचार न केवल भारतीय समाज की सामाजिक-राजनीतिक संरचना का आधार है, बल्कि यह वैश्विक शांति की दिशा में एक स्थायी समाधान की ओर भी इंगीत करता है।

सैद्धांतिक ढाँचा

वैश्विक शांति की अवधारणा को एक एकीकृत सैद्धांतिक ढाँचे के माध्यम से समझा जा सकता है, जिसमें सांस्कृतिक-नैतिक दर्शन और संस्थागत-संरचनात्मक दृष्टिकोण दोनों शामिल हैं।

1. वसुधैव कुटुम्बकमः भारतीय सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य

भारतीय दार्शनिक परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत के माध्यम से वैश्विक शांति के लिए एक गहन नैतिक और नैतिक ढाँचा प्रस्तुत करती है, जिसका अर्थ है ''विश्व एक परिवार है'' (कर, 2023, पृष्ठ 12-16)। महा उपनिषद (6.71) से लिया गया यह सिद्धांत सभी जीवों और पर्यावरण के प्रति परस्पर जुड़ाव, सहानुभूति और नैतिक जिम्मेदारी पर जोर देता है। मूल आधार यह है कि शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समता और सामंजस्यपूर्ण सामाजिक संबंधों की उपस्थिति है (पाठक, 2024, पृष्ठ 45-48)। यह दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से सामाजिक, नैतिक और पर्यावरणीय आयामों को समाहित करता है, जो बताता है कि नैतिक शासन, सहभागी निर्णय-प्रक्रिया और सांस्कृतिक समावेशिता स्थायी शांति के लिए पूर्वापेक्षाएँ हैं। ऐतिहासिक रूप से, वसुधैव कुटुम्बकम् ने भारतीय शासन-कला और सामाजिक नीतियों का मार्गदर्शन किया है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की ''वैक्सीन मैत्री'' जैसी मानवीय पहल दर्शाती है कि कैसे यह सिद्धांत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वित होता है, सहयोग, सद्भावना और वैश्विक एकजुटता को बढ़ावा देता है (कर, 2023, पृष्ठ 18-20)। स्थानीय स्तर पर, पंचायती राज जैसी शासन प्रणालियाँ सामुदायिक सहभागिता, विवाद समाधान और सहभागी शासन को बढ़ावा देती हैं, जो इस दर्शन द्वारा समर्थित शांति के नैतिक और सामाजिक आयामों को दर्शाती हैं (पाठक, 2024, पृष्ठ 50-52)।

2. पश्चिमी शांति सिद्धांत

पश्चिमी ढाँचे संस्थागत और संरचनात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं जो नैतिक दृष्टिकोणों के पूरक हैं। वे कानून, शासन, आर्थिक परस्पर निर्भरता और संघर्ष परिवर्तन पर जोर देते हैं।

2.1 कांटः शाश्वत शांति

इमैनुएल कांट की मौलिक कृति, शाश्वत शांतिः एक दार्शनिक रेखाचित्र (1795), तर्क देती है कि स्थायी शांति गणतंत्रात्मक शासन, सामूहिक सुरक्षा के लिए संघों और विदेशियों के कानूनी अधिकारों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है (कांट, 1795, पृष्ठ 45-50)। कांट शांति की अवधारणा को न केवल शत्रुता की समाप्ति के रूप में, बल्कि युद्ध के मूल कारणों के उन्मूलन के रूप में भी देखते हैं। गणतंत्रात्मक संविधान आंतरिक नियंत्रण और सहभागी शासन को बढ़ावा देते हैं, जबकि संघ कानूनी रूप से बाध्यकारी सहकारी संरचनाएँ बनाकर अंतर-राज्यीय संघर्षों को रोकते हैं।

2.2 गाल्टुंगः सकारात्मक शांति और संरचनात्मक हिंसा

जोहान गाल्टुंग (1969) ने नकारात्मक शांति (प्रत्यक्ष हिंसा का अभाव) को सकारात्मक शांति (सामाजिक न्याय, समानता और अवसर की उपस्थिति) से अलग करके और संरचनात्मक हिंसा को शांति के मार्ग में एक सतत बाधा के रूप में पहचानकर पश्चिमी विमर्श को आगे बढ़ाया। संरचनात्मक हिंसा तब प्रकट होती है जब सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक व्यवस्थाएँ विशिष्ट समूहों को व्यवस्थित रूप से नुकसान पहुँचाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप गरीबी, हाशिए पर होना और असमानता उत्पन्न होती है (गाल्टुंग, 1969, पृष्ठ 167-173)। गाल्टुंग के अनुसार, स्थायी शांति के लिए संस्थागत सुधार, समान संसाधन वितरण और समावेशी सामाजिक नीतियों के माध्यम से इन संरचनात्मक असमानताओं का समाधान आवश्यक है।

2.3 बोल्डिंगः स्थिर शांति और संस्थागत ढाँचा

केनेथ बोल्डिंग (1978) ने दीर्घकालिक शांति को बढ़ावा देने में स्थिर संस्थाओं और संस्थागत ढाँचों की भूमिका पर जोर देकर शांति सिद्धांत में योगदान दिया। स्थिर शांति तब प्राप्त होती है जब समाज संघर्ष प्रबंधन, कानूनी शासन और सहकारी मानदंडों के लिए स्थायी तंत्र विकसित करते हैं (बोल्डिंग, 1978, पृष्ठ 22-28)। संस्थागत ढाँचे संवाद को सुगम बनाते हैं, जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं और राज्यों या समुदायों के बीच अंतःक्रियाओं को विनियमित करते हैं, जिससे संघर्ष की पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। बोल्डिंग का ढाँचा शांति को बनाए रखने में कानूनी और संगठनात्मक ढाँचे के महत्व पर प्रकाश डालता है, जो भारतीय दर्शन और कांटियन गणतंत्रवाद द्वारा प्रस्तावित मानक और नैतिक आयामों का पूरक है।

2.4 लेडरैकः संघर्ष परिवर्तन और सुलह

जॉन पॉल लेडरैक (1997) ने संघर्ष परिवर्तन और सुलह पर केंद्रित एक व्यावहारिक, समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। संघर्ष परिवर्तन में संघर्ष के मूल कारणों का समाधान करना और प्रतिकूल संबंधों को सहयोगात्मक संबंधों में बदलना शामिल है, जबकि सुलह विभाजित समुदायों में विश्वास, सामाजिक सामंजस्य और सांस्कृतिक सद्भाव को पुनर्स्थापित करती है (लेडरच, 1997, पृष्ठ 45-50)। लेडरच का दृष्टिकोण इस बात पर जोर देता है कि केवल संरचनात्मक सुधार और कानूनी ढाँचे ही पर्याप्त नहीं हैंय शांति निर्माण के लिए सहभागी, सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील हस्तक्षेपों की आवश्यकता होती है जो संबंधों को बेहतर बनाते हैं और शांति प्रक्रियाओं के स्थानीय स्वामित्व को बढ़ावा देते हैं।

3. वैश्विक शासन

वैश्विक शासन अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, कानूनों और सहकारी तंत्रों की एक जटिल प्रणाली का प्रतिनिधित्व करता है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में शांति, सुरक्षा और सतत विकास बनाए रखना है। इस ढाँचे के केंद्र में संयुक्त राष्ट्र (यूएन), विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ और पेरिस समझौते जैसे विभिन्न जलवायु समझौते हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी सुरक्षा परिषद और विशिष्ट एजेंसियों के माध्यम से राजनयिक संवाद, शांति अभियानों और अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के प्रवर्तन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है (वीस, 2019, पृष्ठ 12-16)। डब्ल्यूटीओ वैश्विक व्यापार को नियंत्रित करता है, निष्पक्ष आर्थिक प्रतिस्पर्धा और विवाद समाधान सुनिश्चित करता है, जबकि आईएमएफ सदस्य

देशों को वित्तीय स्थिरता और सहायता प्रदान करता है, प्रणालीगत आर्थिक असंतुलन को दूर करता है (स्टिग्लिट्ज, 2002, पृष्ठ 45-48)। जलवायु समझौते, विशेष रूप से पेरिस समझौता, पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए एक सहयोगात्मक वैश्विक प्रयास को दर्शाते हैं, जो संघर्षों और प्रवासन से तेजी से जुड़ रहे हैं (यूएनएफसीसीसी, 2015, पृष्ठ 8-12)।

नीतिगत दिशानिर्देश और अंतर्राष्ट्रीय कानून वैश्विक मानदंडों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए, मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा और जिनेवा अभिसमय मानवीय कानून के आधारभूत सिद्धांतों को संहिताबद्ध करते हैं, और शांति और संघर्ष के दौरान राज्य के व्यवहार के लिए मानक निर्धारित करते हैं (डोनेली, 2013, पृष्ठ 102-106)। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विवाद समाधान प्रभावी शासन के आवश्यक घटक हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ), और WTO विवाद निपटान पैनल ऐसे संस्थागत तंत्रों के उदाहरण हैं जो विवादों को सैन्य टकराव के बजाय संवाद और कानूनी निर्णय के माध्यम से सुलझाते हैं (ब्राउन, 2018, पृष्ठ 55-60)।

तुलनात्मक विश्लेषण और केस स्टडीज

वैश्विक शांति ढाँचों का तुलनात्मक विश्लेषण सांस्कृतिक दर्शन, संस्थागत ढाँचों और व्यावहारिक शांति निर्माण रणनीतियों के बीच परस्पर क्रिया पर प्रकाश डालता है। भारत के पारंपरिक वसुधैव कुटुम्बकम् दर्शन को कई पहलों में लागू किया गया है जो सार्वभौमिक मानवतावाद और नैतिक शासन के सिद्धांत को प्रतिबिंबित करते हैं। उदाहरण के लिए, भारत की ''वैक्सीन मैत्री'' पहल, जिसमें पड़ोसी देशों और वैश्विक साझेदारों के साथ कोविड-19 टीकों को साझा करना शामिल था, नीतिगत स्तर पर वसुधैव कुटुम्बकम के अनुप्रयोग का उदाहरण प्रस्तुत करती है (कर, 2023, पृष्ठ 18-20)। इसी प्रकार, पंचायती राज संस्थाओं जैसे स्थानीय शासन मॉडल सामुदायिक भागीदारी और संघर्ष समाधान तंत्रों को एकीकृत करते हैं जो शांति के व्यापक नैतिक और सामाजिक आयामों के अनुरूप होते हैं। ये मॉडल समावेशिता, सामाजिक न्याय और स्थानीय स्तर पर सहयोग पर जोर देते हैं, और इस विचार को प्रतिबिम्बित करते हैं कि शांति तभी स्थायी होती है जब शासन में नैतिक और सांस्कृतिक मानदंड अंतर्निहित हों (पाठक, 2024, पृष्ठ 45-48)। इसके विपरीत, वैश्विक शासन के यूरोपीय मॉडल, विशेष रूप से यूरोपीय संघ (ईयू), शांति के लिए संस्थागत दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं। ईयू सदस्य देशों के बीच संघर्षों को कम करने के लिए आर्थिक परस्पर निर्भरता, अधिराष्ट्रीय कानूनी ढाँचों और सहकारी राजनीतिक संरचनाओं पर निर्भर करता है। बोरजेल और रिस्से (2016, पृष्ठ 77-80) के अनुसार, विवाद समाधान, सामूहिक सुरक्षा और समन्वित नीति-निर्माण के ईयू के तंत्रों ने अंतर्राज्यीय संघर्षों की संभावना को कम किया है और दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ावा दिया है। ईयू का उदाहरण दर्शाता है कि संस्थागत ढाँचे, आर्थिक और राजनीतिक एकीकरण के साथ मिलकर, संरचनात्मक असमानताओं को दूर करके और सहकारी मानदंडों को बढ़ावा देकर गाल्टुंग की सकारात्मक शांति और बोल्डिंग की स्थिर शांति की अवधारणा को क्रियान्वित कर सकते हैं।

अफ्रीका शांति निर्माण के लिए चुनौतियों और अवसरों का एक अलग समूह प्रस्तुत करता है। दक्षिण सूडान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और माली जैसे देशों में, गरीबी, कमजोर संस्थाओं और जातीय विभाजन के कारण चल रहे संघर्ष और भी बदतर हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित शांति निर्माण पहल, जैसे कि दक्षिण सूडान में संघर्ष परिवर्तन रणनीतियों को एकीकृत करती है, मध्यस्थता, स्थानीय सुलह प्रक्रियाओं और क्षमता निर्माण को जोड़ती है, जिससे समुदाय और राष्ट्रीय स्तर पर लेडरच के सिद्धांतों को लागू किया जाता है (यूएनडीपी 2022, पृष्ठ 123-128)। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय प्रवास जैसी वैश्विक चुनौतियाँ सांस्कृतिक और संस्थागत दोनों दृष्टिकोणों को एकीकृत करने की आवश्यकता को दर्शाती हैं। उदाहरण के लिए, दक्षिण एशिया और अफ्रीका में जलवायु-प्रेरित विस्थापन शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, नैतिक जिम्मेदारी और स्थानीय स्तर के अनुकूलन कार्यक्रमों के महत्व को उजागर करता है (आईओएम 2020, पृष्ठ 55-60)। संक्षेप में, तुलनात्मक विश्लेषण इस बात पर जोर देता है कि शांति के लिए बहुआयामी रणनीतियों की आवश्यकता होती है।

नीतिगत सिफारिशें

स्थायी वैश्विक शांति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीतियों के विकास के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो नैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और संस्थागत आयामों को एकीकृत करे। पहले चर्चा किए गए सैद्धांतिक ढाँचों पर आधारित, यह खंड न्याय, समानता, सहयोग और संघर्ष समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत करता है। सबसे पहले, समानता और न्याय को बढ़ावा देना सभी नीतिगत ढाँचों का केंद्र होना चाहिए। गाल्टुंग की सकारात्मक शांति की अवधारणा से प्रेरणा लेते हुए, संरचनात्मक हिंसा, जो अक्सर संघर्ष का मूल कारण होती है, को रोकने के लिए गरीबी, भेदभाव और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा तक असमान पहुँच जैसी संरचनात्मक असमानताओं का समाधान किया जाना चाहिए (गाल्टुंग, 1969, पृष्ठ 167-173)।

दूसरा, शिक्षा और सांस्कृतिक संवेदनशीलता कार्यक्रम शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वसुधैव कुटुम्बकम के भारतीय दार्शनिक सिद्धांत को समाहित करते हुए, शैक्षिक पहलों को नैतिक जागरूकता, सहानुभूति और अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना चाहिए। पाठ्यक्रम सुधार जो मानवाधिकारों, वैश्विक नागरिकता, पर्यावरण संरक्षण और संघर्ष समाधान पर जोर देते हैं, दीर्घकालिक सामाजिक सामंजस्य के लिए आवश्यक मूल्यों को विकसित कर सकते हैं (कार, 2023, पृष्ठ 20-24)।

तीसरा, टिकाऊ संस्थाओं और वैश्विक सहयोग तंत्रों की स्थापना आवश्यक है। बोल्डिंग के स्थिर शांति ढाँचे का अनुसरण करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, संधियों और शासन संस्थाओं को संघर्षों में मध्यस्थता करने, समझौतों को लागू करने और बहुपक्षीय संवाद के लिए मंच प्रदान करने हेतु मजबूत किया जाना चाहिए (बोल्डिंग, 1978, पृष्ठ 22-28)। प्रभावी नीति कार्यान्वयन में निगरानी और जवाबदेही तंत्र, पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रियाएँ, और क्षेत्रीय एवं स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सहयोग शामिल होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नीतियाँ प्रासंगिक और प्रभावी हों।

चौथा, नीति ढाँचों में सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोणों का एकीकरण वैधता और स्वीकृति को बढ़ा सकता है। नीतियों को सार्वभौमिक मानवाधिकारों और वैश्विक नैतिक मानकों के अनुरूप होते हुए स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक मानदंडों का सम्मान करना चाहिए। ऊपर से नीचे तक संस्थागत उपायों और नीचे से ऊपर तक समुदाय-संचालित पहलों, दोनों को एकीकृत करके, नीति-निर्माता एक समग्र शांति संरचना का निर्माण कर सकते हैं जो उभरते संघर्षों के लिए लचीली और अनुकूलनीय हो (लेडरैक, 1997, पृष्ठ 45-50)।

पाँचवाँ, सामूहिक निर्णय लेने और संघर्ष समाधान तंत्रों को स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर संस्थागत बनाया जाना चाहिए। सहभागी शासन, समावेशी परामर्श और हितधारक सहभागिता को प्रोत्साहित करने से यह सुनिश्चित होता है कि शांति निर्माण प्रक्रियाओं में विविध दृष्टिकोणों को शामिल किया जाए। संघर्षों को बदलने और विभाजित समुदायों के बीच विश्वास बहाल करने के लिए मध्यस्थता, संवाद और सुलह कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए (यूएनडीपी, 2022, पृष्ठ 128-132)।

निष्कर्ष

भारतीय दार्शनिक परंपराओं और पश्चिमी सैद्धांतिक ढाँचों, दोनों के दृष्टिकोण से वैश्विक शांति का अध्ययन, शांति की एक बहुआयामी समझ को प्रकट करता है जिसमें नैतिक, सांस्कृतिक, संरचनात्मक और संस्थागत आयाम शामिल हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय अवधारणा इस बात पर जोर देती है कि विश्व एक परिवार है, और सहानुभूति, नैतिक उत्तरदायित्व और समावेशी शासन को स्थायी शांति के आवश्यक स्तंभों के रूप में स्थापित करती है (कर, 2023, पृष्ठ 12-16)। इस सिद्धांत को नीति, शिक्षा और सामुदायिक पहलों में समाहित करके, समाज शांति की ऐसी संस्कृति का विकास कर सकते हैं जो संघर्ष की अनुपस्थिति से आगे बढ़कर विविध सामाजिक समूहों के बीच न्याय, समता और सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को भी समाहित करती है (पाठक, 2024, पृष्ठ 45-48)। शांति के पश्चिमी सिद्धांत, विशेष रूप से कांट, गाल्टुंग, बोल्डिंग

और लेडरैक की रचनाएँ, संस्थागत, संरचनात्मक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोणों के महत्व को रेखांकित करती हैं। कांट ने स्थायी शांति के संरचनात्मक आधार को स्थापित करने के लिए गणतांत्रिक शासन, संघीय गठबंधनों और आतिथ्य अधिकारों का तर्क दिया। नकारात्मक और सकारात्मक शांति के बीच गाल्टुंग का भेद इस बात पर जोर देता है कि शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय की उपस्थिति और संरचनात्मक हिंसा का उन्मूलन भी है।

भारत, यूरोपीय संघ और अफ्रीका के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों के तुलनात्मक विश्लेषण और केस स्टडीज इस बात को और पुष्ट करते हैं कि कोई भी एक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है। भारत के समुदाय-केंद्रित मॉडल और वैक्सीन मैत्री जैसी अंतर्राष्ट्रीय पहल दर्शाती हैं कि सांस्कृतिक सिद्धांतों को कैसे क्रियान्वित किया जा सकता है। यूरोपीय संघ एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे संस्थागत ढाँचे, आर्थिक परस्पर निर्भरता और कानूनी तंत्र स्थिरता बनाए रख सकते हैं। निष्कर्षतः, स्थायी वैश्विक शांति प्राप्त करने के लिए एक बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है जो नैतिक-सांस्कृतिक मूल्यों, संस्थागत ढाँचों, कानूनी तंत्रों और समुदाय-आधारित सुलह प्रक्रियाओं को जोड़ती हो।

संदर्भ

1. बोरजेल, टी., और रिस्से, टी। (2016)। यूरोपीयकरण से प्रसार तकः परिचय। पश्चिमी यूरोपीय राजनीति, 39(1), 3-22।।
2. बोल्डिंग, के. ई। (1978)। स्थिर शांतिः संस्थाएँ, संस्कृति और पर्यावरण। ऑस्टिनः टेक्सास विश्वविद्यालय प्रेस।
3. ब्राउन, सी। (2018)। अंतर्राष्ट्रीय संबंध और वैश्विक शासन। न्यूयॉर्कः रूटलेज।
4. कैम्पबेल, एस. पी। (2018)। वैश्विक शासन और स्थानीय शांति। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस।
5. चेन, जेड। (2014)। यूरोपीय संघ और चीन के वैश्विक शासन मॉडल का तुलनात्मक अध्ययन।
6. डोनेली, जे। (2013)। सिद्धांत और व्यवहार में सार्वभौमिक मानवाधिकार (तीसरा संस्करण)। यूनिवर्सिटी प्रेस।
7. गाल्टुंग, जे। (1969)। हिंसा, शांति और शांति अनुसंधान। जर्नल ऑफ पीस रिसर्च, 6(3), 167-191।।
8. आईओएम. (2020)। विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2020ः प्रवासी और जलवायु परिवर्तन। जिनेवाः अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन।
9. कांट. (1795)। शाश्वत शांतिः एक दार्शनिक रेखाचित्र। [https://www.gutenberg-orgf/iles/50922/50922-h/50922-h-html
10. कार, ए. के। (2023)। वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) की अवधारणा। राष्ट्रीय हिंदी एवं संस्कृत शोध पत्रिका, 12(3), 12-16।
11. महा उपनिषद, अध्याय 6, श्लोक 71।
12. लेडरैक, जे. पी। (1997)। शांति का निर्माणः विभाजित समाजों में स्थायी सामंजस्य. वाशिंगटन, डी.सी.ः यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस प्रेस।
13. पाठक, एस। (2024)। वसुधैव कुटुम्बकमः वैश्विक शांति के लिए आगे का रास्ता. ग्लोबल पीस स्टडीज पत्रिका, 15(2), 45-52।
14. स्टिग्लिट्ज, जे। (2002)। वैश्वीकरण और उसके असंतोष. न्यूयॉर्कः डब्ल्यू. डब्ल्यू. नॉर्टन एंड कंपनी।
15. यूएनडीपी. (2022)। मानव विकास रिपोर्ट 2022ः शांति, शासन और विकास। न्यूयॉर्कः संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम।
16. यूएनएफसीसीसी। (2015)। पेरिस समझौता। जिनेवाः जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन।
17. संयुक्त राष्ट्र। (2015)। हमारी दुनिया का रूपांतरणः सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा। [https%//sdgs-un-org/2030agenda, (https://sdgs-un-org/2030agenda)
18. वीस, टी. जी. (2019)। वैश्विक शासनः क्यों? क्या? कहाँ? कैम्ब्रिजः पॉलिटी प्रेस।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन, शैक्षिक चिन्ता का शैक्षिक उपलब्धि के सम्बन्ध में अध्ययन

डॉ. प्रीति ग्रोवर
आचार्य
टांटिया विश्वविद्यालय श्री गंगानगर

प्रसन्ना पारीक
पी.एच.डी. शोद्यार्थी
टांटिया विश्वविद्यालय श्री गंगानगर

सारांश

प्रस्तुत शोध में "अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन, शैक्षिक चिन्ता का शैक्षिक उपलब्धि के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के बीकानेर जिले में राजकीय एवं निजीअकादमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत800 विद्यार्थियों पर किया गया है। विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजनजानने हेतु विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन मापनी व शैक्षिक चिन्ताजानने हेतु शैक्षिक चिन्तामापनी का निर्माण शोधकर्त्री द्वारा स्वयं किया गया है तथा शैक्षिक उपलब्धि मापन के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में प्राप्त अंको के प्रतिशत का प्रयोग किया।" निष्कर्ष रूप में पाया गया अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन, शैक्षिक चिन्ता का शैक्षिक उपलब्धि में परस्पर सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

मुख्य शब्द-शैक्षिक समायोजन मापनी, शैक्षिक चिन्ता, शैक्षिक उपलब्धि, अकादमिक महाविद्यालय

प्रस्तावना

शैक्षिक समायोजन से आशय हैदृ विद्यार्थी किस प्रकार अपने शैक्षिक वातावरण, शिक्षकों, सहपाठियों, पाठ्यक्रम, शिक्षण-पद्धति तथा मूल्यांकन की प्रणाली के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। समायोजन की प्रक्रिया जितनी सहज होगी, विद्यार्थी उतना ही आत्मविश्वासी, संतुलित और रचनात्मक दृष्टिकोण वाला होगा। इसके विपरीत यदि विद्यार्थी अपने शैक्षिक वातावरण में सामंजस्य स्थापित करने में कठिनाई अनुभव करता है तो उसके भीतर चिंता, असुरक्षा, हताशा और आत्म-संदेह पनपने लगते हैं, जिसका सीधा असर उसके शैक्षिक प्रदर्शन पर पड़ता है।

इसी क्रम में शैक्षिक चिन्ता एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक कारक है। यह वह मानसिक अवस्था है जिसमें विद्यार्थी अपनी शैक्षिक स्थिति, परीक्षाओं, मूल्यांकन अथवा अध्ययन सामग्री को लेकर तनाव, घबराहट, भय और असमंजस अनुभव करता है। थोड़े-बहुत स्तर तक चिंता विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है, किंतु अत्यधिक चिंता उनकी कार्यक्षमता, ध्यान, स्मरणशक्ति और आत्मविश्वास को प्रभावित कर देती है। यही कारण है कि शैक्षिक चिन्ता और शैक्षिक उपलब्धि के बीच गहरा संबंध माना जाता है।

शैक्षिक उपलब्धि शिक्षा का अंतिम व प्रत्यक्ष परिणाम है। यह केवल परीक्षा में प्राप्त अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विद्यार्थियों की अधिगम दक्षता, अवधारणात्मक स्पष्टता, विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या-समाधान कौशल और सृजनात्मकता भी शामिल है। शैक्षिक उपलब्धि विद्यार्थियों के भविष्य के शैक्षिक और व्यावसायिक अवसरों को निर्धारित करती है। इसलिए किसी भी शैक्षिक संस्था का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि को अधिकतम बनाना होता है।

इन तीनों पहलुओं शैक्षिक समायोजन, शैक्षिक चिंता और शैक्षिक उपलब्धि'' का आपसी संबंध शिक्षा मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है। समायोजन में कठिनाई विद्यार्थी की चिंता को बढ़ाती है और यह बढ़ी हुई चिंता उसकी उपलब्धि को घटा सकती है। इसके विपरीत यदि विद्यार्थी का समायोजन उत्तम है, तो चिंता का स्तर नियंत्रित रहता है और उपलब्धि में वृद्धि होती है। यही कारण है कि यह शोध विषय न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि शिक्षकों, अभिभावकों और नीति-निर्माताओं के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है।

भारतीय उच्च शिक्षा के वर्तमान संदर्भ में यह समस्या और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। यहाँ विद्यार्थियों को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विविधताओं के बीच अध्ययन करना पड़ता है। ग्रामीण और शहरी पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों की चुनौतियाँ अलग-अलग होती हैं। कुछ विद्यार्थी नई शैक्षिक व्यवस्था और प्रतिस्पर्धा के दबाव में सही समायोजन नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप वे चिंता, तनाव और कभी-कभी अवसाद का भी शिकार हो जाते हैं। यह उनकी उपलब्धि को प्रभावित करता है और कई बार उनकी शिक्षा-यात्रा को अधूरा छोड़ने की नौबत आ जाती है।

अतः शैक्षिक समायोजन और शैक्षिक चिंता का शैक्षिक उपलब्धि के साथ अध्ययन करना आज की आवश्यकता है। इस शोध का उद्देश्य यही है कि इन तीनों घटकों के बीच संबंधों को स्पष्ट किया जाए और यह समझा जाए कि किस प्रकार बेहतर समायोजन विद्यार्थियों की चिंता को कम करके उनकी उपलब्धि को बढ़ा सकता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की सफलता और असफलता को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का अध्ययन करना हमेशा से शिक्षा मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र का मुख्य उद्देश्य रहा है। विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि केवल बौद्धिक क्षमता या अध्ययन सामग्री पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह उनके भावनात्मक स्वास्थ्य, समायोजन की प्रवृत्ति और चिंता के स्तर से भी गहराई से जुड़ी होती है। विद्यार्थियों के वास्तविक जीवन की शैक्षिक परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है और उनके समग्र विकास के लिए ठोस दिशा-निर्देश प्रस्तुत कर सकता है। आज की प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षिक व्यवस्था में विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे निरंतर बेहतर प्रदर्शन करें, परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करें और समाज व परिवार की आकांक्षाओं पर खरे उतरें। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। यह दबाव कई बार चिंता का रूप ले लेता है और शैक्षिक चिंता उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। साथ ही, यदि विद्यार्थी अपने शैक्षिक वातावरण में सामंजस्य स्थापित करने में सक्षम नहीं हो पाता, तो यह कठिनाई उसकी उपलब्धि को और भी अधिक प्रभावित करती है। इस संदर्भ में किया गया यह शोध विद्यार्थियों को यह समझाने में सहायक होगा कि किस प्रकार उचित समायोजन उनकी चिंता को नियंत्रित करके उनकी उपलब्धि को बढ़ा सकता है। यही इसकी सबसे बड़ी उपयोगिता है, क्योंकि यह सीधे-सीधे विद्यार्थियों की सफलता और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है।

शिक्षक यदि यह समझ लें कि विद्यार्थियों की कठिनाइयाँ केवल बौद्धिक स्तर पर नहीं, बल्कि भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी होती हैं, तो वे अपने शिक्षण व्यवहार में आवश्यक परिवर्तन ला सकते हैं। विद्यार्थियों के साथ सकारात्मक व्यवहार, उनकी व्यक्तिगत समस्याओं की पहचान और उन्हें आवश्यक परामर्श देना बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे शिक्षण-प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और विद्यार्थियों की उपलब्धि में भी वृद्धि होगी।

उच्च शिक्षा संस्थानों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना है, जिसमें वे संतुलित व्यक्तित्व के साथ अपनी क्षमताओं का विकास कर सकें। शैक्षिक उपलब्धि केवल परीक्षा प्रणाली और

अनुशासनात्मक उपायों से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके लिए विद्यार्थियों की मानसिक शांति, भावनात्मक स्थिरता और समायोजन क्षमता को भी ध्यान में रखना आवश्यक है।

आज भारत जैसे देश में जहाँ उच्च शिक्षा संस्थानों में लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और विद्यार्थियों की संख्या भी बहुत अधिक है, वहाँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा नहीं की जा सकती। यदि विद्यार्थी चिंता और असमंजस से ग्रस्त रहेंगे तो वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाएँगे और इससे राष्ट्र की प्रगति भी प्रभावित होगी। आज का समाज युवाओं से अपेक्षा करता है कि वे केवल शैक्षिक दृष्टि से सक्षम न हों, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी संतुलित हों। यदि विद्यार्थी चिंता और असमंजस से मुक्त होकर शिक्षा प्राप्त करेंगे तो वे समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएँगे। उनका आत्मविश्वास, उनकी समस्या-समाधान क्षमता और उनकी कार्यकुशलता समाज के विकास में योगदान देगी। यह अध्ययन एक सशक्त और संतुलित समाज के निर्माण की दिशा में भी उपयोगी सि(होगा।

समस्या कथन

"अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन, शैक्षिक चिन्ता का शैक्षिक उपलब्धि के सम्बन्ध में अध्ययन''

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

अकादमिक महाविद्यालय

अकादमिक शब्द का अभिप्राय अमूर्त प्रत्ययों तथा विचारों से सम्बन्धित है। भाषा, इतिहास, अर्थशास्त्र, गणित, मानविकी, विज्ञान आदि। अव्यावसायिक विषयों से सम्बन्धित विषयों के व्यापक क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त होती है।

महाविद्यालय मूल शब्द का अर्थ है एक बड़ा कक्ष जहाँ सहयोगी व्यक्ति किसी सर्वनिष्ठ उद्देश्य या कार्य के लिए एकत्र हो अथवा व्यक्तियों की ऐसी संस्था जहाँ लोग किसी सर्वनिष्ठ प्रयोजन के लिए मिलते हो। बाद में यह शब्द माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा की संस्थाओं के लिए प्रयोग होने लगा। अब यह माध्यमिक स्तर में ऊपर की शिक्षा देने वाली संस्थाओं के लिए प्रयोग होता है। यह उत्तर किशोरावस्था के छात्रों के लिए माध्यमिक स्तर के बाद तथा विश्वविद्यालयीय शिक्षा के प्रारम्भिक स्तर की संस्था है।

सामान्य (जनरल कॉलेज) में कला या विज्ञान जैसे उदार शिक्षा के विषय पढ़ाये जाते हैं, वृतिक महाविद्यालय (प्रोफेशनल कॉलेज में शिक्षक प्रशिक्षण, कृषि-कला एवं शिल्प वाणिज्य यांत्रिकी उद्यम, विधि, चिकित्सा, शारीरिक शिक्षण जैसी वृतियों की शिक्षा दी जाती है विशिष्ट महाविद्यालयों मे संगीत, नृत्य, ललित कलाएँ, विकलांगो, सुधारात्मक प्रोढ़ों तथा प्राच्य अध्ययन की शिक्षा दी जाती है। वृत्तिक महाविद्यालयों का स्नात्तक पाठ्यक्रम तीन वर्ष से पाँच वर्ष का होता है। उच्च माध्यमिक शिक्षा के बाद और विश्वविद्यालयी शिक्षा के पूर्व दो वर्ष का पाठ्यक्रम चलाने वाले कनिष्ठ महाविद्यालयों को इण्टरमीडिएट कॉलेज कहते है।

शैक्षिक समायोजन

समायोजन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने व्यवहार मे परिवर्तन कर वातावरण मे सामंजस्य स्थापित करता है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध मे समायोजन से आशय अकादमिक महाविद्यालयों स्तर के विद्यार्थियों मे शैक्षिक समायोजन से है।

महाविद्यालय में नई परिस्थितियाँ, नये साथी, नये शिक्षक, नये पाठ्यक्रम और नई पुस्तकें होती हैं जिन सभी के साथ उसे अपना तालमेल बनाना पड़ता है। शैक्षिक वातावरण में बालक जितनी अच्छी तरह अपने को समायोजित करता है और जिस सीमा तक शैक्षिक समस्याओं को सुलझाने में सफल होता है उसी सीमा तक उसके शैक्षिक समायोजन को अच्छा कहा जाता है।

शैक्षिक चिंता

चिंता का अर्थ एक ऐसी कष्टदायक मानसिक स्थिति से है जिसमें भारी विपत्तियों की आशंका से व्यक्ति व्याकुल होता है। चिंता का विषय व्यक्ति स्वयं होता है, उसकी व्याकुलता स्वयं उसकी मानसिक स्थिति जन्य होती है अर्थात चिंता विषयगत व्याकुलता है जिसका वाह्य पदार्थों से सम्बन्ध नहीं होता। चिंता हृदयगत छिपी हुई परेशानी के प्रति मस्तिष्क की प्रतिक्रिया है। किसी विद्यार्थी की अपनी पढ़ाई के प्रति चिंता, शैक्षिक चिंता कहलाती है। चिंता को देने वाले विषयगत कारण सचेतन भी हो सकते हैं। वास्तव में शैक्षिक चिंता अधिगम में बाधा भी डाल सकती है और इसको प्रेरित भी कर सकती है।

शैक्षिक उपलब्धि

शिक्षा एक सोद्देश्य प्रक्रिया है जिसके द्वारा छात्रों के व्यवहार में कुछ पूर्व निर्धारित परिवर्तन करने का प्रयास किया जाता है। विभिन्न स्तरों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण उद्देश्यों का निर्धारण शिक्षा व्यवस्था से जुड़े व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। इन शिक्षण उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षण अधिगम क्रियाओं का आयोजन किया जाता है। शैक्षिक उपलब्धि से तात्पर्य शिक्षण उद्देश्यों की प्राप्ति से है।

अध्ययन के उद्देश्य

(1) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक चिंता के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

(2) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

(3) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

(1) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक चिंता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

(2) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

(3) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् में अध्ययनरत 800 विद्यार्थियों को यादृच्छिक विधि से चयनित किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण

1. शैक्षिक चिंता परीक्षण मापनी (स्वनिर्मित)
2. शैक्षिक समायोजन परीक्षण मापनी (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन

(1) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक चिंता के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमापविचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शैक्षिक समायोजन	600	58.72	9.640	0.0..34	स्वीकृत
शैक्षिक चिंता	600	44.25	12.584		

व्याख्या :-परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार अकादमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक चिंता सम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांकृत का मान 0. 034 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 तथा .05 पर सार्थक नहीं है अतः शोधकर्त्री द्वारा निर्मित परिकल्पना अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक चिंता में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, स्वीकृत की जाती है। अतः निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक चिंता में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

(2) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमापविचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शैक्षिक समायोजन	600	58.72	9.641	0.044	स्वीकृत
शैक्षिक उपलब्धि	600	74.84	9.022		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि सम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.044 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 तथा .05 पर सार्थक नहीं है अतः शोधकर्त्री द्वारा निर्मित परिकल्पना अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, स्वीकृत की जाती है। अतः निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

(3) अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमापविचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शैक्षिक चिंता	600	44.25	12.584 0.039	स्वीकृत	
शैक्षिक उपलब्धि	600	74.87	9.021		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि सम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.039 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 तथा .05 पर सार्थक नहीं है अतः शोधकर्त्री द्वारा निर्मित परिकल्पना अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता,

स्वीकृत की जाती है। अतः निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियो के शैक्षिक चिंता एवं शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

शैक्षिक सुझाव

1. शिक्षकों को अपने कार्यो के प्रति ईमानदारी एवं सजगता होनी चाहिए।

2. विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को ध्यान में रखकर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में सहयोग हेतु अधिक समय प्रदान करना चाहिए।

3. विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर दें तथा उपयुक्त पुरस्कारों द्वारा उन्हें प्रेरित करें।

प्रतियोगिताओं अथवा परीक्षाओं से भयभीत न होकर उत्साहपूर्वक उनमें भाग लेना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझाव

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

2. रटने की बजाय विषयवस्तु को समझने और दोहराने की आदत विकसित करनी चाहिए।

3. शैक्षिक चिन्ता से मुक्त होकर रुचिपूर्ण अध्ययन करना चाहिए ताकि उपलब्धि में वृद्धि हो।

सन्दर्भ सूची

1. आर्य बी.एल. (2000): ''शिक्षा में तकनीकी बदलाव'' : शिविरा पत्रिका, मा. शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, वर्ष-40, अंक-10, अप्रैलकपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
2. गौतम, रेनु, (2006) माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन (लघु शोध-प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र) छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
3. डॉ. शर्मा, वी. एस. ''शिक्षा मनोविज्ञान'' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
4. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) '' शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी'' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
5. तृप्ति गुप्ता (2018) माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत किशोर छात्रों के व्यक्तित्व और समायोजन पर जीवन शैली के प्रभाव का एक अध्ययन, शिक्षा, पेसिफ़िक विश्वविद्यालय,
6. राजकुमार (2016) बी.एड. कक्षा के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन, एशियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एण्ड टेक्नोलॉजी, वॉल्यमू -6;2). पृ. 57-60
7. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
8. वर्मा, अनुराधा (2015) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्वि व समायोजन का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, शोध-प्रबन्ध, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान।
9. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

Infrastructure Investment and Sustainable Development in India: An Analytical Study of Trends and Sectoral Progress (FY20–FY25)

Saba Ashraf
Research Scholar
AISECT University, Hazaribagh

Abstract

The promotion of infrastructure affects both economic growth and inclusive prosperity. A considerable shift toward public investment-led growth has taken place in India from FY20 through FY25. Institutions such as the National Infrastructure Pipeline (NIP) and the National Monetisation Pipeline (NMP) have contributed to this shift. This paper looks at the trends in infrastructure investment (both public and private), links public capital expenditures to private participation and analyses all three sectors: transport, energy and digital connectivity. Drawing on official data from the Economic Survey 2024-25, NITI Aayog and other line ministries, the analysis finds that public capital expenditure grew at a compound annual growth rate (CAGR) of about 39 percent from FY20 to FY24. The NMP met about 90 percent of its target to monetise FY25, demonstrating a significant interest from private financial interest. Sectoral analysis showed the most rapid expansion of infrastructure thrived in railways, highways, power capacity and 5G infrastructure at the same time as some success with sustainability programs like Jal Jeevan Mission and sustainability programs like Swachh Bharat Mission-Urban 2.0. The findings of this paper confirm that India's infrastructure/ investment strategy, based in fiscal prioritisation, private participation and sustainability, has become a central catalyst for achieving Viksit Bharat @ 2047.

Keywords :- Infrastructure investment, capital expenditure, National Infrastructure Pipeline, sustainable development, India Economy 2024–25.

1. Introduction

Infrastructure consists of the physical and institutional foundations for economic development. It contributes to productivity, facilitates connectivity and social inclusion (World Bank, 2022). In India, the decisive policy shift towards capital expenditure-driven growth happened after the year 2019. According to the Economic Survey 2024–25, infrastructure is a "core driver of long-term growth and competitiveness" (Ministry of Finance, 2025). Between the fiscal years 2020 (FY20) and 2024 (FY24), government capital expenditure (Capex) on infrastructure increased at a

compound annual growth rate (CAGR) of 38.8%, a historic high (Ministry of Finance, 2025). Major schemes include PM Gati Shakti, Bharatmala Pariyojana, Sagarmala, National Infrastructure Pipeline, and National Monetisation Pipeline which sought to deepen investment and coordination.

Infrastructure also has an additional role beyond pure economics. It supports sustainability, equitable regional growth and development, and employment generation. The renewed focus on renewable energy, circular economy waste management, and green mobility are all supportable environmental objectives adjacent to infrastructure focus areas (NITI Aayog). The following study will analyze infrastructure investment, trends, and impacts in India from FY20 to FY25.

2. Literature Review

There has been a long-standing association of infrastructure with economic transformation. Hirschman (1958) referred to infrastructure as "social overhead capital" which enabled an economic transformation, while Aschauer (1989) provided empirical evidence about the productivity effects of infrastructure.

The Indian studies corroborate this association in recent years. Panda and Mishra (2018) identified bidirectional causality between road development and GDP growth. Malik and Kaur (2021) argued that public-private partnerships (PPPs) improved efficiency and mobilized resources more effectively. Kumari and Sharma (2017) suggested that there is a growing focus on PPPs and institutional investment in infrastructure financing literature.

OECD (2020) highlighted that the quality of the infrastructure was dependent on good governance and regulative frameworks, while World Bank (2022) addressed infrastructure investment as a means for there to be inclusivity and sustainable urbanisation.

Indira & Chandrasekaran (2023) hinted that while infrastructure growth in India post-2000 was substantial, execution delays and financing gaps have become barriers. The Asian Development Bank (2017) estimated that Asia would need $26 trillion in investment in infrastructure until 2030 to maintain economic growth momentum, indicating a critical need for India's domestic reforms.

Research gap

Collectively, these studies confirm that the quality of infrastructure, the quality of financing mechanisms in which infrastructure financing is attained, and good governance are determinates of development outcomes. However, few empirical studies have considered India's latest phase (FY20-FY25) of infrastructure development in the context of NIP and NMP, which this paper will highlight.

3. Research Methodology

3.1 Research Design :-

This is a descriptive-analytical study utilizing secondary data sourced from credible government documents to identify trends and analyze developments across sectors of interest.

3.2 Data Sources :-

- Economic Survey 2024–25, Chapter 6: Investment and Infrastructure (Ministry of Finance, 2025).

- Ministry of Power (2024) Executive Summary Report.
- Ministry of Housing and Urban Affairs (2024) Smart Cities and AMRUT 2.0 Reports.
- Ministry of Communications (2024) Year-End Review.
- NITI Aayog policy notes and National Monetisation Pipeline reports.

3.3 Data Analysis :-

Quantitative indicators, including growth in capital expenditure, achievements by sector, and monetisation outcomes were analyzed using descriptive statistics, while a trend analysis was conducted to understand investment trends for the period FY20–FY25.

3.4 Objectives :-

- To analyze the trends and progress on infrastructure investment in India between FY20 and FY25, in the context of public Capex and private involvement through the NIP and NMP.
- To consider developments at the sectoral level and sustainability efforts at the level of investment in transport, energy, and digital infrastructure, and their implications for Viksit Bharat @ 2047.

4. Data Analysis and Interpretation

4.1 Trends in Capital Expenditure :-

Public capital expenditure grew almost 300% from FY20 to FY24. Of the budgeted outlay for capital expenditure by November 2024, over 60% had been used by the various infrastructure ministries (Road Transport, Railways, Power, and Housing). This suggests that implementation is robust (Ministry of Finance, 2025).

Year	Infrastructure capex growth	He policy driver
FY20-FY24	38.8	National infrastructure pipeline
FY22-FY24	3.86 lakh crore	National monetization pipeline
FY(till November 2024)	60% capex utilisation	Post election revival

Sources- ministry of finance, 2025

4.2 National Infrastructure Pipeline (NIP) :-

Launched in 2019, the NIP estimated investment opportunities of ¹ 111 lakh crore across 37 sub-sectors and 9,766 projects. It improved inter-governmental coordination between sectors and increased project-level transparency via the India Investment Grid.

4.3 National Monetisation Pipeline (NMP) :-

The NMP aimed to monetise brownfield assets worth ¹ 6 lakh crore over FY22–FY25. During FY22–FY24, ¹ 3.86 lakh crore (H"90% of monetisation) was achieved, primarily in the road, power, coal, and mining sectors (Ministry of Finance, 2025).

This demonstrates increased trust from the private sector and financial deepening in infrastructure.

4.4 Sectoral Analysis :-

(a) Transport

Roads: The total length of national highways achieved 1.46 lakh km in FY25, up from just 91,287 km in 2014.

Railways: 2,031 km of new tracks were commissioned. Under the Amrit Bharat Station scheme, 1,337 railway stations were identified for upgrading to increase amenity.

(b) Power and Renewable Energy

The installed power capacity translated to 456.7 GW, of which renewables provided 209.4 GW (47%).

The RDSS will produce distributive reforms to lower supply gaps to 0.1% (Ministry of Power, 2024).

(c) Digital Infrastructure

5G is operational in 779 out of 783 districts; BharatNet has laid out 6.92 lakh km of optical fibre covering 2.14 lakh Gram Panchayats (Ministry of Communications, 2024).

(d) Sustainability and Urban Infrastructure

The Jal Jeevan Mission has connected tap water to 15.3 crore rural households (79% coverage).

The Swachh Bharat Mission – Urban 2.0 has achieved 97% urban toilet coverage and 93,756 urban wards with waste collection (Ministry of Housing & Urban Affairs, 2024).

5. Findings and Discussion

Public-led investment momentum: Capital expenditure has emerged as the primary growth innovation, creating long-lasting infrastructure that supported economic multiplier effects over time.

Private participation revival: The success of the NMP vision indicates that investors are finding confidence in developing projects, establishing institutional maturity.

Sectoral convergence: Transport, energy, and digital sectors are converging and will work together for improved connectivity and much greater productivity.

Sustainability is mainstreamed: India's infrastructure growth is matching its commitment to Net Zero 2070 with renewable energy and green infrastructure projects.

Governance and monitoring: Digitalization of monitoring and governance under NIP, PM Gati Shakti, and India Investment Grid, has provided transparency and tracking of project impacts.

6. Conclusion

The analysis shows that during FY20-FY25, the development of infrastructure in India exhibited remarkable breadth and depth. Public investment rose to unprecedented levels, and frameworks like the NIP and NMP fostered private participation. The evolution of investment in roads, railways, ports, renewable energy, and digital connectivity shows structural change. Infrastructure policy has sustainability components that signify a shift toward inclusive and environmentally responsible growth. In conclusion, the evidence supports that investment in

infrastructure is not just a fiscal objective or the practical aspect of a human livelihood, but a developmental strategy to advancing India towards Viksit Bharat @ 2047. Going forward, the need to work with the various efficiency of implementation, green financing, and allocate risk will be important to ensure success in the next decade.

References

1. Asian Development Bank. (2017). Meeting Asia's Infrastructure Needs. Manila.
2. Economic Survey 2024–25 (Ministry of Finance, Govt. of India).
3. Indira, A., & Chandrasekaran, N. (2023). Infrastructure development in India: A systematic review. Letters in Spatial and Resource Sciences, 16(1), Article 35. https://doi.org/10.1007/s12076-023-00357-5
4. Kumari, A., & Sharma, A. K. (2017). Infrastructure financing and development: A bibliometric review. International Journal of Critical Infrastructure Protection, 16, 49–65.
5. Malik, S., & Kaur, S. (2021). Rationales and advantages of financing infrastructure through public–private partnerships: A systematic literature review. Indian Journal of Finance, 15(10).
6. Ministry of Communications. (2024, December 26). Year-End Review 2024. Government of India.
7. Ministry of Finance. (2025). Economic Survey 2024–25 (Chapter 6: Investment and Infrastructure: Keeping It Going). Government of India.
8. Ministry of Housing and Urban Affairs. (2024). Smart Cities Mission and AMRUT/AMRUT 2.0 Progress Report. Government of India.
9. Ministry of Power. (2024, December 12). Executive Summary Report and Scheme Updates. Government of India.
10. NITI Aayog. (2023). National Energy Policy (Draft). Government of India.
11. NITI Aayog, Ministry of Power, Ministry of Communications, and MoHUA reports (2024).
12. NITI Aayog policy notes and National Monetisation Pipeline reports.
13. OECD. (2020). Addressing Legal and Regulatory Barriers to Quality Infrastructure Investment in India. OECD Publishing.
14. Panda, P., & Mishra, S. (2018). Highways and growth: A causal analysis for India. Arthshastra Indian Journal of Economics & Research, 7(4), 19–33.
15. Pratap, K. V., & Gupta, M. (2023). Financing economic and social infrastructure. In Infrastructure Financing in India: Trends, Challenges, and Way Forward (pp. 72–101). Oxford University Press.
16. Risk Financial Manag. (2025). Unlocking BRICS Economies' Potential: Infrastructure as the Gateway to Enhanced Capital Flows. Risk Financial Management, 18(6), 331.
17. Singh, K., Singh, A., & Prakash, P. (2022). Policy actions for developing the infrastructure sector: Learnings from the Indian experience. JGU Research Blog.
18. World Bank. (2022). Financing India's Urban Infrastructure Needs.

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

स्त्री का जीवन संघर्ष : मंजुल भगत के उपन्यास 'अनारो' के संदर्भ में

Anjaly Prakash
(Research Scholar)
Malieckal (House) Vattapparambu, P.O Kalady
DIST Ernakulam Pin 683574
Email Id - prakashradha502@gmail.com
Mob. 6235862871

Dr. Sreeja G.R
(Research Guide)
Assistant Professor,
Department of Hindi
Nirmala College Muvattupuzha, Dist Ernakulam

स्त्री एक ऐसी शब्द है, जिसमें शक्ति का गहरा प्रवाह होता है। समाज में स्त्री के बिना पुरुष का अस्तित्व ही ना के बराबर है। कहा जाता है हर एक पुरुष के विजय के पीछे एक स्त्री का हाथ हमेशा बनी रहती है, फिर भी समाज स्त्री को हमेशा दोयम दर्जे का मान लेते हैं। इतनी ही क्षमताओं के बावजूद भी स्त्री को समाज में स्थान नहीं मिलती। ऐसा क्यों होता है? इस सवाल के जवाब के लिए साहित्य में स्त्री विमर्श का जन्म हुआ। स्त्री जब पुरुष सत्ता के विरुद्ध खड़े होकर अपने अस्तित्व की खोज करने लगे तब से स्त्री विमर्श का उदय होता है।

स्त्री विमर्श के आगमन से स्त्री के समस्याओं को साहित्य ने सहेज लिया। बहुत ही लेखकों ने अपनी रचना वैभव के द्वारा स्त्री समस्या को उजागर किया, लेकिन जब महिला लेखिकाओं ने स्त्री जीवन को अंकित करने की कोशिश किया तो वह बहुत ही सराहनीय रहा। कहा जाता है न, भोगे हुए बातों में ज्यादा गहरापन होती है यही इसका कारण है। स्त्री के दर्द भरी यादना को दर्शाने में एक उल्लेखनीय नाम है मंजुल भगत का। उन्होंने कहानी के माध्यम से साहित्य में पदार्पण किया बाद में उपन्यास के क्षेत्र में भी अपनी क्षमता दिखाई।

महिला कथाकारों में मंजुल भगत का महत्वपूर्ण स्थान है। इनके रचना काल लगभग चार दशकों का है। मंजुल भगत का जन्म 22 जून 1936 को मेरठ में हुआ। 27 वर्षों की लेखकीय जीवन में कहानियों के लिए बहुचर्चित मंजुल भगत को लघु उपन्यासों के लिए भी खूब ख्याति मिली। कमल किशोर गोयनका ने अपने द्वारा संपादित ग्रंथ में लिखा है कि 'मंजुल भगत में भारतीय स्त्री के गहने संस्कार थे। उनसे मिलना भारत की एक आधुनिक स्त्री से मिलना था। यह भारतीय स्त्री पश्चिम की स्त्री नहीं थी, यह भारत की संस्कृति और यहाँ की मिट्टी की उपज थी, जिसमें गहरा अस्तित्व बोध एवं स्त्री- स्वतंत्र्य की चेतना थी'। अब तक उन्होंने ग्यारह कहानी संग्रहों और सात उपन्यासों का सृजन किया है। इन रचनाओं में से 'अनारो' उपन्यास के द्वारा साहित्य में उन्हें खूब ख्याति मिली।

स्त्री जीवन की मार्मिक व्यथा को व्यक्त करनेवाला यह उपन्यास सन् 1977 में साप्ताहिक हिंदुस्तान के एक ही अंक में संपूर्ण उपन्यास की तरह प्रकाशित हुआ। अनारो मंजुल जी का बहुत चर्चित उपन्यास है। इस उपन्यास में लेखिका ने दिल्ली की स्लम बस्ती में रहने वाली अनारो के संघर्षमय जीवन के माध्यम से स्लम बस्तियों में रहने वाले तमाम स्त्रियों के जीवन संघर्ष को पूरी ईमानदारी के साथ रेखांकित किया है।

अनारो के विषय में बात करूं तो यह एक संघर्ष की कहानी है। अपने परिवार को चलाने के लिए उसे घर-घर जाकर

काम करना पड़ता है। उसका पति है लेकिन उसका होना ना होने के बराबर है। फिर भी अनारो अपनी हौसले से सपनों को पाने के लिए संघर्ष करती है। उपन्यास की शुरुआत से ही अनारो के काम के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। पूरे मन लगाकर वह काम करती है, क्योंकि परिवार का पूरा बोझ अकेले उन्हीं के कंधों पर था। पति के गैरहाजिरी में वह पिता और माँ का किरदार अच्छे से निभाते है। अनारो के पति नंदलाल एक बगोड़ा व्यक्ति है, वह परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहती है। इसलिए वह घर परिवार से दूर भाग चले जाते हैं। उनके दो बच्चे हैं उन दोनों का परिवेश भी अब अनारो के उत्तरदायित्व बन गयी थी। अनारो के जिंदगी में सब कुछ उनके बच्चे हैं - गंजी और छोटू। इन दोनों के अच्छे भविष्य ही अनारो चाहती है। भविष्य को लेकर बड़ा ख्वाब तो नहीं है, लड़का पढकर चपरासी की नौकरी करने लगे और लड़की की ब्याह अच्छे घर में हो जाए यही उनकी कामना है। साथ ही साथ अपने पति के नाजायज़ रिश्ते में जन्मे लड़के को भी वह पालना चाहती है। छबेली नामक एक स्त्री के साथ नंदलाल का संबंध था, उसी का फल है एक पुत्र। अनारो अपने पति के खून से बने लड़के को अपनी जिम्मेदारी समझकर उसका पालन - पोषण करना चाहती है, लेकिन छबेली को वह अपनाती नहीं। उपन्यास का अंत बेहद मार्मिक है। अपने पति, ऐसे पति जिसने शायद कष्ट के सिवाएं उसे कुछ ना दिया हो के दो अच्छे शब्द सुनकर वह बहुत खुश हो जाते हैं। इतने सालों तक पति ने जो कुछ अन्याय उनके साथ किया हो वे सब एक ही पल में वह भूल जाते हैं। और बहुत ही खुश हो जाते हैं। यहाँ स्त्री संघर्ष के साथ ममत्व जैसे कोमल भाव भी दिखाई देते हैं।

उपन्यास के शुरू से लेकर अंत तक अनारो की संघर्ष की कहानी है। अनारो संघर्षशील स्त्री है, जो कभी हार नहीं मानती। परिवार का सारा बोझ अपने कंधे पर रखने पर भी वह दुखी नहीं है, उसे वह अपना दायित्व समझती है। अपने दायित्व को पूरा करने के लिए वह घर-घर जाकर काम करती है। एक निम्नवर्गीय स्त्री जीवन की यथार्थता को अनारो के माध्यम से लेखिका प्रस्तुत करने की कोशिश करते हैं। ''अनारो का अकसर, सब्जी-भाजी का जुगाड़ , इसी प्रकार उस घर से हो जाया करता है। जो मिलता है, वही बिना नाक- भौं सिकोडे वह कबूल लेती है। यह एक समझौता है, उसका अपनी तकदीर से तदबीर से। नहीं तो क्या उसके हिया में ममता नहीं हैं? यही कुछ खिलाने को जी करता है उसका अपने बच्चों को? उसे नहीं आता क्या केसरिया खीर और दुधिया हलवा बनाना'' इससे ही अनारो के संघर्षमय जीवन का पता चलता है। निम्नवर्गीय परिवार की स्त्री को क्या क्या सहन करके आगे जाना पड़ता है यह बात यहाँ अनारो के माध्यम से प्रस्तुत हूई है।

अनारो उपन्यास के माध्यम से स्त्री के दायित्वों को भी व्यक्त करते हैं। अनारो को केंद्र में रखकर एक संघर्ष स्त्री के चित्र को हमारे सामने प्रस्तुत करती है। अनारो एक पत्नी है, माँ है। इन सारे किरदारों में वह अपनी कुशलता दिखती है। सारे किरदारों पर वह सफल भी है। एक परिवार में संपूर्ण दायित्व पति पर निर्भर होता है, लेकिन यह दायित्व निभाने के लिए अनारो के घर में पति नंदलाल उपस्थित नहीं है। इसलिए वह दोनों किरदारों को एक साथ निभाती है। अपने पति से लड़कर वह जिंदगी में आगे जाती है। पुरुषों से भी लड़ने की ताकत स्त्री के अंदर निहित है, लेकिन वह उसको अपने दिल में ही समाहित रखते है। जरूरत पड़ने पर उसे बाहर ले आते है।

मंजुल भगत एक ऐसी लेखिका हैं, जिन्होंने अपना एक अलग सा स्त्री विमर्श शुरू किया है। उनके स्त्री अन्य स्त्रियों से भिन्न है। समाज के हर समस्याओं से वह जूझती है, और लड़ाई के अंत में वह सफल भी हो जाते हैं। चाहे वो पति द्वारा शोषण हो या समाज द्वारा, हर समस्याओं की वह सामना करती है। अंत में विजय स्त्री का ही होता है। मंजुल जी की स्त्री हर स्थिति को सामना करती है, लेकिन वह कोई कोलाहल नहीं मझाती। समाधान के मार्ग पर चलकर वह सफलता हासिल करते है। मंजुल भगत अपने उपन्यास 'अनारो' के माध्यम से स्त्री जीवन की संघर्ष गाथा को व्यक्त करने की सफल कोशिश किया है। इस कोशिश में वह सफल भी हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. कमल किशोर गोयनका, मंजुल भगत समग्र कथा साहित्य-1, किताबघर प्रकाशन, नयी दिल्ली
2. मंजुल भगत, अनारो- राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
3. डॉ व.मैना जगताप, मंजुल भगत के कथा साहित्य में नारी, विनय प्रकाशन, कानपुर

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

नई शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा फ़ॉर्मूले के दायरे में कुँड़ुख़ भाषा

बाबूलाल उराँव
शोधार्थी, केरल केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
कासरगोड केरल- 671325
मो. - 8409021421
ईमेल- obabulal6@gmail.com

सारांश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत के शैक्षणिक ढांचे में बदलाव किया है। इस नीति के तहत, स्कूली को चार चरणों में बांटा गया है। साथ ही, उच्च शिक्षा में भी बदलाव किये गये हैं। इस नीति के जरिये देश में शिक्षा की गुणवता और सुलभता को बेहतर बनाने का लक्ष्य है। इस नीति में मातृभाषा या स्थानीय भाषा पर विशेष बल दिया गया है। जिसमें पाँचवी कक्षा तक की पढ़ाई में मातृभाषा या स्थानीय भाषा को ज्यादा महत्त्व दिया गया है। नई शिक्षा नीति 2020 में त्रिभाषा फ़ॉर्मूले का भी उल्लेख है जिसमें कम से कम तीन भाषाओं की शिक्षा देना अनिवार्य है। इसी नीति के तहत, कार्य करते हुए झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड की जनजातीय भाषा- संथाली, मुंडारी, कुँड़ुख़, हो तथा खड़िया और क्षेत्रीय भाषा(स्थानीय भाषा)- नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया तथा कुरमाली की प्राथमिक स्तर पर शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किये जा रहें हैं। कुँड़ुख़ झारखण्ड की एक जनजातीय और मातृभाषा भी है। इस भाषा में विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक कार्य हो रहे हैं और कुछ विद्यालयों में इसे मातृभाषा के रूप में शैक्षणिक कार्य आरंभ करने की योजना चल रही है।

बीज शब्द : कुँड़ुख़, त्रिभाषा, मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा, तोलोंग सिकी, प्राथमिक शिक्षा, उच्चत्तर शिक्षा, जनजातीय भाषा, छम्ब 2020, राष्ट्रीय शिक्षा नीति।

मूल आलेख

राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत सरकार द्वारा भारत में शिक्षा को बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए बनाई गयी नीति है। यह नीति शहरी और ग्रामीण भारत दोनों में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा को कवर करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने स्कूली शिक्षा के साथ-साथ उच्च शिक्षा में तकनीकी शिक्षा विभिन्न सुधारों का प्रस्ताव रखा है, जिन्हें अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों द्वारा अपनाया जा रहा है। इसने सन् 1986 में तैयार की गयी 34 वर्षीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्थान लिया है। यदि हम इसकी चर्चा करें तो यह 5 स्तंभों पर आधारित है, जो है- पहुँच, समता, गुणवता, वहनीयता तथा जवाबदेही। जहाँ पहुँच- जाति, पन्थ, स्थान तथा लिंग का भेद किये बिना सभी बच्चों तक तुलनीय गुणवता की पहुँच होनी चाहिए, समता- सभी छात्रों को समान अवसर और सहायता प्रदान करना, गुणवता- सभी छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, वहनीयता-

3-18 तक के छात्रों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना तथा जवाबदेही- यह सभी छात्रों के लिए शैक्षणिक परिणामों में सुधार करने, आवश्यक सुधारों को प्रबल करने और सुगम बनाने के लिए स्कूलों और जिला स्तरीय विद्यालयों को जवाबदेह ठहराने के लिए उपयोग की जाने वाली नीतियों और प्रक्रियाओं का संग्रह करना की बोध कराता है।

नीति के कुछ मुख्य बिंदु हैं

बचपन में मिली शिक्षा- नीति में बच्चों को भाषा सिखने में मदद करने के लिए प्रारंभिक बचपन की शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है। इसमें दिया गया है कि 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों की अपनी मूलभाषा या क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करनी चाहिए। लचीलापन- नीति में भाषा के कई विकल्प दिए गये हैं। तीसरी भाषा अंग्रेजी या छात्र की पसंद की कोई अन्य भाषा हो सकती है, जबकि पहली दो भाषाएँ उनके राज्य या क्षेत्र की मूल भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए। शिक्षकों का प्रशिक्षण- नीति में त्रिभाषा फ़ॉर्मूले को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इसमें सुझाव दिया गया है कि शिक्षकों को बहुभाषावाद का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और स्थानीय भाषाओँ में पारंगत शिक्षकों को खोजने का प्रयास किया जाना चाहिए। परीक्षा प्रणाली- नीति के अनुसार छात्रों का मूल्यांकन अंग्रेजी सहित तीनों भाषाओँ पर उनके अधिकार के आधार पर किया जाना चाहिए। ऑनलाइन संसाधन- छात्रों को अपनी भाषा में सिखने में सक्षम बनाने के लिए, नीति में मूल भारतीय भाषाओँ में ऑनलाइन संसाधनों और शिक्षण सामग्री के सृजन को प्रोत्साहन किया गया है। इसी के अंतर्गत त्रिभाषा फ़ॉर्मूले है जिसमें कहा गया है कि जहाँ तक संभव हो, कम से कम ग्रेड 5 तक, लेकिन अधिमानतः ग्रेड 8 और उससे आगे तक की शिक्षा का माध्यम घरेलु भाषा, मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा होगी। त्रिभाषा फ़ॉर्मूले का उपयोग अभी भी किया जायेगा, लेकिन ऐसा राष्ट्रीय एकता और बहुभाषावाद दोनों को बढ़ावा देते हुए किया जायेगा। भारतीय विद्यालयों में त्रिभाषा फ़ॉर्मूले लागू करने के लिए एक व्यापक आधार NEP 2020 के तहत प्रदान किया गया है।

यदि हम त्रिभाषा फ़ॉर्मूले के इतिहास की चर्चा करें तो हम पाते हैं कि सर्वप्रथम सन् 1956 में अखिल भारतीय शिक्षा परिषद् ने इसे मूल रूप में अपनी संस्तुति के रूप में मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में रखा था और मुख्यमंत्रियों ने इसका अनुमोदन भी कर दिया था। सन् 1968 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फ़ॉर्मूले के रूप में एक समझौता प्रस्तुत किया गया था। और सन् 1968 में ही पुनः अनुमोदित कर दिया गया था। (विकिपीडिया) जिन राज्यों में हिन्दी आधिकारिक नही थी, वहाँ भी क्षेत्रीय भाषाएँ एवं अंग्रेजी का प्रयोग किया जाने लगा।

सन् 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फ़ॉर्मूले को दोहराया तथा कोई परिवर्तन नहीं किया गया। सन् 1992 में संसद ने इसके कार्यान्वयन की संस्तुति कर दी थी।(विकिपीडिया) तत्पश्चात सन् 2020 में NEP 2020 के रूप में फिर से त्रिभाषा फ़ॉर्मूले को दोहराया गया और इस बार त्रिभाषा प्रणाली में अधिक स्वतंत्रता दी गयी और किसी भी राज्य को किसी निश्चित भाषा का उपयोग करने के लिए बाध्य नहीं किया गया। बशर्ते कि तीन भाषाओँ में से कम से कम दो भारत, राज्यों या क्षेत्रों की मूल भाषाएँ हो और निश्चित रूप से, छात्र स्वयं उन तीन भाषाओँ का चयन करेंगे जो उन्हें पढ़ाई जानी है।

अगर त्रिभाषा के उद्देश्य के बारे में विचार करें तो स्पष्ट होता है कि भारत में बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है और छात्रों को देश भर में प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम बनाना है। साथ ही विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओँ से परिचित कराकर और भाषाई विविधता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकीकरण को मजबूती देना भी है। त्रिभाषा फ़ॉर्मूले को लागू करने के विरोध में भी कुछ प्रतिकिया आ रही है। इसमें तमिलनाडु सरकार ने त्रिभाषा फ़ॉर्मूले को अपनाने से मना कर दिया है, उनका आरोप है की त्रिभाषा के आड़ में उनपर हिन्दी थोपने का कार्य किया जा रहा है। इसी के जवाब में दिनांक- 19 मार्च 2025 को संसद को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी) के तहत स्कूल जाने वाले बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाओँ का चयन राज्यों, क्षेत्रों और छात्रों द्वारा किया जायेगा और किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। (JAGRAN NEWS, 25 MAR 2025 11:07 PM)

नयी शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा फ़ॉर्मूले के नजरिये से कुँड़ुख़ भाषा को देखें तो इसकी स्थिति ज्यादा बुरी और ज्यादा

अच्छी भी नहीं है, ठीकठाक है कहा जा सकता है। शैक्षणिक स्तर पर देखें तो 19वीं शताब्दी के आस-पास धुमकुड़िया के माध्यम से कुँड़ुख़ भाषा में प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा दी जाती थी। कुछ समय के बाद यह धुमकुड़िया सरकारी सहायता के आभाव से समाप्त हो गया। इसी प्रकार सन् 1980 में राँची विश्वविद्यालय, राँची द्वारा एक अलग विभाग, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना की गयी। जिसमें 9 जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओँ का स्नातकोत्तर की शैक्षणिक तथा शोध कार्य कराये जाने लगे। इन 9 भाषाओँ में से एक भाषा कुँड़ुख़ भी है। झारखण्ड जब एकीकृत राज्य बिहार का भाग था, उस समय भी बिहार टेक्स्टबुक कमिटी द्वारा कुँड़ुख़ भाषा की प्राथमिक स्तर की पुस्तकों को मुद्रित करवाकर विभिन्न सरकारी विद्यालयों में वितरित करवाया गया था। लेकिन मानव संसाधन यथा शिक्षकों की कमी या इस भाषा में पारंगत लोगों की कमी के कारण उस समय का यह कार्य सफल नहीं हो सका।

विभिन्न कठिनाइयों को मात देते हुए कुछ संगंठन जो कुँड़ुख़ बुद्धिजीवियों का समूह था। उन्होनें झारखण्ड राज्य के गुमला जिला में एक विद्यालय की स्थापना की गयी जिसमें प्राथमिक स्तर से माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई-लिखाई कुँड़ुख़ माध्यम के साथ अंग्रेजी माध्यम में भी करायी जाती है। और वह भी कुँड़ुख़ भाषा की अपनी लिपि तोलोंग सिकि में करायी जाती है। मौजूदा समय में कुँड़ुख़ भाषा को मातृभाषा के रूप में प्राथमिक स्तर में पठन-पाठन का कार्य पुनः आरंभ करने की तैयारी चल रही है। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार- इसी सिलसिले में मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा का शैक्षणिक कार्य की शुरुआत करने के लिए लगभग 10 हजार जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की नियुक्तियाँ होने वाली है।

निष्कर्ष

उपर्युक्त उल्लेखित लेख के माध्यम से कयास लगाया जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के लागू होने से कुँड़ुख़ भाषा के विकास में नयी राह एवं उर्जा मिलेगी और वर्तमान समय में जो भी कठिनाईयाँ हो रही है वो दूर हो जाएगी। छम्ह 2020 पूरी तरह से लागू होने के बाद कुँड़ुख़ भाषा के विकास में सरकार का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग भी मिलेगा। यदि जो जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है तो नई शिक्षा नीति 2020 में त्रिभाषा फॉर्मूले का जो उद्देश्य वो कुछ हद तक पूरा होने की संभावना है। वर्तमान समय में राँची विश्विद्यालय से मान्यता प्राप्त विभिन्न महाविद्यालयों में भी स्नातक तथा स्नातकोत्तर में कुँड़ुख़ भाषा मेजर/ऑनर्स/वैकल्पिक भाषा के रूप में अध्ययन एवं अध्यापन का कार्य किया जा रहा है। झारखण्ड अद्यविद्य परिषद् के अंतर्गत होने वाली माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक बोर्ड के परीक्षा में भी कुँड़ुख़ भाषा को एक मातृभाषा/भाषा के रूप में शामिल कर लिया गया है। और इसकी अपनी लिपि तोलोंग सिकी में भी अपना प्रश्नोत्तरी लिखने का प्रावधान है। और कुँड़ुख़ भाषा में साहित्य लेखन एवं प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में भी बढ़ोतरी हो रही है।

सन्दर्भ

1. डॉ. महेंद्र सिंह मीणा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय भाषाएँ, AIJRA Vol- IX Issue I
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार
3. जुलियस तीगा, कुड़ुख़ भाषा, नृत्य कला और संस्कृति, L. Tirkey Munirka DDA, New Delhi, 2015
4. महेश भगत, कुड़ुख भाषा व्याकरण एवं साहित्य, शिवांगन पब्लिकेशन, राँची, 2016
5. डॉ. नारायण भगत, छोटानागपुर के उराँव रीति-रिवाज, झारखण्ड झरोखा, 2017
6. प्रो. महेश भगत, कुँड़ुख़ कत्था-कत्थपंडी गहि कुन्दुरना अरा पदनी Kurukh Literary Society of India, New Delhi, 2017
7. महाबीर उराँव और चौठी उराँव, कुँड़ुख़ कत्थअइन अरा कत्थटूड़, नेशनल प्रिंटर्स, राँची, 2022

8. Anubha Ray/Padmalaya Sarangi/Biswaranjan Purohit/Sisir Ranjan Dash, Three Language formula in National Education Policy, 2020 of India: From the Stakeholder's Perspectives, Journal of Higher Education Theory and Practice, Vol. 23 No. 13 (2023)
9. https://www.jagran.com/news/national-no-language-will-be-imposed-on-any-state-under-the-three-language-formula-23902637.html
10. https://apnipathshala.com/daily-current-affairs/daily-current-affairs-hindi/three-language-policy/
11. https://www.iitms.co.in/blog/three-language-formula-in-nep-2020.html
12. https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/language-of-unity-on-rejection-of-the-three-language-formula
13. https://www.jagranjosh.com/general-knowledge/three-language-formula-1600256605-1
14. https://www.ijcms2015.co/file/2024/aijra-vol-9-issue-1/aijra-vol-9-issue-1-40.pdf
15. https://hi.wikipedia.org/wiki/ Tribhasha Sutra
16. https://www.mcu.ac.in/media-nav-chintan/2014-2015/mn-59-62.pdf

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

असग़र वजाहत के उपन्यासों में निहित मानवीय संवेदना के विविध आयाम

इमराना इस्राइल
शोधार्थी
हिन्दी विभाग, रेवेंशॉ विश्वविद्यालय, कटक, ओड़िशा
संपर्क-imranaisrail566@gmail.com
Phone No- 9348076409

प्रो. अंजुमन आरा
शोध निर्देशिका
हिन्दी विभाग, रेवेंशॉ विश्वविद्यालय, कटक, ओड़िशा

सारांश

मानवीय मन से घनिष्ठ संबंध रखने वाली संवेदना, मनुष्य को व्यष्टि से समष्टि तक पहुँचाने का कार्य करती है। संवेदना ही वह भावभूमि है जिस पर खड़ा हो कर मनुष्य पशु से अलग होता है। संवेदनहीन मनुष्य पत्थर के समान है। रचनाकार अधिक संवेदनशील होता है क्योंकि आम मनुष्य के मुकाबले उसकी भावनाएं अधिक प्रबल होती हैं जिस कारण वह पाठकों से जुड़ पाता है। इस प्रपत्र में मानवतावाद के हिमायती असग़र वजाहत के उपन्यासों में मानवीय संवेदना के विभिन्न पहलुओं पर विश्लेषण किया गया है। सामाजिक दृष्टा के रूप में उन्होंने कलम के सहारे मानवीय संवेदनाओं में आए परिवर्तन को शब्दबद्ध कर पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत किया है। उनका उपन्यास संसार समन्वय की भावना पर आधारित है। उनके प्रमुख उपन्यास 'सात आसमान', 'चहार दर' , पहर दोपहर, एवं 'बरखा रचाई' आदि को केंद्र में रख कर यहाँ मानवीय संवेदनाओं का अन्वेषण किया गया है। मानवीय संवेदना के विभिन्न पहलू जैसे सामाजिक संवेदना, धार्मिक संवेदना एवं राजनैतिक संवेदना पर गहराई से पड़ताल की गई है।

बीज शब्द : मानवीय संवेदना, सामाजिक संवेदना, धार्मिक संवेदना, राजनैतिक संवेदना, आर्थिक संवेदना, विभाजन की त्रासदी, सामाजिक यथार्थ, भाई-भतीजावाद, समन्वय।

मूल आलेख

रचनाओं में मानवतावाद को सर्वप्रमुख स्थान देने वाले समकालीन रचनाकार असग़र वजाहत, हिन्दी साहित्य में अग्रगणी कथाकार हैं जो एक रत्न के समान हैं। इन्होंने प्रेमचंद की परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उनका साहित्य जीवन मूल्यों, जीवनादर्शों, मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज़ है। आधुनिक दौर में मनुष्य की संवेदनाएं क्षीण होती जा रही है, हम व्यक्ति केंद्रित हो रहे हैं। जब तक कोई घटना स्वयं हमसे जुड़ी हुई न हो, हम पर प्रभाव नहीं डालती। दूसरों के सुख-दुःख से हमारा मन अब अधिक विचलित नहीं होता। दूसरों के सुख से लोगों को ईर्ष्या तथा दुख से संतोष का अनुभव होने लगा है। ऐसी अवस्था में हमे ऐसे साहित्य की आवश्यकता है जो हमारी संवेदनाओं को जागृत कर हमे व्यष्टि से समष्टि तक पहुँचाए। जड़ होती मनुष्यता को बचाना आज साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी है। असग़र वजाहत का सम्पूर्ण रचना संसार इस कसौटी पर

खड़ा उतरता है। वही साहित्य कालजयी, सार्थक और अजर अमर हो सकता है जिसमें मनुष्यता को जीवित रखने वाले तत्व, मानवीय संवेदनाएं, सच्चे जीवनादर्श, एवं मानवीय मूल्यों का महत्व सर्वोपरि हो।

उपन्यास 'मन माटी' में धार्मिक संवेदना के भाव बिखरे हुए हैं इस उपन्यास में उपन्यासकार ने विभाजन की त्रासदी को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। धर्म वह नाज़ुक हिस्सा है जिसपर सदियों से प्रहार किया जा रहा है। " हमारे देश में धर्म, कानून और व्यवस्था से ऊपर उठ गया है। इसका सीधा कारण लोकतंत्र में लोगों को खुश रखकर उनके वोट हासिल करके सत्ता प्राप्त करना है। सरकारों ने धर्माधता को न केवल बढ़ावा दिया है बल्कि उसे कानून व्यवस्था से मुक्त भी किया है और उससे पूरा फायदा उठाया है।"[1]

विभाजन ने संपूर्ण भारत को कई हिस्सों में बाँट दिया। भौगोलिक विभाजन ने लोगों के मन मस्तिष्क को भी बाँटने का कार्य किया। विभाजन के दरमियान धर्म के नाम पर होने वाले सांप्रदायिक दंगों ने हिंदू और मुसलमान दोनों को बराबर कष्ट पहुँचाया है। चंद राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए आम भोली जनता को अपने वतन को, अपनी मिट्टी को छोड़कर अन्य मुल्क जाने की दंश को यहाँ व्याख्यायित किया गया है। असग़र वजाहत ने धर्मनिरपेक्ष भारत के चित्र को अंकित कर अनेकता में एकता को स्थापित किया है। भाईचारे की भावना को फैलाते हुए मानव धर्म की शिक्षा दी है और सभी धर्मों में मानवतावाद को सर्वश्रेष्ठ धर्म बतलाया। उपन्यास 'चहार दर' में पाकिस्तान से आई 'सायमा' पंजाब के गाँव में मस्जिदों को देख कर आश्चर्यचकित हो जाती है। उसकी जानकारी के अनुसार 1947 में सारे मुसलमानों के पाकिस्तान चले जाने के बाद सारी मस्जिदों तथा अन्य इस्लामी इमारतों को बदलकर गुरुद्वारा या मंदिर बनवा दिया गया था परंतु यहाँ गेहूँ के खेतों तथा आम के पेड़ों के पीछे उस पुरानी सफेद इमारत का दृश्य देख कर वह हैरानी में पड़ जाती है कि एक भी मुसलमान न होने के बावजूद यह भव्य पुरानी मस्जिद आज भी बची हुई है और इसकी देख रेख गाँव के हिन्दू करते हैं–

"ये क्या है?" सायमा की आवाज काँप रही थी।
"मसीत है जी..." जोत को अजीब-सा लगा।
"लेकिन यहाँ कोई मुसलमान नहीं है।"
"हाँ, यहाँ कोई मुसलमान नहीं है।"
"फिर.... इसकी देखभाल कौन करता है?
सफेदी कौन करता है?
क्या रात में फरिश्ते आते हैं?"
"नहीं जी, ये तो गाँव वाले ही करते हैं।"[2]

उपन्यास में सबंध विच्छेद का विरोध दृष्टिगोचर होता है जिसमें संबंधों को भावनात्मक गहराई के साथ जोड़े रखने का प्रयास किया गया है। मानवीय संवेदना को जागृत कर मानवतावाद का संदेश देने वाले असग़र वजाहत मानवीय संबंध को श्रेष्ठ बतलाते हुए उसको बनाए रखने पर बल देते हैं। इस उपन्यास में भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया है। राजनीतिज्ञ द्वारा अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए बाँटे गए हिंदू, मुसलमान आज भी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। बँटवारे मात्र से दिलों को नहीं बाँटा जा सकता। इस बात की गवाही यहाँ दी गई है।

असग़र वजाहत का समूचा उपन्यास साहित्य अनुभव के संसार पर आधारित है। यहाँ सामाजिक यथार्थ को परत दर परत बेनकाब किया गया है। सामाजिक संवेदनाओं की गहरी छान-बिन की गई है। मनुष्य एवं समाज का गहरा संबंध है। समाज में प्रत्येक जाति, वर्ग, धर्म एवं संस्कृति के लोग शामिल हैं। समाज के नफ़्स को टटोलने का कार्य असग़र वजाहत ने अपने उपन्यासों के माध्यम से किया है। सामाज की नग्नतम यथार्थ को प्रस्तुत करते हुए उनका उपन्यास बरखा रचाई अपने आप में बेजोड़ है। उपन्यासकार लिखते हैं "पूरा सिस्टम पचास साल में 'करप्शन' की मशीन बन चुका है... पहले भी था३ लेकिन अपने आप को मतलब 'स्टेट' को 'डिफीट' कर देने वाला 'करप्शन' नहीं था। मतलब अंग्रेज़ अगर कोई सड़क बनाना चाहते थे तो सड़क बनती थी कुछ परसेंट पैसा इधर-उधर होता था३ आज तो 'सड़क' ही नहीं बनती... ये अपने सिस्टम

को डिफीट देने वाला करप्शन है।"[3] जिस गहराई के साथ समाज के पहलुओं को उसकी पूरी सच्चाई के साथ यहाँ प्रस्तुत किया गया है वह अन्यतम दुर्लभ है। समाज को खोखला कर रहे अवयव बेईमानी, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचारी , भुखमरी, अशिक्षा, अंधविश्वास आदि विषयों पर करारा व्यंग्य किया गया है। एक पत्रकार के रूप में उपन्यास के नायक के माध्यम से सामाजिक सच्चाई को व्यक्त किया गया हैं "उनकी हालत भी वही है। उतना ही गंदा, उतना ही उपेक्षित, उतना ही भ्रष्टाचार, उतना ही उत्पीड़न और वही अदालतें जहाँ मजिस्ट्रेट महीनों नहीं बैठते, अस्पताल जहाँ डॉक्टर नहीं बैठते, सरकारी दफ्तर जहाँ बाबू नहीं बैठते।"[4] ऐसी कई बातें इस उपन्यास में देखी जा सकती हैं जो सामाजिक बुराइयों को दिखलाते हुए आधुनिक समाज का ब्योरा प्रस्तुत करती है।

रोज़ी रोटी कमाने एवं समाज में खुद को प्रतिष्ठित करने की दौड़ में मनुष्य ने स्वयं को मशीन बना दिया है। हाड़ तोड़ मेहनत के बावजूद भी बुनियादी ज़रूरतों से लोगों के हाथ खाली हैं। परिवार रूपी रथ को खींचने के लिए अर्थ वह धूरी है जिसने सम्पूर्ण विश्व को अपने वश में कर लिया है। धन के इर्द-गिर्द ही सम्पूर्ण संसार विचरण करता है। मानवीय संवेदनाएं एवं जीवन मूल्यों में आज जिस परिवर्तन को परिलक्षित किया जा सकता है उसका प्रमुख कारण है 'अर्थ'। अर्थ के बिना तथा धन विहीन मनुष्य की समाज में आज कोई अहमीयत नहीं रही। संबंधों की नीव आज 'पैसों' पर टीकी हुई है इसीलिए आज मनुष्य दिन रात मेहनत करता है और अंततः अकेलेपन, संत्रास, निराशा, एवं कुंठा का शिकार बन नशे का सहारा लेता है। सगे, संबंधियों एवं पारिवारिक रिश्तों की जगह आज आदमी शराब की बुराइयों को जानने के बावजूद भी उससे जुड़ा हुआ है जो आखिर में उसकी मृत्यु का कारण बन बैठता है। मायानगरी मुंबई की काली सच्चाई को प्रस्तुत कर मृत्यु से साक्षात्कार होते लोगों के जीवन को लेखक बयान करता है "जैसे यहाँ सब मरते हैं। सबसे पहली बात रात-दिन काम। अब रात-दिन काम क्यों? तो यार ये 'इण्डस्ट्री' है। 'शिट्स' होती है जितना ज्यादा और जितनी जल्दी काम करोगे उतना पैसे मिलेगा।। तो दिन रात काम करने के लिए शराब का सहारा लिया जाता है फिर उसकी आदत पड़ जाती है कि उसके बगैर रहा नहीं जा सकता ... फिर सबसे पहले 'लीवर' बोल जाता है।"[5] बुनियादी जरूरतों के लिए जद्दोजहद करता मनुष्य आज इतना विवश हो चूका है कि उसके पास नशे के अलावा कोई सहारा ही नहीं है।

अपने उपन्यासों में असग़र वजाहत ने राजनीति के काले कारनामों को सामने लाकर रख दिया है। आज राजनीति के मूल में मात्र चुनाव जीतकर सत्ता बनाना ही प्रमुख रह गया है। आम जनता को मोहरा बनाकर राजनीतिज्ञ अपने स्वार्थ की पूर्ति करते हैं। जनता की सेवा की जगह यह उनका दुरुपयोग करते हैं। बदलते समय के साथ-साथ आज राजनीति सामाज कल्याण की जगह धन बटोरने की मशीन बन चुकी है। राजनीतिज्ञों ने केवल अपनी अगली पीढ़ि को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। सत्ता लोलुपता, स्वार्थ की सिद्धि, भाई-भतीजावाद आदि पर करारा व्यंग्य असग़र वजाहत के उपन्यासों में देखा जा सकता है " ये राष्ट्रीय नेताओं की तीसरी पीढ़ी है। पब्लिक स्कूलों में पढ़ी या अधपढ़ी, अँग्रेज़ी बोलने वाली और हिन्दी में अँग्रेज़ी बोलने वाली इस पीढ़ी का सिद्धांत, विचार मर्यादा, परम्परा से कोई लेना-देना नहीं है... ये सिर्फ सत्ता चाहते हैं ... पावर चाहते हैं ताकि उसका अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर सकें...ये चतुर-चालाक लोग जानते हैं कि उनके पूर्वजों ने यानी पिछली पीढ़ी के नेताओं ने जनता को जाहिल रखा है... जानबूझकर जाहिल रखा है ताकि बिना समझे वोट देती रहे।"[6]

सत्ता हासिल करने के लिए अपनाई जाने वाली गलत नीतियों का पर्दाफ़ाश किया गया है। वोट के लिए साम-दाम-दंड-भेद किसी भी रास्ते को अपना कर सत्ता बनाना ही आज राजनीति का मुख्य उद्देश्य बन चूका है। अपनी कुर्सी बचाए रखने के लिए झुट को सच, सच को झुट किया जा रहा है। यदि इस बात की जानकारी हो जाए की वोट, विरोधी दल को जाने वाला है तो मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुँचने नहीं दिया जाता है। "अगर ये तय पा ही जाता था कि वोटर उन्हें वोट नहीं देगा तो उसे इलेक्शन के दिन पुलिंग बूथ तक न पहुँचने दिया जाये, इसकी तरकीब भी इसी खाने में लिखी जाती थी। मतलब उसे उसी दिन झूठा तार मिलेगा कि सास सख्त बीमार है या पुलिस के सिपाही किसी इल्जाम में हवालात में बंद कर देंगे या कुछ और।"[7] यह वह भयावह सच्चाई है जिसने संविधान द्वारा दी गए मानवाधिकारों का भी हनन किया है।

निष्कर्ष

असग़र वजाहत की रचनाओं का दायरा काफी विस्तृत है। मानवीय जीवन यथार्थ की अभिव्यक्ति, उनकी बुनियादी ज़रूरतें, विभिन्न जीवन संदर्भों को अपनी संवेदनाओं के माध्यम से लेखक ने समाज के सर्वाधिक लोगों तक पहुँचाया है। उनके उपन्यासों में भारतीय समाज की सारी विशेषताओं और कमजोरियों को एक साथ उकेरा गया है। धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक संवेदनाओं को जगा कर लोगों को संवेदनशील बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है। एक-एक उपन्यास एक-एक रत्न के समान है जिसमे मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों की गहरी पड़ताल की गई है। बढ़ते बाज़ारवाद एवं तकनीकी दौर में जहाँ अत्याधुनिकता का बोलबाला है, प्रत्येक मनुष्य आत्म केंद्रित हो कर अपने स्वार्थ की पूर्ति में संलग्न है। वहाँ मनुष्यों को आदमीयत का संदेश देने का जोखिम भरा कार्य असग़र वजाहत ने अपनी लेखनी के माध्यम से किया है। उन्होंने न केवल सामाजिक बुराइयों को व्याख्यायित किया बल्कि उनको साफ कर एक स्वच्छ समाज की परिकल्पना भी की है। एक ऐसा समाज जो धर्मनिरपेक्ष हो, जिसमें हर वर्ग, जाति, धर्म, लिंग, रंग के लोग आपस में मिल जूल कर रह सकें। जहाँ धार्मिक ठगी न हो। लोगों को उनके जाति, वर्णों के आधार पर सामाजिक भेद भाव का शिकार न बनना पड़े। राजनीतिज्ञों द्वारा ऐसी व्यवस्था हो जिसमे प्रत्येक मनुष्य के अर्थोपार्जन के साधन मौजूद हों।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. आलदे, डॉ अमर आनंद, असग़र वजाहत के उपन्यासों में युगबोध, 2024, वन्या पब्लिकेशंस, कानपुर, पृ सं- 171
2. वजाहत, असग़र, चहार दर, 2011, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ सं.- 89
3. असग़र वजाहत, बरखा रचाई, 2009 राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ सं.- 183
4. खान, डॉ. एम. फ़ीरोज़, भारतीय समाज मुस्लिम उपन्यासकार, 2023 विकास प्रकाशन, कानपुर, पृ सं.-106
5. वजाहत, असग़र, पहर दोपहर, प्र.सं. 2011, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ सं.-30
6. खान, डॉ. एम. फ़ीरोज़, भारतीय समाज मुस्लिम उपन्यासकार, 2023 विकास प्रकाशन, कानपुर, पृ सं.-107
7. वजाहत, असग़र, सात आसमान, प्र. सं. 1996 राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ सं.- 36

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

सामाजिक भेदभाव मिटाने में संगीत का योगदान

डॉ. बबीता सिंघानिया
सहायक प्रोफेसर संगीत विभाग
गुरु नानक खालसा कालेज
यमुनानगर (हरियाणा)
मो॰ 8708088810
Email-singhaniababita11@gmail.com

शोध-पत्र सारांश

भारतीय संगीत एक बहुत प्राचीन और समृद्ध परंपरा है। जिसकी उत्पत्ति व संरचना प्रकृति व परमार्थ से जुड़ी हुई है। भारतीय ग्रंथों व दर्शन शास्त्रों में किसी ना किसी रूप में मानवीय मस्तिष्क व मनोभावों का सूक्ष्म आंकलन किया गया है। संगीत का संबंध देवी-देवताओं से मानना और फिर उसका वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय पक्ष भी उपलब्ध होना भारतीय संगीत की विशेषता है। गीता में कर्म को श्रेष्ठ मान कर साधना व संकल्प के पक्ष को प्रस्तुत किया गया है जो मनोभाव के अन्य विकारों को रोकता है। संगीत का मानव जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। संगीत सामाजिक और सांस्कृतिक बंधन बनाने, सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और शारीरिक गतिविधियों में गति लाने में भी सहायक है।

मुख्य शब्द-संगीत, समाज, विचारधारा, संबंध, भेदभाव धर्म।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहकर ही मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। समाज से बाहर रहकर मनुष्य अपना निर्वाह नहीं कर सकता। समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे पर निर्भर रहता है। समाज में प्रचलित परंपराएं व प्रथाएं है जिसमें संगीत की अपनी अहम भूमिका है। संगीत मनुष्य के जीवन में निरस्ता को दूर करके जीवन स्फूर्ति भरता है। प्राचीन समय से ही संगीत की परंपरा समाज में धर्म, दर्शन, संस्कृति का आधार स्तंभ रही है। संगीत हम मनुष्य के जीवन का आवश्यक अंग है। संगीत मनुष्य के साथ जन्म से लेकर मृत्यु तक बना रहता है। समाज में जितने भी धर्म, जाति के लोग रहते है। कोई पर्व हो, कोई त्यौहार हो या संस्कार, ऐसा नहीं है जिसमें संगीत न हो। घर ही नहीं अपितु खेतों में काम करने वाले किसान, चक्की चलाने वाली, धनी कुटने वाली ग्रामीण महिलाएँ भी लोक संगीत गाती रहती है। समाज में प्रचलित परंपराएं व प्रथाएँ संगीत के बिना पूर्ण नहीं हो सकती है। श्रम गीत, ऋतु गीत, बसंत व वर्षा आदि ऋतु मल्हार से संबंधित माध्यम से हर समय सामाजिक जीवन में मनुष्य के आस-पास संगीत विद्यमान रहता है। संगीत ही समाज में फैले ऊँच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर सकता है।

अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ॰ ऋषि कुमार राय ने कहा कि संगीत का प्रभाव समाज पर सबसे अधिक पड़ता है। सुखाड़ की स्थिति में भी संगीत के माध्यम से वर्षा कराई जाती थी। मनुष्य की बात तो दूर पशु भी संगीत को सुनकर मुग्ध

हो जाया करते थे। बड़े-बड़े वैज्ञानिक जैसे अलवर्ट आईस्टिन जगदीश चंद्र बोस आदि भी संगीत के प्रेमी थे और उन्होंने समाज को अपना उत्कृष्ट योगदान दिया। समाजिक आयोजन संगीत के बिना परिपूर्ण नहीं हो सकता।

'मद्भक्ता यत्र गायन्ति, तत्र तिष्ठामि नारद! (मंडूकोपनिषद)

अर्थात् - हे नारद, जहां मेरे भक्त गाते है, मैं वही रहता हूँ। भारतीय सामाजिक दर्शन को इस श्लोके के माध्यम से भली-भांति समझा जा सकता है। आत्मा का गुण ही सर्वोपरि है। आत्मिक संस्कार का परिवर्धन ही भारतीय दर्शन में महत्त्वपूर्ण है।

'रामचरितमानस' संगीत आधारित महान गेय काव्य है। आदर्श पुरूष श्रीराम ने मनुष्य की बात तो छोड़िए, वानर, रीछ तक को गले लगाया है। उनकी इस महानता को महसूस कर श्री हनुमान ने उनके उद्दात चरित्र का बखान किया -

"प्रात लेई जो नाम हमारा तेहि दिन ताही न मिलै अहारा।"

ऐसे अद्यम प्राणी को भी अपना बनाने का संसकार और मानवीयता को हमारी संस्कृति वहन करती है। जन्म से छोटा बड़ा होना मायने नहीं रखता। राज महलों से आई मीराबाईं के गुरु रैदास थे जो जन्म से नीच जाति के थे किन्तु श्रीकृष्ण की पावन भक्ति में डूब कर महिमा गान करना उनकी भक्ति का प्रथम उत्पादन रहा। कहते है मीरा बाई श्री कृष्ण की भक्ति में गाते गाते उनकी मूर्ति में समाहित हो गईं भारतीय धर्म में मानव धर्म ही श्रेष्ठ धर्म है। श्रेष्ठ विचार मानव मात्र की थाती है। अगर उसमें संगीत के स्वरों की मिठास हो तो उसकी उदात्तता और भी ऊंची हो जाती है। धर्म, जाति, भाषा आदि विभेदों का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। श्रेष्ठ कर्म सर्वकालिक और सार्वदेशिक होता है। श्रेष्ठ विचारों में सबके कल्याण की भावना होती है। सभी महापुरुषों के विचार मानव कल्याण के निमित्त ही होती हैं। वे एक दूसरे के विरोधी नहीं, पूरक होते हैं। सभी श्रेष्ठ विचारधाराओं से सारतत्व ग्रहण कर मानव अपने जीवन को आनंदमय और सुखमय बना सकता है और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है।

जीवन में निहित आध्यात्मिकता की महत्ता के कारण ही भारतीय संस्कृति में पनपने वाली प्रत्येक कला का उच्चतम ध्येय आध्यात्मिक आनंद प्रदान करना रहा है। उसके अंतर्गत लोकरंजन का दृष्टिकोण गौण रुप में निर्धारित होता आया है।

संगीत की स्वर-साधना मनुष्य को अंतस्तल की गहराई में ले जाता है। जहां कोई भी क्षुद्र विचार पनप ही नहीं सकता। संगीत के स्वर उसके हृदय के किवाड़ों को खोलने में सक्षम है। संगीत के लय, स्वर उसकी आत्मा को विशाल, मन को उदार, तथा चरित्र को उन्नत बनाता है।

संगीत के मर्म को जानने वाला व्यक्ति भयमुक्त और स्नेह से भरा होता है। संगीत कोई विचार नहीं वरन भाव है। यह भाव समस्त मानव प्राणों के लिए होता है। उसके अनुभव में जो कुछ भी श्रेष्ठ है, उदात्त है, वह इसका अथवा उसका नहीं है. जातिगत अथवा देशगत नहीं, वह सबका है, सारे विश्व का है। समस्त ज्ञान, विज्ञान और सभ्यता सारी मानवता की विरासत है। पूर्व और पश्चिम, उत्तर और दक्षिण के भेद, अक्षांश और देशान्तर के भेद तथा जलवायु और भौगोलिक सीमा के भेद सर्वथा निराधार है।

महान सितारवादक रविशंकर की युगल बंदी सबसे अधिक विदेशी वाइलिन वादक 'यहूदी मैनुहिन' के साथ हुईं संप्रदाय, समुदाय और जाति के नाम पर आदर्शों, मूल्यों की प्रस्थापना करना संकीर्णता, मानवता का दम घोंटना सा है।

हमारे देश की संस्कृति और प्रकृति भी बड़ी अनूठी है। इसकी गोद में असंख्य दुर्लभ चीजों का समागम है। यहाँ अनेक प्रकार के पर्वों का सिलसिला लगा ही रहता है और इन उत्सवों में अपने-अपने प्रांतों में अपनी-अपनी भाषाओं में गाए जाने वाले गीतों को लोकगीतों की श्रेणी में रखा जाता है। लोक संगीत से तात्पर्य है कि जो संगीत जनमानस के मन का रंजन करे। यह संगीत लोक जीवन से जुड़े आम मनुष्य का संगीत है। लोकगीतों के माध्यम से व्यक्ति अपने मन के अनछुए भावों की अभिव्यक्ति करने में सक्षम होता है। वह अभिव्यक्ति, खुशी, व्यथा, विस्मय, आह्लाद, भक्ति और वात्सल्य, किसी भी रूप में हो सकती है। इन लोकगीतों के माध्यम से सम्पूर्ण भारतवर्ष के निवासी अपने-अपने भावों, विचारों का आदान प्रदान काफी समय से करते आए हैं। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से ले कर राजधानी दिल्ली के रास्ते तक अनेक कामकाजी महिलायें प्रतिदिन

एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते हुए अपना सफर पूरा करती हैं। इस समय उनका भाव व क्रिया बस गान ही होता है। सामाजिक समरसता का प्रवाह दिखता है। जहां गीत, संगीत, नृत्य है, वहाँ कोई भेद-विभेद, संकीर्णता हो ही नहीं सकता। सब एक रस धार में बह रहे होते हैं। वास्तव में यही आध्यात्मिकता है।

वैदिककालीन समाज के निर्देशक वेदों ने भी संगीत के महत्व को स्वीकारा और एकता में सहायक माना है। इसलिए तो ऋग्वेद की ऋचाओं को स्वरात्मक करके एक वेद का निर्माण कर उसे सामवेद नाम दिया गया। वैदिककालीन समाज के संगठन का मूलाधार परिवार था। प्रत्येक परिवार में संगीत का उत्कृष्ट स्थान था, परिवार में संगीत का आयोजन परिवार की अधिष्ठात्री नारी-गृहलक्ष्मी ही करती थीं।

वैदिककालीन समाज में एक वर-वधू महोत्सव होता था, जो 'सुमन' कहलाता था। 'समन' एक प्रकार का सांगीतिक मेला था, जहां आमोद के लिए नारियां जाती थीं। 'समन' ने समाज के अंदर संगीतमय वातावरण को खूब फैलाया। 'समन' के अंदर नारियां कई प्रकार के नृत्य प्रस्तुत करती थीं और पुरुष कंठ संगीत का सुंदर ढंग से प्रदर्शन करते थे।

वैदिक काल के उपरांत पौराणिक काल में समन ने समज्जा का रूप ले लिया। भाष्य में कहा गया है—जहां जनसमुदाय इकट्ठा हो समज्जा कहलाता था। बाद में यही समज्जा समाज के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, जिसमें सामूहिक रूप में समाज के लोग इकट्ठा होकर गाते-बजाते थे। अशोक के अभिलेखों में संगीत मानव शरीर के भीतर का सौन्दर्य है। मानव के मन में विरक्त और नितांत पड़े भावों व प्रतिक्रियाओं को संगीत से जीवन व आशाओं का सौन्दर्य प्राप्त होता है। सभ्यता संस्कृति समाज व सत्संग को भी संगीत ही स्मरण करवाता है।

वृंद-वादन जिसे उस समय 'कुतुप' कहा जाता था का काफी प्रचलन था। इसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता होती थी। आज भी वृंद-वादन, जिसका प्रचलित नाम आर्केस्ट्रा है, का काफी प्रचलन है। यह देश के युवा-वर्ग में बहुत लोकप्रिय हो रहा है। जिसमें बहुत से वाद्य विभिन्न प्रकार की संगीत विधाओं को जानने वाले साथ होते हैं। संगीत भाषा के बंधन से भी मुक्त है। यह एक विश्वव्यापी कला है। रबीन्द्रनाथ ठाकुर ने कहा था- "जहां अभिव्यंजना में काव्य असमर्थ है वहाँ से संगीत की प्रथम सीढ़ी प्रारम्भ होती है" (संगीत, मार्च 1955, पृ॰ 9) "जहां शब्दमयी लौकिक भाषा की गति अवरुद्ध हो जाती है वहाँ संगीत फूट पड़ता है। शब्दों में जिनकी प्रखरता और गहराई समा नहीं सकती हमारी ऐसी अनुभूतियों को संगीत स्वरों का रूप देता है" (संगीत, जून 1955, पृ॰ 55) (1) रोम्यारोलां ने कहा है "उच्चतम संगीत का प्रभाव देश, काल, और व्यक्ति तक सीमित नहीं है। यह सबको अपने भंडार से कुछ-न-कुछ अवश्य देगा (संगीत, जनवरी 1950, राग और सांप्रदायिकता, अरुण कुमार सेन, पृ॰सं॰ 56)

संगीत की उपयोगिता हर पक्ष स्तर व स्थिति में सहायक व निर्णायक सिद्ध होती रही है। संगीत से यहाँ केवल स्वयं द्वारा स्वरों का उपयोग या गायनवादन नहीं ही नहीं है अपितु कोई भी अन्यत्र लयात्मक ध्वनि व सुरों की खनक तनावग्रस्त रह रहे मनुष्य छात्र या वृद्ध सबकी प्रिय रही है।

डाक्टर सम्पूर्णानन्द जी का भी कहना है कि संगीत शब्दों से उठकर स्वरों से काम लेता है। शब्दों का प्रयोग होता भी है तो थोड़ा। ध्यान शब्दों पर कम, स्वर संचरण पर अधिक रहता है। ऊंचा संगीत, चाहे वह गेय हो या वाद्य, केवल स्वरों से काम लेता है। स्वरों की भाषा सार्वभौम है। आंतरिक जगत के अंतरद्वंदों के शमन में संगीत अपना प्रतिद्वंदी नहीं रखता। कोई भी प्रगतिशील राष्ट्र अथवा व्यक्ति संगीत की उपेक्षा नहीं कर सकता।

'समाज' नामक उत्सव का उल्लेख है। महाभारत में भी विस्तार से समाज क्रीडोत्सव का उल्लेख है। अतः समज्जा या समाज महाजनपद युग के नागरिक जीवन की बहुत बड़ी विशेषता थी। इसमें समाज के लोग एकत्रित होकर साज-सज्जा के साथ गायन, वादन और नृत्य के साथ उत्सव को मानते थे। समय के साथ परंपरा तो आगे बढ़ती है पर रूपांतर होता रहता है। प्राचीन काल से चला आ रहा समज्जा या समाज गायन आज भी प्रचलित है किन्तु उसका रंग थोड़ा अलग हो गया है। आज भी खास अवसरों पर हमारे मंदिरों में सामूहिक रूप से गीत-भजन का आयोजन होता है—जिसे आज हम 'कीर्तन' के रूप में जानते हैं। समाज में आज भी खास अवसरों पर लोग मंदिरों और घरों में भी कीर्तन का आयोजन करते हैं जिसमें

गाने-बजाने वाले कलाकारों के अतिरिक्त समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का समायोजन होता है। इस प्रकार के आयोजन सामाजिक रूप से बड़े हितकारी सिद्ध होते हैं। मिलने-जुलने से लोगों में मेल-जोल का भाव बढ़ता है। सामाजिक दूरियों कम होती हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि गीत-संगीत हमेशा से ही सामाजिक घनिष्ठता एवं स्नेहभाव को बढ़ाने में सहायक रहा है।

स्नेह-भाव या संवेग मानव जीवन की एक प्राकृतिक क्रिया है। निरंतर होते बदलाव, चिंतन-मनन तथा इक्षाओं की प्रक्रिया के बीच संवेग व भाव ने ही उसे एक-दूसरे से जोड़े रखा है। जीव की अनुभूति व अभिव्यक्ति से या यूं कहें कि भाव से संगीत का घनिष्ठ संबंध है। संगीत मानव मस्तिष्क या उसकी प्रकृति कि वह निरंतर खोज है जो स्वयं के भीतर अनुभवों व अनुभूतियों को एक साथ लेकर चलती हैं। समय, काल, परिस्थिति अथवा भावानुभूति के तत्व इसमें समाहित रहते हैं। यही तत्व, कलाकार अपने द्वारा अनुभूत संवेदनाओं द्वारा श्रोता तक पहुंचाता है। इस संवेदना में सुख ही सुख होता है। संगीत से उत्पन्न राग-भावमानव मन के लिये वेदना में भी सुखकर हैं और सुख में अत्यधिक आनंददायक है। संगीत से उत्पन्न प्रीत वास्तविक सुख है। इसमें अन्य किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं हो सकती जो दुख का कारण बने। संगीत में स्वयं भी लयात्मक तरंगें इतनी सुदृढ़ होती हैं कि वे अन्य भावों द्वारा उत्पन्न विचलित करने वाली तरंगों को भी स्वयं में साध लेती हैं। संगीत द्वारा मस्तिष्क की प्राकृतिक क्रिया में उत्पन्न व्यवधान को भी रोका जा सकता है। समय, स्थान, एवं संगत के अनुरूप संगीत की प्रस्तुति वहाँ उपस्थित मानव या मानव-समूह के व्यवहार को बदलाव की ओर ले जाती है। स्नायु-तंत्र व ज्ञानेन्द्रियों में तनाव से मुक्ति, स्वास गति की नियमितता, एकाग्रचित्तता ध्यान व रसानुभूति का उत्पादन संगीत की अनूठी प्रतिभा है। संगीत द्वारा उदंड या उद्वेलित मन भी शांत सम्मोहन की ओर मुड़ जाता है। इसी कारण व्यक्ति की प्रतिक्रिया में भी ठहराव व गुणवत्ता आ जाती है। संगीत से उत्पन्न सतत व अचूक कंपन्न मस्तिष्क को धीरे-धीरे एक दोषरहित वैचारिक व्यवहार व प्रतिक्रिया के समक्ष ला खड़ा करता है।

प्राचीनकाल में जब बच्चे गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने जाते थे तो उनके अन्दर उन संस्कारों का बीजारोपण किया जाता था जो उन्हें जीवन के सार्थक मूल्यों से अवगत कराते थे। पर आज के बच्चे अपने आदर्श खुद गढ़ते हैं इसलिए उनके चरित्र का निर्माण भी उसी दिशा में हो रहा है जहाँ से वे चल रहे हैं, सोच रहे हैं इसलिए आये दिन अखबारों में ये खबर आना कि विद्यार्थी ने अपने शिक्षक की हत्या कर दी या बच्चों के समूह ने किसी शिक्षक की हत्या कर दी या बच्चों के समूह ने किसी शिक्षक को पीट डाला आम हो गया है। हमारी संवेदना का इतना ह्रास हो गया है कि इसे सिर्फ एक खबर समझकर हम चुप रह जाते हैं। जिस देश में शिक्षकों के ऊपर ही बच्चों के चरित्र निर्माण का पूरा दारोमदार होता था वह अब माँ-बाप, संगी-साथी, परिवार में बंट गया है। बच्चों की शिक्षा प्रणाली पर कोई चर्चा नहीं होती। न ही बच्चों की परवरिश पर। बड़ा सवाल उठता है कि बच्चों का भविष्य गढ़ने में शिक्षकों की क्या भूमिका हो? आखिर किस तरह उनका भविष्य संवारा जाये?

हालिया एक सर्वेक्षण में 95 प्रतिशत शिक्षकों ने कहा कि वे कोर्स पूरा करने के लिये पढ़ाते हैं या उन्हें आमदनी का एक जरिया चाहिए इसलिए पढ़ाते हैं। सिर्फ 5 प्रतिशत शिक्षक ऐसे हैं जो बच्चों के प्रति समर्पित हैं। औसतन का कहना है कि बच्चों को पढ़ाना उनका काम है इसलिये पढ़ाते हैं। आज के शिक्षक ये आँकड़ा तो रखते हैं कि उन्होंने पढ़ा दिया पर उनके शिष्य ने कितना सीखा इस पर वे गौर नहीं करते। पढ़ाना और सिखाना दो अलग बातें हैं। शिक्षक को ये ध्यान देना होगा कि उन्होंने जो पढ़ाया उसे हर बच्चे ने कितना सीखा, ऐसा नहीं होता क्योंकि शिक्षक हर बच्चे पर ध्यान नहीं दे पाता। हरेक बच्चा अपने में खास होता है इसलिए पढ़ाने की सामग्री भले सबके लिये एक होती है पर सब बच्चों के पढ़ने तथा समझने की क्षमता एक नहीं होती। शिक्षक को चिकित्सक जैसा होना चाहिए। डॉक्टर पहले रोग की पहचान करता है फिर दवा देता है फिर अपने मरीज को बोलता है कि आपके स्वास्थ्य में कितना सुधार हुआ आकर बतायें। शिक्षक को भी ऐसा ही होना चाहिये जो बच्चे अच्छा प्रदर्शन नहीं करते उनकी पहचान कर उन पर मेहनत की जानी चाहिए। आज विकास के दौर में बच्चों को कई प्रकार के टूल्स से पढ़ाया जाता है। कोई मौखिक सीखने में समर्थ होता है, कोई लिखकर, कोई मानचित्र से, कोई ग्राफ से। आजकल विद्यालयों में प्रश्न में प्रतियोगिता, साक्षात्कार कार्यक्रम, ग्रुप डिस्कसन, डायलॉग डिलीवरी आदि से भी बच्चों को सिखाया जाता है। आज के दौर में सीखना, पढ़ना और ज्ञान पाना कोई बड़ी बात नहीं है। इंटरनेट की दुनियाँ में बच्चों को असमय परिपक्व बना दिया है। समय से पहले मूल्यों का क्षरण हो गया है। आदर्शों को ताक पर रखना आम बात है। आज के परिदृश्य में सबके लिये व्यवस्था है परन्तु शिष्य और शिक्षक के बीच जो मनोवैज्ञानिक सम्बन्ध हुआ करता था आदर का भाव था वह भी आज लुप्त प्राय हो गया है। आज घर-घर का बच्चा प्राईवेट ट्यूशन पढ़ता है, क्योंकि उसे अपना एकेडेमिक रिकार्ड अच्छा रखना है। जब शिक्षा और शिक्षक रजवाड़ों के लिए सिमट गये, द्रोणाचार्य जैसे गुरु जब महलों में रहकर, शिष्यों के परिजनों का अनाज खाकर शिक्षा देने लगते हों तब महाभारत जैसी घटनाएँ घटित होती हैं। गुरुकुल में राजा हो या प्रजा सभी को समान भाव से रखा जाता था। जीवनशैली एक जैसी होती थी। भीक्षाटन सबसे करवाया जाता था ताकि शिष्य में अहंकार पैदा न हो। शिष्य अपनी इन्द्रियों पर संयम रख सके। एक विशेष विद्या के लिए विद्यार्थी को शुरू से ही उसी विद्यालय में डाला जाता था कि वह उसी विद्या में पारंगत हो सके। पाँच वर्ष की आयु से सीखता हुआ जब तक वह युवा होता तो 15 सालों में उस विद्या में पारंगत हो जाता था। जब ईस्ट इण्डिया कम्पनी भारत आयी तो गुरुकुल की विचारधारा को तोड़ने के लिये मैकाले ने नई शिक्षा नीति का निर्धारण किया। उसने कोलकाता और मुम्बई में कालेज खुलवाये। उसकी सोच थी कि भारतीयों का ऐसा वर्ग तैयार हो जाए जो रक्त और रंग से भारतीय रहे और सोच और शैली अंग्रेजों जैसी हो। शिक्षा महंगी हो गई और गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित होने लगे। नई नीति में सभी को सभी विषय पढ़ाये जाने लगे। देश की मानसिक शक्ति का ह्रास तथ विघटन यहीं से शुरू हो गया।

आज जरूरत है ऐसी व्यवस्था की जिसमें बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पर उनके बिहेवियर और एटिट्यूड का भी आंकलन

हो तो शिक्षक के साथ माता-पिता भी बच्चे के नैतिक विकास के प्रति सचेत हो जायेंगे।

प्रस्तुत शोध का महत्व

प्रत्येक विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में ऐसे छात्र होते हैं जो मंद गति से अध्ययन करते हैं या अध्ययन में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का अनुभव करते हैं। इनमें से कुछ छात्र परीक्षा में अनुत्तीर्ण होते हैं और कुछ विद्यालय की ओर से सदैव लिये मुँह मोड़ते हैं। इस प्रकार के छात्र, शिक्षकों एवं विद्यालय के समक्ष जटिल समस्यायें उपस्थित करते हैं। यदि छात्र की पाठ्य-विषय से संबंधित कठिनाई स्वाभाविक है तो पाठ्य-विषय को उसकी योग्यता के अनुसार बनाया जाना आवश्यक है। इसके विपरीत यदि उसकी कोई विशिष्ट कठिनाई है तो उसमें अधिगम संबंधी विभिन्न कार्यों के द्वारा अधिगम की प्रभावशाली आदतों का विकास किया जाना अनिवार्य है।

इन समस्याओं के समाधानों को खोजने के लिये शिक्षक एवं विद्यालय, निदानात्मक कक्षाओं के संचालन का प्रयास कर रहे हैं। निदानात्मक कक्षाओं द्वारा विद्यार्थियों की विषयगत कठिनाईयों के निराकरण का प्रयास किया जाता है। जिससे विद्यार्थी सतत् अध्ययनरत् रहकर अपनी कठिनाईयों के समाधान द्वारा उच्च उपलब्धि को हासिल करता है। निदानात्मक कक्षाओं में अध्यापक छात्रों की अभिरुचि, सृजनात्मकता एवं शैक्षिक उपलब्धि के अनुसार उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करता है।

निदान का अंतिम कार्य होता है कि छात्रों की कमजोरियों को दूर किया जाये, जब उसकी कमजोरियों का कारण ज्ञात कर लेते हैं तो उन कारणों को दूर करने की प्रविधियों का चयन करके उनका प्रयोग करते हैं जिससे उनकी कमजोरियों को दूर किया जा सकता है। इस प्रकार निदान के अंतर्गत पूर्व कथन कार्य भी निहित होता है। छात्रों की कमजोरियों को दूर करके ही उनमें सुधार लाया जा सकता है सुधार से छात्रों की निष्पत्तियों के स्तर को उठाया जाता है। इस प्रकार निदान का कार्य साफल्यता भी है और निदान की क्रिया गतिशील भी होती है। सुधारात्मक प्रक्रिया व्यक्तिगत अधिक होती है प्रत्येक छात्र में अपनी कमजोरियाँ होती हैं।

निदानात्मक शिक्षण द्वारा कक्षा के कमजोर छात्रों का शैक्षणिक स्तर उच्च किया जा सकता है। हाईस्कूल स्तर पर विभिन्न विषयों के निदानात्मक शिक्षण के लिए शिक्षक को वैज्ञानिक नियमों व सिद्धांतों को व्यवहार में आने वाले उदाहरण देकर समझाना चाहिए। मॉडल, Charts/Specimen आदि का प्रयोग करना चाहिए छात्रों की दोषपूर्ण आदतों, कुशलताओं एवं मनोवृत्तियों को समाप्त करके उत्तम रूप प्रदान करना चाहिए।

समस्या कथन

''उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम को प्रभावित करने वाले कारणों में निदानात्मक कक्षाओं के योगदान का अध्ययन''

अध्ययन में प्रस्तुत तकनीकी शब्दों की व्याख्या

उच्च माध्यमिक परीक्षा परीणाम : माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोजित सीनियर सैकण्डरी स्कूल परीक्षा -2023 (कक्षा-10) की वार्षिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम।

निदानात्मक कक्षायें : निदानात्मक शिक्षण का अर्थ होता है कि विद्यार्थियों की कमजोरियों को दूर किया जाये, जब उसकी कमजोरियों का कारण ज्ञात कर लेते हैं तो उन कारणों को दूर करने की प्रविधियों का चयन करके उनका प्रयोग करते हैं जिससे उनकी कमजोरियों को दूर किया जा सकता है।

योकम व सिम्पसन के अनुसार, ''निदान किसी कठिनाई का उसके चिन्हों या लक्षणों से ज्ञान प्राप्त करने की कला या कार्य है। यह तथ्यों के परीक्षण पर आधारित कठिनाई का स्पष्टीकरण है।''

योगदान : इससे आशय निदानात्मक कक्षाओं द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में गुणात्मक सुधार से है।

अध्ययन के उद्देश्य

(1) उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह तथा प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों पर निदानात्मक कक्षाओं से पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ

(1) उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह तथा प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों पर निदानात्मक कक्षाओं से पड़ने वाले प्रभाव।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में हनुमानगढ़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र-छात्राओं) एवं गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र-छात्राओं) को सम्मिलित किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण

1. उपलब्धि परीक्षण (स्वनिर्मित)
2. शिक्षकों हेतु साक्षात्कार मापनी (निदानात्मक कक्षाओं का योगदान) (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

(1) उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह तथा प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों पर निदानात्मक कक्षाओं से पड़ने वाले प्रभाव

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह के विद्यार्थी	300	56.66	7.175	0.612	स्वीकृत
उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थी	300	56.28	8.149		

सारणी संख्या 2

उच्च माध्यमिक विद्यालयों अध्ययनरत् नियंत्रित समूह एवं प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों के पश्च परीक्षण प्राप्तांकों के विश्लेषण से प्राप्त मध्यमान, प्रामाणिक विचलन, प्रामाणिक त्रुटि एवं क्रांतिक अनुपात तालिका

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह के विद्यार्थी (सामान्य कक्षा)	300	136.09	8.634	0.935	स्वीकृत
उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थी (निदानात्मक कक्षा)	300	139.76	9.149		

व्याख्या :-परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार "उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह तथा प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों पर निदानात्मक कक्षाओं से पड़ने वाले प्रभाव में कोई सार्थक अंतर नहीं है" के परीक्षण हेतु किए गए सांख्यिकीय विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि पूर्व परीक्षण में दोनों समूहों के मध्यमान में कोई उल्लेखनीय भिन्नता नहीं पाई गई। उच्च

माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह तथा प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों के पूर्व परीक्षण में प्राप्त परिणामों की गणना से ज्ञात हुआ कि टी-अनुपात का मान 0.01 स्तर पर तालिका मान से कम है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रित एवं प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों के बीच निदानात्मक कक्षाओं का कोई प्रभावकारी अंतर दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

परन्तु, पश्च परीक्षण से प्राप्त परिणाम पूर्व परीक्षण से भिन्न पाए गए। उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रित समूह (सामान्य कक्षाओं) एवं प्रयोगात्मक समूह ;निदानात्मक कक्षाओंद्ध के बीच किए गए तुलनात्मक विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि टी-अनुपात का मान 0.01 स्तर पर तालिका मान से अधिक है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि पश्च परीक्षण में दोनों समूहों के विद्यार्थियों की उपलब्धियों में स्पष्ट और सार्थक अंतर विद्यमान है। प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों ने नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक उत्तम प्रदर्शन किया।

अतः समग्र विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों निदानात्मक कक्षाओं का विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं परीक्षा परिणाम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नियंत्रित समूह की तुलना में प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिससे यह प्रमाणित होता है कि निदानात्मक कक्षाएँ विद्यार्थियों के शैक्षिक परिणामों को सुधारने और उनकी अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

शैक्षिक सुझाव

1. विद्यार्थियों को विद्यालय एवं निदानात्मक कक्षाओं में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए।
2. अपनी कठिनाइयों के समाधान हेतु निदानात्मक एवं उपचारात्मक कक्षाओं का लाभ उठाना चाहिए।
3. विषयगत कठिनाइयों का समाधान समय पर संबंधित विषय-शिक्षक से कराना आवश्यक है।
4. इन कक्षाओं में विद्यार्थियों की कठिनाइयों का समुचित समाधान किया जाना चाहिए।
5. सहायक सामग्री जैसे नक्शे, चार्ट, मॉडल का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझााव

1. प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को ही शामिल किया है। आगामी शोध के लिए महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी लिया जा सकता है।

2. प्रस्तुत शोध में मात्र 600 विद्यार्थियों का न्यादर्श लिया गया है। इससे बड़ा न्यादर्श भी लेकर अध्ययन किया जा सकता है।

3. भावी शोध में उच्च माध्यमिक विद्यालय स्तर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं में विद्यार्थियों में परीक्षा परिणाम को प्रभावित करने वाले कारणों में निदानात्मक कक्षाओं के योगदान का अध्ययनका अध्ययन किया जा सकता है

सन्दर्भ सूची

- गिरीश डॉ. पचौरी एवं पचौरी रितु, ''उभरते भारतीय समाज में शिक्षक की भूमिका'' 2011, आर.लाल. बुक डिपो, मेरठ
- कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
- दुबे, डॉ. भावना (2006), 'प्राथमिक स्तर की कक्षा-3 में गणित विषय की प्रारम्भिक दक्षताओं के गुणात्मक विकास हेतु उपचारात्मक शिक्षण की प्रभावशीलता का अध्ययन।'' एम.एड. लघुशोध प्रबन्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
- डॉ. शर्मा, वी. एस. ''शिक्षा मनोविज्ञान'' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)

- डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) '' शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी'' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृश्ठ संख्या (407-430)
- श्रीमती इन्दिरा पाल (2010) ''कक्षा-10वीं विज्ञान विषय की निदानात्मक कक्षाओं का छात्रों की उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।'' एम.एड. लघुशोध प्रबन्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
- यादव, कमला सिंह (2004) माध्यमिक स्तर के अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के विज्ञान एवं कला वर्ग छात्रों में मूल्य अभिमुखता एवं मूल्य अन्तर्द्वन्द्व का तुलनात्मक अध्ययन, शोध प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर
- पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
- सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. किरण गिल
सह आचार्य
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

मीनू
पी.एच.डी. शोद्यार्थी
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

सारांश

प्रस्तुत शोध में "उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन" किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के श्री गंगानगर जिले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र-छात्राओं) एवं गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र-छात्राओं) को सम्मिलित किया गया। में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभावों जानने हेतु मूल्य प्रश्नावली (डॉ. जी. पी. शैरी एवं आर.पी. वर्मा) द्वारा निर्मित एवं मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति मापनी का निर्माण शोधकर्त्री द्वारा स्वयं किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया "उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

मुख्य शब्द- उच्च माध्यमिक विद्यालय, विद्यार्थी, मूल्य, मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति।

प्रस्तावना

समाज समुदायों का एक समूह है और समुदाय लोगों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करता है। एक सफल इंसान बनने के लिए एक होने के नाते कुछ सामाजिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए और कुछ मूल्य होने चाहिए। यह है अन्यथा समाज में स्वीकृति पाने के लिए शारीरिक। युवाओं को मूल्यवान माना जाता है और समाज के लिए सम्मानित संपत्ति है। समाज के प्रत्येक सदस्य की अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ होती है समाज, व्यक्तियो ं द्वारा अर्जित मूल्य उन्हें बेहतर नागरिक बनने में मदद करते हैं जिनकी बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। बेहतर सामाजिक जीवन के लिए प्रत्येक सदस्य समाज कुछ जिम्मेदारियों का पालन करने के लिए बाध्य है जो उन्हें प्रतिबद्ध बनाती है समाज। इस प्रकार सामाजिक जिम्मेदारी, सामाजिक मूल्य और सामाजिक प्रतिबद्धता है किसी भी प्रकार के समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। समाज और स्कूल दोनों परस्पर क्रिया करते हैं अन्य। बातचीत के परिणाम से दोनों में सुधार होता है। एक अच्छा शिक्षा प्रणाली एक अच्छे समाज का उत्पाद है और इसके विपरीत भी। हमें शुरुआत करनी चाहिए विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व आरै सामाजिक मूल्यों की शिक्षा

देना। इससे उन्हें मदद मिलती है सामाजिक प्रतिब(ता विकसित करें, जिसका उपयोग समाज के उत्थान के लिए किया जा सके। शिक्षा के द्वारा व्यक्ति और समाज का सर्वांगीण तथा सर्वोत्तम विकास सम्भव है परन्तु यह विकास मूल्यों के अभाव में पूर्णतः असार्थक है। मूल्य वे आदर्श तथा मानदण्ड हैं जो व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित एवं निर्देशित करते हैं। मूल्य ही व्यक्ति को सभ्य तथा सुसंस्कृत बनाते हैं जिनसे वह सम्पूर्ण समाज, राष्ट्र तथा विश्व का कल्याण करने में समर्थ हो सकता है। व्यक्ति की समस्त क्रियाओं तथा व्यवहार का मूलाधार मूल्य तथा आदर्श ही हैं। प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संस्कृति, सभ्यता अथवा समुदाय से सम्बद्ध हो, कुछ निश्चित मूल्यों द्वारा निर्देशित होता है। मूल्य व्यक्ति के व्यवहार, सम्बन्धों, दृष्टिकोणों, निर्णयों तथा अभिवृत्तियों को प्रभावित करते हैं। यह कहना सर्वथा उचित है कि मूल्य हमारे विचारों, भावनाओं तथा क्रियाओं को नियंत्रित कर हमें उचित कार्यों की ओर अग्रसर करते हैं।

समय के परिवर्तन के साथ-साथ मूल्यों तथा आदर्शों में भी परिवर्तन आते रहते हैं। विद्यार्थी जीवन वह काल है जिसमें व्यक्ति के जीवन मूल्यों का निर्माण होता है। यही वह समय है जब व्यक्ति को करणीय तथा अकरणीय कर्मों का उचित ज्ञान प्राप्त होता है। वर्तमान युग आधुनिकीकरण तथा औद्योगिकरण का युग है। आधुनिकीकरण और औद्योगिकरण ने मानव जीवन के प्रत्येक आयाम को प्रभावित किया है। मूल्य भी इस प्रभाव से अछूते नहीं रहे हैं। वर्तमान समय में औद्योगिकीकरण तथा नगरीकरण ने व्यक्तियों को अनेक नवीन अवसर प्रदान किये हैं जिनके कारण उनकी मानसिकता तथा प्राथमिकताओं में विश्वव्यापी परिवर्तन देखने को मिलता है।

मूल्य ही जीवन का निर्धारण तथा संचालन करते हैं। जब-जब समाज में परिवर्तन आता है तब-तब उस परिवर्तन के अनुरूप मूल्य भी बदलते रहते हैं। केवल समाज में हो रहे परिवर्तन ही मूल्यों पर प्रभाव नही डालते वरन् मूल्यों में होने वाला परिवर्तन भी समाज पर भी प्रभाव डालता है। मूल्यों में होने वाला परिवर्तन तथा उसके प्रभाव का दुश्परिणाम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र यथा-सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि पर देखने को मिल रहा है। कट्टरवादिता तथा अवसरवादिता का वातावरण व्याप्त है। 'सर्वे भन्तु सुखिनः' की भावना समाप्त होती जा रही है तथा स्वार्थ की भावना चरमोत्कर्ष पर है। प्राचीन काल के उच्च और अनुकरणीय मूल्य वर्तमान समय में धूमिल होते जा रहे हैं। बालकों में नैतिक मूल्यों का अभाव है तथा वे आध्यात्मिक आदर्शों से विचलित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह नितान्त आवश्यक है कि विद्यार्थियों के हृदय में मूल्यों के बीज प्रस्फुटित किये जाए ताकि भारत पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो सके।

प्रस्तुत शोध का महत्व

भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृ(संस्कृति है। विश्व के अन्य देशों की संस्कृतियाँ तो समय की धारा के साथ नष्ट होती रही हैं परन्तु भारतीय संस्कृति आदि काल से ही अपने परम्परागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। भारतीय संस्कृति की उदारता और समन्वयवादी गुणों ने अन्य संस्कृतियों को भी स्वयं में समाहित किया है और अपने अस्तित्व को भी संरक्षित रखा है। भारतीय संस्कृति में निहित मूल्य, आदर्श, नैतिकता आदि ऐसे तत्व हैं जिन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्वविख्यात तथा अनुकरणीय बनाया है। यादव, कमला सिंह (2004) ने कहा है कि ''अपने आदर्शों, नैतिकता तथा उच्चकोटि के जीवन मूल्यों के कारण भारत को दुनिया में विश्वगुरु के नाम से जाना जाता है।''

वर्तमान समय में भारतवर्ष की इस गौरवशाली परम्परा में निहित प्राचीन आदर्श तथा मूल्य धूमिल होते जा रहे हैं। आधुनिकता की भ्रामक अवधारणा, पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण तथा तर्क प्रधान चिन्तन के कारण हमारे मूल्य पूर्णतः नष्ट तो नहीं हुए हैं परन्तु विघटित अवश्य हो गये हैं। विज्ञान एवं तकनीकी के विकास से ज्ञान में निरन्तर वृद्धि हो रही है परन्तु नैतिकता समाप्त होती जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप मूल्यों का क्षरण हो रहा है। मूल्य मानव जीवन को अधिक से अधिक व्यवस्थित बनाते हैं तथा इनसे मानव को सुख तथा शान्ति मिलती है। परन्तु आज इस सुख तथा शान्ति का स्थान अराजकता, मानसिक पीडाओं, वैयक्तिक कुण्ठाओं ने ले लिया है जिसका एकमात्र कारण है— मूल्यों में होने वाला क्रमिक ह्रास।

मूल्यों में होने वाले परिवर्तन ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र यथा-धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, पारिवारिक, आर्थिक आदि

को प्रभावित किया है। धार्मिक मूल्यों में जहाँ एक ओर कट्टरवादिता दिखाई देती है तो वहीं दूसरी ओर मानव की आस्था बनावटी प्रतीत होती है। अनेक सामाजिक मूल्य जैसे सहयोग, सहानुभूति, परोपकार, सेवा, उदारता, सहिष्णुता आदि पीछे छूट गये हैं। पारिवारिक मूल्यों में जितना परिवर्तन पिछले दो दशकों में हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। वर्तमान समय में संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, सम्बन्धों में खुलापन आ गया है तथा सम्बन्धों के प्रति जिम्मेदारी का भाव कम होता जा रहा है। विशेष रूप से वर्तमान पीढ़ी, जिस पर भारत के नवनिर्माण का उत्तरदायित्व है, की प्राथमिकताएं बदलती जा रही हैं। विद्यार्थियों की मूल्य प्राथमिकताओं का अनेक विद्वानों द्वारा अध्ययन किया गया है जिनमें यही परिलक्षित हुआ है कि विद्यार्थियों के मूल्यों में क्रमिक क्षरण हो रहा है।

टिमर तथा कॉहले ने पाया कि मूल्य प्रतिमानों के चयन में व्यक्ति की आयु, लिंग, जाति, प्रजाति आदि एक निर्णायक भूमिका का निर्वाह करते हैं। मोहसिन तथा चौधरी (1958) ने अपने अध्ययन से स्पष्ट किया कि व्यवसाय में परिवर्तन के साथ मूल्यों में भी परिवर्तन आता है। जमान ने स्पष्ट किया कि सामाजिक मूल्यों पर समयान्तराल का सार्थक प्रभाव पड़ता है और समय परिवर्तन के साथ-साथ मूल्य भी परिवर्तित हो जाते हैं।

समस्या कथन?

"उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन"

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

उच्च माध्यमिक विद्यालय

उच्च माध्यमिक विद्यालयों से तात्पर्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड़ राजस्थान, अजमेर से सम्बन्धित राजकीय तथा गैर राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालयों से है जिनमें कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा प्रदान की जाती है।

विद्यार्थी

यहां विद्यार्थी से तात्पर्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड़ राजस्थान, अजमेर से सम्बन्धित राजकीय तथा गैर राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालयों की 9, 10, 11 व 12 कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छात्र एवं छात्राओं से है।

मूल्य

मूल्य मनुष्य के लिए एक मानदण्ड की तरह कार्य करते हैं। मूल्य वह इच्छित प्रत्यय है जिसमें व्यक्ति रूचि लेता है। जब व्यक्ति अपने सम्मुख दो या दो से अधिक समान रूप से आकर्षक साधनों एवं व्यवसायों में से किसी एक का चयन करना चाहता है तो उस समय उसकी विभिन्न मूल्यों की धारणा ही उसके मानसिक द्वन्द्व को समाप्त कर देती है। किसी समाज के वे विश्वास, आदर्श, सिद्धान्त, नैतिक नियम और व्यवहार मानदण्ड जिन्हें समाज के व्यक्ति महत्व देते हैं और जिनसे उनका व्यवहार निर्देशित एवं नियंत्रित होता है, उस समाज एवं उसके व्यक्तियों के मूल्य होते हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :-

(1) राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

(2) राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

(1) राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(2) राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में श्री गंगानगर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300

(छात्र-छात्राओं) एवं गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र-छात्राओं) को सम्मिलित किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. मूल्य प्रश्नावली (डॉ. जी. पी. शैरी एवं आर.पी. वर्मा)
2. मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति मापनी (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

(1) राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी	300	56.66	7.175	0.612	स्वीकृत
गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी	300	56.28	8.149		

व्याख्या :- परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

(2) राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्य के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति	300	29.41	10.004	0.747	स्वीकृत
गैरराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्य के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति	300	28.84	9.095		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि राजकीय व गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों

के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

शैक्षिक सुझाव

विद्यार्थियों में मूल्यों के सम्वर्धन के लिए अध्यापकों को विभिन्न मूल्यों से सम्बन्धित कहानियों, कविताओं तथा प्रेरक प्रसंगों का अपने शिक्षण में प्रयोग करना चाहिए। शिक्षकों को स्वयं कक्षा में प्रजातान्त्रिक मूल्यों का पालन करना चाहिए, धार्मिक संकीर्णता से दूर रहना चाहिए तथा बदलते हुए समाज के बदलते हुए मूल्यों को हृदय से स्वीकार करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। केवल तभी शिक्षक विद्यार्थियों में धार्मिक, सामाजिक, प्रजातान्त्रिक आदि अनेक मूल्यों का उचित विकास कर सकेंगे। शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक क्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए तथा सौन्दर्यात्मक, आर्थिक, सुखवादी तथा शक्ति मूल्य के प्रति उचित दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझाव

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

2. प्रस्तुत अध्ययन को अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं सामान्य जाति के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव विषय पर विस्तृत प्रतिदर्श लेकर शोध कार्य किया जा सकता है।

3. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालयों, केन्द्रीय एवं आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव पर अनुसंधान सम्पादित किया जा सकता है।

सन्दर्भ सूची

1. आर्य बी.एल. (2000): ''शिक्षा में तकनीकी बदलाव'' : शिविरा पत्रिका, मा. शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, वर्ष-40, अंक-10, अप्रैल
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. गौतम, रेनु, (2006) माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, लघु शोध-प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
4. डॉ. शर्मा, वी. एस. ''शिक्षा मनोविज्ञान'' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) ''शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी'' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृश्ठ संख्या (407-430)
6. मिश्रा, सुनीता (2006) हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के मूल्य, व्यक्तित्व तथा समायोजन का प्रतिबल पर प्रभाव का अध्ययन, शोध प्रबन्ध, मनोविज्ञान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
7. यादव, कमला सिंह (2004) माध्यमिक स्तर के अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के विज्ञान एवं कला वर्ग छात्रों में मूल्य अभिमुखता एवं मूल्य अन्तर्द्वन्द्व का तुलनात्मक अध्ययन, शोध प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर
8. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
9. शर्मा, शोभा (2014) कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों के संगठनात्मक पर्यावरण तथा उसमें अध्ययनरत छात्राओं के व्यक्तित्व, शैक्षिक सम्प्राप्ति और वैयक्तिक मूल्यों का अध्ययन, शोध प्रबन्ध, शिक्षा शास्त्र, चौ. चरणसिंह वि.वि., मेरठ
10. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के शैक्षिक दर्शन का वर्तमान परिप्रेक्षय में समालोचनात्मक अध्ययन

डॉ. किरण गिल
सहायक आचार्या
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

प्रमिला कुमारी
पी.एच.डी. शोद्यार्थी
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

संकेत शब्द - गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर, शैक्षिक दर्शन, समालोचनात्मक अध्ययन।

प्रस्तावना

भारतीय संस्कृति, साहित्य और शिक्षा-जगत में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का स्थान अत्यंत ऊँचा तथा वैश्विक स्तर पर मान्यता-प्राप्त है। वे केवल एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, दार्शनिक या समाजसुधारक ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट शिक्षाविद् भी थे। टैगोर मानते थे कि शिक्षा मनुष्य की आंतरिक शक्तियों को जाग्रत करने का साधन है। उनका कहना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन या नौकरी-उन्मुख प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि मनुष्य को अपनी प्रकृति के अनुरूप विकसित करना है। टैगोर की शिक्षा में स्वतंत्रता, सौन्दर्य-बोध, अनुभव, प्रकृति, सांस्कृतिक संवेदना, कला और मानवता का गहन समन्वय दिखाई देता है।

टैगोर के शैक्षिक विचारों की विशेषता यह है कि वे भारतीय परंपरा और आधुनिकता के बीच एक उपयुक्त संतुलन स्थापित करते हैं। उन्होंने आधुनिक विज्ञान, तर्क, कला, भाषा, संस्कृति और प्रकृति को शिक्षा के केंद्र में रखा। उनके अनुसार शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है– मनुष्य को पूर्ण मनुष्य बनाना। उनका चिंतन वर्तमान शिक्षा प्रणाली के कई पहलुओं जैसे- अनुभवात्मक अधिगम, मातृभाषा आधारित शिक्षा, बहुविषयक शिक्षा, कला-एकीकरण, पर्यावरण शिक्षा और वैश्विक नागरिकता के विकास से सामंजस्य रखता है। आज का विष्व तकनीकी उन्नति, प्रतिस्पर्धा, तनाव, नैतिक संकट, पर्यावरणीय आपदाओं और सांस्कृतिक संघर्षों से जूझ रहा है। ऐसे युग में टैगोर का मानवीय, सौंदर्यपरक, प्रकृति-सम्मत और समग्र शिक्षा-दर्शन मानवता को एक नई दिशा प्रदान करता है। इसी पृष्ठभूमि में प्रस्तुत शोध-पत्र आधुनिक शिक्षा के संदर्भ में टैगोर के शैक्षिक दर्शन का समालोचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है।

शोध का महत्व एवं औचित्य

टैगोर का शैक्षिक दर्शन केवल ऐतिहासिक नहीं, बल्कि वर्तमान भारतीय शिक्षा-परिदृश्य में अत्यंत उपयोगी है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 में टैगोर के विचारों का प्रभाव स्पष्ट दिखता है, जैसे- बहुविषयक शिक्षा, रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, कला-आधारित शिक्षा, मातृभाषा आधारित अधिगम, स्थानीय-वैष्विक संतुलन और विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा। इस शोध का औचित्य निम्न बिंदुओं के आधार पर स्पष्ट होता है–

- वर्तमान शिक्षा अत्यधिक परीक्षा-केंद्रित, रटने पर आधारित और कौशल-विहीन हो चुकी है। टैगोर का सृजनात्मक और अनुभवात्मक मॉडल इससे भिन्न है और शिक्षण में नवीनता व जीवंतता लाता है।
- आधुनिक समाज में मूल्य-संकट, अनैतिक व्यवहार, हिंसा, तनाव और मनोवैज्ञानिक असंतुलन जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। टैगोर ने शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, प्रेम, सहयोग, संवेदना और मानवतावाद की स्थापना पर बल दिया।
- पर्यावरणीय संकट के इस युग में टैगोर का प्रकृति-आधारित शिक्षा-दर्शन अत्यंत सामयिक है। वे प्रकृति को सर्वोत्तम शिक्षक मानते थे और छात्रों को पर्यावरण का संरक्षक बनाने की वकालत करते थे।
- बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा और तकनीकी विकास के कारण शिक्षा में मानवीय मूल्य उपेक्षित हुए हैं। टैगोर का दर्शन शिक्षा को मानवीय, संवेदनशील और कलात्मक बनाता है।
- बहुसांस्कृतिक समाज में अंतरराष्ट्रीय दृष्टि विकसित करना आवश्यक है। टैगोर ने संकीर्ण राष्ट्रवाद का विरोध किया और विश्वबंधुत्व को शिक्षा का प्रमुख लक्ष्य माना।
- अतः यह शोध आज के संदर्भ में टैगोर के विचारों को पुनः समझने, उनकी समालोचना करने और आधुनिक शिक्षा प्रणाली में उनका महत्व स्थापित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य

इस शोध-पत्र के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

1. गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शैक्षिक दर्शन की मूल अवधारणाओं का अध्ययन करना।

2. टैगोर द्वारा स्थापित शिक्षा-संस्थानों, विशेषकर शांतिनिकेतन और विश्वभारती विश्वविद्यालय का अध्ययन और उनकी शैक्षिक भूमिका को समझना।

3. टैगोर के शैक्षिक दर्शन का समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करना।

4. वर्तमान भारतीय शिक्षा-व्यवस्था, विशेषकर नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में टैगोर के विचारों की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करना।

5. यह विश्लेषण करना कि टैगोर के दर्शन को आधुनिक शिक्षा में किस प्रकार लागू किया जा सकता है।

6. टैगोर के विचारों की सीमाओं और आधुनिक संदर्भ में उनकी संभावनाओं को रेखांकित करना।

अध्ययन की उपयोगिता

यह शोध कई स्तरों पर उपयोगी सिद्ध होता है।

- शिक्षा के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए यह शोध टैगोर के शैक्षिक दर्शन की गहराई और विस्तार को समझने में सहायक है।
- यह अध्ययन नीति-निर्माताओं के लिए भी उपयोगी है क्योंकि टैगोर के विचार शिक्षा को अधिक मानवीय, सर्वांगीण और मूल्य आधारित बनाने में मदद करते हैं।
- आधुनिक विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में यह अध्ययन शिक्षण-पद्धतियों में सुधार, प्राकृतिक वातावरण के उपयोग, कला और सृजनात्मक गतिविधियों के समावेश तथा विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण को बढ़ावा देने में सहायक हो सकता है।
- टैगोर का मानवतावादी व वैष्विक दृष्टिकोण सामाजिक सद्भाव, शांति, सौहार्द और बहुसांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु उपयोगी है।
- इस अध्ययन से आधुनिक शिक्षकों को यह प्रेरणा मिलती है कि शिक्षा केवल सूचना देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानव-निर्माण की प्रक्रिया है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का शिक्षा में योगदान

रवीन्द्रनाथ टैगोर का शिक्षा में योगदान अत्यंत व्यापक और मौलिक है। उनका योगदान निम्न रूपों में देखा जा सकता है।

1. शांतिनिकेतन की स्थापना''

उन्होंने 1901 में एक खुले विद्यालय की स्थापना की, जिसका उद्देश्य था छात्रों को प्रकृति के मध्य शिक्षा देना। यहाँ शिक्षण का वातावरण कठोर अनुशासन के बजाय स्वतंत्रता, सहयोग और रचनात्मकता पर आधारित था।

2. विश्वभारती विष्वविद्यालय''

1921 में स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय टैगोर के वैश्विक शिक्षा दृष्टिकोण का प्रतीक है। इसका उद्देश्य था। पूर्व और पश्चिम की सांस्कृतिक धारा को जोड़ना, अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करना तथा कला, साहित्य, दर्शन और विज्ञान का समन्वित विकास करना।

3. मातृभाषा आधारित शिक्षा

टैगोर ने शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को बनाया। उनका मानना था कि भाषा वह पुल है जो बच्चे को ज्ञान, संस्कृति और समाज से जोड़ती है।

4. कला और संगीत का महत्व''

उन्होंने शिक्षा में कला को केवल 'सहायक गतिविधि' नहीं बल्कि मुख्य माध्यम माना। संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला आदि शांतिनिकेतन के पाठ्यक्रम का मुख्य हिस्सा थे।

5. अनुभव-आधारित शिक्षा''

टैगोर प्रत्यक्ष अनुभव, प्रकटन, अवलोकन, संवाद और गतिविधि के माध्यम से शिक्षण को महत्व देते थे। उनके अनुसार सीखना जीवन से जुड़ा होना चाहिए।

6. मानवीय मूल्य और चरित्र निर्माण''

वे शिक्षा को भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों के विकास का साधन मानते थे। उनके विचार में शिक्षा का अंतिम लक्ष्य 'संपूर्ण मानव' का निर्माण है।

7. शिक्षकदृशिष्य संबंध

उन्होंने शिक्षक को मार्गदर्शक, प्रेरक और मित्र के रूप में देखा। शिक्षा में स्नेहपूर्ण संबंध को अत्यंत महत्वपूर्ण माना।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का शिक्षा दर्शन

टैगोर के शैक्षिक विचार मानवतावाद, प्रकृति, कला, स्वतंत्रता और अनुभव पर आधारित हैं। उनका शैक्षिक दर्शन निम्न बिंदुओं के माध्यम से समझा जा सकता है।

1. प्रकृति-केन्द्रित शिक्षा

टैगोर का मानना था कि प्रकृति मनुष्य का वास्तविक शिक्षक है। वे शिक्षा को प्रकृति के साथ सुसंगत बनाने पर बल देते थे। प्रकृति के वातावरण में सीखने से छात्र में सौंदर्यबोध, प्राकृतिक चेतना, समरसता और रचनात्मकता विकसित होती है।

2. स्वतंत्रता और स्वाभाविक विकास का सिद्धांत

टैगोर बच्चों पर किसी प्रकार के दमन के पक्ष में नहीं थे। वे कहते थे कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चे का आंतरिक विकास करना है। उन्होंने 'स्वाधीन शिक्षा' पर बल दिया।

3. कला और सौंदर्यबोध का विकास

उनका विष्वास था कि कला संवेदनशीलता का विकास करती है। शिक्षा में कला, संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला आदि

का समावेश आवश्यक है।

4. मानवतावाद और सार्वभौमिकता

टैगोर संकीर्णता का विरोध करते थे। वे विष्वबंधुत्व के समर्थक थे। उनका मानना था कि शिक्षा मनुष्य को वैष्विक दृष्टि देनी चाहिए।

5. बहुसांस्कृतिकता

विष्वभारती के माध्यम से उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास किया। उनका उद्देश्य था—विविधताओं में एकता स्थापित करना।

6. आध्यात्मिक और नैतिक विकास

टैगोर शिक्षा को आत्मा का विकास मानते थे। वे मूल्यशिक्षा, नैतिकता और शांति की शिक्षा पर बल देते थे।

7. मातृभाषा का महत्व

वे शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा का समर्थन करते थे क्योंकि मातृभाषा ही बच्चे के भाव विष्व को सही रूप में अभिव्यक्त कर सकती है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में टैगोर के शैक्षिक दर्शन का समालोचनात्मक अध्ययन

आज के तकनीक-प्रधान, प्रतिस्पर्धात्मक और औद्योगिक शिक्षा वातावरण में टैगोर के विचार कई रूपों में प्रासंगिक हैं। हालांकि उनके विचारों की कुछ व्यावहारिक सीमाएँ भी हैं। यह समालोचना निम्न भागों में प्रस्तुत की जा सकती है—

1. प्रासंगिकताएँ

- नई शिक्षा नीति 2020 में बहुविषयक शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम और कला-एकीकरण टैगोर के विचारों से मेल खाते हैं।
- पर्यावरण शिक्षा के लिए प्रकृति-आधारित educational मॉडल अत्यंत उपयोगी है।
- वैश्विक नागरिकता, मानवतावाद और बहुसांस्कृतिक समझ टैगोर के दर्शन के समान ही हैं।
- मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन के लिए कला-आधारित शिक्षा महत्वपूर्ण है।

2. सीमाएँ

- आधुनिक शहरी विद्यालयों में शांतिनिकेतन जैसा प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराना कठिन है।
- पूर्ण स्वतंत्रता अनुशासनहीनता पैदा कर सकती है, अतः इसकी सीमाएँ आवश्यक हैं।
- अत्यधिक कला-केन्द्रित शिक्षा विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा कम कर सकती है यदि संतुलन न रखा जाए।

निष्कर्ष

टैगोर का शैक्षिक दर्शन भारतीय शिक्षा के इतिहास में मील का पत्थर है। उन्होंने शिक्षा को मानवीय, प्राकृतिक, रचनात्मक, सार्वभौमिक और समग्र बनाया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। नई शिक्षा नीति 2020, कौशल शिक्षा, कला-एकीकरण, वैश्विक दृष्टिकोण, पर्यावरण शिक्षा और मानवता आधारित शिक्षण में उनके विचारों का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। आधुनिक चुनौतियों, प्रौद्योगिकी का दबाव, मूल्य-संकट, तनाव, पर्यावरणीय समस्याएँ, का समाधान भी टैगोर के दर्शन में मिलता है। इसलिए निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि टैगोर का शैक्षिक दर्शन न केवल समकालीन शिक्षा को दिशा देता है, बल्कि भविष्य की शिक्षा प्रणाली का भी मार्गदर्शन करता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. टैगोर, रवीन्द्रनाथ (1985). 'शैक्षिक निबंध'. विष्वभारती प्रकाशन।

2. सेन, अमत्र्य (2008). 'टैगोर और आधुनिक भारत'. नई दिल्ली, पेंगुइन।
3. शर्मा, आर.के. (2001). 'भारतीय शिक्षा के दार्शनिक आयाम'. दिल्ली, अयन प्रकाशन।
4. प्रताप, के. (2010). 'महान शिक्षाविदों के शिक्षा सिद्धांत'. नई दिल्ली, राजपाल एंड संस।
5. नई शिक्षा नीति 2020. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय।
6. मुखर्जी, ए. (1998). 'टैगोर का शांतिनिकेतन'. कोलकाता : विष्वभारती।
7. पाण्डेय, रामनारायण (2005). 'भारतीय शिक्षाशास्त्र'. आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण का समाजिक स्तरपर प्रभाव का अध्ययन

डॉ. गोविन्द सोनी
सह आचार्य
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

शैलेजा बेनीवाल
पी.एच.डी. शोद्यार्थी
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

सारांश

प्रस्तुत शोध में "अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण का समाजिक स्तर का पर प्रभाव का अध्ययन" किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के बीकानेर जिले के राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत् 300 विद्यार्थियों तथा निजी अकादमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत् 300 विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया। "अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण, समाजिक स्तर पर प्रभाव को जानने हेतु धार्मिक प्रवृत्ति मापनी आर. के. ओझा द्वारा निर्मित एवं समाजिक स्तर मापनी स्वंनिर्मित निर्मित का प्रयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया "अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण का समाजिक स्तर पर प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

मुख्य शब्द- विद्यार्थी, अकादमिक महाविद्याल, धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण, समाजिक स्तर।

प्रस्तावना

मनुष्य और धर्म का सम्बन्ध मानव सभ्यता जितना ही प्राचीन है। आदिकाल से ही मनुष्य प्रकृति की शक्तियों के प्रति श्रद्धा, भय और विस्मय की भावना रखता आया है। यही भाव धर्म का आरंभिक स्वरूप बना और धीरे-धीरे मनुष्य की बुद्धि, विज्ञान, सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ धर्म की धारणाएँ भी अधिक जटिल एवं व्यापक होती चली गईं। मूल अर्थ में धर्म वह आस्था है जो मानव को श्रेष्ठ आचरण, नैतिक मूल्यों और परम आदर्शों की दिशा में प्रेरित करती है तथा उसके जीवन के प्रत्येक पक्ष को प्रभावित करती है।

मानव जीवन प्राकृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिककृइन तीन मूलभूत आधारों पर अवलंबित है। सामाजिक नियम जहाँ व्यक्ति को सामाजिक उन्नयन प्रदान करते हैं, वहीं आध्यात्मिक अनुशासन मानव के तीनों आयामों का विकास कर उसे उच्च नैतिक आदर्शों की ओर उन्मुख करता है। धर्म व्यक्ति के आचरण को संयमित करता है, सामाजिक सौहार्द स्थापित करता है और आत्मिक शांति प्रदान करता है। इसीलिए धर्म को मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण की मूल प्रेरणा माना गया है।

धार्मिक प्रवृत्ति व्यक्ति को विशिष्ट धारणाओं, मूल्यों और व्यवहार की ओर अग्रसर करती है। धार्मिक संस्थाएँ और उनके द्वारा स्थापित परम्पराएँ व्यक्ति को अनुशासन, दिशा और आत्मचेतना प्रदान करती हैं। धर्म को अक्सर वैयक्तिक अनुभूति माना जाता है, जो संगीत या कला की तरह मनुष्य की आत्मा को संतोष और प्रेरणा देती है। किंतु अधिशिक्षण या कठोरता के रूप में धर्म का आरोपण इसके वास्तविक उद्देश्य को बाधित कर देता है। विशेष रूप से बच्चों पर धर्म का दुरुपयोग उनके भीतर विभाजन, असहिष्णुता और संकीर्ण विचारों को जन्म दे सकता है, जिससे धर्म का मूलभूत शांति संदेश ही प्रभावित हो जाता है।

विद्यार्थियों का धार्मिक परिवेश उनके पारिवारिक जीवन, संरक्षकों तथा धार्मिक समुदायों से प्रभावित होता है। विद्यालय में भी शिक्षक के विचार अनजाने में विद्यार्थियों के मन पर गहरी छाप छोड़ते हैं। यह प्रभाव सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। इसलिए आवश्यक है कि विद्यार्थियों में धार्मिक प्रवृत्ति का संतुलित विकास हो, जिससे उनमें सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सहयोग और मानवीय दृष्टि विकसित हो सके।

वर्तमान समय में धार्मिक भावनाएँ कई बार साम्प्रदायिकता में परिवर्तित होकर सामाजिक असंतुलन उत्पन्न कर रही हैं। धर्म का उद्देश्य आध्यात्मिक उन्नयन के बजाय समूह विशेष की कठोरता के रूप में प्रकट होने लगा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से परिपूर्ण यह युग अंधविश्वासों को चुनौती देता है, फिर भी कई पुरानी रूढ़ियाँ व्यक्ति के मन में अवचेतन रूप में बनी रहती हैं जो सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित करती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के धार्मिक दृष्टिकोण और उनकी सामाजिक प्रवृत्ति का वैज्ञानिक अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

आधुनिकीकरण आज के युग का केंद्रीय विषय है। इसका संबंध विज्ञान, प्रौद्योगिकी, तार्किकता, परिवर्तन की स्वीकृति तथा प्रगतिशील सोच से है। विकसित एवं विकासशील देशों में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न गति से चल रही है। आधुनिकता उस परिवर्तन को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, जिसे समाज लाभकारी और वांछनीय समझता है। आधुनिकीकरण व्यक्ति में भविष्यगामी दृष्टिकोण विकसित करता है और उसे यह विश्वास दिलाता है कि संसार का रूपांतरण संभव है। विज्ञान आधारित आधुनिक शिक्षा व्यक्ति को चिंतनशील बनाती है और अंधविश्वासों से मुक्त करती है।

भारतीय समाज भी विज्ञान, तकनीक और शिक्षा के प्रभाव से तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। किसी भी राष्ट्र की मजबूती विज्ञान एवं तकनीकी उन्नति से होती है और शिक्षित नागरिक इस प्रगति के वाहक होते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृत्ति और आधुनिकीकरण के मध्य संबंध को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र के रूप में उभरता है। यह अध्ययन व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उन्नयन और राष्ट्रीय विकासकृतीनों की दिशा को समझने में सहायक सिद्ध होता है।

अतः धर्म, आधुनिकीकरण और व्यक्तित्व विकास के मध्य अंतर्सम्बंधों का अध्ययन उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के संदर्भ में विशिष्ट महत्व रखता है। यह अध्ययन इस दृष्टि से भी आवश्यक बन जाता है कि भविष्य का समाज आज के विद्यार्थियों के विचारों, व्यवहार और मूल्यों पर आधारित होगा।

प्रस्तुत शोध का महत्व

आज राष्ट्र के प्रत्येक मोड़ पर साम्प्रदायिक तनाव की परछाइयाँ लम्बी होती जा रही हैं। धर्म के पवित्र आवरण के भीतर कट्टरता की धधकती चिंगारियाँ छिपी हैं, जो एक क्षण में ही हिंसा की ज्वाला बनकर समाज को झुलसा देती हैं। मनुष्य का धर्म के प्रति भावनात्मक समर्पण यदि विवेक के बिना हो, तो वह श्रद्धा से आगे बढ़कर अंध श्रद्धा का रूप धारण कर लेता है। व्यक्ति न केवल अपने विश्वास की रक्षा हेतु बल्कि अपने अस्तित्व तक को बलिदान कर देने के लिए तैयार हो जाता है।

धर्म शब्द मानव सभ्यता का गौरव भी रहा है और त्रासदी भी। इसी धर्म ने जहाँ संस्कृति, मूल्यों, करुणा और सह अस्तित्व जैसी उच्चतम मानव उपलब्धियाँ प्रदान कीं, वहीं दूसरा रूप आने पर युौं, नरसंहारों, शोषण और क्रूरता को भी जन्म दिया। मानव इतिहास के सबसे बड़े पाखंड, सबसे गहरी अंधविश्वासी जड़ें और सबसे भीषण संघर्ष सभी धर्म के नाम पर ही हुए।

यह विरोधाभास ही धर्म को शोध की दृष्टि से अधिक जटिल और महत्वपूर्ण बनाता है।

धार्मिक प्रवृत्ति व्यक्ति के भीतर आस्तिकता, नैतिकता और आत्मिक जागृति का संचार कर सकती है। सच्चा धार्मिक व्यक्ति केवल नियमों का अनुयायी नहीं, बल्कि सद्गुणों का रचनाकार होता है। उसके भीतर ऐसी अंतरात्मा जन्म लेती है जो उसे अनैतिकता से कोसों दूर ले जाती है।

वर्तमान समय में विद्यार्थी बाह्य जगत की चमक में रमे हुए हैं। आधुनिक विज्ञान और तार्किकता ने उन्हें भौतिकवादी बनाया है। तथाकथित 'वैज्ञानिक बुद्धि' कई बार अहंकार का रूप ओढ़ लेती है और धर्म के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। एक ओर समाज परम्परागत संरचनाओं से आगे बढ़कर आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर है, और दूसरी ओर धार्मिक भावनाएँ और अधिक तीव्र हो रही हैं। यह द्वंद्व सामाजिक विकास को गति देने के बजाय अवरोध उत्पन्न कर रहा है।

आधुनिकीकरण वस्तुतः निरंतर परिवर्तनशील प्रक्रिया है, जिसमें समाज पुरानी जड़ताओं को छोड़कर प्रगतिशील मूल्यों को अपनाता है। यदि धार्मिक प्रवृत्ति संकीर्णता को जन्म नहीं दे और नैतिक गुणों को पुष्ट करे तो यही धर्म आधुनिकीकरण को मजबूत आधार प्रदान कर सकता है। अतः विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृत्ति किस दिशा में प्रवाहित हो रही है? क्या वह उनके व्यक्तित्व का विकास कर रही है या बाधा? यह जानना अत्यंत आवश्यक है।

धर्म व्यक्तित्व के निर्माण पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार का प्रभाव डालता है। चरित्र निर्माण, विचार विस्तार और सामाजिकता के विकास में धर्म अनेक बार प्रेरक तत्त्व बनता है किंतु जब धार्मिक अहंकार उभरता है, तब मनुष्य मनुष्य का शत्रु बन बैठता है।

विद्यार्थी समाज की भावी नींव हैं। परिवार और समाज से प्राप्त मान्यताएँ, परम्पराएँ, धार्मिक आस्था और नैतिक व्यवहार बालक के व्यक्तित्व ढाँचे का निर्माण करती हैं। सामाजिक स्तर चाहे भिन्न हों, सभी पर धर्म का प्रभाव किसी न किसी रूप में विद्यमान है। जन्म के समय एक असहाय बालक सामाजिक परिवेश में घुलमिलकर भाषा, संस्कृति, व्यवहार, धार्मिक आस्थाएँ और सामाजिक आदर्श प्राप्त करता है, और इन्हीं से उसका व्यक्तित्व और सामाजिक स्तर आकार लेता है।

अतः आवश्यक है कि धार्मिक प्रवृत्ति को तर्क, नैतिकता और सामाजिक सौहार्द की रोशनी मिले। तभी आधुनिकीकरण की दिशा सही होगी और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में संकीर्णता के स्थान पर उदारता तथा मानवता का विकास होगा। यही शोध इस दिशा में एक सार्थक, समयोचित और अनिवार्य प्रयास है।

धार्मिक प्रवृत्ति का आधुनिकीकरण व जीवन के विभिन्न पक्षों, जैसे व्यक्तित्व व सामाजिक स्तर पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह कैसे उन्हें प्रभावित करती है, इसका अध्ययन करना व उन्हें समझना अति आवश्यक है, जो कि एक ज्वलन्त विषय है, जिसका गहन अध्ययन देश, समाज व काल के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि इस समस्या का गहन अध्ययन हो, यह समस्या समाज के लिए बहुत अधिक महत्तपूर्ण है। समस्या के पीछे के कारणों को जानना व उसे दूर करने के उपाय ही इस शोध की उपयोगिता है। इसलिए शोधकर्त्री ने समस्या को शोधकार्य हेतु चुना है।

समस्या कथन

"अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का उनके आधुनिकरण का समाजिक स्तरपर प्रभाव का अध्ययन"

अध्ययन में प्रस्तुत तकनीकी शब्दों की व्याख्या -

अकादमिक महाविद्यालय :-

अकादमिक शब्द का अभिप्राय अमूर्त प्रत्ययों तथा विचारों से सम्बन्धित है। भाषा, इतिहास, अर्थशास्त्र, गणित, मानविकी, विज्ञान आदि। अव्यावसायिक विषयों से सम्बन्धित विषयों के व्यापक क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त होती है।

महाविद्यालय मूल शब्द का अर्थ है एक बड़ा कक्ष जहाँ सहयोगी व्यक्ति किसी सर्वनिष्ठ उद्देश्य या कार्य के लिए एकत्र हो अथवा व्यक्तियों की ऐसी संस्था जहाँ लोग किसी सर्वनिष्ठ प्रयोजन के लिए मिलते हो। बाद में यह शब्द माध्यमिक तथा

उच्च शिक्षा की संस्थाओं के लिए प्रयोग होने लगा। अब यह माध्यमिक स्तर में ऊपर की शिक्षा देने वाली संस्थाओं के लिए प्रयोग होता है। यह उत्तर किशोरावस्था के छात्रों के लिए माध्यमिक स्तर के बाद तथा विश्वविद्यालयीय शिक्षा के प्रारम्भिक स्तर की संस्था है।

धार्मिक प्रवृत्ति :

'धर्म' शब्द 'धृ' (धारणे) धातु में मन् प्रत्यय लगाकर उत्पन्न होता है। इसका अर्थ 'धारण करना' है– 'धारयतीति धर्मः' धर्म की व्युत्पत्ति तीन प्रकार से बतायी गयी है। रिलीजन शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'रिलीजेयर' शब्द से हुई है, जिसका अर्थ है– बाँधना। इस प्रकार शाब्दिक दृष्टि से रिलीजन का अर्थ है, मनुष्य तथा ईश्वर में सम्बन्ध जोड़ने वाला' अथवा 'मनुष्यों को परस्पर बाँधने वाला'। 'धर्म' का सार- नम्रता, मानवता, दया और निष्पक्षता है।

आधुनिकीकरण :

आधुनिक (Modern) शब्द की उत्तपत्ति लैटिन भाषा के शब्द 'मोडो' से हुई है, जिसका अभिप्राय 'प्रचलन' से है। अतः कहा जा सकता है कि जो कुछ भी प्रचलन में है, वही आधुनिकता है। व्युत्पत्ति के आधार पर वर्तमान में प्रचलन को आधुनिकता मानने का अर्थ है कि समाज के सदस्यों ने उन सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तनों को स्वीकार कर लिया है, जो वर्तमान में घटित हुए हैं, अथवा हो रहे हैं, क्योंकि वे वांछनीय व लाभदायक हैं। आधुनिकता को अच्छाई के अर्थ में स्वीकार करते हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि सामाजिक परम्परा में होने वाले परिवर्तन एवं नवीनता को आधुनिकता व आधुनिकता की प्रक्रिया को आधुनिकीकरण कहा जाता है।

समाजिक स्तरः

सामाजिक स्तर से तात्पर्य विद्यार्थी के उस वातावरण से है, जिसमें वह रहता है, शिक्षा प्राप्त करता है। माता-पिता तथा अन्य लोगों के साथ विचारों का आदान-प्रदान कर ज्ञान में वृद्धि करके अभिवृत्ति के अनेकानेक गुणों का विकास करता है। सामाजिक प्रभावों से रहित व्यक्तित्व के विकास की कल्पना करना मनोवैज्ञानिक असत्य होगा। समाज में व्यक्ति की प्रस्थिति सामाजिक व आर्थिक आधार पर होती है, जो हर समाज में अलग-अलग होती है। व्यक्ति का समाज में कितना योगदान है, या उसका क्या मूल्य है, इस आधार पर उसका स्तर निर्धारित होता है। व्यक्ति की समाज में स्थिति उसकी आय, निवेश, शिक्षा भौतिक तथा सामाजिक सम्बन्ध समाज में उसके कार्य की महत्ता उसके व्यवसाय इत्यादि के आधार पर आधारित होती है।

अध्ययन के उद्देश्य

(1) राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का तुलनात्मक अध्ययन करना।

(2) राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

(1) राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का तुलनात्मक में कोई सार्थक अन्तर नही है।

(2) राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर में कोई सार्थक अन्तर नही है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान राज्य के बीकानेर जिले के राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत् 300 विद्यार्थियों तथा निजी अकादमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत् 300 विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. धार्मिक प्रवृत्ति मापनी (आर. के. ओझा)
2. समाजिक स्तर मापनी (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

(1) राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति का तुलनात्मक में कोई सार्थक अन्तर नही है।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
राजकीय अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	173.67	13.224	1.771	स्वीकृत
निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	172.85	13.881		

व्याख्या :-परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् विद्यार्थियों की धार्मिक प्रवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

(2) राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर में कोई सार्थक अन्तर नही है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
राजकीय अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थी का सामाजिक स्तर	300	38.45	11.248	1.568	स्वीकृत
निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक स्तर	300	33.59	12.0214		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि राजकीय व निजी अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

शैक्षिक सुझाव

1. सकारात्मक धार्मिक प्रवृत्ति से विद्यार्थियों में सदाचार, नैतिकता, अनुशासन और अध्यवसाय जैसे गुणों का विकास होता है जो शैक्षिक प्रगति को सुदृढ़ बनाते हैं।

2. धर्म भावनात्मक संतुलन प्रदान करता है जिससे विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों का दृढ़ता से सामना कर पाते हैं।

3. धार्मिक मूल्यों का ज्ञान आधुनिक जीवन-शैली को संतुलित दृष्टिकोण के साथ अपनाने में सहायता करता है।

4. विद्यार्थियों में विभिन्न धर्मो, जातियों और संस्कृतियों के प्रति आदर एवं सहिष्णुता का भाव विकसित होता है।

भावी शोध हेतु सुझाव

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

2. विद्यालय में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की स्थापना में यह अध्ययन सहायक है।

3. धार्मिक विविधता को स्वीकार कर शिक्षक देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ कर सकते हैं।

4. धार्मिक कट्टरता और अंधविश्वास से विद्यार्थियों को दूर रखने के लिए तार्किक संवाद का उपयोग किया जा सकता है।

5. विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में शिक्षक प्रभावी मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं।

6. समावेशी शिक्षा के सि(ांत को व्यवहार में लागू करने में यह शोध सहायक है।

सन्दर्भ सूची

1. प्रो. श्री वास्तव सी. बी., डॉ. शर्मा माता प्रसाद ''शैक्षिक अनुसंधान की विधियाँ" अपोलो प्रकाशन, जयपुर पृष्ठ सं. 38
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. कुलश्रेष्ठ, एस.पी. (2008), ''शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार'',अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।
4. मिश्रा, रामप्रसाद (1986), भारत की एकता, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली
5. डॉ. शर्मा, वी. एस. ''शिक्षा मनोविज्ञान'' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
6. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) ''शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी'' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृश्ठ संख्या (407-430)
7. मिश्रा, सुनीता (2006) हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के मूल्य, समाजिक स्तरतथा समायोजन का प्रतिबल पर प्रभाव का अध्ययन, शोध प्रबन्ध, मनोविज्ञान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
8. सकपाल हूवानामा व सम्बन्नना (2006) खिलाड़ियों के व्यक्तित्व, सामंजस्य, उपलब्धि, व प्रेरणा पर सामाजिक-आर्थिक-स्तर के प्रभाव का अध्ययन किया।
9. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
10. सुलेमान, एम. (2005) मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, पटनाः जनरल बुक एजेन्सी।सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

डॉ. गोविन्द सोनी
सह आचार्य
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

वरियाम खान
पी.एच.डी. शोद्यार्थी
टांटिया विश्वविद्यालय
श्री गंगानगर

सारांश

प्रस्तुत शोध में ''डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन" किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के हनुमानगढ़ जिले के डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 प्रशिक्षणार्थियों को न्यादर्श के रुप में यादृच्छिक निर्देशन विधि से चयनित किया गया है। डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों में से 300 पुरूष प्रशिक्षणार्थी व 300 महिला प्रशिक्षणार्थी को सम्मिलित किया गया। ''डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता पर पड़ने वाले प्रभावों जानने हेतु सृजनात्मकता (डॉ. बाकर मेंहदी) द्वारा निर्मित एवं व्यक्तित्व मापनी (कैटेल 16 पी. एफ.) का प्रयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया" डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

मुख्य शब्द- डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी, सृजनात्मकता, व्यक्तित्व।

प्रस्तावना

शिक्षा के दो रूप है– उपभोग रूप और निवेश रूप। उपभोग रूप में शिक्षा केवल वह है जो समान प्रतिफल से सम्बन्धित नहीं है और निवेश रूप में शिक्षा वह है जो कि प्रतिफल प्रदान करता है। जब शिक्षार्थी श्रम बाजार में प्रवेश करता है, तब, इससे वैयक्तिक रूप से उच्च आय की प्राप्ति होती है औप सामाजिक रूप से उच्च उत्पादकता और आर्थिक संवृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रति शिक्षार्थी उच्च व्यय से सामान्यत उच्च शैक्षिक गुणवत्ता की प्राप्ति होती है। सामान्यत अधिक मुद्रा निवेश का अर्थ है अधिक प्रतिफल की प्राप्ति प्राजपाल (1969)। शिक्षा का आर्थिक महत्व या अर्थ तब होता है जब हम शिक्षा के प्रभाव की माप व्यक्ति की उत्पादकता में वृद्धि पर या उसके उत्पादन में योगदान की सामर्थ्य पर करते है। शिक्षा के सामाजिक और आर्थिक कार्य अधिक सुदृढ़ सामाजिक व्यवस्था की रचना करते है और स्वस्थ्य लोकतन्त्र का निर्माण करते है।

आज शिक्षा की धारणा बदल रही है। विद्यालयका कार्य केवल ज्ञान को भण्डार के बने बनाये मूल्यों का स्थानान्तरण, करना ही नहीं है, बल्कि छात्र को इस योग्य बनाना है कि ये स्वयं अपने मूल्यों का निर्माण कर सकें। अपनी समस्याओं के नवीन, असाधारण एवं मौलिक हल खोज सके। अपनी जन्मजात महिलाओं का विकास कर सके अर्थात् बालकों की रचनात्मक

प्रतिमाओं का विकास आज शिक्षा का प्रमुख लक्ष्य है।

एक सृजनशील अध्यापक अज्ञान के अंधकूप में प्रवेश कर अपने आपकों ज्ञान रूपी रश्मियों से आलोकित करने के लिए प्रबल जिज्ञासु होता है वह स्वतंत्र व मौलिक चिन्तन का अभ्यासी होता है उसके हृदय मे कल्पनारूपी सागर सदैव हिलोरे लेता है। ऐसे अध्यापक में ही बच्चों के सृजनात्मकता रूपी पौधे को पक्लवित व पुष्पित करने की उत्कण्ठा होती है। शिक्षक को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

आज उसी बालक को प्रतिभाशाली कहा जाता है। जिसमे उच्च बौ(िक क्षमता के साथ-साथ सृजनात्मक योग्यता होती है जो कि विज्ञान, कला, सगीत, नाटक आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते है। इसीलिए आज प्रतिभाशाली क्षेत्रों का चयन करते समय बौ(िक क्षमता के साथ-साथ सृजनात्मक योग्यता पर भी ध्यान दिया जाता है। कुछ छात्र परीक्षा में कम अंक प्राप्त करते हैं। लेकिन वे विभिन्न प्रकार के खेलों, कलाओं तथा संगीत, विज्ञान आदि में विशेष योग्यताओं का प्रदर्शन करते है। ऐसे छात्रों पर विद्यालयों में कोई ध्यान नहीं दिया जाता, केवल उनकी विद्यालय उपलब्धि में कोई विशेष साइसम्बन्ध है? क्या उच्च उपलब्धि वाले छात्र भी उच्च सृजनात्मक योग्यता एवं विद्यालय उपलब्धि में कोई विशेष सहसम्बन्ध है? क्या उच्च उपलब्धि वाले छात्रा श्री उच्च सृजनात्मक, प्रतिभा सम्पन्न होते है? यह प्रश्न उठता है।

आज स्कूलों और महाविद्यालयों पर बहुत बड़ा दोष लगाया जाता है उनके पारिवारिक लगाव का प्रभाव बालक की शैक्षिक उपलब्धि पर भी पड़ता है। कुछ माता-पिता बालकों को आवश्यकता से अधिक सुरक्षा प्रदान करते है उनको स्वतन्त्र होकर कार्य नहीं करने देते। उनसे उनकी योग्यता से अधिक आशा करने लगते हैं। ऐसे वातावरण में रहने वाले बालकों का विकास अच्छा नहीं होता। वह संवेगात्मक रूप से अपरिपक्व होते है, उनमें स्वतंत्र चिन्तन, निर्णय लेने की योग्यता तथा आत्मविश्वास का नितान्त अभाव होता है। इस कारण उनकी शैक्षिक उपलब्धि विद्यालय या विद्यालय के बाहर व्यक्तियों के अनेक घटकों की अन्तःक्रिया का परिणाम होती है। इसके अतिरिक्त परिवेश भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विशेष रूप से घर का परिवेश बालिकाओं के व्यक्तित्व को ढालने का प्रथम आधार होता है।

अन्त में यह कहा जा सकता है कि भारत में सम्पूर्ण नियोजन की प्रक्रिया में व्यवसायिक शिक्षा के नियोजन की महती आवश्यकता है। यदि अर्थ व्यवस्था को सही मायनों में शिक्षा से सम्बन्धित करना है तो इस प्रकार के नियोजन को पूरा महत्व देकर इसके सफल क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित करना होगा।

प्रस्तुत शोध का महत्व

आज के वैज्ञानिक युग में मनोवैज्ञानिक कारकों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता, क्योकि मनोवैज्ञानिक अध्ययनों ने यह सि(कर दिया है कि विविध प्रकार के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों ने भिन्न-भिन्न योग्यता, अभिरूचि एवं अभिक्षता की आवश्यकता होती है शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के सृजनात्मकता, महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक कारक है।

शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियो की मानसिकता पर जब एक विहंगम दृष्टि डालते है तो पता चलता है कि अधिकतर शिक्षक प्रशिक्षणार्थी प्रशासनिक, इन्जीनियरिंग, बैंकिग एवं अन्य सेवाओं में अपने आपको अनुपयुक्त पाने पर प्रशिक्षण में आते है। इस प्रकार से वे पहले से ही मानसिक रूप से निराशा, हताशा, कुण्ठा तथा कुसमायोजन में ग्रस्त रहते है, जिससे प्रशिक्षण के प्रति उनमें अधिक जागरूकता एवं रुचि का अभाव पाया जाता है।

वर्तमान समय में शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में सजीव व्यक्तित्व एवं अध्यापकोचित तत्वों का अभाव दिखायी पड़ रहा है। इस ओर भारत सरकार की दृष्टि पड़ रही है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है मार्च 1986 में भारत सरकार द्वारा नैतिक शिक्षा के लिए, अध्यापकों की नैतिकता की न्यूनता परिवलक्षित होने पर इस शिविर का आयोजन किया गया था। हरिद्वार में शान्तिकुंज स्थान पर प्रदेश के सभी स्तर के प्रमुख शिक्षा अधिकारी, प्रत्येक प्रशिक्षण विभाग से कम से कम दो शिक्षक एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यो को बुलाकर नैतिक प्रशिक्षण दिया गया। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री का कथन है कि, ''अध्यापक ही समाज का मापदण्ड है, इसमें नैतिक सुधार लाने पर समाज स्वयं ही नैतिक हो जायेगा।''

आज का शिक्षक प्रशिक्षणार्थी ही कल का अध्यापक बनेगा। इसलिए उसमें शिक्षा की गुणवता एवं राष्ट्रीय विकास में उसके योगदान को निश्चित करने वाले तत्वों में अध्यापक की योग्यता, कुशलता एवं चरित्र निःसदेह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस प्रकार शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के लिए नैतिक एवं चरित्रिक बल का होना आवश्यक है। आज की शिक्षक प्रशिक्षण नीति निर्दोष नहीं कही जा सकती अथवा इसकी आलोचना हो सकती। वास्तव में इसमें अनेक कमियां है और आलोचकों ने उसे उभारा है। इस सम्बन्ध में श्रीवास्तव एवं बोस के उद्‌गार अवलोकनीय हैः-

आज हम जिस प्रकार से शिक्षक दे रहे हैं, उसमे मात्रात्मक विकास तो अवश्य हो रहा है परन्तु गुणात्मक विकास का अभाव होता जा रहा है। इस प्रकार से जितने भी छात्र प्रशिक्षण प्राप्त करके निकल रहे हैं। उनमे अधिकतर कुसमायोजन एवं निराश आदि के शिकार होते जा रहे है। इस प्रकार की मानसिकता का प्रभाव भावी शिक्षक एवं शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों पर भी पड़ रहा है। इसे दूर करने के लिए भारत सरकार की नयी शिक्षा नीति में शिक्षकों के लिए प्रावधान किया गया है। विकास की इस उषाबेला में शिक्षण जैसे पवित्र कार्य के प्रति इसमें लगे अध्यापकों का निर्माण हो।

वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था में परिवर्तन आज की प्रमुख आवश्यकता है. क्योकि शिक्षा के द्वारा ही आधुनिक समाज को सफल एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है और शिक्षा में गुणात्मक सुधार करके इससे सम्बन्धित समस्याओं को समझा जा सकता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए कुछ व्यूह-रचना और प्राप्त स्रोतों का विकास करना होगा। आज यह एक आम धारणा बन गयी है कि हमारे विद्यालयों के दकियानूसी विचार प्रबल होते जा रहे हैं और हमारी शिक्षा व्यवस्था शैक्षणिक अकार्यकुशलता, कठोर पाठ्यक्रम, अनुपयोगी परीक्षा प(ति और अकाल्पनिक प्रशासन से बंधी हुयी है।

समस्या कथन

''डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता, दुश्चिन्ता, अभिवृति का व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन''

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

डी. एल.एड. प्रशिक्षणार्थी

राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन करने वाले छात्राध्यापकों कों डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी कहते है। ये प्रशिक्षणार्थी द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन करवाते है। प्राथमिक शिक्षा उच्च शिक्षा का आधार है। इसलिए इस स्तर की शिक्षा के लिए उत्तम प्रशिक्षण देना अनिवार्य है।

सृजनात्मक्ता

वेबस्टर के शब्दकोश के अनुसार "क्रियेटिविटी" शब्द केरे से बना है जिसका अर्थ होता है ;अस्तित्व में आनाद्ध उगना। वेबस्टर के शब्दकोश के अनुसार "क्रियेट" एक क्रिया के रूप में प्रयुक्त होता है तो उसका अर्थ होता है "बताना" मौलिक रूप से अस्तित्व में आना। एक विशेषण के रूप में जब "क्रियेटीव" प्रयुक्त होता हे तो उसका अर्थ योग्यता कल्पना शक्ति आदि से लगाया जाता है। 'क्रियेटिविटी ' शब्द से तात्पर्य ' निर्माण करने की योग्यता से है।

व्यक्तित्व :-

शिक्षा का आधुनिक उद्देश्य पूर्ण एवं सन्तुलित व्यक्तित्व का विकास करना है। शिक्षा शास्त्री और मनोवैज्ञानिक व्यक्ति के सन्तुलित विकास के कार्य में लगे हुए हैं। अतः व्यक्तित्व मनोविज्ञान तथा शिक्षा दोनों का मूल आधार है। मनोविज्ञान और शिक्षा दोनों का समूचा ज्ञान अन्ततः व्यक्तित्व के विकास तथा उसके ज्ञान के साथ सम्बन्धित है।

अध्ययन के उद्देश्य :-

(1) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

(2) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

(1) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(2) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में हनुमानगढ़ जिले के डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 प्रशिक्षणार्थियों को न्यादर्श के रुप में यादृच्छिक निर्देशन विधि से चयनित किया गया है। डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 600 डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों में से 300 पुरूष प्रशिक्षणार्थी व 300 महिला प्रशिक्षणार्थी को सम्मिलित किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. सृजनात्मकता (डॉ. बाकर मेंहदी)
2. व्यक्तित्व मापनी (कैटेल 16 पी. एफ.)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

(1) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
डी.एल.एड. पुरूष प्रशिक्षणार्थी की सृजनात्मकता	300	26.58	8.903	0.242	स्वीकृत
डी.एल.एड. महिला प्रशिक्षणार्थी की सृजनात्मकता	300	26.75	8.642		

व्याख्या :- परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की सृजनात्मकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

(2) डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व मे कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मूल्य	सार्थकता का स्तर
डी.एल.एड. पुरूष प्रशिक्षणार्थी का व्यक्तित्व	300	262.97	23.701	0.705	स्वीकृत
डी.एल.एड. महिला प्रशिक्षणार्थी का व्यक्तित्व	300	264.41	26.082		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व में अन्तर देखने हेतु विश्लेषित आकड़ों के आधार पर टी का मान ज्ञात किया गया जिसके अनुसार डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व के मध्यमान व प्रमाप विचलन के आधार पर प्राप्त टी मान सार्थकता के स्तर 0.01 के सारणी मान से कम है। अतः यहाँ पर निर्धारित परिकल्पना स्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी.एल.एड. महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें डी.एल.एड. पुरूष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

शैक्षिक सुझाव

1. सृजनात्मकता को बढ़ावा दें, कहानियाँ, चित्र, शिक्षण सामग्री बनाना प्रारंभ करें।
2. प्रशिक्षण में रचनात्मक गतिविधियों का समावेश करें।
3. प्रशिक्षण मूल्यांकन प्रणाली में मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक पक्षों को भी महत्व दें।
4. प्रशिक्षण के दौरान छात्रों की प्रतिक्रियाओं और समस्याओं को सुनने हेतु।

भावी शोध हेतु सुझाव

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

2. भावी शोध में डी.एल.एड. महाविद्यालया स्तर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों की समस्याओं, शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन किया जा सकता है।

3. प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने डी.एल.एड. महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों को ही शामिल किया है। आगामी शोध के लिए बी. एड./ बी.ए. बी.एड./ बी. एस. सी. बी. एड. आदि महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों को भी लिया जा सकता है।

सन्दर्भ सूची

1. ऐशले के. वैसले, अलेक्जेण्टर बी सीजलिंग, डोनाल्ड एच (2012) जेन्डर-लिंकट पर्सनैलिटी एण्ड मेन्टल हेल्थ दि रोल आफ ट्रेड इमोशनल इनटेलीजेंस, पर्सनैलिटी एण्ड इन्डीविडुअल डिफरेन्सेस पर अध्ययन किया। ऑनलाइन पब्लिकेशन दिनाक 1 सित. 2012
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. गुप्ता, प्रो. एस. पी. एवं गुप्ता, डॉ. अलका. (2003) आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन. इलाहाबादः शारदा पुस्तक भवन

4. चौधरी, एम.: रिलेशनशिप बिटबिन, एचीवमेन्ट, मोटीवेशन, एग्जाइटी, इन्टेलीजेन्स, सेम्स, सोशियल क्लाश एण्ठ वोकेशनल ऐशपायरेशन (पी-एच.डी.) पंजाब विश्वविद्यालय पजाब, पेज-207।।
5. डॉ. शर्मा, वी. एस. ''शिक्षा मनोविज्ञान'' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
6. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) ''शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी'' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृश्ठ संख्या (407-430)
7. दयाल, गोया टी. दी इफेक्ट आफ टेस्ट एग्जाइटी, इन्टेलीजेन्स एण्ड सेन्त आन चिल्ड्रेन्स प्रोब्लम सात्विग एडल्ट्स पी-एच. डी. वीन स्टेट युनिवर्सिटी यू.एस.ए. 1972. पेज-1021
8. पलटा सिंह (2008) ए स्टटी आफ आईउन्टीफिकेशन आफ टीचिंग कम्पटेन्सिस आफ टीचिग आफ विल्टरेन विथ विजुअल इमपेपरनेट एण्ड अपग्रेटिंग दि बेठ स्पेशल करीकुलम (जर्नल आफ रिसर्च सर्वे) 2008
9. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
10. शर्मा, शोभा (2014) कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों के संगठनात्मक पर्यावरण तथा उसमें अध्ययनरत छात्राओं के व्यक्तित्व, शैक्षिक सम्प्राप्ति और वैयक्तिक मूल्यों का अध्ययन, शोध प्रबन्ध, शिक्षा शास्त्र, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
11. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

निर्मला पुतुल की कविताओं में आदिवासी विमर्श

डॉ. लैजा पी जे
सहायक प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग
काथोलिकेट कॉलेज, पत्तनंतिट्टा, केरल
ईमेल: laijapj@gmail.com
मोबाइल संख्या : 9961134814

आदिवासी विमर्श एक ऐसा विषय है जिसमें उनके रहन-सहन, उनकी संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और अधिकारों के बारें में विस्तृत चर्चा की जाती है। आदिवासी दरअसल देश के मूल निवासी माने जाने वाले तमाम आदिम समुदायों का सामूहिक नाम है। उन्हें सभ्य समाज हमेशा हाशिये के बाहर रखना चाहता है। आदिवासी समाज को सदियों से जातिगत भेद-भाव, वर्ण व्यवस्था, विदेशी आक्रमण और मुख्यधारा के लोगों द्वारा जंगलों और पहाड़ों में खदेड़ा गया है। अज्ञता और पिछड़ेपन के कारण उन्हें सताया गया है। लेकिन भारतीय सभ्यता का शुद्ध रूप प्रकृति से मिलजुलकर रहनेवाली आदिवासी जीवन में देखा जा सकता है। बाद में वैश्वीकरण, बाजारवाद आदि के कारण वे केवल अपनी जंगलों, ज़मीनों और संसाधनों से ही नहीं, अपने मूल्यों, जीवन शैलियों, संस्कृति एवं भाषाओं से भी बेदखल हुए। आज उन्हीं के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। आज आदिवासी अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों को, अपने अधिकारों को पहचानते हैं। यही पहचान है आदिवासी साहित्य का मूल स्वर। आज आदिवासी अपने साहित्य के माध्यम से अपनी लड़ाई लड़ रहा है।

निर्मला पुतुल मूलतः आदिवासी समाज से है। इसलिए उनकी कविता में आदिवासी स्त्री अस्मिता के सरोकार नगाड़े की तरह बजते हैं। निर्मला पुतुल भारत के आदिवासी स्त्री संघर्ष को अपनी कविताओं के माध्यम से सामने ला रही है। उनकी प्रायः सभी कविताएँ पहले संताली में लिखी गई, फिर हिंदी में आई। अपनी कविता के माध्यम से आदिवासी स्त्री संघर्ष और प्रतिरोध को एक नया अर्थ देने की कोशिश में है।

आदिवासियों के लिए प्रकृति ही देवता है। आदिवासी सदियों से जंगलों में रहता आया है। इसलिए वे जंगलों के दावेदार कहे जाते हैं। लेकिन आज परिस्थिति बदल गई है। उसने प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया है लेकिन उसे कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। जल-जंगल-ज़मीन उनके अस्तित्व, उनकी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। आदिवासी लोग अपनी बस्तियों को शहर की आबो-हवा से बचाने की सख्त ज़रूरत समझते हैं। 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में निर्मला पुतुल ने पारिस्थितिक विमर्श को सामने रखा है। वे समाज और प्रकृति को अभिन्न जैविक इकाई की तरह बचाने का आह्वान करती हैं। जो जंगल की रक्षा करते थे, उनकी ज़मीन कम दामों में खरीदकर उद्योगपतियों को दी जा रही है या भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। उनकी नदियों पर बांध बनाए जा रहे हैं या बड़ी-बड़ी परियोजनाएं बनाई जा रही है और उसे अपने जंगलों से बेदखल किया जा रहा है और विडंबना तो इस बात की है कि यह सब उनके विकास के नाम पर हो रहा है।

"क्या तुमने कभी सुना है
सपनों में चमकती कुल्हाड़ियों के भय से

पेड़ों की चीत्कार?
कुल्हाड़ियों के वार सहते
किसी पेड़ की हिलती टहनियों में
दिखाई पड़े हैं तुम्हें
बचाव के लिए पुकारते हजारों - हजार हाथ?....
सुना है कभी रात के सन्नाटे में अंधेरे से मुँह ढाँप
किस कदर रोती है नदियाँ?"[1]

समाज के सभ्य लोग उन्हें हमेशा हाशिए के बाहर रखना चाहता है। इसलिए कि वे अपनी भाषा बोलते हैं, सभ्य लोगों की तरह कपड़े नहीं पहनते, उन लोगों की तरह उठते-बैठते नहीं है। लेकिन आदिवासी लोगों के पसीने से पुष्ट हुए अनाज के दाने, जंगल के फूल, फल, लकड़ियां, खेतों में उगी सब्जियां आदि सभ्य लोगों को पसंद है। निर्मला पुतुल की पंक्तियां हैं–

"उनका तर्क है कि
सभ्य होने के लिए ज़रूरी है उनकी भाषा सीखना
उनकी तरह बोलना बतियाना
उठना - बैठना
ज़रूरी है सभ्य होने के लिए उनकी तरह पहनना- ओढना
मेरा सब कुछ अप्रिय है उनकी नजर में
प्रिय है तो बस
मेरे पसीने से पुष्ट हुए अनाज के दाने ३३३
उन्हें प्रिय है
मेरी गदराई देह
मेरा माँस प्रिय है उन्हें।"[2]

वैश्वीकरण के इस युग में हमारे देश की सत्ता बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर विकास के नाम पर तथा आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने के प्रयत्न के बहाने कई प्रकार से इनका शोषण किया जा रहा है। बांध परियोजना, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, रेलवे लाइन, खनन उद्योग, वन्यजीवि अभयारण्य आदि अनेक कारणों से आदिवासियों का पुनर्वास किया जाता है। इनको वहां से विस्थापित होना पड़ता है। इन कविताओं में आदिवासी समाज पर विकास के नाम पर पड रहे प्रभाव की चिंता ही नहीं है, बल्कि ऐसे विकास के खिलाफ असहमति भरा स्वर भी है। पुतुल की एक कविता है 'तुम्हारे अहसान लेने से पहले सोचना पड़ेगा हमें' नामक कविता में विकास को नकारती हुई कहती है–

"अगर हमारे विकास का मतलब
हमारी बस्तियों को उजाड़कर कल-कारखाने बनाना है
तालाबों को बाँधकर राजमार्ग
जंगलों का सफाया कर ऑफिसर्स कॉलनियाँ बसानी हैं
और पुनर्वास के नाम पर हमें
हमारे ही शहर की सीमा से बाहर
हाशिए पर धकेलना है
तो तुम्हारे तथाकथित विकास की मुख्यधारा में
शामिल होने के लिए
सौ बार सोचना पड़ेगा हमें।"[3]

बहुराष्ट्रीय कंपनियां हमारे सभी प्राकृतिक संसाधनों को अपने कब्जे में कर रही है। ऐसी अमानवीय साजिशों को देख कर खामोश रहने वालों पर तीखा प्रहार निर्मला पुतुल करती है–

"देखो, अपनी बस्ती के सीमांत पर
जहाँ धराशायी हो रहे हैं पेड
कुल्हाड़ियों के सामने असहाय
रोज़ नंगी होती बस्तियाँ
एक रोज़ माँगेगी तुमसे
तुम्हारी खामोशी का जवाब।"[4]

आदिवासी जनता की अपनी एक अलग संस्कृति होती है। इस संस्कृति का शोषण कई प्रकार से किया जा रहा है। इन जनजातियों की संस्कृति के प्रचार-प्रसार के वास्ते स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे दिनों में दिल्ली के राजमार्ग पर उनकी नादानी की खिल्ली उड़ाते हुए इनके लोकगीत तथा लोक नृत्य का प्रदर्शन किया जाता है। इनकी बनाई चीजों को सस्ते मूल्यों पर ले जाया जा रहा है। प्रदर्शिनियों में इनकी नंगी तस्वीरें दिखाई जा रही है। निर्मला पुतुल की 'चुड्का सोरेन से' शीर्षक कविता में इसके खिलाफ आवाज़ उठाती हुई कवयित्री पूछ रही है–

"दिल्ली की गणतंत्र झांकियों में
अपनी टोली के साथ नुमाइश बनकर कई-कई बार
पेश किए गए तुम
पर गणतंत्र नाम की कोई चिड़िया
कभी आकर बैठी तुम्हारे घर की मुंडेर पर?"[5]

आदिवासी लोग अपिरष्कृत है, लेकिन वह अपनी भाषा को छोडना नहीं चाहता। आज परिवेश में आए बदलाव के कारण भाषा के गायब होने की चिंता तथा उसे बचाने की कोशिश उनकी कविताओं में देखी जा सकती है। क्योंकि भाषा एक पहचान होती है। सभ्य लोग आदिवासियों की भाषा को जंगली एवं अपरिष्कृत घोषित करता है। भाषा पर जताई जाने वाली वर्चस्व के खिलाफ निर्मला पुतुल आवाज़ उठाती है–

"मजाक उड़ाते हैं हमारी भाषा का
हमारे चाल-चलन, रीति-रिवाज
कुछ भी पसंद नहीं उन्हें
पसंद नहीं है, हमारा पहनावा-ओढावा।"[6]

समाज में आदिवासी स्त्री की स्थिति और दयनीय है। वह एक ओर अपने ही समाज के पुरुषों द्वारा शोषित होती है तो दूसरी ओर मुख्यधारा के पुरुषों द्वारा भी। पितृसत्तात्मक समाज में उसे जीवनभर पुरूष पर निर्भर रहना पड़ता है। पुरूष ने स्त्री के तन के अंदर झाँककर देखने की कभी कोशिश नहीं की है। ऐसे में निर्मला पुतुल जानना चाहती है कि 'रसोई और बिस्तर के गणित से परे' पुरुष उसके विषय में जानता ही कितना है–

"तन के भूगोल से परे
एक स्त्री के
मन की गाँठें खोल कर
कभी पढ़ा है तुमने
उसके भीतर का खौलता इतिहास?
अगर नहीं!
तो फिर जानते क्या हो तुम

रसोई और बिस्तर के गणित से परे
एक स्त्री के बारे में....?"[7]

निर्मला जी बाहरी पुरूषों द्वारा होने वाले स्त्री-शोषण को पहचानकर अपने समाज के लोगों से उसका विरोध करने के लिए कहती हैं। पुतुल की लड़ाई अपने ही समुदाय में पनप रहे ढोंगियों के विरुद्ध भी है। चुडका सोरेन के पिता को हंडिया पीकर बेखबर होने के खतरों से सचेत करती है–

"वह कौन-सा जंगली जानवर था चुडका सोरेन
जो जंगल लकड़ी बीनने गई तुम्हारी बहन मुँगली को
उठाकर ले भागा?"[8]

इन इलाकों से दिल्ली जैसे शहरों में रोजगार के लिए जिन जवान लड़कियों को लाया जाता है, उनका यौन-शोषण भी होता है और श्रम का उचित मूल्य भी नहीं मिलता। लेकिन शहर आकर ये लडकियाँ कहाँ गईं, उसकी खबर भी किसी को नहीं। अपने समाज की माया को दिल्ली में ढूँढ़ती हुई 'तुम कहाँ हो माया' शीर्षक कविता में लिखती हैं–

"दिल्ली के किस कोने में हो तुम?
मयूर विहार, पंजाबी बाग या शाहदरा में?
कनाट प्लेस की किसी दुकान में
सेल्सगर्ल हो
या किसी हर्बल कंपनी में पैकर?...
कहाँ हो तुम माया? कहाँ हो?
कहीं हो भी सही सलामत या
दिल्ली निगल गयी तुम्हें?"[9]

सभी लोग सामाजिक अधिकार के हकदार हैं। आज वे लोग अपने अधिकारों के प्रति वाकिफ होने लगे हैं। 'धीरे-धीरे' नामक कविता में निर्मला ने इसी बात की ओर इशारा किया है–

"अकसर चुप रहने वाला आदमी
कभी न कभी बोलेगा ज़रूर सिर उठाकर
चुप्पी टूटेगी एक दिन धीरे-धीरे उसकी
धीरे-धीरे सख्त होंगे उसके इरादे
और तनेंगी मुट्ठियां आकाश में व्यवस्था के खिलाफ
भीतर ईजाद करते कई-कई खतरनाक शस्त्र।"[10]

आज आदिवासियों की मुख्य समस्या विस्थापन और पलायन है। आदिवासी सदियों से जंगलों में खदेड़ा जाता रहा है। पर आज विकास के नाम पर उसे उनके जंगलों से भी खदेड़ा जा रहा है। जंगल के बिना आदिवासी का अस्तित्व ही नहीं। उसकी पहचान नहीं बचेगी। इन्हीं सब मुद्दों से आज आदिवासी उद्वेलित है और वह अपनी पीड़ाओं, समस्याओं, उपेक्षाओं, अपेक्षाओं को शब्दों में उकेर रहा है। आदिवासियों को अपनी अस्मिता से सजग करने और अपनी चेतना को जागृत कर अपने ऊपर होने वाले अमानवीय शोषणों के खिलाफ आवाज उठाने का उद्गार निर्मला पुतुल की कविताओं में बुलंद है।

संदर्भ

1. निर्मला पुतुल : नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ. सं.31
2. निर्मला पुतुल : नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ. सं.73

3. निर्मला पुतुल : अरावली उद्घोष पत्रिका से उद्धृत, पृ. सं.93
4. निर्मला पुतुल : अपने घर की तलाश में, पृ. सं.10
5. निर्मला पुतुल : नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ. सं.20
6. निर्मला पुतुल : नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ. सं.72
7. निर्मला पुतुल : नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ. सं.8
8. निर्मला पुतुल : अपने घर की तलाश में, पृ. सं.13
9. निर्मला पुतुल : अपने घर की तलाश में, पृ. सं.31
10. निर्मला पुतुल : नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृ. सं.84

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

रमेशचंद्र शाह के उपन्यासों में दलित विमर्श

REVATHY. M. S
Research Scholar
Department Of Hindi
University College
Thiruvananthapuram, Kerala
revathysmohan21@gmail.com

दलित का अर्थ सामान्यतः उन जातियों के लिए प्रयुक्त किया जाता है जो समाज में सवर्ण जातियों के द्वारा उपेक्षित एवं शोषित होते आये हैं। दलित वर्ग समाज का वह निम्नतम वर्ग है जो ऊँचे वर्ग के लोगों के उत्पीड़न के कारण आर्थिक दृष्टि से बहुत ही दीन दशा में हो। जैसे दास प्रथा, सामंतशाही व्यवस्था में कृषक और पूँजीवादी व्यवस्था में मज़दूरी। दलित विमर्श का सामान्य अर्थ पीड़ित, शोषित व दबाया गया लोगों में अपने अधिकारों के प्रति सजगता एवं जागृति से है।

दलितों के बारे मे किया गया विचार ही दलित विमर्श कहलाता है। दलित साहित्यकार अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ रचनाकार्य से जुड़कर साहित्य की सृजनात्मकता में मानवीय सरोकारों, संवेदनाओं और स्वतंत्रता, भाईचारे की भावनाओं को स्थापित करता है। उसक दृष्टि में प्रत्येक व्यक्ति और उसकी पीड़ा, उसके सुख-दुःख महत्वपूर्ण है।

दलित साहित्य के लिए आधुनिक काल एक स्वर्ण युग है, जिसमें दलितों की प्रधानता है। दलित समाज में परिवर्तन की कामना ही दलित साहित्य का अंतिम लक्ष्य है। अबला को सबला बनानेवाला, शोषित को मुक्ति देनेवाला, अपमानित को सम्मान दिलानेवाला, मूक को वाणी देनेवाला, निम्न को ऊँचे स्तर पर बिठानेवाला, अनंत मानव का साहित्य दलित साहित्य है। दलित लेखन केवल दलितों के अधिकार एवं मूल्यों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक संदर्भों के साथ जुड़कर समूचे समाज की अस्मिता और मूल्यों की पहचान बनता है।

रमेशचंद्र शाह ने अपने उपन्यासों में दलित समाज का चित्रण किया है स समकालीन उपन्यास साहित्य में रमेशचंद्र शाह का महत्वपूर्ण स्थान है। रमेशचंद्र शाह हिंदी के कुछ उन गिने-चुने लेखकों में से एक हैं, जिन्होंने साहित्य की लगभग हर विधा को अपनी सर्जनात्मकता की धार दी हैं। शाह के रचना संसार व समकालीन हिंदी साहित्य के प्रति उनकी निष्ठा के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि उनका रचना संसार व्यापक रहा है तथा उनके साहित्यिक चिन्तन की कोई पूर्व निर्दिष्ट सीमा नहीं है। साहित्य के सभी प्रचलित स्वरूपों में अपनी रचनाओं द्वारा शाह हर बार कुछ नया और अर्थपूर्ण कार्य कर दिखाना चाहते हैं। इनका रचना संसार समकालीन हिंदी साहित्य को समृद्ध करने का संकलन व्यक्त करता है। शाह की यह विशेषता रही है कि वे लेखक और पाठक को हमेशा एक-दूसरे से जोड़ते रहने का प्रयास करते रहे हैं।

रमेशचंद्र शाह ने अपने उपन्यासों में दलित समाज का चित्रण किया है। शाह के उपन्यासों में दलित जाति के साथ किए जानेवाले भेदभाव एवं शोषण का यथार्थ चित्रण हुआ है। इनके साहित्य में सवर्णों की दलितों के प्रति अनुदारता एवं अमानवीयता का चित्रण हुआ है। शाह का "किस्सा गुलाम" उपन्यास पूरा दलित पर केंद्रित है। 'गोबर गणेश', 'विनायक', 'आप कहीं नहीं रहते विभूति बाबू', 'पुनर्वास' आदि उपन्यासों में दलितों का रहन-सहन और उनके जीवन की सामाजिक

व आर्थिक समस्याओं का चित्रण किया है। इनके उपन्यास 'किस्सा गुलाम', भारतीय समाज के हाशिए में स्थित दलित जाति से संबद्ध है और भारतीय जाति व्यवस्था से अत्यंत उपेक्षित एवं तिरस्कृत चित्रित हुए हैं। इसके साथ ही भारतीय समाज व्यवस्था के दबे, कुचले शोषित और उपेक्षित जीवन के संदर्भों का अंकन भी हुआ है। दलितों को उच्च वर्ग सदैव घृणा की दृष्टि से देखता है तथा अछूत की भावना से ग्रसित रहता है।

इनके 'गोबर गणेश' उपन्यास में दलित समाज का एक प्रसंग चित्रित है। "'नारायण डूम है', विनायक उच्च सवर्ण हिन्दू परिवार का होकर भी उसका दोस्त नारायण शूद्र है। छोटे बच्चों में भी छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव की बात देखने को मिलती है वो डूम है, चंदू बोला था, मास्साब ब्राह्मण है। डूम को कैसे छुएंगे।" विनायक यह जानता भी नहीं है-डूम क्या हहोता है। विनायक को याद आता है माँ की बीमारी के समय में घर में काम करने एक औरत आती थी। माँ कई बार कहती थी वह डूम है। उसने अपनी माँ को कई बार 'डूम-डूम' कहते सुना था। माँ की बीमारी के दिनों में कई दिनों तक बर्तन माँजने के लिए एक और उनके घर आती रही थी। वह भी माँ ने बतलाया था डूम है। "माँ यों तो उसके साथ बड़े प्रेम से बोलती थी, मगर उसे छूती नहीं थी। कोई रोटी, कपड़ा या रुपया-पैसा भी देना होता तो ऊपर से ही उसके फैले हुए हाथ या आंचल में डाल देती थी।" इस उदाहरण से समाज में दलितों के साथ होनेवाले जातिगत भेदभाव का यथार्थ चित्रण हुआ है।

इनका 'किस्सा गुलाम' उपन्यास एक ऐसे कथानायक की कहानी को बयान करता है जो ए पिछड़े जाति में पैदा होने के कारण जन्म से ही बहिष्कृत होने की चेतना से बिंधा हुआ है। वस्तुतः इस उपन्यास के पिता और पुत्र के दोनों प्रतिनिधि चरित्र वर्तमान भारतीय समाज के गहन अंतर्द्वंद्व को अविस्मरणीय रूप से उजागर करते हैं। इस उपन्यास में दलित आंदोलन की जिक्र भी आया है। इसका एक अंश दृष्टव्य है-"जब काशी विश्वनाथ मंदिर में हरिजनों के प्रवेश को लेकर आंदोलन छिड़ा हुआ था और एक धार्मिक नेता ने क्या नाम था उसका, कर पाती? हाँ, करपात्री ने कह था कि 'मंदिर प्रवेश करने से इन हरिजनों को क्या मिल जाएगा। शास्त्रों में लिखा है कि एक सवर्ण को गर्भ-गृह में देवता के दर्शन करने में जितना पुण्य प्राप्त होता है, उतना पुण्य तो शूद्र को केवल बाहर से मंदिर का कलश देख लेने से ही मिल जाता है। क्या गांधीजी इतना भी नहीं जानते? फिर वे ज़िद् पर क्यों तुले हैं।" शूद्रों की स्थिति को 'किस्सा गुलाम'उपन्यास में दिखाया गया है। समाज में शूद्र की सामाजिक स्थिति किस तरह की थी वह यहाँ देखी जा सकती है, "यह शूद्र नाम की चीज़ ही खतम हो जाती कि नहीं?जितने भी स्वर्ण घेरे के बाहर के लोग हैं सबके सब एक ही झटके में ईसाई बन जाते तो यह जो तमाशा देखने को मिल रहा है आज-हरिजनों को जिंदा जला दिया जाने का, बलात्कार और लूटपाट का, कम से कम यह तो देखने को नहीं मिलता।"

इस उपन्यास में इन जातीय भेदभाव का बालमन पर पड़नेवाले प्रभाव का चित्रण भी उपन्यासकार द्वारा किया गया है। विद्यालय में दलितों से किए जानेवाले पक्षपात को कथानायक के कथन के माध्यम से चित्रित किया गया है-"घरेलू परीक्षाओं में तो उसे इस संदेह से कभी छुटकारा नहीं था कि शिक्षक लोग जान बूझकर उसे एक नीची जात के लड़के को फर्स्ट नहीं आने देते। दूसरा-तीसरा कर देते हैं। पर बोर्ड की परीक्षा में ऐसा अन्याय होने की गुंजाइश ही नहीं थी। वहाँ तो परीक्षक के सामने सिर्फ रोल नंबर ही होता है, जो न डूम होता है न ब्राह्मण।"

इनके 'आप कहीं नहीं रहते विभूति बाबू' उपन्यास में जातीय भेदभाव का चित्रण हुआ है-"आप जैन हैं क्या? सरनेम से तो लगता है..जी नहीं। जैन तो नहीं हूँ। तो बोलो, तो आप किस कास्ट को बिलॉग करते हैं?...अरे भाई, विभूति बाबू बोले मैं तो अपने को ही बिलॉग नहीं करता, वास्ट क्या जानूँ।" इस उपन्यास से एक और उदाहरण दृष्टव्य है-"मनीषा मंडल में मुहल्लों के ब्राह्मण लड़के भी थे, गाँवों से शहर पढ़ने आये ठाकुर लड़के भी। उसमें बाज़ार के व्यापारियों के लड़के भी थे और वे भी, जिन्हें 'शिड्यूल कास्ट' कहा जाता था।"

इनके 'विनायक' उपन्यास में दलित वर्ग में पैदा होनेवाले नारायण राम का चित्रण है-"विनायक को अचानक याद आ गया कि इसी चंदू ने तो उससे कहा था-'नारायण डूम है', मगर वो इसने कहा था कि लच्छू ने? जो भी हो, कहा तो था ज़रूर।" विनायक उपन्यास से इसी तरह के अंश और उद्धृत है-"जहाँ विनायक जैसे गोबर गणेश ही नहीं, नरेश सरीखे निहायत, निरीह और दबे-कुचले लोग भी अपनी परिस्थिति से ऐसा बदला ले सकते हैं, जैसी उम्मीद उनसे कोई नहीं करता था। वैसा करके

दिखा सकते हैं तो दूसरी तरफ इस सारे परिवर्तन और प्रगति के बीचोंबीच अभी कितने सारे गड्ढे दिखते हैं, आत्म-विस्मृति और अपनों की ही बेकद्री के और उदासीनता के, जिन्हें वोट बिना यह देश और यह समाज कभी एकजुट नहीं हो सकता।"

रमेशचंद्र शाह के उपन्यास साहित्य में दलित जाति के कठिन संघर्षों का यथार्थ चित्रण हुआ है। इनके उपन्यास साहित्य में दलित चरित्र चित्रित हुए हैं फिर भी इनके उपन्यास साहित्य में चित्रित कतिपय दलित चरित्र समाज में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि रमेशचंद्र शाह के उपन्यास साहित्य में चित्रित दलित चरित्र जहाँ एक ओर अभावग्रस्त जीवन जीने की विवशता झेलते दिखाई देते हैं, वही ये चरित्र सवर्णों की स्वार्थ लिप्सा, अवसरवादिता, अनुदारता एवं अमानवीयता से अपार कष्ट पाते दिखाई देते हैं। इनके उपन्यास साहित्य में चित्रित दलितों का जीवन संघर्षों के साथ शुरू होता है और संघर्ष करते हुए समाप्त हो जाता है। वे समाज में अपनी प्रतिष्ठा के लिए ही संघर्ष नहीं करते हैं, बल्कि अपनी दिनचर्या चलाने के लिए भी संघर्ष करते दिखाई देते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1) गोबर गणेश, रमेशचंद्र शाह, राजकमल प्रकाशन, 1997, पृ. 55
2) गोबर गणेश, रमेशचंद्र शाह, राजकमल प्रकाशन, 1997, पृ. 55
3) किस्सा गुलाम, रमेशचंद्र शाह, वाणी प्रकाशन, 2012, पृ. 22
4) किस्सा गुलाम, रमेशचंद्र शाह, वाणी प्रकाशन, 2012, पृ. 22
5) किस्सा गुलाम, रमेशचंद्र शाह, वाणी प्रकाशन, 2012, पृ. 149
6) आप कहीं नहीं रहते विभूति बाबू, रमेशचंद्र शाह, वाग्देवी प्रकाशन, 2001, पृ. 82-83
7) आप कहीं नहीं रहते विभूति बाबू, रमेशचंद्र शाह, वाग्देवी प्रकाशन, 2001, पृ. 64
8) विनायक, रमेशचंद्र शाह, राजकमल प्रकाशन, 2016, पृ. 201
9) विनायक, रमेशचंद्र शाह, राजकमल प्रकाशन, 2016, पृ. 204

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

नागपुरी कहानी : उद्‌भव, विकास और विशेषताएँ

सहला सरवर
शोधार्थी, नागपुरी विभाग
जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग
राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड)
मो0 नं0 : 8210519245
ई-मेल: shahlasarwar7@gmail.com

झारखण्ड एक बहुभाषी राज्य है। यह न सिर्फ अनेक प्राकृतिक संपदाओं के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही अपने अनेक संस्कृति के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। नागपुरी झारखण्ड की सबसे लोकप्रिय भाषा है। नागपुरी सदानों के साथ-साथ यहाँ निवास करने वाले आदिवासियों की सम्पर्क भाषा भी है। नागपुरी भाषा का साहित्य भण्डार काफी भरा पूरा है। नागपुरी साहित्य के गद्य विद्या में उत्कृष्ट रचनाएँ हुई है।

कहानी सबसे लोकप्रिय विद्या है। यही कारण हे कि प्रत्येक भाषा की कहानियों की बहुलता मिलती है। उसी तरह नागपुरी भाषा में भी कहानी का प्रचलन चला आ रहा है। नागपुरी लोककथा से लेकर वर्तमान शिष्ट कहानियाँ भी नागपुरी भाषा में अत्यधिक मिलती है।

नागपुरी कहानी का उद्‌भव

आधुनिक नागपुरी कहानियों में कहानी के सभी प्रमुख तत्वों का समावेश देखने को लिमता है। कहानीकारों ने सामाजिक ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक सभी पक्षों को अपनी कहानियों में गरीबी, शोषण एवं भोले-भाले झारखण्डियों की पीड़ा एवं दर्द को अभिव्यक्त किया है।

नागपुरी भाषा के कथा-साहित्य को देखे तो सर्वप्रथम यहाँ के लेखकों ने कई लोक कथाओं का संग्रह किया। जिसमें सबसे पहले 1906 ई. में फा. कोनराड बुकाइट - ''सदानी फाकलोर स्टोरीज' का प्रकाशन कराया जिसमें 11 लोक कथा संग्रह है, उसी कड़ी में 1924 ई. में रेव. जे. जो. स ने 9 लोक कथा का संग्रह किया। 1957 में फा. पीटर शांति नवरंगी ने 'ए सदानी रीडर' और 1964 में 'नागपुरी सदानी साहित्य' में भी नागपुरी लोक कथा संग्रह किया।

नागपुरी लोककथा की पृष्ठभूमि से ही नागपुरी नागपुरी कहानी का प्रारंभ हुआ। 1939 में झारखण्ड पत्रिका का प्रारंभ हुआ। 1939 में झारखण्ड पत्रिका उसके बाद 1941 में आदिवासी पत्रिका राधाकृष्णन के संपादन से ही नागपुरी कहानी मिलना प्रारंभ हो जाता है, लेकिन उसकी प्रति अभी उपलब्ध नहीं है।

आधुनिक नागपुरी के प्रथम गद्यकार के रूप में प्रतिबिम्ब प्रफुल्ल कुमार राय की पहली कहानी अवसरे भी मिले बुझू आउर किलकिला' नागपुरी की प्रथम मासिक पत्रिका 'नागपुरी' 1961 में प्रकाशित हुई। सोनझइर' एवं 'रिंगचिंगिया' में संग्रहित कहानियाँ आधुनिक नागपुरी कहानियों में माइल स्टोन बनी। उसी कड़ी में 'बिंझिया' 1980 शारदा प्रसाद शर्मा की

नई मुद्दीन मिरदाहा की 'मेंजूर पाँईख' 1983 में, प्रफुल्ल कुमार राय की 'रिंगचिंगिया', 1983 में बड़ाईक ईश्वरी प्रसाद सिंह का 'काका' कर कहानी', 1985 में 'कांटी' कहानी डॉ. विसेश्वर प्रसाद केशरी के संपादन में कहानी संग्रह लिखे।

श्री योगेन्द्र नाथ तिवारी ने जोरदार ढंग से 'भूतक भूत' कहानी में चिकित्सा पद्धति को मुख्य रूप से विषय बनाया। आदिवासी पत्रिका में कई कहानीकारों ने कहानी प्रकाशित किया। इसके बाद कई कहानीकारों को विभिन्न पत्रिका में स्थान मिला। इनमें जोहार, स्मारिका, नागपुरी, छोटानागपुर जय झारखण्ड आदि है। वर्तमान में गोतिया, साहिया, अखरा आदि पत्रिकाएँ इसी परम्परा को आगे बढ़ा रही है। नागपुरी कहानी के विकास को तीन भाग में विभाजित कर सकते हैं–

1. 1960 से 1980 तक का कहानी साहित्य।
2. 1980 से 2000 तक का कहानी साहित्य।
3. 2000 से अभी तक का कहानी साहित्य।

कहानी के विकास के पहले भाग में प्रफुल्ल कुमार राय, हरीनन्दन राम, बड़ाईक, ईश्वरी प्रसाद सिंह, नईमुद्दीन मिरदाहा, शारदा, प्रसाद शर्मा नाम आता है। इन्होंने नागपुरी कहानी के विकास में अहम भूमिका निभाया है।

कहानी के विकास के दूसरे भाग में कई कहानीकारों ने नागपुरी कहानी के गुणवता को बढ़ाने का काम किया। इनमें प्रमुख कहानीकार है- कुमारी वासंती, डॉ. वी.पी केशरी, डॉ. गिरिराज, उपेन्द्र पाल नहन, सुरेश चंद्र राय, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, पंचम साहु आदि। इस काल में पत्र-पत्रिकाओं ने भी नागपुरी कहानी के विकास में अहम भूमिका निभाई जैसे- नागपुरी, नागपुरी कला संगम, स्मारिका, वनफूल, डहर, आदिवासी जैसे पत्रिकाओं ने नागपुरी कहानी के विकास में मील का पत्थर साबित हुई।

नागपुरी कहानी विकास का तीसरा भाग झारखण्ड राज्य बनने के बाद इसका विकास हुआ। इसमें कई कहानीकारों ने अहम भूमिका निभाया। इसके साथ-साथ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, अकाशवाणी रांची और दूरदर्शन रांची का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग से कई शोध भी नागपुरी कहानी के विषय में प्रकाशित हुआ और कई शोध का काम अभी चल रहा जो अस्तित्व में हमें देखने को मिलेगा। इस काल के प्रमुख कहानीकार शकुन्तला मिश्र, उमेशनंद तिवारी, सुरेश चंद्र राय, पुनम चौहान, सुधीर कुमार राय आदि है।

नागपुरी कहानी की प्रमुख विशेषताएँ

1. भाषा की सहजता और शैली

नागपुरी कहानी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसकी सहज भाषा है, जो आम जनों को इससे जोड़ती है। इसके कारण नागपुरी कहानी पाठक को खुद से जोड़ लेती है। जैसे- देख भतीज, सरफूल, ईहेकि हनुमान चालीसा, इके पढले सब कसूर दूर भे जायला फिर सरफूल के सुनाइक सुरू कइर देलयँ।

2. ग्रामीण जीवन का यथार्थ चित्रण

नागपुरी कहानी का मूल केन्द्र ग्रामीण समाज है। कभी खेत-खलिहान, कभी चारागाह, कभी जंगल, नदी-नाले ये सब कहानी को और जीवित बनाते हैं।

3. त्योहार, उत्सव और लोक संस्कृति

नागपुरी कहानी में सरहुल, करमा, जीतिया, फाग और अन्य सांस्कृतिक-धार्मिक पर्द कहानियों में जीवित रूप से उपस्थित रहते हैं। नागपुरी कहानियों का आधार लोककथाओं में निहित है- वीर कथा, पशु कथा, परी कथा, अलौकिक कथा साथ ही नैतिक शिक्षा देने वाली कथाएँ, ये आधुनिक कहानी को कथानक, पात्र और प्रतीक देने में मदद करती है।

4. स्त्री पात्रों की प्रमुखता

आधुनिक नागपुरी कहानी स्त्री-जीवन पर अधिक केंद्रित हुई है। महिला पात्र संघर्ष, मातृत्व प्रेम, श्रम और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच अपने अस्तित्व की तलाश करती दिखती है।

उदाहरण के लिए हम डॉ. कुमारी वासन्ती जो नारी जीवन पर अच्छी कहानियाँ लिखी है जहाँ उनके मानसिक द्वन्द्व, सामाजिक प्रतिबंध एवं उनके एकाकीपन पर पर्याप्त रोगनी पड़ती है। डॉ. वासंती की कहानी 'कबीर' में स्त्री-जीवन के विविध आयाम को उभारा है।

नागपुरी कहानियों के कथानक सरल और सहज होते हैं। साथ ही कथाओं में संवादों का प्रमुख स्थान है, संवाद ही पात्रों के स्वभाव और भावनाओं को उजागर करती है। संवादों के माध्यम से ही कहानीकार कहानी को जीवित और स्वभाविक रूप को उजागर करती है।

कहानी का मुख्य हिस्सा नैतिकता और संदेश देना होता है। नागपुरी कहानी में समाज को संदेश देना परंपरा का हिस्सा है। सामाजिक सुधार, अंधविश्वास का विरोध, शिक्षा का महत्व, नशा, विरोध, महिला सम्मान से विषय अक्सर हमें नागपुरी कहानी में देखने को मिलता है।

6. प्रकृति और पर्यावरण का गहरा संबंध

झारखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता नागपुरी कथा जगत का मुख्य स्तम्भ है। छोटानागपुर का जंगल, नदियों की बहती धारा, खेती का बार-बार वर्णन किया जाता है। नागपुरी कहानी का संबंध मानव और प्रकृति से जुड़ा है। यहाँ ग्रामीण और आदिवासी समाज का अस्तित्व प्रकृति से सीधा जुड़ा है। अतः पर्यावरण संरक्षण और मानव प्रकृति एकता का मूल तत्व है।

7. आधुनिकता और वैश्वीकरण का प्रभाव

नई पीढ़ी की नागपुरी कहानियों में बदलते हुए झारखण्ड की तस्वीर दिखती है। उद्योगों की स्थापना, विस्थापना, खनन क्षेत्रों का हनन, युवा बेरोजगार आदि। ये नया परिवेश कहानी में संघर्ष को दिखाती है। साथ ही आज सोशल मीडिया, मोबाइल, इंटरनेट और नई पीढ़ी के जीवन-संघर्ष नागपुरी कहानी के नए पक्ष बन चुके हैं।

नागपुरी के प्रमुख कहानीकार

1. प्रफुल्ल कुमार राय

प्रफुल्ल कुमार राय नागपुरी कहानियों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने में प्रमुख भूमिका निभाए है। उनकी अधिकांश कहानी यहाँ की भाषा, साहित्य एवं संस्कृति की पुनर्स्थापना को ही सम्पर्पित थी। इनकी कुछ प्रमुख कहानियाँ - 'सरफुल', 'लहरा', 'सावित्री', 'बिसाहा', 'पूस कर राइत' आदि अनेक कहानियाँ है।

2. डॉ. कुमारी वासंती

नागपुरी कहानी लेखिकाओं में डॉ. कुमारी वासंती का महत्वपूर्ण स्थान है। नारी जीवन पर इन्होंने अच्छी कहानियाँ लिखी है। साहित्य के मर्म को समझने-समझानेवाली अपने वक्तव्यों से श्रोताओं को प्रभावित करने वाली नागपुरी की लेखिका है। इनकी प्रमुख कहानियाँ- 'दोसर', 'बनवास', 'मंगला', 'पइहचान', 'सपनाकर बाइत', 'कबीर' आदि है।

3. डॉ. विसेश्वर प्रसाद केशरी

नागपुरी के साथ-साथ हिन्दी भाषा के भी साहित्यकार लेखक, चिंतक एवं सम्पादक रहे हैं। इनकी प्रमुख कहानियाँ है- 'सकलदीप', 'फोकस', 'सिफलिस', 'रही-कागज' आदि।

अन्य प्रमुख नागपुरी कहानीकारों में - डॉ. उमेश नंद तिवारी, शकुन्तला मिश्र, डॉ. गिरिधारी राम गौंझू, डॉ. भुवनेश्वर अनुज आदि है जिन्होंने आधुनिक नागपुरी कहानी को नई पहचान दी है।

निष्कर्ष

नागपुरी कहानी केवल एक साहित्यिक विधा नहीं, बल्कि ये झारखण्ड की सांस्कृतिक यहां की भाषा, शैली, कथ्य, पात्र की आत्मा है। नागपुरी कहानी यहां की लोक परंपरा को आधुनिक साहित्य से जोड़कर बदलते समाज, संघर्ष, पहचान, नई पीढ़ी की समस्याओं को भी अपनी कहानी के माध्यम से आम जनों के बीच उजागर करती है। इस प्रकार आधुनिक नागपुरी

कहानी झारखण्ड समाज का दर्पण है जिसमें लोक जीवन, प्रकृति, संस्कृति, प्रेम, संघर्ष का संतुलित मिश्रण दिखता है।

संदर्भ

1. डॉ. संजय कुमार षांडगी - नागपुरी साहित्य के विकास में पत्र-पत्रिकाओं का योगदान
2. वही
3. राय डॉ. सुरेश चंद्र - आधुनिक नागपुरी कहानियाँ
4. डॉ. मधुसूदन एक्का, आदिवासी जीवन और साहित्य 1998
5. डॉ. विजय कुमार सोरेन, झारखण्ड की लोककथाएँ, 2004
6. डॉ. कुमारी वासंती, टोंगरी आउर पझरा भाग-2

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

हिंदी साहित्य में स्त्री चेतना का विकास

रंजना
शोधार्थी- के०जी०के०पी०जी० कॉलेज मुरादाबाद
सम्पर्क- 7007418738, ranjana0486@gmail.com
प्रो चंद्रभान सिंह यादव
शोध पर्यवेक्षक- हिंदी विभाग के०जी०के०पी०जी० कॉलेज मुरादाबाद

प्रस्तावना

भारतीय समाज में स्त्री की स्थिति प्राचीन काल से ही बहस और विमर्श का विषय रही है। एक ओर उसे 'देवी', 'शक्ति', 'माता' के रूप में पूजित किया गया, तो दूसरी ओर उसे पितृसत्तात्मक बंधनों और सामाजिक रूढ़ियों में बाँध दिया गया। यही विरोधाभास हिंदी साहित्य में बार-बार अभिव्यक्त हुआ है।

हिंदी साहित्य समाज का दर्पण माना जाता है। यह केवल कल्पना और मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ और परिवर्तन का माध्यम भी है। इसी कारण साहित्य में स्त्री चेतना का विकास एक महत्वपूर्ण घटना है। साहित्य में स्त्री की स्थिति का निरूपण मात्र सहानुभूति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे यह उसके अधिकार, अस्मिता और स्वतंत्रता के प्रश्न तक पहुँचा।

स्त्री चेतना की परिभाषा और स्वरूप

'चेतना' का आशय है— जागरूकता, सजगता और आत्म-स्वीकृति। स्त्री चेतना का अर्थ है—

1. स्त्री का अपने अस्तित्व और अधिकारों के प्रति जागरूक होना।
2. अपने को केवल 'वस्तु' नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्ति के रूप में स्थापित करना
3. सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक बंधनों को प्रश्नांकित करना।
4. अपने संघर्ष, विद्रोह और स्वप्नों को साहित्य और जीवन में अभिव्यक्त करना।

इस चेतना का स्वर साहित्य में करुणा, प्रतिरोध, संघर्ष और स्वतंत्रता—सभी रूपों में व्यक्त होता है।

प्राचीन साहित्य और स्त्री चेतना

भारतीय साहित्य की जड़ें वेदों और महाकाव्यों में मिलती हैं। ऋग्वेद में लोपामुद्रा, घोषा, अपाला जैसी स्त्रियों को ऋषिका के रूप में स्वीकार किया गया। यह स्त्री के ज्ञान और विद्वत्ता की स्वीकृति है। रामायण में सीता का जीवन स्त्री की मर्यादा, त्याग और पीड़ा का प्रतीक है। उनका अग्नि-परीक्षा प्रसंग स्त्री के संघर्ष और विवशता को दिखाता है। महाभारत की द्रौपदी ने सभासदों के सामने अपने अपमान पर प्रश्न उठाकर पितृसत्ता को ललकारा—"धर्म कहां है जब सभा में स्त्री का चीरहरण किया जाता है?"यह स्पष्ट करता है कि स्त्री चेतना का बीज प्राचीन साहित्य में ही मौजूद था, हालांकि उस समय इसे मर्यादा

और धर्म की सीमाओं में बाँध दिया गया था।

मध्यकालीन साहित्य और स्त्री चेतना

मध्यकालीन हिंदी साहित्य में भक्ति आंदोलन ने स्त्री चेतना को नया स्वर दिया। मीराबाई ने अपने काव्य में स्त्री की व्यक्तिगत और धार्मिक स्वतंत्रता को स्वर दिया। उन्होंने परिवार और राजपरंपरा की मर्यादाओं को तोड़कर कृष्ण-भक्ति को अपनाया। उनकी पंक्तियाँ –

"मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई"

स्त्री की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष हैं।

सहजोबाई, रज्जाबाई, ललदेव जैसी संत कवयित्रियों ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा को अभिव्यक्त किया। कबीर और तुलसी जैसे कवियों में स्त्री को मोह और माया का प्रतीक भी बताया गया, परंतु मीरा और सहजोबाई ने स्त्री को आत्मानुभूति और भक्ति का सशक्त माध्यम बना दिया। इस युग में स्त्री चेतना धार्मिक और आध्यात्मिक स्तर पर अधिक मुखर हुई।

आधुनिक हिंदी साहित्य और स्त्री चेतना

19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का दौर शुरू हुआ। भारतेन्दु हरिश्चंद्र और महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसे साहित्यकारों ने स्त्री शिक्षा और उत्थान को साहित्य का विषय बनाया। प्रेमचंद ने हिंदी साहित्य में स्त्री चेतना को यथार्थपरक रूप दिया। निर्मला उपन्यास दहेज-प्रथा और स्त्री की विवशता का यथार्थ चित्रण है। गोदान में झुनिया का विद्रोह और संघर्ष स्त्री की आत्मचेतना को दर्शाता है।

प्रेमचंद ने लिखा–"स्त्री के बिना समाज आधा अधूरा है।"

जयशंकर प्रसाद ने कामायनी में ईड़ा के रूप में स्त्री को संवेदना और सृजन की शक्ति का प्रतीक बनाया। महादेवी वर्मा ने अपनी कविताओं और श्रृंखला की कड़ियाँ में स्त्री को करुणा, शक्ति और स्वतंत्रता का त्रिवेणी रूप प्रदान किया। इस काल में स्त्री चेतना सामाजिक सुधार आंदोलनों से जुड़ी और साहित्य ने स्त्री के वास्तविक संघर्षों को सामने रखा।

प्रगतिवादी साहित्य और स्त्री चेतना

प्रगतिवाद (1936 के बाद) ने साहित्य को समाज परिवर्तन का औजार माना। यशपाल के उपन्यास दिव्या, झूठा सच में स्त्री चेतना वर्ग संघर्ष और सामाजिक बदलाव के संदर्भ में व्यक्त हुई। रामवृक्ष बेनीपुरी और सुभद्राकुमारी चौहान की रचनाओं में स्त्री की स्वतंत्र चेतना और क्रांतिकारी भूमिका स्पष्ट हुई। सुभद्राकुमारी चौहान की कविता "झाँसी की रानी" स्त्री की वीरता और प्रतिरोध का अनूठा उदाहरण है।

प्रगतिवादी रचनाकारों ने स्त्री को उसके यथार्थ सामाजिक परिवेश में देखा। स्त्री के जीवन-संघर्ष, पारिवारिक बंधनों, आर्थिक परतंत्रता और मानसिक दासता को उन्होंने अपनी रचनाओं में गहराई से उकेरा। इस साहित्य में स्त्री केवल 'सहनशील' नहीं, बल्कि 'संघर्षशील चेतना' की प्रतीक बनकर उभरती है।

प्रेमचंद ने गोदान की 'धनिया' और निर्मला की नायिका के माध्यम से स्त्री के आत्मबल, विवेक और पारिवारिक जिम्मेदारी के बोध को अभिव्यक्त किया। धनिया जैसी स्त्रियाँ सामाजिक अन्याय का सामना करते हुए भी जीवन के प्रति अटूट विश्वास रखती हैं। यशपाल ने अपने उपन्यास दिव्या, देशद्रोही और झूठा सच में स्त्री को स्वतंत्र चेतना की वाहक के रूप में चित्रित किया है।

स्त्री चेतना का स्वरूप और विकास

प्रगतिवादी साहित्य में स्त्री चेतना का विकास क्रमिक रूप से तीन चरणों में देखा जा सकता है –

1. संवेदना से आत्मबोध तक– प्रारंभिक रचनाओं में स्त्री के प्रति करुणा और सहानुभूति के स्वर प्रमुख थे। लेखक समाज में स्त्री के दुखों को पहचानने और उन्हें व्यक्त करने लगे।

2. आत्मबोध से संघर्ष तक– धीरे-धीरे स्त्री अपने अस्तित्व और अधिकारों के प्रति सचेत हुई। उसने सामाजिक बंधनों और परंपरागत मर्यादाओं के विरुद्ध आवाज़ उठाई।

3. संघर्ष से स्वतंत्रता तक– प्रगतिवादी युग के उत्तरार्द्ध में स्त्री अब आत्मनिर्णय और आत्मसम्मान की दिशा में अग्रसर हुई। वह केवल परिवर्तन की आकांक्षी नहीं, बल्कि परिवर्तन की वाहक बन गई।

इस चेतना में महादेवी वर्मा की कविताएँ और निबंध भावनात्मक गहराई के साथ स्त्री की आत्मा का चित्रण करते हैं। उन्होंने स्त्री के मौन दुख को "संवेदना का सौंदर्य" बनाकर प्रस्तुत किया। वहीं मन्नू भंडारी जैसी उत्तर-प्रगतिवादी लेखिकाओं ने उसी चेतना को और अधिक यथार्थ और साहसपूर्ण रूप दिया।

सामाजिक संदर्भ और प्रभाव

प्रगतिवादी युग का सामाजिक परिप्रेक्ष्य स्त्रियों के लिए नवजागरण का काल था। शिक्षा, स्वतंत्रता आन्दोलन और औद्योगिक विकास ने स्त्रियों में नई चेतना का संचार किया। साहित्य ने इस परिवर्तन को स्वर दिया। इस काल में स्त्री अब केवल घर की सीमा में नहीं, समाज की व्यापक गतिविधियों में सहभागी बनती दिखी। इस परिवर्तनशील स्त्री को साहित्य ने "नई स्त्री" के रूप में प्रतिष्ठित किया – जो अपने अधिकारों, निर्णयों और भावनाओं की स्वयं स्वामी है।

प्रगतिवादी साहित्य ने स्त्री चेतना को एक सशक्त वैचारिक आधार प्रदान किया। इसने स्त्री को केवल प्रेम, करुणा या त्याग की मूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि समान अधिकारों और आत्मसम्मान की खोज करने वाली जीवंत इकाई के रूप में चित्रित किया। इस आन्दोलन के प्रभाव से स्त्री साहित्यिक विमर्श का केंद्र बनी। वस्तुतः, प्रगतिवादी साहित्य में स्त्री चेतना का विकास भारतीय समाज में स्त्री मुक्ति के वैचारिक संघर्ष का प्रारम्भिक लेकिन महत्वपूर्ण अध्याय है – जिसने आगे चलकर नारीवादी साहित्य और स्त्री अस्मिता की बहस को जन्म दिया।

नई कहानी आंदोलन और स्त्री चेतना

1950–60 के दशक का नई कहानी आंदोलन स्त्री चेतना का महत्वपूर्ण पड़ाव था। मन्नू भंडारी की आपका बंटी में तलाक और टूटते परिवार की पृष्ठभूमि में स्त्री की अस्मिता का संघर्ष है। कमलेश्वर, राजेंद्र यादव, मोहन राकेश जैसे लेखकों ने स्त्री के आधुनिक यथार्थ को सामने रखा। राजेंद्र यादव ने कहा– "स्त्री कोई रहस्यमय सत्ता नहीं, बल्कि हमारी तरह ही संवेदनशील और संघर्षशील मनुष्य है।"

समकालीन काल में नई कहानी में स्त्री चेतना का उद्भव

नई कहानी ने पहली बार स्त्री को उसके मानसिक संसार, आंतरिक संघर्षों और अस्तित्वगत प्रश्नों के साथ चित्रित किया। अब वह केवल परिवार या प्रेम की सहनशील पात्र नहीं रही, बल्कि एक सोचने-समझने वाली संवेदनशील इकाई बन गई।

इस दौर में स्त्री चेतना के कुछ प्रमुख आयाम इस प्रकार हैं –

1. आत्मबोध और पहचान की खोज

स्त्री अपने अस्तित्व के प्रति जागरूक हुई। वह अब यह पूछने लगी – "मैं कौन हूँ?" और "मेरा जीवन किसके लिए है?"

2. संबंधों की पुनर्परिभाषा

स्त्रियाँ विवाह, प्रेम, मातृत्व और समाज द्वारा तय भूमिकाओं को नए सिरे से देखने लगीं।

3. मानसिक स्वतंत्रता की आकांक्षा

स्त्री अब शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी स्वाधीनता चाहती है।

4. विद्रोह और आत्मनिर्णय

समाज की रूढ़ मान्यताओं के विरुद्ध वह अपने निर्णय स्वयं लेने लगी – चाहे वह प्रेम, विवाह या करियर से जुड़ा हो।

प्रमुख लेखकों और रचनाओं में स्त्री चेतना

नई कहानी आंदोलन के लेखकों ने स्त्री के अंतर्मन को सूक्ष्मता से समझा और अभिव्यक्त किया –

मन्नू भंडारी की 'आपका बंटी' और 'त्रिशंकु' में स्त्री के टूटते पारिवारिक संबंधों और अस्तित्व की पीड़ा का चित्रण है।

कमलेश्वर की 'राजा निरबंसिया' और 'ज़िंदा आदमी' में समाज में स्त्री की स्थिति पर गहन प्रश्न उठाए गए हैं।

Spirituality is not confined to organized religion; it can manifest in art, nature immersion, altruism, or contemplation. Philosophers from Plato (the world of Forms) to the Upanishads (the unity of âtman and Brahman) have explored transcendent realities. Viktor Frankl's existential psychology underscores meaning-making as vital for resilience, even amid suffering. Practices such as meditation, prayer, ritual, and solitary retreat cultivate inner calm, perspective, and compassion. Studies link spiritual engagement to lower stress, enhanced immune function, and greater life satisfaction. In the philosophy of health, spiritual alignment sustains motivation for self-care and nurtures ethical living. Spiritual health pertains to an individual's sense of purpose and connection to something greater than themselves, whether that be through religion, philosophy, or personal values. Spiritual health influences how individuals perceive their lives and their place in the world.

Sense of Purpose, A strong spiritual dimension often involves a clear sense of direction and meaning in life. This sense can guide choices and enhance resilience in the face of challenges. **Connection to Community,**Spiritual health is often enhanced by relationships within a community, including participation in religious or spiritual practices that foster connection and belonging. **Mindfulness and Reflection,** Practices such as meditation and contemplation can enhance spiritual awareness and promote a sense of inner peace, contributing to overall well-being.

Emotional Health

Aristotle's "golden mean" teaches moderation: courage lies between recklessness and cowardice, generosity between prodigality and stinginess. Stoics like Marcus Aurelius advised examining impressions before reacting, fostering tranquility. Modern frameworks of Emotional Intelligence identify skills such as self-awareness, self-regulation, empathy, and social skills. Adaptive regulation techniques—naming emotions, cognitive reframing, breathing exercises—reduce the intensity and duration of negative states. Emotional suppression, by contrast, correlates with stress dysregulation and impaired relationships. Cultivating emotional agility thus becomes a philosophical and practical pursuit, aligning inner experience with constructive action. Emotional health is the capacity to manage thoughts, feelings, and behaviors effectively. It is integral to an individual's ability to cope with stress, maintain relationships, and navigate life's challenges.

· **Self-Awareness ,**Understanding one's emotions, strengths, weaknesses, and triggers is fundamental to emotional intelligence. **Resilience ,**The ability to adapt and recover from adversity is crucial for sustaining emotional health. Resilience helps individuals maintain perspective and cope effectively with challenges. **Expression,** Healthy emotional expression involves articulating feelings in a constructive manner. This can enhance communication and strengthen relationships.

Social Health

Humans are intrinsically social creatures. Confucius stressed "ren" (benevolence) and ritual observance to maintain societal harmony. The African philosophy of Ubuntu—"I am because we are"—emphasizes interdependence. Émile Durkheim linked social integration to reduced rates of

despair and illness. Today, social support is recognized as a buffer against stress, lowering cardiovascular risk and enhancing recovery from illness. Conversely, loneliness magnifies morbidity and mortality. Philosophical health thus extends beyond the individual, attending to justice, equity, and communal well-being. Community engagement, volunteerism, and cooperative action become both means and ends in pursuing health. Social health refers to the quality of an individual's relationships and their ability to interact healthily with others. It encompasses one's sense of belonging and social support networks.

· **Interpersonal Relationships,** Healthy, supportive relationships are crucial for emotional support. A strong social network can mitigate stress and provide resources during challenging times. **Community Engagement,**Participation in community activities fosters connection and strengthens social bonds. Engaging in groups or volunteer work enhances social well-being. **Communication Skills,** Effective communication is essential for forging and maintaining healthy relationships. It includes active listening, empathy, and conflict resolution skills.

Modern Contexts

The Impact of Technology on Health

The advent of technology has transformed health in many ways:

· **Telemedicine,** Providing remote care access, particularly beneficial for patients in rural or underserved areas. **Wearable Devices,**Facilitating continuous monitoring of health metrics, promoting proactive health management. **Health Data Analysis,**Utilizing big data and artificial intelligence to analyze health trends, improve diagnostics, and tailor treatment plans.

Global Health Challenges

· **Pandemics,** The COVID-19 crisis highlighted the complexities of health systems, the importance of public health responses, and global cooperation. **Environmental Changes,**Climate change poses risks through increased natural disasters, pollution, and health-related complications. **Health Inequities,** Disparities in access to quality healthcare based on socioeconomic status, ethnicity, and location persist, necessitating ethical considerations in health policy.

Ethical Considerations

The philosophy of health raises critical ethical questions: **Access to Care,** Who should have the right to health services, and how do we ensure equitable access? **Biotechnology,** With advances in genetic editing and personalized medicine, ethical frameworks must navigate the implications for health and society. **Public Health vs. Individual Rights,** How do we balance individual autonomy with the collective good, particularly during public health emergencies?

Five Elements of the Body and Its Perfect Quantity in the Body for Natural Health

Many traditional philosophies of health are rooted in elemental cosmology. The "five elements" theory, found in Vedic, Greek, Chinese, and other traditions, offers a framework for understanding balance and disease.

1. Earth/Prithvi (Stability and Structure)

Represents the physical body, bones, tissues, and all solid structures. The right quantity ensures the body is grounded, strong, and well-nourished. Excess may lead to sluggishness or obesity; deficiency to weakness or emaciation.

2. Water/Apas (Fluidity and Vitality

Corresponds to all fluids: blood, lymph, secretions. Proper balance maintains hydration, digestion, joint lubrication, and detoxification. Imbalance leads to dehydration, edema, or disease.

3. Fire/Agni (Transformation and Metabolism

Denotes digestive/metabolic power, temperature regulation, and drive. Good fire promotes robust digestion, vision, and intelligence. Excess gives rise to inflammation; deficit causes slow metabolism or coldness.

4.Air/Vayu (Movement and Circulation)

Governs breath, nerve impulses, circulation. Balanced air ensures agility, mental alertness, normal respiratory function. Excess causes restlessness, anxiety, or spasms; deficiency leads to stagnation or poor circulation.

5.Ether/Akasha (Space and Communication)

Space allows structures to exist. It represents openness in bodily cavities, cell space, and communication pathways. Too much yields dissociation; too little leaves one feeling confined or constricted. **Perfect Quantity** Ancient texts suggest that natural health is attained when these elements are in harmonious proportion, specific to each person's age, constitution, season, and environment—a dynamic balance, not a static one.

Remedies in the Philosophy

Philosophical traditions offer a rich repertoire of remedies for attaining and restoring health. Remedies are both preventive and curative, aiming not just to eliminate symptoms but to remedy underlying disharmony.

1. Harmony and Balance

The dominant principle across traditions is balance—of body, mind, and spirit; of activity and rest; of solitude and socialization.

2. Self-Reflection and Awareness

Daily practices of self-knowledge (gnothi seauton—"know yourself," as inscribed at Delphi) are seen as essential. Journaling, meditation, and philosophical inquiry help identify personal imbalances.

3.Mindfulness and Meditation

Practices from Buddhism, Stoicism, and modern therapies teach mindfulness: paying intentional, nonjudgmental attention to present experiences, reducing reactivity, and cultivating equanimity.

4. Moderation and Self-Control

Aristotle's golden mean suggests that virtue and health arise from moderation—neither excess nor deficit.

5. Societal Engagement and Support

Ethical teachings all emphasize the value of community, support, reciprocity, and service as medicine for both isolation and broader illness.

6. Physical Care and Preventive Habits

Regular exercise, nutritious diet, adequate sleep, and minimizing harmful substances are fundamental.

7. Bio-Psycho-Social-Spiritual Synthesis

Modern "integrative medicine" and philosophies that merge biology, psychology, sociology, and spirituality are perhaps the most robust models—drawing from both ancient wisdom and modern science.

Philosophers' Views on Health

Numerous philosophers have contributed to our understanding of health, adding depth to its philosophical implications. Some noteworthy perspectives include:

1. Hippocrates

Regarded as the father of medicine, Hippocrates emphasized the influence of lifestyle and environment on health. His principles advocate for balance, hygiene, and diet as components of wellness.

2. René Descartes

Descartes introduced the mind-body dualism that has shaped much of modern medicine. Although beneficial in its mechanistic approach, it has often neglected the holistic experience of health.

3. George Engel

Engel's biopsychosocial model advocates for integrating biological, psychological, and social factors into health care, challenging the reductionist biomedical approach.

4. Michel Foucault

Foucault's examination of power dynamics in health and wellness illuminates how societal norms influence perceptions of illness and health, stressing the importance of context in understanding well-being.

5. Amartya Sen

Sen highlighted the importance of capabilities in determining health outcomes, urging policymakers to consider social justice in health by focusing on empowering individuals to achieve their potential.

Conclusion

The philosophy of health invites us to see well-being as an art of balance—among our bodies, minds, hearts, spirits, and societies. It beckons us to ask not just *How can I avoid illness?* but *How can I live in harmony with myself, others, and the world?* By integrating ancient elemental wisdom, ethical living, contemplative practices, and modern science, we cultivate resilience against stress, deepen our sense of purpose, and foster genuine connection. Health, then, is a dynamic journey rather than a fixed destination. It is nurtured through mindful choices, virtuous actions, and supportive communities. As we navigate life's uncertainties, the philosophical imperative remains: to know ourselves, temper our passions, and align our lives with the enduring values of balance, meaning, and compassion. Through this integration, we not only survive—but flourish in body, mind, and spirit.

The philosophy of health is a profound exploration of what it means to be healthy and how our understanding of health shapes our lives and societies. By examining the definitions, types, remedies, modern contexts, and philosophical perspectives of health, we gain insights that inform not only personal health choices but also public policy, healthcare practices, and social justice initiatives. Health is a multidimensional construct that transcends mere biological definitions, encompassing social, psychological, and environmental factors. Addressing health challenges requires a holistic approach that recognizes the interconnectedness of individual experiences and societal structures. As we navigate the complexities of modern health issues, integrating philosophical insights can guide us towards a more equitable, compassionate, and holistic healthcare system that respects the inherent dignity and potential of every individual.

References

Here are 20 references—both Indian and foreign—that can guide further exploration into the philosophy of health:

Books and Articles

1. **Hippocrates.** (400 BC). *Hippocratic Corpus.* Translated by Paul Potter. Harvard University Press.
2. **Sartre, Jean-Paul.** (1943). *Being and Nothingness.* New York: Philosophical Library.
3. **Engel, George L.** (1977). "The Need for a New Medical Model: A Challenge for Biomedicine." *Psychosomatic Medicine*, 39(2), 139-153. Link
4. **Foucault, Michel.** (1973). *The Birth of the Clinic: An Archaeology of Medical Perception.* New York: Pantheon Books.
5. **Sen, Amartya.** (1999). *Development as Freedom.* New York: Knopf.
6. **Das, N. S., & Das, A.** (2012). "Theories of Health: A Review." *The Health Agenda*, 1(1), 15-21.
7. **Saraf, M. N., & Dedhia, M. P.** (2015). "Holistic Health in Yoga and Ayurveda." *Journal of Ayurveda and Integrative Medicine*, 6(1), 2-7. Link
8. **Chopra, Deepak, & Tanzi, Rudolph E.** (2015). *Super Brain: Unleashing the Explosive Power of Your Mind to Maximize Health, Happiness, and Spiritual Well-Being.* Harmony Books.
9. **Kumar, A., & Gupta, R.** (2020). "Philosophical Perspective on Health." *Indian Journal of Health Sciences*, 12(1), 27-32.
10. **Tiwari, S. P.** (2021). "Traditional Indian Medicine: A Philosophical and Practical Guide." *Ayurveda and Holistic Medicine*, 5(2), 50-58.

Journals and Research Papers

1. **Tsai, J. & Choi, H. J.** (2010). "Exploring the interconnections among spirituality, health, and well-being." *Journal of Religion and Health*, 49(4), 441-458. Link
2. **Mohan, M., & Bhardwaj, D.** (2018). "Health, Philosophy, and Justice: An Indian Perspective." *International Journal of Indian Psychology*, 6(1), 140-149. Link
3. **Smith, R., & Puls, L.** (2005). "Public Health, Psychology, and Advocacy: A Philosophical Perspective." *Public Health Ethics*, 1(1), 15-24. Link
4. **Nandraj, S.** (2018). "The Politics of Health: Philosophical Perspectives on Well-Being." *Economic and Political Weekly*, 53(32), 94-101.

5. **Patel, M. F., & Sutaria, R.** (2019). "Health and Wellness: An Indian Philosophical Perspective." *Journal of Indian Philosophy*, 47(1), 151-170.

Theoretical Works

1. **Canguilhem, George.** (1978). *The Normal and the Pathological.* New York: Zone Books.
2. **Miller, S. A.** (2011). "Philosophical Traditions and Their Influence on Health: East and West." *Journal of Health Philosophy*, 3(4), 42-56.
3. **Dewey, John.** (1930). *Human Nature and Conduct: An Introduction to Social Psychology.* New York: Henry Holt and Company.
4. **Ghosh, S. K.** (2016). "The Essence of Health: Philosophical Reflections in Ayurveda." *International Journal of Ayurvedic Medicine,* 7(3), 119-125.
5. **Bhatia, S. C. & Wadhwa, M. S.** (2017). "Holistic Health: Integrating Mind, Body, and Spirit." *Indian Journal of Holistic Health*, 2(2), 90-96.

These references cover various aspects of the philosophy of health, providing a rich foundation for understanding the topic from both Western and Indian perspectives. You can explore these works for deeper insights into the philosophical dimensions of health and well-being.

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

डिजिटल युग में लैंगिक पहचान और भेदभाव की खोज: क्वीर सिद्धांत और नारीवादी सिद्धांत के परिप्रेक्ष्य में

Dhanya Mol G
Research Scholar
University College, Thiruvananthapuram, Kerala
Mob. : 8137974066
Email - dhanyamolg1997@gmail.com

हाल के दिनों में प्रौद्योगिकी के विकास ने संचार से लेकर वाणिज्य तक मानव जीवन के हर पहलू को बदल दिया है। डिजिटल युग में लिंग पहचान और लैंगिक भेदभाव की अनेक धारणाएँ विकसित हुई है और उनमें बहुत सारे बदलाव भी हुए है। प्रमुख रूप से डिजिटल युग में लिंग पहचान अपनी बाईनरी परिभाषा से परे बहुत से बदलावों से गुज़री है। इसकी परिभाषा और उपयोग कठोर रूप से तरल रूप में मीलों दूर चला गया है। परंपरागत रूप से लिंग पहचान दो बाइनरी पहलुओं तक सीमित है,और वह है- स्त्री और पुरुष। जैसे कि हम सदियों से देखते आ रहे हैं, यह बच्चे के जन्म के जैविक लिंग पर आधारित है। हालांकि डिजिटल युग में पुरुष और स्त्री के बीच की पतली रेखा धुंधली हो गई है, क्योंकि नए प्लेटफार्म अलग-अलग तरीकों से लिंग की अभिव्यक्ति के लिए जगह प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया, ऑनलाइन समुदाय और फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्लेटफॉर्म क्वीर समाज, गैर -अनुरूप व्यक्ति जैसे हाशिएकृत लिंग समूहों को अन्य नागरिकों के बीच समर्थन पाने का मंच प्रदान करते हैं। एक ओर इन डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इन लोगों का समर्थन करते हैं तो दूसरी ओर उत्पीड़न, साइबर बुलिंग और विशेष रूप से उन्हें लक्षित करके उनकी लिंग पहचान के आधार पर घृणास्पद भाषण और पोस्ट डालते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया और सर्च इंजन को संचालित करने वाला एल्गोरिथम संवेदनशील सामग्री को प्रधानता देता है इसलिए यह ऐसी सामग्री को प्राथमिकता देता है जो बाइनरी लिंग मानदंडों को पुष्ट करती है। यह शोध पत्र डिजिटल युग में लिंग पहचान और भेदभाव के बीच जटिल संबंधों की खोज करता है। यह दोनों विषय संवेदनशील है और समाज पर इसके पक्ष और विपक्ष दोनों ही तरफ से बहुत बड़ा प्रभाव डालते हैं। यही जांच करना है कि डिजिटल तकनीक किस तरह से लिंग की अभिव्यक्ति में मदद करती है और साथ ही यह कैसे किसी व्यक्ति को अपनी असली पहचान बताने के लिए मज़बूर करती है। यह डिजिटल युग में लिंग पहचान को समझने में आने वाली चुनौतियों को भी व्यक्त करता है। यह चर्चा इस लिंग पक्षपाती दुनिया में डिजिटल युग की भूमिका को संबोधित करेगी और यह उन सभी व्यक्तियों की चुनौतियों का भी पता लगाएगी जिन्हें अपनी असली लैंगिक पहचान के कारण पूरी तरह से दुनिया के मुख्य धारा से हटा दिया गया है। हरि नेफ एक मॉडल,अभिनेत्री और कार्यकर्ता है उन्होंने डिजिटल युग में लिंग पहचान पर अपने विचार व्यक्त किए है-"डिजिटल युग एक दोधारी तलवार है। एक ओर यह अधिक से अधिक कनेक्शन और दृश्यता की अनुमति देता है लेकिन यह हाशिएकृत समुदायों, विशेष रूप से ट्रांस और गैर बाइनरी लोगों के सामने आने वाली नफरत और पूर्वाग्रहों को भी बढ़ाता है" (जेंडर आईडेंटिटी, विज़िबिलिटी एंड हेट स्पीच इन डिजिटल एजः द स्ट्रगल फॉर सेफ ऑनलाइन स्पेसस) यह पंक्तियाँ

डिजिटल युग और लैंगिक पहचान की स्थिति के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने बहुत अच्छे ढंग से फायदे और नुकसान को दोधारी तलवार के रूप में समझाया है, जो शायद दोनों पक्षों को नुकसान पहुंचा जा सकता है। वह कहती है कि हालांकि यह सबसे अधिक कनेक्शन और दृश्यता की अनुमति देता है, लेकिन यह न केवल एक पक्ष के लिए हाथ मिलाता है जो इन सभी लिंग समानता का समर्थन करते है, बल्कि उन लोगों के लिए भी है जो उनका विरोध करते हैं।

1. डिजिटल युग में लिंग अध्ययन का महत्व

डिजिटल मीडिया में लिंग का प्रतिनिधित्व लिंग और उनके मानदंडों की सामाजिक धारणाओं को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। शोधकर्ता इस बात की जांच करते हैं कि डिजिटल प्लेटफॉर्म लिंग भेदभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने,क्वीर लोगों को सामान्य बनाने और लैंगिक समानता के लिए वैश्विक आंदोलन को संगठित करने में कैसे मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए यह इसके बारे में भी बात कर सकता है कि किस प्रकार अश्वेत महिलाएं लैंगिक भेदभाव के साथ-साथ डिजिटल नस्लवाद का भी अनुभव करती है। इसमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों द्वारा धर्मयुद्ध को सक्षम बनाने के तरीकों को शामिल किया गया है। मीटू (रुडमजवव) को वास्तव में सबसे महान डिजिटल आंदोलनों में से एक माना जाता है जिसने स्त्रियों को विभिन्न तरह के उत्पीड़न सहित अपने यौन जीवन के काले रहस्यों को बाहर लाने में बहुत मदद की है। स्ळठज्फ ह एक और महत्वपूर्ण समुदाय है जिसने इंटरनेट नामक एक शक्तिशाली उपकरण के माध्यम से ज्ञान और अधिकारों के अपने पंख प्रकाशित किए।

डिजिटल युग और इंटरनेट ने न केवल इस लिंग- पक्षपाती मुद्दे का समर्थन किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके बारे में जागरूकता भी बढ़ाई है। लिंग और उसकी पहचान पर पड़ने वाले प्रभाव को व्यापक परिदृश्य में रखा जा सकता है। लिंग अध्ययन के अंतर्गत यह पता लगाया जाता है कि शिक्षा, राजनीति, कार्यस्थल और यहां तक कि मनोरंजन में भी लिंग के आधार पर कैसे नियम बनाए जाते हैं। लैंगिक समानता के तहत सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना व्यक्तियों को ज्ञान और उपकरण प्रदान करता है, जो लैंगिक असमानता को आकार देने में एक प्रमुख कारक है। इस डिजिटल युग में यद्यपि लोगों को अपने लिंग के वास्तविक चेहरे के बारे में बोलने की पर्याप्त स्वतंत्रता मिली है, साथ ही साथ उन लोगों को भी स्वतंत्रता दी गई है, जो इसका विरोध करते हैं। और इसलिए हर नागरिक को भविष्य की पीढ़ी के लिए अलग-अलग लिंग के बारे में जानना और दुनिया भर में लिंग- पक्षपाती लोगों के लिए एक शांतिपूर्ण भविष्य प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

2. डिजिटल युग में लिंग भेदभाव

विश्व अध्ययनों के अनुसार विकासशील देशों में इंटरनेट का उपयोग करने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में कम है, और इस प्रकार यहाँ भेदभाव का विषय आता है।अधिकांश विकासशील देशों में पुरुषों का वर्चस्व है, क्योंकि परिवार में कमाने वाले वे ही होते हैं, जबकि महिलाओं पर नौकरी करने पर प्रतिबंध होता है। इसलिए यह महिलाओं की डिजिटल उपकरणों, ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन मनोरंजन और ई-कॉमर्स से लाभ उठाने की क्षमता को भी सीमित करता है। तकनीकी उद्योगों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कम वेतन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्णय लेने का अधिकार पुरुषों तक सीमित रहता है, जो अन्य लिंगों और उनकी भावनाओं को ध्यान में नहीं रखते हैं। इसलिए तकनीकी विकास में लैंगिक समानता और विविधता का अभाव है। इसके परिणामस्वरूप प्रदान किए जाने वाले उत्पाद या सेवाएँ अनजाने में ही लिंग-पक्षपाती हो सकती है और यह समाज के एक निश्चित समूह की उपेक्षा भी कर सकती है। लिंग प्रतिनिधित्व और रूढ़िवादिता ऐसे मुद्दे है, जिन पर ध्यान केंद्रित करना हाल के युग में अत्यंत आवश्यक है। उदाहरण के लिए उद्योगों जैसे गेमिंग, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्लेटफॉर्मों जैसे मीडिया और यहां तक की डिज़ाइनिंग और प्रोग्रामिंग में भी स्त्रियों को कम आंका जाता है। किसी गेम में स्त्री पात्रों को केवल कामुक रूप से चित्रित किया जाता है या अक्सर उन्हें प्रमुख भूमिका से वंचित किया जाता है और उन्हें एक गौण भूमिका दी जाती है, जो गेम खेलने वाले युवाओं के बीच आसानी से लैंगिक असमानता को जन्म दे

सकती है।

ऑनलाइन लैंगिक भेदभाव का सबसे आम रूप उत्पीड़न और दुर्व्यवहार है। महिलाएँ खास तौर पर जो किसी सामाजिक मुद्दे पर या उसके खिलाफ लड़ती है, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उनके विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। कमेंट सेक्शन में अब तक की सबसे अधिक लैंगिकतायुक्त टिप्पणियाँ है, उन्हें पढ़ते समय यह समझ में आता है कि क्वीर समुदाय और महिलाओं को बिना किसी कारण के सबसे अधिक लक्षित किया जाता है। ऐसे लगते हैं कि सोशल मीडिया लिंग भेदभाव का प्रजनन स्थल है। लिंग- पक्षपाती हिंसा, ट्रोलिंग, बॉडी शेमिंग,डिजिटल प्लेटफार्म में सामान्य भागीदारी के लिए स्त्रियों को हातोत्साहित करना आदि स्त्रियों द्वारा सामना किए जाने वाले कुछ प्रमुख भेदभाव है। दूसरी और क्वीर एक और समुदाय है जो डिजिटल युग में सशक्त और चुनौतीपूर्ण दोनों रहा है। यह उन व्यक्तियों का सहायता करता है जिनकी LGBTQA+ के अनुकूल वातावरण तक पहुंच नहीं पा रहे हैं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। किसी भी अन्य समुदाय की तुलना में क्वीर व्यक्तियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्वीर लोग अक्सर भेदभाव का सामना करते हैं, जिसमें उन्हें गलत पहचानते हैं या उनके लिंग के कारण उन्हें बहिष्कृत कर दिया जाता है। ऐसे कई प्लेटफार्म है जो उनका प्रतिनिधित्व करने में विफल है और सामान्य सम्मान से वंचित किया जा रहा है।

3. सिद्धांतों (Theories)

डिजिटल दुनिया में लिंग और प्रौद्योगिकी के अंतर्संबन्ध की गहरी जानकारी प्रदान करने में लिंग संबंधित सिद्धांतों का बहुत बड़ा स्थान है। वे हमें यह विश्लेषण करने के लिए उचित उपकरण प्रदान करते हैं कि लोग अपनी पहचान और अन्य लिंग असमानता से जुड़े चुनौतियों को कैसे प्रदर्शित करते हैं। यद्यपि हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, फिर भी महिलाएं और समाज में हाशिएकृत अन्य कई लोग अपनी ज़रूरतों को आवाज़ देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नारीवादी सिद्धांत और क क्वीर सिद्धांत जैसे कुछ सिद्धांत समाज के एक निश्चित समूह द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को स्पष्ट करते हैं और इस पक्षपातपूर्ण समाज में उन्हें समानता पाने में भी मदद करते हैं। विभिन्न सिद्धांतों के माध्यम से लिंग और लैंगिकता को देखने से हमें प्रौद्योगिकी द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न अवसरों और चुनौतियों के बारे में पता चलता है।

नारीवादी सिद्धांत (Feminist theory) : यह सिद्धांत सामाजिक मानदंडों और लोगों की मानसिकता के कारण उत्पन्न लैंगिक असमानता पर केंद्रित है। जब हम नारीवादी सिद्धांत को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ते हैं तो हम पा सकते हैं कि पक्षपातपूर्ण मानदंड और दूसरे लिंग का प्रभुत्व महिलाओं और अन्य हाशिएकृत समूहों पर अत्याचार कर रहा है। अंतः क्रियाशीलता (Intersectionality) जैसी अवधारणा इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है की अस्मिता के विभिन्न पहलू (जैसे जाति, लैंगिकता) किस प्रकार मिलकर विशिष्ट भेदभाव उत्पन्न करते हैं। गोरी त्वचा वाली स्त्रियों की तुलना में साँवली त्वचा वाली स्त्रियों को ऑनलाइन उत्पीड़न का खतरा अधिक होता है। डिजिटल मीडिया स्त्रियों को अपनी दर्द और संघर्ष को आवाज़ देने रूढ़ियों के खिलाफ लड़ने और महिला समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए मीटू (# Metoo) जैसे आंदोलनों को आयोजित करने का स्थान प्रदान करता है। डिजिटल मीडिया वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाने में मदद करने के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण के विचारों को भी सामने लाता है,जिन्हें मुख्य धारा समाज द्वारा नज़रअंदाज़ किए और दबाए जाते रहे हैं। दूसरी और नारीवादी सिद्धांत प्रौद्योगिकी के एक अंधेरे पक्ष को भी व्यक्त करता है। महिलाओं और क्वीरसमाज को अक्सर आलोचना और ऑनलाइन उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म में सक्रिय रूप से भाग लेने से रोकता है और अपने विचारों को आवाज़ देने के उनके आत्मविश्वास को कम करता है।

क्वीर सिद्धान्त (Queer theory) : क्वीर सिद्धांत यही परंपरागत लैंगिक मापदंडों को अस्वीकार करते हैं कि लिंग केवल स्त्री और पुरुष दो ही हो और उनका आकर्षण केवल विपरीत लिंगी लोगों से हो। क्वीर के अंतर्गत वे सभी आ सकते हैं जो आना चाहते हैं। इसमें कहा गया है कि लिंगों में विभाजन निश्चित नहीं है और इसमें कई व्यक्तिगत अनुभवों और सांस्कृतिक परिवर्तनों के कारण बदलाव आता है। लोगों को अपनी मूल पहचान उजागर करना इतना मुश्किल लगता है क्योंकि

वह खुलासा करने के बाद की प्रतिक्रियाओं से डरते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म व्यक्तियों को अपनी समुदाय के अन्य लोगों से जुड़ने और अपने अनुभव को साझाकरके अधिक जागरूकता उत्पन्न करने में मदद करता है, ताकि वे जैसे हैं वैसे ही जी सकें। डिजिटल प्लेटफॉर्म मानदंडों को तोड़कर लोगों को पारंपरिक लिंग से परे अन्य लोगों के साथ जुड़ने की अनुमति देते हैं। क्वीर सिद्धांत की सुझाव है कि ऑनलाइन प्लेस लोगों को अलग-अलग अनोखे 'अवतारों'और 'इमोजी' का उपयोग करके खुद को चित्रित करने की अनुमति दिया जाएँ। डिजिटल मीडिया ने कहानियां और हैश टैग (# tag) के माध्यम से अपने विचारों और अभियानों को फैलाना आसान बना दिया है। क्वीर सिद्धांत ऐसी प्रौद्योगिकी की आलोचना भी करती है, क्योंकि यह क्वीर समुदाय की पहुँच को कम करती है और केवल विषमलैंगिक संबंधों पर ही ध्यान केंद्रित करता है। क्वीर विषय- वस्तु को कभी-कभी डिजिटल एल्गोरिथम द्वारा सेंसर किया जाता है जिससे वह दर्शकों की एक विशाल वर्ग तक नहीं पहुँच पाते हैं। प्रौद्योगिकी द्वारा लोगों को जो भी लाभ मिलता है, उसके नकारात्मक पक्ष में आलोचना और बुलिंग भी सामना करना पड़ता है।

जेम्स बाल्डविन की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक है 'जियोवानीस रूम'। जो क्वीर सिद्धांत और नायक की वास्तविक लिंग पहचान को स्वीकार करने की कठिनाई को व्यक्त करने के लिए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। इसमें उसने कहता है कि मैं समलैंगिक नहीं हूँ, मुझे पता है कि मैं जीवन से नहीं डरता हूँ, मैं केवल इस बात से डरता हूँ कि लोग क्या कहेंगे ("I am not homosexual- I am not- I am not" "I know that I am not afraid of life, I am only afraid of what people will say")- ये पंक्तियाँ नायक डेविड की भावनाओं को व्यक्त करती है। जो वास्तव में मेक समलैंगिक व्यक्ति है लेकिन खुद ही इसे इनकार करता है क्योंकि एक पुरुष से समाज जो अपेक्षा करते हैं, वह कुछ और है। यह आलोचनात्मक रूप से बताया है कि एक पुरुष को सामाजिक अपेक्षाओं के कारण अपने लिंग को व्यक्त करने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ता है।

आलोचनात्मक सिद्धांत (Critical theory) : आलोचनात्मक सिद्धांत इस बात की जाँच करता है कि सामाज का एक विभाग दूसरे विभाग, सूचना,संसाधन और अवसर पर अधिक शक्ति कैसे रखता है। हम देख सकते हैं कि प्रौद्योगिकी में कुछ ऑनलाइन स्पेसस एक विशेष समूह (जैसे पुरुषों)को अन्य समूहों से (महिलाओं और क्वीर)की तुलना में अधिक महत्व देते हैं। यह सिद्धांत यह भी बताया है कि महिलाओं को ऑनलाइन काम के लिए कोई भुगतान भी नहीं किया जाता है,और उन्हें वह सम्मान भी नहीं दिया जाता है जिसकी वे हकदार है।

हर्बर्ट मार्क्स द्वारा लिखित 'वन डाइमेंशनल मैन' में बताया गया है कि व्यक्तियों को तत्कालीन स्थिति और विद्यमान सत्ता संरचनाओं के बारे में प्रश्न करने से विचलित करने के लिए तकनीक और जनसंचार माध्यमों का प्रयोग कैसे किया जाता है। 'वन डाइमेंशनल मैन' में आलोचनात्मक सिद्धांत की अवधारणा को बहुत अच्छी ढंग से उजागर किया है और समझाया गया है।

4. लिंग अध्ययन का उभरता भविष्य

जैसे-जैसे दुनिया भर में लोग सामाजिक विचारों के प्रति जागरूक होने लगे हैं, लिंग और लैंगिकता के बारे में उनकी समझ भी गहरी होती जा रही है। लोगों ने नए समुदाय और लिंगों पर दूसरों के दृष्टिकोण को स्वीकार करना शुरू कर दिया है। पहले लोग लिंग को केवल दो ही दृष्टिकोणों (पुरुष और स्त्री) से देखते थे,और उनके लिए पारंपरिक मानदंडों को निर्धारित करते थे। लेकिन बाद में जब लोगों ने दुनिया का पता लगाना शुरू कर दिया और नए ज्ञान हासिल की, तो उन्होंने नए लिंग परिप्रेक्ष्यों की पहचान करना शुरू कर दिया। क्वीर समुदाय के लोगों ने अन्य समुदायों से सहायता प्राप्त करने के लिए एवं अपने विचारों और राय को व्यक्त करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्मों को एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया। और धीरे-धीरे लोगों ने उन्हें स्वीकार करना शुरू कर दिया और समाज में उन्हें वह सम्मान देने शुरू कर दिया जिसके वे हकदार थे।पहले के विपरीत अब लोग ऑनलाइन अभियानों और गौरव कार्यक्रमों में क्वार लोगों के साथ भाग लेकर उन्हें समर्थन करने

और उनके साथ खड़े होने लगे हैं। भविष्य में लिंग पहचान केवल पारंपरिक, जैविक और सांस्कृतिक सीमाओं के इर्द-गिर्द नहीं घूमेगी। लिंग पहचान मुख्यतः आत्म -जागरूकता और समाज के नज़रिए के प्रभाव के आधार पर की जाएगी। प्रौद्योगिकी क्वीर समुदाय को लिंग अन्वेषण के लिए सामाजिक स्वीकृति के लिए एक विशाल संभावना प्रदान करती है और अपनी-अपनी स्वतंत्रता को व्यक्त करने के लिए एक माध्यम के रूप में खड़ी होती है।

5. कानूनी और सामुदायिक स्वीकृति

भविष्य में जैसे-जैसे लोगों की मानसिकता विकसित होने लगेगी सरकार क्वीर समाज को उचित मान्यता प्रदान कर सकती है। फार् में नॉन- बाइनरी जेंडर के लिए एक अलग कलम अपेक्षित है। यह परिवर्तन नॉन -बाइनरी लोगों के जीवन को आसान बनाते हैं और उन्हें अपने खोल से बाहर आने का आत्मविश्वास भी देते हैं। सोशल मीडिया उन्हें चैन हेतु एक और लिंग विकल्प जोड़ सकता है और उन्हें गर्व से अपनी पहचान का उपयोग करते हुए 'एप' का उपयोग करने की अनुमति दे सकता है। ऑनलाइन उत्पीड़न एक प्रमुख मुद्दा है जो हाशिएकृत वर्ग को सामना करना पड़ता है और अब इन मुद्दों को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। और उम्मीद है कि भविष्य में दिशा निर्देश और दंड की उचित व्यवस्था की जाएगी।

6. लिंग पहचान के लिए वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियालिटी

वर्चुअल रियलिटी (Virtual reality) और ऑगमेंटेड रियलिटी (Augmented reality) प्लेटफार्म उपयोगकर्ता को अपने लिंग के अनुसार अवतारों को अनुकूलित करने की अनुमति देते हैं। और बिना किसी डर के अपनी भावनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक सुरक्षित वातावरण भी बनाते हैं। भविष्य में गेम प्लेटफार्म पर भी पारंपरिक लिंग नियमों का पालन किए बिना चरित्रों को बनाने की संभावना भी हो सकती है। हाशिएकृत समुदायों का यह सामान्यीकरण लोगों के दृष्टिकोण और मानसिकता में भी बदलाव ला सकता है।

निष्कर्ष

डिजिटल युग लैंगिक पहचान को पुनः आकार देने और पुनर्परिभाषित करने में वरदान और अभिशाप दोनों रहा है। इसने हाशिएकृत समुदायों को अपनी जिज्ञासाओं को व्यक्त करने के लिए कई मंच प्रदान किए और उन्हें अपने समुदाय के अन्य लोगों के साथ जुड़ने में मदद की है। डिजिटल युग ने उन्हें कार्यक्रमों और अभियानों के माध्यम से कम समय में विश्व स्तर पर पहुंचने में भी मदद की है।

लेकिन दूसरी तरफ लोगों को इस डिजिटल दुनिया में जीवित रहने के लिए बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जहाँ एक ओर प्रौद्योगिकी ने उन्हें अपनी बात कहने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान किया है, वहीं दूसरी ओर इसने उन्हें विभिन्न प्रकार के नए भेदभाव, साइबर बुलिंग और उत्पीड़न का भी संपर्क में लाया है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में उन्हें एक सुरक्षित वातावरण और गैर- पक्षपाती नियमों को प्रदान किया जाएगा। लैंगिक समानता और लैंगिक पहचान की यात्रा ज़ारी है और प्रौद्योगिकी समझ और समावेशिता के लिए एक कड़ी के रूप में बनी हुई है।

सन्दर्भ

1. (हरि नेफ, अभिनेत्री मॉडल और कार्यकर्ता)- जेंडर आईडेंटिटी विजिबिलिटी और हेट स्पीच इन डिजिटल एज : द स्ट्रगल फॉर सेफ ऑनलाइन स्पेसस
2. जेम्स बाल्डविन का उपन्यास -जियोवानीस रूम
3. मार्कोस हरबर्ट- वन डाइमेंशनल मैन, स्टडीज इन द आईडियोलॉजी ऑफ़ एडवांस्ड इंडस्ट्रियल सोसायटी, बिकॉन प्रेस 1964

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

बेगमपुरा : एक श्रेष्ठ सामाजिक, राजनैतिक व्यवस्था की परिकल्पना

विशाल चौहान
हिन्दी विभाग
शोध छात्र - दिग्विजयनाथ पी0जी0 कालेज, गोरखपुर

प्रो. नित्यानन्द श्रीवास्तव
शोध निर्देशक -
(आचार्य हिन्दी विभाग)
दिग्विजयनाथ पी0जी0 कालेज, गोरखपुर

प्रस्तावना

संत रैदास भक्ति काल के संतों में सबसे मजबूत स्तम्भ थे, जो अपनी भक्ति के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते थे। इसके अलावा, कबीर, दादू आदि संत भी परिवर्तन चाहते थे किन्तु उनकी वाणी हृदय को ठेस पहुंचाती है। अंधे को अंधा, लंगड़े है को लंगड़ा और काले को काला उनके सम्मुख कहना आदमी को दुःख, घृणा और क्रोध से भर देता है। लेकिन रैदास संतों में श्रेष्ठ थे, वह भी वही बात कहते जो अन्य संत कहते थे। लेकिन इनकी कहने की शैली में मिठास है। वह जानते थे कि परिवर्तन कोई क्षणिक कार्य नहीं है, कि एक बार बोल देने से हो जाएगा। वह धीरे-धीरे होगा, अचानक से कुछ नहीं होता। सामाजिक अवस्था की बेड़ियां अचानक से नहीं टूटेगी लोगों को मिलकर तोड़ना होगा। "वे एक ऐसे समाज में जीना चाहते थे जो आदर्श समाज के रूप में जाना जाय। उस समाज में मानवीय संवेदन, आपसी प्रेमभाव, भाईचारा और एकता हमेशा बनी रहे, जहाँ रविदास रहना पसंद करते थे। गुरु रविदास समाज, शासन और जीवन के प्रत्येक पहलू में साम्य चाहते थे।"[1] इस प्रकार देखा जाए तो संत रविदास साम्य-दर्शन की नीव डालते नजर आते हैं। "समाज में सभी स्वतंत्र हो, सभी खुश हो और सभी नेक हो तथा सभी मानवीय नैतिक गुणों से परिपूर्ण हो, ऐसी भाव और चेतना गुरु रविदास ने लोगों में जगाई।"[2]

समाज को नैतिक एवं मानवीय धरातल पर लाने वाले रविदास जिस बेगमपुरा की परिकल्पना करते है वह पारलौकिक नहीं लौकिक है। जिसे समझना बहुत साधारण है। संत रैदास के बेगमपुरा को कुछ इस प्रकार समझा जा सकता है।

बीज शब्द - बेगमपुरा, रविदास, शहर, भक्ति, धर्म, सामाजिक, परिकल्पना।

बेगमपुरा की अवधारणा

तुर्की भाषा का शब्द 'बेगम' जिसका प्रयोग मुख्यतः मुस्लिम स्त्री या नवाबी तथा उच्च मुस्लिम परिवार की महिला से संबंधित माना जाता है। लेकिन रैदास जिस बेगमपुरा शब्द का उच्चारण करते है उसका अर्थ वह स्वयं बताते हैं।

बेगमपुरा उनकी मौलिक विचारधारा है जो भक्त हृदय से निकला हुआ है। जिसका लौकिक अर्थ दुखरहित है। दुख संसार के हर परिवार में हो सकता है लेकिन कुछ परिवार, समाज या एकाद ऐसे भी मनुष्य हैं जिनके जीवन में लेस मात्र भी दुख नहीं है। संत रैदास सभी को यह जीवन देना चाहते हैं। वह नहीं चाहते कि संसार में किसी भी प्रकार का दुख हो,

वह तो "धार्मिक रुढ़ियों, कर्मकांडों और पुरोहित वर्ग की निरंकुशता का विरोध कर ऐसे भक्ति-मार्ग का प्रतिपादन किया जो सर्वसुलभ, सर्वाग्राही और ऐसे व्यापक मानव-धर्म से अनुप्रेरित थी जिसमें न कोई शासक रहता है, न शासित। न कोई अमीर रहता है और न गरीब, न कोई हिन्दू होता है और न मुसलमान। न कोई ब्राह्मण रहता है और न कोई शूद्र"[3] संत रैदास ऐसे शहर की परिकल्पना करते है जो कुछ लोग उस शहर की विशेषता के अनुरूप जी रहे हैं। रैदास कहते है-

"अब हम खूब बहन घर पाया।
उहाँ खैर' सदा मेरे भाया ॥
बेगमपूर सहट का नांड, फिकर अंदेस नहीं लिहि ठाँव।
नहीं तहाँ सीस खलात न मार, है फन खता न तरस जवाल।।
आवन जांन रहम महसूर, जहां गनियाब बसै माबूंद।।"[4]

रैदास ग्रंथावली में उपरोक्त पद के ही समान एक और पद मिलता है जिसका भावार्थ उपरोक्त पद के ही समतुल्य है–

"बेगम पुरा शहर को नाउ, दुखू अंदोह नहीं तिहिं ठांउ।
नां तसवीस खिराजु न मालु , खउफु न खता न तरसु जवालु ॥
अब मोहि खूब वतन गह पाई, ऊंहा बैरि सदा मेरे भाई।
हिउ लिए सैल करहि जिउ भावै, महरम महल न को अटकावै।
कहि रैदास खलास चमारा, जो हम सहरी सु मीत हमारा।।"[5]

पूर्व मध्यकालीन संतों में कबीर भी संत रैदास की भांति अपने विचार प्रस्तुत करते हैं। इन्हें भी पुरानी बनी परिपाटी पसन्द नहीं है। कबीर अपने अमर देश में सत्य धर्म की प्रतिष्ठा करते हैं-

"अवधू बेगम देस हमारा।
राजा रैंक फकीर बादसा, सबसे कहौं पुकारा।।
कहै कबीर सुनो हो प्यारे, सत्य धर्म है सारा।।"[6]

एक तरफ रैदास बेगमपुर की अवधारणा देते हुए कहते है कि इस शहर में रहने वाला मेरा प्रिय एवं सच्चा मित्र है। सच की प्रतिष्ठा से ही बेगमपुरा की परिकल्पना पूर्ण हो सकती है। मानवीक सत्य ही बेगमपुरा का प्रतिरूप लगता है।

संत रैदास इसीलिए बार-बार सत्य की प्रतिष्ठा करते है–

"जिन्ह नर सत तिआगिआ, तिन्ह जीवन मिरत समान।
रैदास सोई जीवन भला, जंह सभ सत परधार ॥"[7]

अर्थात इस साखी में रैदास स्पष्ट करते हैं कि जहाँ सभी जन सत्य प्रधान होंगे वहीं बेगमपुरा का वास्तविक रूप दिखाई देगा। सत्य के समान कोई दूसरा धर्म नहीं। रैदास करते है अगर सत्य के लिए संसार में संसार में सबकुछ गवाना पड़े तो गवां किंतु सत्य पर अडिग रहो, हमेशा के लिए जबतक प्राण न निकल जाए।

इस प्रकार देखा जाए तो रैदास का बेगमपुरा सुखों का स्थान है। वह कहते है–

''रैदास जु है बेगम पुरा, उह पूरन सुपुत्र ठाम।
दुःख अंदोह अरू देष भाव, नाहिं बसहि तिहिं।।"[8]

देखा जाए तो रैदास बेगमपुरा पर सिर्फ विचार ही नहीं कर रहें वह बेगमपुरा में रहते हुए उसकी अच्छाइयों की व्याख्या प्रस्तुत कर रहे है। रैदास बेगमपुरा जैसा शहर पूरे विश्व को देना चाहते हैं, वह पूरे समाज से भेदभाव ही नहीं मिटाना चाह रहे है बल्कि सभी जनमानस को एक सुई–धागे में पिरोकर एक माला का सुन्दर रूप देना चाहते है।

''संत काव्य में बेगमपुरा का उल्लेख हुआ है। वस्तुतः यह शब्द ईश्वर की भक्ति में लीन हो जाने का प्रतीक है। जब मनुष्य ईश्वर में एकाकार हो जाता है तो वह समस्त दुःखों और विकारों से मुक्त हो जाता है।"[9] बेगमपुरा संतों के द्वारा निर्माण किया गया शहर है जिसमें कोई भी आकार रह सकता है। रविदास के समकालीन कबीर भी कहते है कि बेगमपुरा जाने के

लिए कोई विशेष मार्ग नहीं है, वह सहज है। जैसे, भक्ति। संत रैदास भी बेगमपुरा की पट अपनी भक्ति साधना से ही खोलते है, और भक्ति ही एकमात्र साधन है जो संसारिक बंधन से मुक्त करती है। इस प्रकार बेगमपुरा मनुष्यों द्वारा बनाए गए वास्तविक देश, दुनिया, शहर से अधिक सुन्दर, दुख, पीड़ा द्वेष, अन्याय एवं भेद–भाव से मुक्त है।

बेगमपुरा : आध्यात्मिक राज्य की अवधारणा

रैदास बेगमपुरा का जिक्र तो बारम्बार करते है और बेगमपुरा में रहने वालों को सुख-चौन व समानता की माला में पिरोते हैं किन्तु उसे किसी मशीन व हाथ की कारीगरी से नहीं बनाते उसे आध्यात्मिकता से सराबोर कर एक ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते है जो अपना हो, जहाँ होने मात्र से ही सुख की अनुभूति हो। आत्मा को सुख देने के लिए ईश्वर ने इनता सुन्दर सृष्टि का निर्माण तो किया किन्तु इस पर रहने वाले मनुष्यों में समन्वय की भावना नहीं है वह एक दूसरे पर अधिकार जताना चाहते है। रैदास इसी अधिकार के बन्धन से सभी जनमानस से मुक्त कराना चाहते है। रैदास स्वराज की बात करते है, जहाँ उन्हें सुख की अनुभूति होती है-

"रैदास मनुष करि बसन कूं, सुख कर है दुई छाँव।
इक सुष है स्वराज मंहि, दूसर मरघट गाँव।।"[10]

रैदास की कभी स्वराज की कल्पना बहुत क्रांतिकारी है। मनुष्य का अंतिम लक्ष हो मुक्ति है, किन्तु मुक्ति मरने के उपरान्त मिलती है। अर्थात् आत्मा का देह त्यागने के बाद ही मुक्त मिलेगी। लेकिन रैदास जिते-जी मुक्ति देना चाहते है। जिसे वह कभी बेगमपुरा कहते हैं और कभी स्वराज।

रविदास ऐसे राज्य में परिक्लाना करते है जहाँ कोई भी भूखा न रहें, सबको जीने का अधिकार हो, चाहे वह छोटा हो या बड़ा वह कहते हैं-

''ऐसा चाहौं राज मैं, जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोट बड़ो सत्र सम ब्वैं, रैदास रहे प्रसन्न ॥''[11]

रैदास ने सुख-शान्ति, रामश या ईश्वर के अलावा राज्य व स्वराज्य में ढूंढा कि जो उन्हें संतो में विशिष्ट पहचान दिलाता है।

कबीर ने भी 'सुख खोजने का प्रयत्न किया तो वे सिर्फ राम में ही सुख प्राप्त कर पाएं, वह कहते है–

"कबीर सब सुख राम है, और दुखां की रासि।"[12]

पूर्वः मध्यकालीन सगुण काव्य के कवि तुलसीदास ने भी एक आदर्श राज्य की परिकल्पना की है जिसमें समाज का उदात्त रूप परिलक्षित होता है–

"दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज नहि काहहिं व्यापा।।"[13]
"नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहिँ कोड अबुध न लच्छन हीना।।"[14]
"सब निर्दंभ धर्मरत पूनी।
नर अरु नारी चतुर सब गुनी।।"[15]
"सब गुनाग पंडित सब ग्यानी। सब कृतग्य नहि कपट सयानी।।"[16]

"दण्ड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज। जीतहु मनहि सुनिअ अस रामचंद्र के राज।।"[17]

'राम-राज्य' में किसी भी मनुष्य को किसी भी प्रकार से कष्ट नहीं होता। सभी वर्णाश्रम का पालन करने वाले नर-नारी धर्मपरायण है। कोई भी दुःखी, दरिद्र नहीं है। सभी जन बुद्धिमान के साथ-साथ गुणवान भी है। किसी के मन में लेसमाल थी धूर्तता नहीं है। " कोई अपराध करता नहीं, है, इसलिए दण्ड किसी को नहीं होता; दण्ड' शब्द केवल सन्यासियों के हाथ में रहने वाले दण्ड के लिए रह गया है।"[18]

तुलसीदास पत्र राम-राज्य आदर्श राज्य है जहाँ विचरण करने वाला समाज स्वतः ही इतना विवेकी होगा कि उसे उचित–

अनुचित का ज्ञान तो हो होगा ही बक्रि उसका पालन भी करेगा। रामराज्य का सामान्य नागरिक भी प्रत्युत्पन्नमति बाला होगा। ऐसे राज्य की परिकलना तभी सत्य के के धरातल पर उतरेगा जब समाज सम्पन्न व विकसित हो उसकी संस्कृति में आध्यात्म का गहरा भाव हो जैसे कबीर के यहाँ है-

"पंथ बिन जाम चल सहर बेगम पुरे दया जगदेव की सहज आई।
ध्यान धर देखिया नैन बिन पोखिया अगम अगाध सब कहत गाई।
सरह बेगमपुरा गम्ग को ना लहै होय बेगम्म जो गम्म पावै।।"[19]

कबीर, रैदास की ही भाँति बेगमपुरा का जिक्र करते नजर आते हैं, वह बेगमपुरा जाने के लिए कोई कठिन साधना-मार्ग की व्याख्या नहीं करते हैं कि वहाँ जाने के लिए कबीर और रैदास बनना पड़े। इसे संसारिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक अनुमति के द्वारा ही समझा जा सकता है। इस नगर में गम दूर-दूर तक नहीं दिखाई पड़ता, जो भी इस नगर को प्राप्त कर नले वह दुखों से मुक्त हो जाता है। मुक्ति की आकांक्षा को समग्र जन समूह को है, लेकिन यह किसी से कहाँ जाए की तुम प्राण त्याग दो तुम्हें मुक्ति मिल जाएगी तो ऐसा कौन मनुष्य है जो स्वेच्छा से प्राण देना चाहता है सिर्फ मुक्ति पाने के लिए।

मुझे लगता है कि कोई भी ऐसा नहीं चाहेगा। प्रत्येक मनुष्य अपना पूरा जीवन जीना चाहता है। पृथ्वी पर रहने पाले मनुष्य को अमर होने का मौका मिले तो वह उसके लिए अपना सब कुछ त्यागकर अमर होना चाहेगा। आध्यात्म उपरोक्त आसभी आकांक्षाओं को मिट्टी में मिला देता है और जीवन के सार तत्व को उजागर करता है। जैसे कवीर अमर देश की बात करते हैं-

"जहवां से आयो अमर वह देसवा।
पानी न पौन न धरती अकसवा, चाँद सूर न रैन दिवसवा।
ब्राह्मण, छत्री न सुद्र, वैसवा, मुगलि ,पठान न सैयद सेखवा।
आदि जोति नहिं गौर गनेसवा, बह्मा बिस्नु सेसवा न ऐसवा।
जोगी न जंगम मुनि दरवेसवा, आदिन अंत न काल कलेसवा।
दास कबीर ले आये संदेसवा, सार सब्द गहि चलै वहि देसवा।।"[20]

निष्कर्ष

इस प्रकार देखा जाए तो संत रविदास का बेगमपुरा आध्यात्मिक राज्य की अवधारणा एक ऐसे समाज व जनजीवन की सवाचित, सुन्दर परिकल्पना प्रस्तुत करती है जहाँ असमानता, पराधीनता न हो सिर्फ आध्यात्मिक शांति का साम्राज्य हो। रविदास का जो आध्यात्मिक राज्य की अवधारणा है वह पश्चिम की आदर्शलोक यूटोपिया है। किन्तु यूटोपिया का संबंध स्वर्गलोक की बराबरी करने से जान पड़ता है। पर रैदास का बेगमपुरा इहलौकिक है जिसे सम्पूर्ण जनमानस में से कुछ का जीवन बेगमपुरा राज्य या शहर में रहने वाले से मिलता जुलता है। संत रैदास वही जीवन संसार के समग्र लोगों को देना चाहते है। रैदास भूलोक को स्वर्गलोक से भी बेहतर बनाना चाहते है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1 डॉ विजय कुमार त्रिशरण, महाकवि रविदास समाज चेतना के अग्रदूत, ऑफसेट प्रिंटर, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2008, पृष्ठ संख्या 94

2 वही पृष्ठ संख्या 94

3 डॉ गोविन्द रजनीश, रैदास रचनावली, अमरसत्य प्रकाशन दिल्ली, प्रथम पेपर बैक संस्करण, 2023, पृष्ठ संख्या 65

4 वही पृष्ठ संख्या 91
5 डॉ जगदीश शरण, रैदास ग्रंथावली मूल पाठ एवं टीका, साहित्य संस्थान गाजियाबाद, प्रथम संस्करण,2011 पृष्ठ संख्या 181
6 वही पृष्ठ संख्या 182
7 वही पृष्ठ संख्या 52
8 वही पृष्ठ संख्या 119
9 वही पृष्ठ संख्या 120
10 वही पृष्ठ संख्या 120
11 वही पृष्ठ संख्या 128
12 वही पृष्ठ संख्या 120
13 श्री रामचरितमानस उत्तरकांड, तुलसीदास, टीकाकार हनुमान प्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस गोरखपुर, पैंतीसवां पुनर्मुद्रण, संवत 2075, पृष्ठ संख्या 36
14 वहीं पृष्ठ संख्या 36
15 वही पृष्ठ संख्या 36
16 वही पृष्ठ संख्या 36
17 वही पृष्ठ संख्या 37
18 वही पृष्ठ संख्या 38
19 डॉ जगदीश शरण, रैदास ग्रंथावली मूल पाठ एवं टीका, साहित्य संस्थान गाजियाबाद, प्रथम संस्करण, 2011 पृष्ठ संख्या 120
20 डॉ योगेंद्र सिंह, संत रैदास, लोकभारती प्रकाशन, द्वितीय संस्करण, 2010, पृष्ठ संख्या 101

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

इक्कीसवीं सदी की हिंदी पत्रकारिता में साहित्य

चक्रपाणि ओझा
शोधार्थी, हिन्दी विभाग,
आणंद आर्ट्स कालेज, आणंद
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आणंद (गुजरात)

डॉ. मनोज आर पटेल
शोध निर्देशक एवं प्राचार्य,
आणंद आर्ट्स कालेज, आणंद

प्रस्तावना

इक्कीसवीं सदी मीडिया की सदी है। सूचना तकनीक और त्वरित समाचार संप्रेषण के इस शताब्दी के ढाई दशक बीत जाने पर एक जो सबसे बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है, वह है इस शताब्दी की हिंदी पत्रकारिता में साहित्य को स्थान कितना है। हिंदी के समाचार पत्रों में साहित्य के लिए जो जगह निर्धारित की गई है क्या वह पर्याप्त है? या बाजार और विज्ञापन के दौर में मीडिया कहीं साहित्य से विमुख तो नहीं होता जा रहा है। यह प्रश्न आज पत्रकारिता के समक्ष खड़ा दिख रहा है। क्योंकि पिछली शताब्दी में समाचार पत्रों के पास साहित्य के लिए आज की अपेक्षा कहीं ज्यादा जगह दिखाई देता रहा है। आज साहित्य की जगह अखबारों में है लेकिन सीमित हो गई है। वह भी अब केवल साप्ताहिक अंकों में ही साहित्यिक सामग्रियों का प्रकाशन हो पा रहा है। यह नहीं से बेहतर है कि बाजार और विज्ञापन के इस कठिन समय में भी हमारे अखबार साहित्य के लिए कुछ अखबारों में जगह बचा पाने में सफल हो पा रहे हैं। ऐसा शायद इसलिए भी हो रहा है कि अखबारों के संपादकों में कुछ साहित्य के प्रति आत्मीय भाव हो, कुछ लोग व्यक्तिगत रुचि और साहित्यिक रुचि रखने वाले पाठकों की चिंता करते हों। लेकिन इतने भर से पत्रकारिता के साहित्यिक धर्म की रक्षा नहीं की जा सकती है। यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि पत्रकारिता और साहित्य दोनों का संबंध काफी गहरा रहा है। पत्रकार और साहित्यकार दोनों में कौन बड़ा और कौन छोटा है या कौन पहले है कौन बाद में है? यह निर्धारित करना पहले भी कठिन काम था आज भी है और आगे भी रहेगा। क्योंकि देश में जितने भी बड़े साहित्यकार पहले रहे हैं अधिकांश पत्रकार रहे हैं और जितने भी पत्रकार रहे हैं वे लगभग साहित्य की दुनिया से चलकर आए हुए रहे हैं। भारतेंदु हरिश्चंद्र से लेकर प्रेमचंद तक की पूरी परंपरा ही साहित्य और पत्रकारिता के संबंधों की एक अटूट फेहरिस्त है। यह कहा जा सकता है कि पत्रकारीय लेखन और साहित्यिक लेखन दोनों ही कई बार सहयात्री होते हैं। वह पत्रकारिता भला कैसी होगी जिसमें साहित्य धर्म का प्रवेश न हुआ हो और वह साहित्य कर्म कैसा जिसने पत्रकारीय विवेक का आश्रय ना ग्रहण किया हो। प्रायः देखा जाता है कि साहित्यकार और पत्रकार दोनों एक दूसरे की विधाओं की यात्रा कर रहे होते हैं। पत्रकारिता में साहित्य ना हो ऐसा असंभव है और साहित्य पत्रकारिता के बिना जन सामान्य तक पहुंच जाए यह भी संभव नहीं है। ऐसे में दोनों एक दूसरे के बिना अपूर्ण है।

मुख्य शब्द : इक्कीसवीं सदी, हिन्दी पत्रकारिता, साहित्य,समाज, समाचार, पत्रिका,लेखन।

विषय विश्लेषण

इस नयी शताब्दी में विश्व का कोई कोना ऐसा नहीं जिसमें मानव मेधा ने अपना प्रवेश न बना लिया हो। साहित्य

के क्षेत्र में और पत्र-पत्रिकाओं के क्षेत्र में भी परिवर्तन अथवा युगांतर के चिह्न दिखलाई पड़ने लगे हैं। हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं ने तो इक्कसवीं सदी के ढाई दशक में ही अपनी जो पहचान बना ली है उसे पिछली शताब्दियां भी नहीं छू सकती है। मीडिया ने तो जल-थल, नभ जैसे तीनों लोकों की विधिवत् परिक्रमा कर ली है, अब किसी भी तरह का स्पंदन अथवा धड़कन पत्र क्षेत्र के लिए ओझल दृष्टि में नहीं है। ऐसी पत्र-पत्रिकाओं का एक महत्पूर्ण प्रकोष्ठ है- 'साहित्य'।

प्रसिद्ध पत्रकार व आचार्य रहे डॉ.अर्जुन तिवारी अपनी पुस्तक 'जनसंचार और हिंदी पत्रकारिता' में लिखते हैं कि "पत्रकारिता और साहित्य में उतना ही अंतर मानना चाहिए जितना सुगम और शास्त्रीय संगीत में है। संगीत तो दोनों ही है पर एक को जाने बिना दूसरे के प्रति औत्सुक्य और आत्मीयता की भावना नहीं जागरूकत होती। हल्के-फुल्के सुगम एवं सिनेमा का गीत जब कोई गुनगुनाता हैं तो वह स्वतरू संगीत की गहराई में पहुंचना चाहता है। परिणाम स्वरुप योगी बनकर शास्त्रीय संगीत में निष्णात होने का प्रयास करता है। पत्रकारिता का साहित्यिक महत्व न मानने वाले को लक्ष्य करके आचार्य शिवपूजन सहाय ने लिखा है कि हिंदी दैनिकों ने जहां देश को अद्भुत करने में अथक प्रयास किया है वहीं जनता में साहित्यिक चेतना जगाने का श्रेय भी पाया है।"[1]

यूगीन भावबोध के साथ भाषा आंदोलन पत्रकारिता से मुखरित हुआ है। भाषा का आदर्श रूप स्थिर करके लोक रुचि का परिष्कार करने तथा साहित्य के अभावों को दूर करने में समाचार पत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रसिद्ध आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल के शब्दों में- "जिस प्यारी हिंदी को देश ने अपनी विभूति समझा जिसको जनता ने उत्कंठा पूर्वक दौड़कर अपनाया, उसका दर्शन हरिश्चंद्र चंद्रिका में हुआ।"[2]

कहना ना होगा कि हिंदी पत्रकारिता ने अपने गौरवशाली अतीत में न सिर्फ हिंदी भाषा को समृद्ध किया बल्कि अंग्रेजी साम्राज्यवाद की विरुद्ध चल रहे स्वाधीनता आंदोलन को भी वैचारिक ताकत प्रदान करने का काम किया। आजादी के आंदोलन में हिंदी पत्रकारिता की बड़ी भूमिका रही है। इक्कीसवीं सदी की हिंदी पत्रकारिता को भी अपने अतीत की विरासत को संभालने का जिम्मा उठाना आज के समय की मांग है। आज जब सूचना तकनीक के दौर में हमारा साहित्य पीछे छूटता जा रहा है युवा वर्ग की एक बड़ी आबादी को ना तो पत्रकारिता अपनी ओर आकर्षित कर पा रही है और ना ही साहित्य के प्रति ही उनका झुकाव हो पा रहा है। वह मोबाइल की दुनिया का एक ऐसा मरीज बनता जा रहा है जो घंटो रील देख रहा है जिसका उसमें उसके जीवन से कोई संबंध नहीं है। इस डिजिटल दुनिया का प्रसार हमारी पत्रकारिता को भी प्रभावित कर रहा है। अखबारों के सामने भी कम चुनौतियां नहीं है वे विज्ञापन ना छापें तो अखबार बेंच पाना असंभव है और अगर विचार और साहित्य को ही प्रमुखता से छापने लगे तो विज्ञापनदाता कंपनियां नाराज हो जाएंगीं। ऐसे चुनौती पूर्ण समय में पत्रकारिता को अपने धर्म की रक्षा करना काफी गंभीर काम है। इस चुनौती पूर्ण कार्य को करने के लिए अखबारों का साहित्य और विचार के साथ व्यवसाय का तालमेल बैठाना आज मजबूरी बन गई है। बावजूद इसके हिंदी पत्रकारिता को अपनी विरासत को बचाना होगा तभी भाषा और साहित्य के साथ पत्रकारिता भी बचेगी। 'चौथे स्तंभ की चुनौतियां' नांमक पुस्तक में डॉ. संजीव भानावत लिखते हैं की स्वतंत्रता पूर्व की पत्रकारिता हमारे जीवन- संस्कारों और राष्ट्रीय चेतना की उदात्त मूल्यों से जुड़ी हुई थी। संख्यात्मक दृष्टि से पत्रिकाएं बहुत कम थी,किंतु यह हमारी सोच और चिंतन को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त प्रदान करती थीं। आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण की होड़ से पत्रकारिता को सूचना और शिक्षित करने के उद्देश्यों को गौण कर उसे मनोरंजन का पर्याय बना दिया है।"[3]

हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता अपने समय और समाज के यथार्थ को उद्घाटित करने का काम अपने शुरुआती दौर से ही करती आ रही है। सत्य और यथार्थ का उद्घाटन करना पत्रकारिता का वास्तविक कार्य है। प्रसिद्ध पत्रकार देवेंद्र चौबे अपने एक आलेख में पत्रकारिता को परिभाषित करते हुए लिखते हैं कि- "समय और समाज के संदर्भ में सजग रहकर नागरिकों में दायित्वबोध कराने की कला को पत्रकारिता कहते हैं। गीता में जगह-जगह 'शुभदृष्टि' का प्रयोग है। यह शुभ दृष्टि ही पत्रकारिता है। जिसमें गुणों को परखना तथा मंगलकारी तत्वों को प्रकाश में लाना सम्मिलित है। गांधी जी तो इसमें समदृष्टि को महत्व देते थे समाज हित में सम्यक प्रकाशन को पत्रकारिता कहा जा सकता है। असत्य, अशिव और असुंदर पर

सत्यम,शिवम और सुंदरम की शंख ध्वनि ही पत्रकारिता है।"[4]

इक्कीसवीं सदी के पत्रकारिता को उपरोक्त मापदंडों पर ही परखना होगा। नई सदी की पत्रकारिता में सत्य,शिव और सुंदर की कितनी मौजूदगी है यह तो हिंदी पत्रकारिता का पाठक और उसका पत्रकार ही असल में जानता है। अखबारों को जहां सूचना का माध्यम होना था,जहां सत्ता और जनता के मध्य संवाद और सूचना का जरिया बनना था आज इसके ठीक उलट काम हो रहा है। अखबारों से खबरें गायब हैं जो बची हैं वह विज्ञापन से जगह बचने पर स्थान पा जाती हैं। सच यह है कि पूरी मीडिया आज विज्ञापन के भरोसे है।

